3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 94 (ख) द्वारा बढ़ाया गया। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 13 वर्ष 2002 की धारा 6 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 03 वर्ष 2008 की धारा 5 द्वारा बढ़ाया गया।

मत देने का अधिकार

{13–ङ–– (1) कोई व्यक्ति, जिसका नाम तत्यम किसी कक्ष की निर्वाचक नामावली में प्रविष्ट न हो उस कक्ष में मत देने का हकदार न होगा, जैसा कि इस अधिनियम में स्पष्टतः उपबन्धित है उसके सिवाय प्रत्येक व्यक्ति, जिसका नाम तत्समय किसी कक्ष की निर्वाचक नामावली में प्रविष्ट हो, उस कक्ष में मत देने का हकदार होगा।

(2) कोई व्यक्ति किसी कक्ष में निर्वाचन में मद नहीं देगा, यदि वह धारा 12घ में निर्दिश्ट किसी अनर्हता के अधीन है।

(3) कोई व्यक्ति किसी साधा3रण निर्वाचन में एक से अधिक कक्षों में मत नहीं देगा और यदि कोई व्यक्ति ऐसे एक से अधिक कक्षों में मत देता है तो ऐसे सभी कक्षों में उसके दिए हुए मत शून्य हो जायेंगे।

(4) कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन में एक ही कक्ष में एक से अधिक बार मत नहीं देगा भले ही उस कक्ष की निर्वाचन नामावली में उसका नाम एक से अधिक बार रजिस्टीकृत किया गया हो और यदि वह इस प्रकार मत देता है तो उस कक्ष में उसके दिए गए सभी मत शून्य हो जायेंगे।

(5) कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन में मत नहीं देगा, यदि वह कारागार में, चाहे कारावास के या निर्वासन दण्डादेश के अधीन या अन्य प्रकार से परिरूद्ध हो या पुलिस की विधिपूर्ण अभिरक्षा में हो :

परन्तु इस उपधारा की कोई बात ऐसे व्यक्ति पर लागू न होगी, जिसको तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन निवारक निरोध किया गया हो।}[1]

मतदान की रीति

{13–च–– किसी वार्ड के प्रत्येक निर्वाचन में, जहां मतदान लिया जाये, मत गूढ़ शलाका या वोटिंग मशीन द्वारा दिए जायेंगे तथा कोई मत प्रतिनिधिक मतदान द्वारा नहीं लिया जायेगा।}[4]

निर्वाचनों के संचालन के सम्बन्ध में आदेश

13– छ–– {जहां तक इस अधिनियम के द्वारा किसी विषय के सम्बन्ध में उपबन्ध न किया गया हो तो 'राज्य निर्वाचन आयोग'}[2] आदेश द्वारा, निर्वाचनों के संचालन से सम्बन्धित निम्नलिखित विषयों के सम्बन्ध में उपबन्ध कर सकता है, अर्थात् ––

(क) सामान्य निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी करना;

(ख) रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर, पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी तथा लिपिकों की नियुक्ति, उनकी शक्ति और कर्तव्य;

(ग) नाम निर्देशन, संवीक्षा नाम वापस लेने तथा मतदान के लिए दिनांक नियत करना;

(घ) नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की रीति और उसका प्रपत्र, विधि मान्य नाम निर्देश के लिए अपेक्षाएं, नाम निर्देशनों की संवीक्षा और उम्मीदवारी से नाम वापस लेना;

(ङ) निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा मतदान अभिकर्ताओं तथा मत गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति और उनके कर्तव्य;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1953 द्वारा जोड़ा गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 96 (क) द्वारा अन्तर्विष्ट। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0

32 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 13 वर्ष 2002 की धारा 7 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}4 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 13–ज}

(च) सामान्य निर्वाचनों में प्रक्रिया, जिसके अन्तर्गत मतदान के पूर्व किसी उम्मीदवारी की मृत्यु भी है, सविरोध और निर्विरोध निर्वाचनों में प्रक्रिया; {***}1

(छ) मतदाताओं की पहचान;

(ज) मतदान का समय;

(झ) मतदान स्थगित किया जाना तथा फिर से मतदान कराना;

(ञ) निर्वाचनों में मतदान की रीति;

(ट) मतों की संवीक्षा तथा गणना, जिसके अन्तर्गत मतों की पुर्नगणना भी है और मत बराबर होने की दशा में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया और परिणाम की घोषणा;

(ठ) नगरपालिका के विभिन्न कक्षों के लिए निर्वाचित सदस्यों के नाम विज्ञापित करना और नगरपालिका का सम्यक् गठन;

(ड) निक्षिप्त धन वापस करना या उसका समपहरण;

(ढ) ऐसे पीठासीन अधिकारी, मतदान अभिकर्ता या किसी ऐसे मतदान केन्द्र पर जहां वह मत देने के लिए हकदार न हो, कर्तव्यरूढ़ प्राधिकृत या नियुक्त हो;

(ण) किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा, जो स्वयं को किसी दूसरे व्यक्ति के ऐसे निर्वाचक के रूप में मत देने के पश्चात् ऐसा निर्वाचक बतलाता हो, मत देने के सम्बन्ध में अनुकरण की जाने वाली प्रक्रिया;

(त) मतपेटियों, मत–पत्रों तथा निर्वाचक सम्बन्धी अन्य पत्रादि की सुरक्षित अभिरक्षा; ऐसी अवधि, जब तक के लिए ऐसे पत्रादि सुरक्षित रखे जायेंगे और ऐसे पत्रादि का निरीक्षण करना तथा उन्हें प्रस्तुत करना; और

(थ) सामान्यतया निर्वाचनों के संचालन से सम्बन्धित सभी विषय।

उपनिर्वाचन

13–ज–– (1) उपधारा (2) और धारा 13–झ के उपबन्धों के अधीन रहते हुए जब नगरपालिका के किसी निर्वाचन सदस्य का स्थान रिक्त हो जाय या रिक्त घोषित किया जाय या उसका निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया जाय तो {राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सरकार के परामर्श से,}2 सरकारी गजट में विज्ञप्ति द्वारा सम्बन्धित कक्ष से इस प्रकार की हुई रिक्ति को ऐसे दिनांक के पूर्व जो उक्त विज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किया जाय, भरने के प्रयाजनार्थ किसी व्यक्ति का निर्वाचन करने के लिए कहेगा और इस अधिनियत तथा इसके अधीन बनाए गए नियम और दिए गए आदेशों के उपबन्ध, यथासम्भव, ऐसी रिक्त के भरने के लिए किसी सदस्य के निर्वाचन के सम्बन्ध में लागू होंगे।

(2) यदि इस प्रकार हुई रिक्ति किसी ऐसे कक्ष में अनुसूचित जातियों {अनुसूचित जनजातियों, पिछडे वर्गों या स्त्रियों}3 के लिए आरक्षित स्थान की रिक्ति हो तो उपधारा (1) के अधीन जारी की गयी विज्ञप्ति में यह विनिर्दिष्ट किया जायेगा कि उक्त स्थान को स्थान को भरने वाला व्यक्ति अनुसूचित जातियों, या {अनुसूचित जनजातियों या पिछडे वर्गों का होगा या स्त्री}3 होगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 96 (ख) द्वारा निकाला गया। 2. उपर्युक्त की धारा 97 (क) द्वारा अन्तर्विष्ट।
3. उपर्युक्त की धारा 97 (ख) द्वारा अन्तर्विष्ट।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}5 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 13झ–13ट}

कतिपय आकस्मिक रिक्तियां जिनकी पूर्ति नहीं की जायेगी

13–झ–– जहां {नगरपालिका}2 में किसी निर्वाचित सदस्य की मृत्यु उसके पद त्याग करने, हटाये जाने या उसके निर्वाचन के परिवर्जन के कारण कोई रिक्ति हो जाये और उस सदस्य का पदावधि साधारण रूप में ऐसी रिक्ति होने के एक वर्ष के भीतर समाप्त होती तो {ऐसी रिक्ति भरी न जायेगी}3 ।

{13– ञ–– (1) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के भाग सात के अध्याय तीन की अपराध धारा 125, 126, 127, 127–क, 128, 129, 130, 131, 132, 134, 134–क, {135–क}7 और 136 के उपबन्ध इस प्रकार प्रभावी होंगे, मानो ––

निर्वाचन सम्बन्धी

(क) किसी निर्वाचन के सम्बन्ध में आया हुआ निर्देश इस अधिनियम के अधीन किए गए निर्वाचन का निर्देश हो;

(ख) शब्द 'निर्वाचन–क्षेत्र' के स्थान पर शब्द 'कक्ष' रख दिया गया हो;

(खख) धारा 127–क की उपधारा (2) के खण्ड (ख) के उपखण्ड (1) में, शब्द 'मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी' के स्थान पर शब्द {'मुख्य निर्वाचन अधिकारी (नगर स्थानीय निकाय)'}6 रख दिए गए हों;

(ग) {***}8

(घ) धारा 134 और 136 में, शब्द 'इस अधिनियम के द्वारा या के अधीन' के स्थान पर शब्द 'उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 के द्वारा या के अधीन' रख दिए गये हो।

(2) यदि {मुख्य निर्वाचन अधिकारी (नगर स्थानीय निकाय)}6 को यह विश्वास करने का कारण हो कि {नगरपालिका}2 के किसी निर्वाचन के निर्देश में उक्त अध्याय की धारा 129 या धारा 134 या धारा 134–क के अधीन या धारा 136 की उपधारा (2) के खण्ड (क) के अधीन दण्डनीय कोई अपराध किया गया है तो {मुख्य निर्वाचन अधिकारी (नगर स्थानीय निकाय) का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसी जांच कराये और ऐसा अभियोग संस्थित कराए जो मामले की परिस्थितियों में उसे उचित प्रतीत हो।

(3) कोई न्यायालय धारा 129 या धारा 134 या धारा 134–क या धारा 136 को उपधारा (2) के खण्ड (क) के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का संज्ञान नहीं करेगा जब तक कि यदि {मुख्य निर्वाचन अधिकारी (नगर स्थानीय निकाय)}6 के आदेश या प्राधिकार से परिवाद न किया गया हो।}1

सिविल न्यायालय अधिकारिता

13–ट–– (1) किसी भी सिविल न्यायालय को निम्नलिखित के सम्बन्ध में अधिकारिता की न होगी –

(क) किसी ऐसे प्रश्न को ग्रहण करना या उस पर न्याय निर्णय देना कि कोई व्यक्ति किसी कक्ष की निर्वाचक नामावली में अपना नाम रजिस्टीकृत कराने का हकदार है या नहीं; या

{(ख) निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन या तैयारी के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा या उसके प्राधिकार के अधीन की गई किसी कार्यवाही की वैधता पर आपत्ति करना; या}4

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 35 वर्ष 1978 के अध्याय–तीन की धारा 16 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 98 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 100 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 6. उपर्युक्त की धारा 47(क) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 47(ख) द्वारा अन्तर्विष्ट।
8. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3 वर्ष 1996 के अध्याय–तीन की धारा 4 द्वारा निकाला गया।

(ग) रिर्टनिंग आफिसर द्वारा या इस अधिनियम के अधीन निर्वाचन के सम्बन्ध में नियुक्त किसी अन्य अधिकारी द्वारा की गई काार्यवाही या किए गए किसी विनिश्चय की वैधता पर आपत्ति करना।

(2) इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार प्रस्तुत की गई निर्वाचन याचिका द्वारा की गई आपत्ति के सिवाय किसी निर्वाचन पर अन्य प्रकार से आपत्ति न की जा सकेगी।}1

14–– {***}2

15–– {***}2

16–– {***}2

17—— {***}2

18—— {***}2

निर्वाचन याचिकाएं

19—— (1) किसी व्यक्ति के {नगरपालिका}3 के सदस्य के रूप में निर्वाचन के सम्बन्ध में निर्वचन याचिका द्वारा इस आधार पर आपत्ति की जा सकती है कि ——

याचिका द्वारा नगरपालिका निर्वाचन पर आपत्ति करने की शक्ति

(क) ऐसे व्यक्ति ने निर्वाचन कार्यवाहियों के दौरान या उसके सम्बन्ध में धारा 28 में यथापरिभाषित कोई भ्रष्ट आचरण किया है;

(ख) ऐसा व्यक्ति एक से अधिक मतों के अनुचित रूप से अस्वीकार या स्वीकार किये जाने के कारण निर्वाचित घोषित किया गया है या किसी अन्य कारण से वैध मतों के बहुमत से सम्यक् रूप से निर्वाचित नहीं हुआ है;

(ग) ऐसा व्यक्ति निर्वाचन के लिए उम्मीदवार के रूप में नाम–निर्देशित किए जाने के लिए अर्ह नहीं था या यह कि याचिका दने वाले का नाम निर्देशन पत्र अनुचित रूप से अस्वीकृत किया गया था।

(2) {नगरपालिका}3 के सदस्य के रूप में, किसी व्यक्ति के निर्वाचन के सम्बन्ध में इस आधार पर आपत्ति नहीं की जायेगी कि ——

(क) किसी ऐसे व्यक्ति का नाम, जो मत देने के लिए अर्ह था, निर्वाचक नामावली या नामावलियों में से छोड़ दिया गया है, या किसी ऐसे व्यक्ति का नाम, जो मत देने के लिए अर्ह नहीं था, उसमें या उनमें रख दिया गया है;

(ख) इस अधिनियम या किसी नियम का अनुपालन किया गया है या एतद्द्वारा अपेक्षित प्रपत्रों में कोई भूल है, या किसी ऐसे अधिकारी या अधिकारियों ने, जिस पर या जिन पर इस अधिनियम या किन्हीं नियमों को कार्यान्वित करने का भार सौंपा गया हो, कोई त्रुटि अनियमितता या अनौपचारिकता की है, जब तक कि ऐसा अनुपालन भूल–त्रुटि, या अनौपचारिकता का निर्वाचन के परिणाम पर कोई सारवान प्रभाव न पड़ा हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1953 द्वारा जोड़ा गया।
2. उपर्युक्त की धारा द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{20—— (1) जिस दिन रिटर्निंग आफिसर द्वारा ऐसे निर्वाचन का परिणाम घोषित किया जाय, जिसके सम्बन्ध में आपत्ति ईप्सित हो, उसके पश्चात् 30 दिन के भीतर निर्वाचन याचिका प्रस्तुत की जायेगी और उसमें ऐसा आधार या ऐसे आधार विनिर्दिष्ट किये जायेंगे जिन पर प्रत्यर्थी के निर्वाचन पर आपत्ति की गई हो और उसमें ऐसे सारवान तथ्यों का संक्षिप्त विवरण होगा, जिन पर याचिका देने वाला निर्भर करता हो और ऐसे भ्रष्ट आचरण के, जो अर्जीदार ने आरोपित किए हों, पूरे ब्यौरे होंगे, जिसमें ऐसे पक्षों के नामों का जिन पर ऐसे भ्रष्ट आचारण करने का आरोप लगाया हो और ऐसा प्रत्येक आचारण करने का दिनांक तथा स्थान का यथासम्भव पूरा ब्यौरा होगा।

याचिका का प्रारूप और उसका प्रस्तुत किया जाना

(2) याचिका पर याची द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा और उसे सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में अभिवचन के सत्यापन के लिए अधिकथित रीति से सत्यापित किया जायेगा।

(3) याचिका किसी ऐसे उम्मीदवार द्वारा, जिसके पक्ष में मत अभिलिखित किये गये हों और जिसको याचिका में ऐसे व्यक्ति के स्थान पर, जिसके निर्वाचन के सम्बन्ध में आपत्ति की गई हो, निर्वाचित घोषित किये जाने का दावा किया हो या नगरपालिका के दस या उससे अधिक निर्वाचकों द्वारा या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा जो यह दावा करे कि

उसका नाम–निर्देशन पत्र अनुचित रूप से अस्वीकृत किया गया था, प्रस्तुत की जा सकती है।

(4) वह व्यक्ति, जिसके निर्वाचन के सम्बन्ध में आपत्ति की गई हो और जहां याची यह दावा करे कि ऐसे व्यक्ति के स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति निर्वाचित घोषित किया जाये तो प्रत्येक असफल उम्मीदवार, जो याचिका में याची न हो, याचिका में प्रत्यर्थी बनाया जायेगा।}[1]

{(5) याचिका उस क्षेत्र में अधिकारिता का प्रयोग करने वाले जिला न्यायाधीश को प्रस्तुत की जायेगी, जिसमें वह नगरपालिका स्थिर है, जिससे निर्वाचन याचिका सम्बन्धित है :

परन्तु याचिका जिला न्यायाधीश द्वारा ग्रहण नहीं की जायेगी जब तक कि उसके साथ कोषागार चालान न हो, जिसमें यह दर्शित हो कि विहित प्रतिभूति जमा कर दी गई है।}[2]

प्रत्यारोपक कार्यवाहियां

21–– जहां किसी निर्वाचन याचिका में यह घोषणा की जाय कि निर्वाचित उम्मीदवार से भिन्न किसी अन्य उम्मीदवार ने सम्यक रूप से निर्वाचित होने का दावा किया है तो निर्वाचित उम्मीदवार या कोई अन्य पक्षकार यह साबित करने के लिए ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है कि ऐसे उम्मीदवार का निर्वाचन शून्य हो गया होता यदि वह निर्वाचित उम्मीदवार होता और ऐसी याचिका प्रस्तुत की गयी होती, जिनमें उसके निर्वाचन के सम्बन्ध में आपत्ति की गयी हो :

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि निर्वाचित उम्मीदवार या ऐसा अन्य पक्षकार ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत करने का तब तक हकदार न होगा जब तक कि उस पर निर्वाचन याचिका की नोटिस के तामील होने के दिनांक से इक्कीस दिन के भीतर उसमें निर्वाचन न्यायाधिकरण को अपने ऐसा करने के आशय की नोटिस न दे दी हो और ऐसी प्रतिभूति भी जमा न कर दी हो जो किसी सदस्य के निर्वाचन के सम्बन्ध में आपत्ति करने की निर्वाचन याचिका के मामले में विहित की गई हो।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक नोटिस के साथ किसी निर्वाचन याचिका के मामले में धारा 20 द्वारा अपेक्षित आधार या आधारों और सारवान तथ्यों का विवरण और पूरा ब्यौरा दिया जायेगा और उसी रीति से उस पर हस्ताक्षर और उसका सत्यापन किया जायेगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 17 वर्ष 1982 के अध्याय–तीन की धारा 10 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{निर्वाचन याचिका की सुनवाई}[2]

22–– (1) कोई निर्वाचन याचिका, जो धारा 20 के उपबन्धों के अनुरूप न हो या जिस पर प्रस्तुत किये जाने के समय पर या चौदह दिन से अनधिक के ऐसे अग्रेत्तर समय के भीतर, जैसा कि {जिला न्यायाधीश}[3] ने स्वीकृत किया हो, अपेक्षित न्यायालय फीस संदत्त न की गई हो, ऐसे न्यायाधीश द्वारा अस्वीकृत कर दी जायेगी।

{(2) उपधारा (1) के अधीन जिस निर्वाचन याचिका को अस्वीकार न किया गया हो, उसकी सुनवाई जिला न्यायाधीश द्वारा की जायेगी।}[4]

प्रकिया

23–– जहां तक इस अधिनियम द्वारा या नियम द्वारा अन्यथा उपबन्धित किया जाये, उसके सिवाय सिविल प्रकिया संहिता के वादों के सम्बन्ध में उपबन्धिक प्रक्रिया का जहां तक वह इस अधिनियम या किसी नियम से असंगत न हो और जहां तक वह लागू हो, निर्वाचन याचिकाओं की सुनवाई में अनुसरण किया जायेगाः

परन्तु यह कि ––

(क) दो या उससे अधिक ऐसे व्यक्तियों को, जिनके निर्वाचन के सम्बन्ध में आपत्ति की गयी हो एक ही याचिका में प्रत्यर्थी बनाया जा सकता है और उनके मालों पर एक साथ विचारण किया जा सकता है और किन्हीं दो या उससे अधिक निर्वाचन याचिकाओं की सुनवाई एक साथ की जा सकती है,

किन्तु ऐसी याचिका जहां तक कि वह संयुक्त विचारण या सुनवाई से संगत हो, प्रत्येक प्रत्यर्थी के सम्बन्ध में पृथक–पृथक याचिका समझी जायेगी;

(ख) {जिला न्यायाधीश}[5] से पूर्ण रूप से साक्ष्य अभिलिखित करने या कराने की अपेक्षा न की जायेगी किन्तु वह साक्ष्य का ऐसा ज्ञापन तैयार करेगा, जो उसकी राय में मामले में विनिश्चय करने के प्रयोजन के लिए पर्याप्त हो;

(ग) {जिला न्यायाधीश}[5] कार्यवाही के किसी भी प्रक्रम पर याची से ऐसे समस्त व्यय का, जो प्रत्यर्थी द्वारा उपगत किया गया हो या उपगत किये जाने की संभावना हो, भुगतान करने के लिए अग्रेत्तर प्रतिभूति देने की अपेक्षा कर सकता है;

(घ) {जिला न्यायाधीश}[5] किसी वाद विषय का विनिश्चय करने के प्रयोजन के लिए केवल उतना ही, मौलिक या दस्तावेजी साक्ष्य जितना वह आवश्यक समझे, प्रस्तुत करने या प्राप्त करने की अपेक्षा करने के लिए आबद्ध होगा;

(ङ) किसी मामले की सुनवाई के दौरान {जिला न्यायाधीश}[5] कोई विधि का प्रश्न सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की प्रथम अनुसूची के आदेश 46 के अधीन उच्च न्यायालय को निर्दिष्ट कर सकता है किन्तु न तो किसी विधि के प्रश्न या तथ्य के सम्बन्ध में कोई अपील होगी और न {जिला न्यायाधीश}[5] के विनिश्चय के विरूद्ध या सम्बन्ध में कोई पुनरीक्षण के लिए आवेदन किया जायेगा;

(च) कोई व्यक्ति, जो स्वयं को विनिश्चय से क्षुब्ध समझता हो, विनिश्चिय के दिनांक से 30 दिन के भीतर {जिला न्यायाधीश}[5] को पुनर्विलोकन के लिए आवेदन कर सकता है और तदुपरि {जिला न्यायाधीश}[5] किसी भी प्रश्न के सम्बन्ध में विनिश्चय कर सकता है:

{प्रतिबन्ध यह है कि परिसीमा की संगणना करने में परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 12 की उपधारा (2) का उपबन्ध लागू होना।}[1]

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 35 वर्ष 1978 के अध्याय–तीन की धारा 17 द्वारा बढ़ाया गया। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 17 वर्ष 1982 के अध्याय–तीन की धारा 11 (क) द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 11 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 11 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 12 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[7] नगरपालिका अधिनियम, 1916}

23–क–– {***}[3]

{धारा 23क–26}

वाद व्यय के लिए उपबन्ध

{24–– इस अधिनियम के अधीन किसी निर्वाचन याचिका में जिला न्यायाधीश द्वारा वाद व्यय के लिए या वाद व्यय के प्रतिभूति पत्र की वसूली के लिए दिया गया कोई आदेश उसके द्वारा उस जिले के कलैक्टर को निष्पादन के लिए भेजा जा सकता है, जिसमें सम्बद्ध नगरपालिका स्थित है और इस प्रकार भेजा गया आदेश कलेक्टर द्वारा उस रीति से निष्पादित किया जायेगा मानो वह भू–राजस्व की बकाया के सम्बन्ध में हो।}[4]

{जिला न्यायाधीश}[4] का निष्कर्ष

25–– {(1) यदि {जिला न्यायाधीश}[5] ऐसी जांच करने के पश्चात् जिसे वह आवश्यक समझे, किसी व्यक्ति के सम्बन्ध में, जिसके निर्वाचन पर याचिका द्वारा आपत्ति की गयी है, यह निष्कर्ष निकलता है कि उसका निर्वाचन विधिमान्य था तो वह ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध याचिका को खारिज कर देता और स्वविवेकानुसार खर्चा दिला सकता है और प्रतिभूति या उसके भाग को वापस करने या समपहृत करने का ऐसा आदेश दे सकता है, जैसा वह उचित समझे।}[2]

(2) यदि {जिला न्यायाधीश}[5] यह निष्कर्ष निकालता है कि किसी व्यक्ति का निर्वाचन अविधिमान्य था या याची को न अस्वीकृत किया

गया था तो वह मामले की विशिष्ट परिस्थितियों में चाहे जो मार्ग अधिक उपयुक्त हो, या तो –

(क) यह घोषित करेगा कि एक आकस्मिक रिक्त हो गयी है; या

(ख) यह घोषित करेगा कि दूसरा कि उम्मीदवार यथाविधि निर्वाचित हो गया है और किसी एक मामले में वाद व्यय का अधिनिर्णय कर सकता है।

(3) {***}[1]

निर्वाचन कार्यवाहियों का परिवर्जन

26–– (1) पूर्ववर्ती धारा में किसी बात के होते हुए भी, यदि {जिला न्यायाधीश}[5] को, किसी निर्वाचन याचिका की सुनवाई के अनुक्रम में यह राय हो कि साक्ष्य से यह प्रकट होता है कि प्रश्नगत निर्वाचन कार्यवाहियों से भ्रष्ट आचारण उस हद तक प्रचलित था, जिसके कारण सम्पूर्ण कार्यवाहियों को अपास्त करना उचित है तो वह इस आशय का सशर्त आदेश करेगा और निर्वाचित घोषित किए गए ऐसे प्रत्येक उम्मीदवार को जिसे मामले में पहले ही पक्षकार न बना लिया गया हो, तत्सम्बन्धी नोटिस देगा, जिसमें उससे यह कारण बताने की अपेक्षा की जायेगी कि क्यों ऐसे सशर्त आदेश को अन्तिम रूप दे दिया जाये।

(2) तदुपरान्त ऐसा प्रत्येक उम्मीदवार उपस्थित हो सकता है और कारण बता सकता है और उससे प्रश्न पूछने के प्रयोजन के लिए किसी ऐसे साक्षी को जो मामले में उपस्थित हुआ हो, फिर से बुलाया जा सकता है।

(3) तत्पश्चात् {जिला न्यायाधीश}[5] या तो उस सशर्त आदेश को रद्द कर देगा या उसे स्पष्ट कर देगा, ऐसी दशा में वह {नगरपालिका}[6] को नये सिरे से निर्वाचन कार्यवाहियां करने का निदेश देगा।

स्पष्टीकरण–– इस खण्ड में पद 'प्रश्नगत निर्वाचन कार्यवाहियों' और 'सम्पूर्ण कार्यवाहियों' का तात्पर्य ऐसी समस्त कार्यवाहियों (जिनके अन्तर्गत नाम–निर्देशन और निर्वाचन की घोषणा भी होगी) से होगा, जो किसी एक ही मतदान के सम्बन्ध में की गई हो, चाहे ऐसा मतदान किसी कक्ष का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक या अधिक व्यक्तियों का चयन करने से या अन्यथा किया गया हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1953 द्वारा निकाला गया।
2. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 35 वर्ष 1978 के अध्याय–तीन की धारा 18 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 17 वर्ष 1982 के अध्याय–तीन की धारा 13 द्वारा निकाला गया। 4. उपर्युक्त की धारा 14 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 15 तथा 16 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 7. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

भ्रष्ट आचरण के लिए अनर्हता

27–– {जिला न्यायाधीश}[2] किसी ऐसे उम्मीदवार को जिसके बारे में यह मालूम हो कि उसने कोई भ्रष्ट आचरण किया है, नगरपालिका का सदस्य निर्वाचित किये जाने या {नगरपालिका}[3] के दान स्वरूप या उसकी व्यवस्था में किसी पद या स्थान पर नियुक्त किए जाने या बने रहने के लिए पांच वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए असमर्थ घोषित कर सकता है :

परन्तु यह कि यह घोषणा किसी ऐसे उम्मीदवार के सम्बन्ध में नहीं की जायेगी, जो निर्वाचन याचिका में कोई पक्षकार हो या जिसे धारा 26 के अधीन सुनवाई किये जाने का अवसर न दिया गया हो।

भ्रष्ट आचरण

28–– ऐसा व्यक्ति, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा –

(1) किसी मतदाता को किसी उम्मीदवार के पक्ष में मत देने या मत देने से विरत रहने के लिए कपट, साशय दुव्यपदेशन, प्रपीड़न, क्षति पहुंचाने की धमकी, द्वारा उत्प्रेरित करे या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करें;

(2) किसी उम्मीदवार के पक्ष में मत देने या मत देने से विरत रहने के लिए किसी मतदाता को उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति को कोई

धन या मूल्यवान प्रतिफल या कोई स्थान या नियोजन देने का प्रस्ताव करे या दे या किसी व्यक्ति को कोई व्यक्तिगत फायदा या लाभ का वचन दे;

(3) किसी ऐसे मतदाता के नाम से जो इस प्रकार मत देने वाला व्यक्ति नहीं है, कोई मत दे या मत उपाप्त करे;

(4) खण्ड (1) (2) और (3) में विनिर्दिष्ट किसी कार्य को करने में भारतीय दण्ड संहिता के अर्थान्तर्गत दुष्प्रेरित करे;

(5) किसी उम्मीदवार अथवा निर्वाचक को ऐसा विश्वास करने के लिए उत्प्रेरित करे या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करे कि वह या अन्य कोई व्यक्ति, जिसमें वह हित रखता है, दैवी अप्रसाद या आध्यात्मिक परिनिन्दा का पात्र हो जायेगा, बना दिया जायेगा;

(6) जाति, सम्प्रदाय, पंथ या धर्म के आधार पर संरचना करे;

(7) कोई ऐसा अन्य कार्य करे, जिसे राज्य सरकार नियम द्वारा भ्रष्ट आचरण विहित करे;

यह समझा जायेगा कि उसने भ्रष्ट आचरण किया है।

स्पष्टीकरण–– 'किसी व्यक्तिगत फायदा या लाभ का वचन' के अन्तर्गत स्वयं उस व्यक्ति के या किसी ऐसे व्यक्ति के, जिसमें वह हित रखता हो, लाभ का वचन भी है, किन्तु इसके अन्तर्गत नगरपालिका की किसी विशेष कार्यवाही से पक्ष में या विरूद्ध मत देने का वचन नहीं है।

29–– {***}[1]

29–क–– {***}[1]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1953 द्वारा निकाला गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 17 वर्ष 1982 के अध्याय–तीन की धारा 17 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित

नगरपालिका का नियंत्रण

{30–– यदि किसी समय राज्य सरकार का यह समाधान हो जाये कि कोई नगरपालिका इस अधिनियम या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के द्वारा या उसके अधीन उसस पर अधिरोपित कर्तव्यों के पालन में निरन्तर चूक करती है या अपनी शक्तियों का एक से अधिक बार अतिलंघन या दुरूपयोग करती है तो वह नगरपालिका को कारण बताने के लिए युक्तियुक्त अवसर दिए जाने के पश्चात् कि ऐसा आदेश क्यों न कर दिया जाय, आदेश द्वारा जिसके साथ तत्सम्बन्धी कारण होंगे, सरकारी गजट में प्रकाशित करके नगरपालिका को विघटित कर सकती है।}[2]

राज्य सरकार की नगरपालिका को विघटित करने की शक्ति

31–– {***}[3]

{31–क–– (1) जहां धारा 30 के अधीन कोई नगरपालिका विघटित की जाये तो उसके निम्नलिखित परिणाम होंगे –

नगरपालिका के विघटन के परिणाम

(क) अध्यक्ष को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका के सभी सदस्य आदेश में विनिर्दिष्ट किये जाने वाले दिनांक को सदस्य या अध्यक्ष के रूप में अपना पद रिक्त कर देंगे किन्तु इससे पुनर्निर्वाचन या पुनः नाम–निर्देशन के लिए उनकी पात्रता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़गा;

(ख) नई नगरपालिका का गठन होने तक ––

(एक) नगरपालिका, उसके अध्यक्ष और समितियों को सभी शक्तियां, कृत्य और कर्तव्य ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों में, जैसा कि राज्य सरकार इस निमित्त नियत करे, निहित होंगे और उनके प्रयोग, सम्पादन और निर्वहन किया जाएगा और ऐसे व्यक्ति को विधि में अवसर की अपेक्षानुसार समझा जायगा;

(दो) ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को वेतन और भत्ता, जैसा राज्य सरकार सामान्य या विशेष आदेश द्वारा इस निमित्त निश्चित करे, नगरपालिका निधि से दिया जायगा;

(तीन) राज्य सरकार, समय–समय पर, सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा, ऐसे आनुषंगिक या प्रासंगिक उपबन्ध, जिसके अन्तर्गत इस अधिनियम के किन्हीं उपबन्धों का अनुकूलन, परिवर्तन या परिष्कार करने के भी उपबन्ध हैं, किन्तु जो तत्व पर प्रभाव न डाले, जो उसे इस धारा के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक या इष्टकर हो, कर सकती है।}[4]

स्थानीय निकाय निदेशक

{31–ख–– (1) राज्य सरकार, किसी अधिकारी को स्थानीय निकाय निदेशक, उत्तर प्रदेश नियुक्त करेगी।

(2) इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अभिव्यक्तः समनुदेशित कृत्यों के अतिरिक्त, निदेशक नगरपालिका के कार्यकलापों के सम्बन्ध में राज्य सरकार की ऐसी शक्तियों का (जो धारा 30 के अधीन शक्तियां न हों) जिन्हें राज्य सरकार गजट में अधिसूचना द्वारा और ऐसी शर्तों तथा निर्बन्धों के अधीन (जिसके अन्तर्गत स्वयं उसके द्वारा पुनर्विलोकन की शर्त भी है) जो ऐसी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए जायें, उसे प्रत्यायोजित करे, प्रयोग करेगा।}[1]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 41 वर्ष 1976 के अध्याय–3 की धारा 26 द्वारा बढ़ाया गया। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 102 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 103 द्वारा निकाला गया।
4. उपर्युक्त की धारा 104 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

विहित प्राधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण

32–– विहित प्राधिकारी –

(क) किसी ऐसी स्थावर सम्पत्ति का, जो {नगरपालिका}[3] या संयुक्त समिति के उपयोग या अधिभोग में हो या किसी ऐसे निर्माण कार्य का, जो {नगरपालिका}[3] या ऐसी समिति के निदेश के अधीन किया जा रहा हो, निरीक्षण कर सकता है या किसी ऐसे अधिकारी द्वारा, जो परगनाधिकारी के पद से कम न हो, निरीक्षण करवा सकता है;

(ख) लिखित आदेश द्वारा किसी ऐसी बही या दस्तावेज को, जो {नगरपालिका}[3] या ऐसी समिति के कब्जे में या नियंत्रण में हो, मांग सकता है और उसका निरीक्षण कर सकता है;

(ग) लिखित आदेश द्वारा, {नगरपालिका}[3] या ऐसी समिति की कार्यवाहियों या कर्तव्यों से उपबन्धित ऐसे विवरण, लेखे रिपोर्ट या दस्तावेजों की प्रतियां, जिन्हें वह मंगाना उचित समझे,, प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है; और

(घ) {नगरपालिका}[3] या ऐसी समिति के विचारार्थ नगरपालिका या समिति की कार्यवाहियों या कर्तव्यों के सम्बन्ध में ऐसे संप्रेक्षण लेखबद्ध कर सकता है, जिन्हें वह उचित समझे।

सरकारी अधिकारियों द्वारा {नगरपालिका}[3] के निर्माण

33–– किसी ऐसे निर्माण कार्य या संस्था का, जिसका नियम या अनुरक्षण पूर्णतः या अंशतः {नगरपालिका}[3] के व्यय से किया गया हो या किया जाता हो और उससे सम्बन्धित सभी रजिस्टरों, बहियों, लेखे या अन्य दस्तावेजों का सभी समय पर ऐसे अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकेगा, जिन्हें राज्य सरकार इस निमित्त नियुक्त करे।

कार्यों तथा संस्थाओं का निरीक्षण

राज्य सरकार या विहित प्राधिकारी या जिला

34–– (1) विहित प्राधिकारी, लिखित आदेश द्वारा, इस या किसी अन्य अधिनियमिति के अधीन, {नगरपालिका}[3] या {नगरपालिका}[3] की समिति या संयुक्त समिति द्वारा पारित किसी

संकल्प या नगरपालिका या संयुक्त समिति के किसी अधिकारी या सेवक द्वारा पारित दिए गए नियोजित व्यक्तियों के किसी वर्ग या निकाय को कोई बाधा, क्षोभ या क्षति पहुंचे या पहुंचने की शक्ति सम्भावना है और किसी व्यक्ति के द्वारा ऐसे संकल्प या आदेश के अनुसरण में या उसके अधीन किसी कार्य के किए जाने या उसका किया जाना जारी रखने का प्रतिशेध कर सकता है।

मजिस्ट्रेट को {नगरप निष्पादन को प्रतिबंध करने की

{(1–क) जिला मजिस्टेट, अपने जिले की सीमाओं के भीतर, लिखित आदेश द्वारा, इस आशय या किसी अन्य अधिनियमिति के अधीन {नगरपालिका}3 या {नगरपालिका}3 की समिति या संयुक्त समिति द्वारा पारित संकल्प या {नगरपालिका}3 या संयुक्त समिति के किसी अधिकारी या सेवक द्वारा दिए गए आदेश के निष्पादन या अग्रेत्तर निष्पादन को प्रतिषिद्ध कर सकता है, यदि उसकी राय में ऐसा संकल्प या आदेश इस प्रकार का है कि उससे मान जीवन या स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए संकट उत्पन्न हो या उत्पन्न होने की सम्भावना हो या उससे बलवा या दंगा हो या होने की सम्भावना हो और किसी व्यक्ति द्वारा ऐसे संकल्प या आदेश के अनुसरण में उसके अधीन किसी कार्य के किए जाने या उसका किया जाना जारी रखने का प्रतिषेध कर सकता है।

(1–ख) राज्य सरकार, स्वतः या रिपोर्ट या शिकायत प्राप्त होने पर आदेश द्वारा इस या किसी अन्य अधिनियमिति के अधीन {नगरपालिका}3 या {नगरपालिका}3 की समिति या संयुक्त समिति द्वारा पारित संकल्प या {नगरपालिका}3 या संयुक्त समिति के किसी अधिकारी या सेवक द्वारा दिए गए आदेश के निष्पादन या अग्रेत्तर निष्पादन को प्रतिषिद्ध कर सकती है, यदि उसकी राय में ऐसा संकल्प या आदेश लोक हित के प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है {या जिसे शक्तियों का दुरुपयोग करके अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के उपबन्धों का स्पष्ट भंग करके पारित किया गया है}2 और किसी व्यक्ति द्वारा ऐसे संकल्प या आदेश के अनुसरण में या उसके अधीन किसी कार्य के किए जाने या उसका किया जाना जारी रखने का प्रतिषेध कर सकती है।}1

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1953 द्वारा जोड़ा गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा अन्तःस्थापित किया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) जहां {***}2 उपधारा (1) या (1–क) के अधीन कोई आदेश दिया जाय तो उसकी एक प्रतिलिपि उसे दिए जाने के कारणों के विवरणों के साथ विहित प्राधिकारी द्वारा या यथास्थिति विहित प्राधिकारी के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तुरन्त राज्य सरकार को भेजी जायेगी, जो तदुपरान्त यदि वह उचित समझे, उस आदेश को विखण्डित या उपान्तरित कर सकती है।

(3) {***}3

(4) जहां किसी संकल्प या आदेश को निष्पादन या अग्रेत्तर निष्पादन उपधारा (1), (1–क) या (1–ख) के अधीन दिए गए आदेश द्वारा प्रतिषिद्ध किया गया हो और वह आदेश प्रवृत्त बना रहे तो नगरपालिका या यदि उक्त उपधारा के अधीन आदेश करने वाले प्राधिकारी द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाय, यह कर्तव्य होगा कि वह कोई ऐसी कार्यवाही करे, जिसे वह करने का हकदार होता, यदि उक्त संकल्प या आदेश पारित ही न किया गया होता या दिया ही न गया होता और जो किसी व्यक्ति को उस संकल्प या आदेश के अधीन जिसका अग्रेत्तर निष्पादन प्रतिषिद्ध किया गया हो, कोई कार्य करने या करना जारी रखने से रोकने के लिए आवश्यक है।

चूक में {राज्य सरकार}4 और विहित शक्ति

नगरपालिका के करने की दशा

35–– (1) यदि किसी भी समय अभ्यावेदन किये जाने पर या अन्यथा {राज्य सरकार}4 को यह प्रतीत हो कि नगरपालिका इस या किसी अन्य अधिनियमित द्वारा या के अधीन अधिरोपित किसी कर्तव्य का पालन करने में चूक या इस अधिनियम या किसी अन्य अधिनियमित द्वारा प्राप्त किसी शक्ति का प्रयोग करके {राज्य सरकार}4 द्वारा दिए गए किसी आदेश या जारी किये गये किसी निदेश का पालन करने में चूक की है तो {राज्य सरकार}4 नगरपालिका से स्पष्टीकरण मांगने और इस धारा के अधीन कार्यवाही किए जाने के सम्बन्ध में नगरपालिका द्वारा उक्त कर्तव्य का पालन करने या उक्त आदेश या निदेश के निष्पादन के लिए कोई अवधि निश्चित कर सकती है।

(2) यदि उक्त कर्तव्य का पालन या आदेश अथवा निदेश का निष्पादन इस प्रकार निश्चित की गई अवधि के भीतर न किया जाय तो यथास्थिति, राज्य सरकार या विहित प्राधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट को या किसी ऐसे अन्य अधिकारी को, जो डिप्टी कलेक्टर से निम्न पंक्ति का न हो, उसका पालन करने के लिए नियुक्त कर सकता है और यह निदेश दे सकती है कि उक्त कर्तव्य का पालन करने या आदेश या निदेश का निष्पादन करने में होने वाले व्यय का (यदि कोई हो) नगरपालिका द्वारा ऐसे समय के भीतर, जो नियत किया जाय, जिला मजिस्ट्रेट को भुगतान किया जायेगा।

(3) यदि उक्त व्यय का इस प्रकार भुगतान न किया जाये तो जिला मजिस्ट्रेट, यथास्थिति राज्य सरकार या विहित प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति से आदेश द्वारा उस व्यक्ति को, जिसकी अभिरक्षा में नगरपालिका निधि हो, ऐसी निधि से उक्त व्यय का भुगतान करने का निदेश दे सकता है।

आपातकालीन स्थिति में

36–– (1) आपातकालीन स्थिति में जिला मजिस्ट्रेट विहित प्राधिकारी की अनुमति से, किसी भी ऐसे निर्माण कार्य के निष्पादन या ऐसे कार्य के सम्पन्न किये जाने की व्यवस्था कर सकता है, जिसके निष्पादन या सम्पन्न करने की नगरपालिका को शक्ति प्राप्त हो और उसकी राय में, जिसका तात्कालिन निष्पादन या सम्पन्न किया जाना {जनता की सुरक्षा, संरक्षण या सुविधा के लिए आवश्यक हो}[1] और यह निदेश दे सकता है कि निर्माण कार्य के निष्पादन का कार्य सम्पन्न किये जाने से सम्बन्धित व्यय का नगरपालिका द्वारा तुरन्त भुगतान किया जायेगा।

जिला मजिस्ट्रेट की असाधारण शक्तियां

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 105 (क) द्वारा निकाला गया। 3. उपर्युक्त की धारा 105 (ख) द्वारा निकाला गया।
4. उपर्युक्त की धारा 106 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) यदि उक्त व्यय का इस प्रकार भुगतान न किया जाय तो जिला मजिस्ट्रेट आदेश द्वारा उस व्यक्ति को, जिसकी अभिरक्षा में नगरपालिका निधि हो, ऐसी निधि से उक्त व्यय का भुगतान करने का निदेश दे सकता है।

(3) जिला मजिस्ट्रेट तुरन्त ऐसे प्रत्येक मामले की, जिसमें वह इस धारा द्वारा उसे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करे, विहित प्राधिकारी को तुरन्त रिपोर्ट करेगा।

नगरपालिका के सदस्य

सदस्यों और अध्यक्ष को पारिश्रमिक देने का प्रतिषेध

37–– किसी नगरपालिका के सदस्य या अध्यक्ष को सिवाय राज्य सरकार की स्वीकृति के या इस निमित्त बनाए गए नियमों के अनुसार, किसी प्रकार का पारिश्रमिक या यात्रा भत्ता स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए

38–– किसी आकस्मिक रिक्ति को या ऐसी रिक्ति को भरने के लिए, जो सामान्य निर्वाचन के समय न भरी गयी हो, निर्वाचित {या नाम–निर्दिष्ट}[3] सदस्य की पदावधि इस अधिनियम के अधीन उसका निर्वाचन {या नाम–निर्दशन}[4] घोषित किये जाने पर प्रारम्भ होगी और नगरपालिका की शेष कार्यकाल तक के लिए होगी।

निर्वाचित {या नाम–निर्दिष्ट}[2] सदस्यों की पदावधि

38–क –– {***}[1]

सदस्यों का त्याग–पत्र

39–– यदि अध्यक्ष से भिन्न नगरपालिका का कोई सदस्य लिखकर अपने हस्ताक्षर से राज्य सरकार को सम्बोधित करके अपना त्याग–पत्र देता है तो तदुपरान्त उसका स्थान रिक्त हो जायेगा। त्याग–पत्र उस जिले के, जिसमें नगरपालिका स्थित हो, जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में दिया जायेगा, जो इसकी सूचना तुरन्त अध्यक्ष को देगा और त्याग–पत्र को राज्य सरकार के पास भेज देगा।

सदस्यों का हटाया जाना

40–– (1) {राज्य सरकार}[5], निम्नलिखित किसी भी आधार पर नगरपालिका के

सदस्य को हटा सकती है ––

(क) वह नगरपालिका की स्वीकृति प्राप्त किये बिना लगातार तीन मास से अधिक तक नगरपालिका के अधिवेशनों में या लगातार तीन अधिवेशनों में इनमें, जो भी अवधि अधिक हो, अनुपस्थित रहा हैः

परन्तु जिस अवधि में सदस्य विचाराधीन बन्दी निरूद्धबन्दी या राजनीतिक बन्दी के रूप में कारावास में रहा हो, उसकी गणना नहीं की जायेगी;

(ख) उसने धारा 12–घ और 13–घ में वर्णित कोई अनर्हता उपगत कर ली हो;

(ग) उसने धारा 82 के अर्थ में, नगरपालिका द्वारा या उसकी ओर से किसी संविदा में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से या भागीदार के द्वारा जानबूझकर कोई अंश या हित, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का हो, अर्जित किया हो या उसे धृत रखा हो;

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 17 वर्ष 1934 द्वारा निकाला गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 107 (क) द्वारा अन्तर्विष्ट। 3. उपर्युक्त की धारा 107 (ख) द्वारा अन्तर्विष्ट।
4. उपर्युक्त की धारा 107 (ग) द्वारा अन्तर्विष्ट।
5. उपर्युक्त की धारा 108 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(घ) उसने धारा 82 में निर्दिष्ट विषय से भिन्न किसी ऐसे विषय में, जिसमें उसका या भागीदार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में, कोई निजी हित रहा हो, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किस अन्य प्रकार का हो या जिनमें वह किसी मुवक्किल, मालिक या किसी अन्य व्यक्ति की ओर से वृत्तिक रूप से हितबद्ध रहा हो, जानबूझकर सदस्य के रूप में कार्य किया हो;

(ङ) वह विधि व्यवसायी होने के कारण अपनी सदस्यता की अवधि में नगरपालिका के विरूद्ध या नगरपालिका के प्रबन्ध में सौपी गई किसी नजूल भूमि के सम्बन्ध में राज्य सरकार के विरूद्ध किसी व्यक्ति की ओर से, किसी वाद या कार्यवाही में कार्य करे या उपस्थित हो या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए उसकी ओर से, जिसके विरूद्ध नगरपालिका द्वारा या उसकी ओर से कोई आपराधिक कार्यवाही संस्थित की गयी हो, कोई कार्य करे या उपस्थित हो;

(च) उसने सम्बद्ध नगरपालिका क्षेत्र में अपने सामान्य निवास स्थान का परित्याग कर दिया है या स्वेच्छा से या अन्यथ वहां से अपना निवास स्थान स्थानान्तरित कर दिया है, जब तक कि सदस्य स्वयं अपने निवास स्थान का इस प्रकार परित्याग या स्थानान्तरण करने के तीन मास के भीतर अपने पद से त्याग–पत्र दे दे;

(छ) वह नगरपालिका के अधिवेशनों में बार–बार कदाचार या विच्छृंखलता को दोषी रहा और तदर्थक शिकायत अध्यक्ष या किसी सदस्य द्वारा राज्य सरकार को की गई हो;

{(ज) वह सदस्य के रूप में या उपाध्यक्ष के अध्यक्ष के रूप में या अध्यक्ष की शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपाध्यक्ष के रूप में किसी अन्य दुराचारण का दोशी है, चाहे वह उत्तर प्रदेश नगर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1976 के प्रारम्भ के पूर्व या पश्चात् किया गया हो।}1

(2) {***}3

{(3) राज्य सरकार नगरपालिका से किसी सदस्य को हटा सकेगी, जिसने उसकी राय में नगरपालिका के वर्तमान या अन्तिम पूर्ववर्ती कार्यकाल में सदस्य होते हुए, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष या किस समिति के सभापति या किसी अन्य हैसियत से उत्तर प्रदेश नगर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1976 के प्रारम्भ के पूर्व या पश्चात् कार्य करते हुए अपने पद का इतना घोर दुरुपयोग किया है या इस अधिनियम या किसी नियम, विनियम या उपविधि के उपबन्धों का जान–बूझकर इतना उल्लंघन किया है या नगरपालिका की निधि या सम्पत्ति की इतनी हानि या क्षति पहुंचाई है कि वह सदस्य बने रहने के लिए अयोग्य हो गया है।}2

(4) परन्तु {जब राज्य सरकार}[4] इस धारा के पूर्वगामी उपबन्धों के अधीन कार्यवाही करने का विचार करे तो सम्बद्ध सदस्य को स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया जायेगा और जब ऐसी कार्यवाही हो जाय तो उसके कारणों को अभिलिखित किया जायेगा।

(5) {***}[5]

{(6) किन्हीं पूर्वगामी शक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, राज्य सरकार उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी भी आधार पर सदस्य को हटाने के बजाय उसे चेतावनी दे सकती है।}[6]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 41 वर्ष 1976 के अध्याय–3 की धारा 27 (क) द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 27 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 108 (ख) द्वारा निकाला गया। 4. उपर्युक्त की धारा 108 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 108 (घ) द्वारा निकाला गया।
6. उपर्युक्त की धारा 108 (ङ) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[6] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 41–43}

41–– (1) पूर्ववर्ती धारा की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन हटाया गया कोई सदस्य, यदि अन्यथा अर्ह हो, फिर से निर्वाचित या नाम–निर्देशित किये जाने का पात्र होगा।

धारा 40 के अधीन हटाए गए सदस्यों की निर्योग्यत एं

(2) पूर्ववर्ती धारा की उपधारा (1) के खण्ड तक कि (ख) के अधीन हटाया गया कोई सदस्य तब तक इस प्रकार पात्र नही होगा जब तक कि उसकी निर्योग्यता समाप्त न हो जाय।

(3) पूर्ववर्ती धारा की उपधारा (3) के अधीन हटाया गया कोई सदस्य, अपने हटाए जाने के दिनां से पांच वर्ष की अवधि तक इस प्रकार पात्र नहीं होगा :

परन्तु यह कि राज्य सरकार पर्याप्त कारणों से किसी व्यक्ति कोई इस निर्योग्यता से मुक्त कर सकती है।

(4) पूर्ववर्ती धारा के किसी उपबन्ध {***}[3] के अधीन हटाया गया कोई सदस्य तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि ऐसे कारणों से जो विनिर्दिष्ट किये जायेंगे, यह घोषित न कर दिया जाय कि अब अपात नहीं है और उसे राज्य सरकार के आदेश से इस प्रकार घोषित किया जा सकता है।

अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

42 –– {***}[1]

{43–– (1) अध्यक्ष नगरपालिका क्षेत्र में निर्वाचक द्वारा मताधिकार के आधार पर निर्वाचित किया जायेगा। अध्यक्ष का निर्वाचन

(2) बहिर्गामी अध्यक्ष पुनर्निर्वाचन के लिए पात्र होगा।

(3) किसी सदस्य के निर्वाचन के सम्बन्ध में (जिसके अन्तर्गत निर्वाचन और निर्वाचन अपराध से सम्बन्धित विवाद भी है) इस अधिनियम के उपबन्ध और तद्धीन बनाए गए निगम अध्यक्ष के निर्वाचन के सम्बन्ध में आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे।

(4) यदि किसी सामान्य निर्वाचन में कोई व्यक्ति नगरपालिका के सदस्य और अध्यक्ष दोनों की रूप में निर्वाचित हो जाये या नगरपालिका सदस्य होते हुए किसी उप–निर्वाचन में अध्यक्ष निर्वाचित हो जाये तो वह धारा 49 में यथा उपबन्धित के सिवाय, अध्यक्ष निर्वाचित होने के दिनांक से सदस्य न रह जायेगा।}[4]

{43–क–– कोई व्यक्ति नगरपालिका और किसी अन्य स्थानीय प्राधिकारी दोनों का एक ही समय में अध्यक्ष या उपाध्यक्ष न होगा : भिन्न–भिन्न स्थानीय प्राधिकारियों के उपाध्यक्ष के पद अध्यक्ष या एक साथ

परन्तु यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक स्थानीय प्राधिकारियों के किसी ऐसे या उसी सम्बन्ध में तरह के किसी पद पर निर्वाचित हो जाय तो वह अपने विकल्प से एक स्थानीय प्राधिकारी में पद धारण करता रहेगा और अन्य प्राधिकारियों में विहित अवधि के भीतर, त्याग–पत्र दे देगा। धारण करने के रोक

43–कक–– {(1) कोई व्यक्ति किसी {नगरपालिका}5 का अध्यक्ष चुने जाने के लिए अर्हताएं अर्ह न होगा जब तक कि वह ––

(क) सम्बन्धित {नगरपालिक}5 किसी कक्ष का निर्वाचक न हो;

और

(ख) अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किये जाने के लिए उम्मीदवार के रूप में अपने नाम–निर्देशन के दिनांक को तीस वर्ष की आयु पूरी न कर चुका हो।}2 अध्यक्ष पद के लिए

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 7 वर्ष 1953 द्वारा निकाला गया।
2. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 35 वर्ष 1978 के अध्याय–तीन की धारा 20 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 109 द्वारा निकाला गया। 4. उपर्युक्त की धारा 110 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 111 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}7 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 43ख–43खख}

(2) कोई भी व्यक्ति किसी नगरपालिका का अध्यक्ष चुने जाने या होने के लिए अहर्न होगा, यदि वह ––

(क) धारा 13 घ के {(क) से (छ) तक और (छ) से (ट), {(ठ), (ड), (ढ), (ण) तथा (त)}8 तक ये उल्लिखित}3 किसी अनर्हता के कारण अनर्ह हो या हो गया हो और ऐसी अनर्हता उक्त धारा के अधीन न तो समाप्त हुई हो और हटाई गई हो ;

(ख) {***}2

(3) {***}4 }1

{43–ख –– {***}5

43–खख –– (1) धारा 20 की उपधारा (5) {***}6 के अधीन प्रस्तुत किसी निर्वाचन याचिका के किसी पक्षकार के आवेदन–पत्र और उसके अन्य पक्षकारों को नोटिस के पश्चात् और उनमें से ऐसे पक्षकारों की, जो चुने जाने की इच्छा प्रकट करें, सुनवाई करने के पश्चात् या स्वयंमेव, ऐसी नोटिस के बिना उच्च न्यायालय किसी प्रक्रम पर –– याचिका का अन्तरण

(क) किसी जिला न्यायाधीश के समक्ष विचार के लिए लम्बित किसी निर्वाचन याचिका का अन्तरण किसी जिला न्यायाधीश को कर सकता है; या

(ख) उसे उस जिला न्यायाधीश को जिससे उसे वापस लिया गया था, विचारण के लिए पुनः अन्तरिम कर सकता है।

(2) जिला न्यायाधीश इस अधिनियम के अधीन अपने समक्ष लम्बित किसी निर्वाचन याचिका का किसी प्रक्रम पर अन्तरण किसी जिला न्यायाधीश को कर सकता है और किसी अपर जिला न्यायाधीश के समक्ष लम्बित किसी निर्वाचन याचिका को वापस कर सकत है और ––

(एक) उसका अन्तरण या निस्तारण कर सकता है; या

(दो) विचारण या निस्तारण के लिए अन्तरण किसी अन्य अपर जिला न्यायाधीश को कर सकता है;

(तीन) विचारण या निस्तारण के लिए उसका पुनः अन्तरण उस न्यायालय को कर सकता है, जिससे उसे वापस लिया गया था।

(3) जहां उपधारा (1) या उपधारा (2) के अधीन किसी निर्वाचन याचिका का अन्तरण या पुनः अन्तरण किया गया हो, वहां जिला न्यायाधीश या अपर जिला न्यायाधीश, जो तत्पश्चात् ऐसी याचिका का विचारण करे, अन्तरण के आदेश में किसी प्रतिकूल निदेश

के अधीन रहते हुए उस बिन्दु से कार्यवाही करेगा, जिस पर उसे अन्तरित किया गया था या पुनः अन्तरित किया गया था :

परन्तु यदि वह उचित समझे तो पहले ही परीक्षित किसी साक्षी को पुनः बुला सकता है और उसका पुनः परीक्षण कर सकता है।

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 7 वर्ष 1949 द्वारा धारा 43–क एवं 43–कक बढ़ाया गया। 2. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 7 वर्ष 1953 द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 111(ख) द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उपर्युक्त की धारा 111 (ग) द्वारा निकाला गया।
5. उपर्युक्त की धारा 112 द्वारा निकाला गया।
6. उपर्युक्त की धारा 113 द्वारा निकाला गया।
7. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 8. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 13 वर्ष 2002 की धारा 8 द्वारा प्रतिस्थापित।

अध्यक्ष के निर्वाचन के सम्बन्ध में आदेश देने की शक्ति

{43–ग–– {जहां तक निम्नलिखित विषयों में से किसी संबंध में इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा उपबन्ध न किया जाय, राज्य निर्वाचन आयोग}6 आदेश द्वारा, अध्यक्ष के निर्वाचन के संचालन से {***}3 सम्बन्धित निम्नलिखित विषयों के सम्बन्ध में उपबन्ध कर सकती है, अर्थात् ––

(क) रिटर्निंग आफिसर की नियुक्ति, शक्ति और कर्तव्य;

(ख) नाम–निर्देशन, समीक्षा, नाम वापस लेने और मतदान के लिए दिनांक नियत करना;

(ग) नाम–निर्देशन, पत्र प्रस्तुत करने की रीति और उसका प्रपत्र, विधिमान्य नाम–निर्देशन के लिए अपेक्षाएं नाम–निर्देशन की संवीक्षा और उम्मीदवारी से नाम वापस लेना;

(घ) निर्वाचन की प्रक्रिया, जिसके अन्तर्गत मतदान के पूर्व किसी उम्मीदवार की मृत्यु हो जाना भी है और सविरोध और निर्विरोध निर्वाचनों की प्रक्रिया;

(ङ) मतदान के घन्टे और मतदान का स्थगन;

(च) निर्वाचन में मतदान की रीति;

(छ) मतों की संवीक्षा और गणना, जिसके अन्तर्गत मतों की पुनर्गणना भी है और मत बराबर–बराबर होने की स्थिति में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया;

(ज) परिणाम की घोषणा और अधिसूचना;

(झ) नाम–निर्देशन के साथ प्रतिभूति जमा करना और उसकी वापसी और उसका समपहरण;

(ञ) से (द) {***}4 }2

राज्य निष्ठा और शपथ

{43–घ–– (1) नगरपालिका का अध्यक्ष तथा प्रत्येक सदस्य नगरपालिका के अधिवेशन में अपना स्थान ग्रहण करने के पूर्व निम्नलिखित रूप में संविधान के प्रति अपनी राजनिष्ठा की शपथ लेगा या प्रतिज्ञान करेगा और उस पर हस्ताक्षर करेगा ––

''मैं, क ख, इस नगरपालिका का अध्यक्ष/सदस्य निर्वाचित हो जाने पर ईश्वर के नाम पर शपथ लेता हूं/सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं कि विधि द्वारा स्थापित ''भारत का संविधान'' के प्रति सच्ची श्रद्धा रखूंगा, मैं भारत की प्रभुता और अखण्डता को बनाए रखूंगा और मैं, सद्भावपूर्वक और निष्ठापूर्वक उन कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा, जिन्हें मैं करने वाला हूं।''

(2) अध्यक्ष या सदस्य, जो अपने पद की अवधि से आरम्भ होने के दिनांक से तीन मास के भीतर अथवा उक्त दिनांक के पश्चात् नगरपालिका के प्रथम तीन बैठकों में से किसी एक में, जो भी पश्चात्वर्ती हो, जब तक कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा यह अवधि बढ़ा न दी जाये, उपधारा (1) में अधिकथित और उसकी अपेक्षानुसार शपथ लेने या प्रतिज्ञान करने में चूक करेगा, अपने पद पर न रह जायेगा और उसका स्थान रिक्त हुआ समझा जायेगा।

1. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 17 वर्ष 1982 के अध्याय–तीन की धारा 20 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 114 (ख) द्वारा निकाला गया। 4. उपर्युक्त की धारा 114 (ग) द्वारा निकाला गया।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 48 द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) कोई व्यक्ति, जिससे उपधारा (1) के अधीन शपथ लेने या प्रतिज्ञान करने की अपेक्षा की गई हो, नगरपालिका की बैठक में अपना स्थान ग्रहा नहीं करेगा आथवा नगरपालिका के सदस्य या अध्यक्ष के रूप में कोई कार्य नहीं करेगा, जब तक कि उसने उपधारा (1) में अभिकथित शपथ न ले ली हो या प्रतिज्ञान न कर लिया हो और हस्ताक्षर न कर लिया हो।}3

44–– {***}2

{44–क–– यदि मृत्यु या त्याग–पत्र दिए जाने या किसी अन्य कारण से अध्यक्ष के उपनिर्वाचन — अध्यक्ष का

पद में आकस्मिक रिक्ति हो जाये तो तत्पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, किन्तु उक्त रिक्ति होने के दिनांक से तीन मास के भीतर, धारा 43 में उपबन्धित रीति से, अध्यक्ष निर्वाचित किया जायेगा।}6

45–– {***}5

{46–– (1) इस अधिनियम में अन्यथा की गई व्यवस्था के अधीन रहते हुए, अध्यक्ष की पदावधि, नगरपालिका के कार्यकाल के साथ समाप्त होगी। — अध्यक्ष की पदावधि

(2) आकस्मिक रिक्ति में निर्वाचित अध्यक्ष की पदावधि उसके पूर्वाधिकारी की पदावधि से शेष भाग के लिए होगी।}4

46–क–– {***}1

47–– {(1) नगरपालिका का अध्यक्ष, जो पद त्याग करना चाहे, अपना लिखित त्याग–पत्र त्याग–पत्र जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्य सरकार को भेज देगा।}7 — अध्यक्ष का

(2) नगरपालिका द्वारा यह सूचना प्राप्त होने पर कि त्याग–पत्र, {राज्य सरकार}8 द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है, ऐसे अध्यक्ष के सम्बन्ध में यह समझा जायेगा कि उसने अपना पद रिक्त कर दिया है।

{47–क–– {***}10

48–– (1) {***}2 जाना — अध्यक्ष का हटाया

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 5 वर्ष 1932 द्वारा निकाला गया।
2. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 7 वर्ष 1949 द्वारा निकाला गया।
3. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 77 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 41 वर्ष 1976 के अध्याय–3 की धारा 30 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 35 वर्ष 1978 के अध्याय–तीन की धारा 21 द्वारा निकाला गया। 6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 115 द्वारा प्रतिस्थापित। 7. उपर्युक्त की धारा 116 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 116 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 10.उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 11 वर्ष 2005 की धारा 3 द्वारा निरसित।

(2) {जहां राज्य सरकार को, किसी भी समय यह विश्वास करने का कारण हो कि –

(क) अध्यक्ष ने अपना कर्तव्य पालन करने में चूक की है; या

(ख) अध्यक्ष ने ––

(एक) धारा 12–घ और 43–कक में उल्लिखित कोई अनर्हता प्राप्त कर ली है; या

(दो) धारा 82 के अर्थ में, नगरपालिका द्वारा या उसकी ओर से, किसी संविदा या सेवायो से या किसी

भागीदार द्वारा, कोई अंश या हित, चाहे धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का हो, जान–बूझकर अर्जित किया है या चालू रखता है; या

(तीन) धारा 82 की उपधारा (2) के खण्ड (क) से (छ) में निर्दिष्ट विषय से भिन्न किसी अन्य अंश या हित, चाहे धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकृति का हो या जिसमें उसका हित किसी मुवक्किल मालिक या अन्य व्यक्ति की ओर से वृत्तिक रूप में था, जानबूझकर अध्यक्ष या सदस्य के रूप में कार्य किया है; या

(चार) विधि व्यवसायी होने के कारण, नगरपालिका के प्रबन्ध में सौपी गई किसी नजूल भूमि के सम्बन्ध में, किसी व्यक्ति की ओर से किसी वाद या अन्य कार्यवाही में नगरपालिका के विरूद्ध या राज्य सरकार के विरूद्ध कार्य किया है या उपस्थित नगरपालिका द्वारा उसी ओर से कोई आपराधिक कार्यवाही संस्थित की गई हो, कार्य किया है या उपस्थित हुआ है; या

(पांच) सम्बद्ध नगरपालिका क्षेत्र में अपने सामान्य निवास स्थान का परिणाम कर दिया है; या

(छः) अपने कर्तव्यों के निर्वाहन में गम्भरी अवचार का दोषी है; या}[2]

{(सात) नगरपालिका के वर्तमान या अन्तिम पूर्ववर्ती कार्यकाल में अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के रूप में या किसी समिति के सभापति या सदस्य के रूप में या किसी अन्य हैसियत से, उत्तर प्रदेश नगर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1976 के प्रारम्भ के पूर्व या पश्चात् कार्य करते हुए अपने पद का इतना घोर दुरुपयोग किया है या इस अधिनियम या किसी नियम, विनियम या उपविधि के उपबन्धों का जानबूझकर इतना उल्लंघन किया है या नगरपालिका की निधि या सम्पत्ति को ऐसी हानि या क्षति पहुंचायी है कि वह अध्यक्ष बने हरने के आयोग्य हो जाता है; या

(आठ) चाहे अध्यक्ष के रूप में या अध्यक्ष की शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपाध्यक्ष के रूप में या उपाध्यक्ष या सदस्य के रूप में किसी अन्य दुराचरण का अपराध उत्तर प्रदेश नगर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1976 के प्रारम्भ या पश्चात् किया है;

तो राज्य सरकार उससे नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर यह कारण बताने की अपेक्षा कर सकेगी कि उसे क्यों न पद से हआ दिया जाये;}[3]

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 7 वर्ष 1949 द्वारा निकाला गया।
2. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 41 वर्ष 1976 के अध्याय–3 की धारा 31 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{(नौ) नगरपालिका की किसी सम्पत्ति को हानि या क्षति पंहुचायी हो; या

(दस) नगरपालिका की निधि का दुर्विनियोग या दुरुपयोग किया है; या

(ग्यारह) नगरपालिका के हित के प्रतिकूल कार्य किया है; या

(बारह) इस अधिनियम के उपबन्धों या उसके अधीन बनाए गए नियमों का उल्लंघन किया है; या

(तेरह) नगरपालिका की बैठक में इस प्रकार से बाधा उत्पन्न की है कि किसी बैठक में नगरपालिका का कार्य संचालन असंभव हो जाता है या ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित किया है; या

(चौदह) इस अधिनियम के अधीन दिए गए राज्य सरकार के किसी आदेश या निर्देश का जानबूझकर उल्लंघन किया है; या

(पन्द्रह) नगरपालिका के अधिकारियों या कर्मचारियों के साथ बिना किसी न्यायोचित कारण के दुर्व्यवहार किया है; या

(सोलह) नगरपालिका की किसी सम्पत्ति का उसके बाजार मूल्य पर व्ययन किया है; या

(सत्रह) नगरपालिका की भूमि, भवन या किसी अन्य अचल सम्पत्ति पर अतिक्रमण किया है, किसी अन्य को अतिक्रमण करने में सहायता की है या प्रेरित किया है।}6

(3) {***}3

अध्यक्ष का सदस्य होना }4

{49–– नगरपालिका का अध्यक्ष नगरपालिका का पदेन सदस्य होता है।}4

{नगरपालिका}2 के कृत्य, जिनका निर्वहन अध्यक्ष द्वारा अवश्य किया जायेगा

50–– {नगरपालिका}2 के अध्यक्ष द्वारा नगरपालिका की निम्नलिखित शक्ति का प्रयोग किया जा सकेगा और {धारा 53 और 53–क के उपबन्धों के अधीन रहते हुए}1 न कि अन्यथा, कर्तव्यों का पालन और कृत्यों का निर्वहन किया जायेगा; अर्थात्–

(क) धारा 70, 74 और धारा 75 और 76 के परन्तुकों द्वारा अध्यक्ष में निहित, {नगरपालिका}2 के सेवकों को नियुक्त करने, दण्ड देने या पदच्युत करने की शक्ति;

(ख) इस निमित्त किसी विनियम के अनुसार नगरपालिका के सेवकों को सेवा, स्थानान्तरण, अवकाश, वेतन विशेषाधिकार और मतों के सम्बन्ध में उद्भूत प्रश्नों का अवधारण;

(खख) {नगरपालिका}2 के समस्त अधिकारियों और निर्माण कार्य का सामान्य पर्यवेक्षण;

(ग) विहित प्राधिकारी की धारा 32 के अधीन विवरण–पत्र, लेखा, रिपोर्ट या दस्तावेज की प्रतिलिपि का और धारा 94 की उपधारा (4) और (5) और धारा 108 की उपधारा (1) के अधीन {नगरपालिका}2 द्वारा या {नगरपालिका}2 की किसी समिति द्वारा पारित संकल्प की प्रतिलिपि का प्रस्तुत किया जाना;

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा निकाला गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 118 द्वारा निकाला गया।
4. उपर्युक्त की धारा 119 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 6. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 11 वर्ष 2005 की धारा 4 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।

(घ) अनुसूची 1 के स्तम्भ तीन में निर्दिष्ट शक्ति, कर्तव्य और कृत्य, जो धारा 112 के अधीन {नगरपालिका}3 द्वारा अध्यक्ष को प्रतिनिहित किये गये हों; और

(ङ) {नगरपालिका}3 निम्नलिखित को छोड़कर सभी अन्य कर्तव्य, शक्ति और कृत्य ––

(एक) जहां कार्यपालक अधिकारी हो, ऐसे कर्तव्य, शक्तियों और कृत्य, जो धारा 60 द्वारा कार्यपालक अधिकारों में निहित किये गये हों और जहां स्वास्थ्य अधिकारी हों, ऐसे कर्तव्य, शक्ति और कृत्य, जो धारा 60–क द्वारा स्वास्थ्य अधिकारों में निहित किये गये हों;

(दो) अनुसूची 1 के दूसरे स्तम्भ में विनिर्दिष्ट कर्तव्य, शक्ति और कृत्य; और

(तीन) धारा 112 के अधीन {नगरपालिका}3 द्वारा प्रतिनिहित कर्तव्य, शक्ति और कृत्य।

अध्यक्ष के अतिरिक्त कर्तव्य

51–– अध्यक्ष का यह भी कर्तव्य और शक्ति होगी कि वह––

(क) जब तक इस अधिनियम द्वारा अन्यथा उपबन्धित न हो या युक्तिसंगत रुकावट न हो;

(एक) {नगरपालिका}3 की समस्त बैठकों को बुलाए और उनकी अध्यक्षता करे;

(दो) {***}1

(तीन) इस निमित्त बनाए गए किसी विनियम के अनुसार {नगरपालिका}[3] की सभी बैठकों में कार्य संचालन का अन्यथा नियंत्रण करें;

(ख) {नगरपालिका}[3] के वित्तीय प्रशासन की देख–रेख और कार्यपालिका प्रशासन का अधीक्षण करे और उनमें किसी त्रुटि की और {नगरपालिका}[3] का ध्यान आकृष्ट करे; और

(ग) ऐसे अन्य कर्तव्य का पालन करे, जो इस या किस अन्य अधिनियम के द्वारा या अधीन उससे अपेक्षित हों या उस पर अधिरोपित किये गये हों।

{51–क–– अध्यक्ष, राज्य सरकार या राज्य सरकार के किसी विभाग से सामान्य लोकहित के किसी प्रश्न पर विहित रीति से पत्र व्यवहार कर सकता है। सामान्य लोकहित के प्रश्न पर अध्यक्ष काा राज्य सरकार के पत्र व्यवहार करने का प्राधिकार}[2]

52–– (1) {नगरपालिका}[3], अध्यक्ष से निम्नलिखित को प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है – अध्यक्ष से रिपोर्ट आदि की अपेक्षा करने की {नगरपालिका}[3] की शक्ति

(क) नगरपालिका के प्रकाशन से सम्बन्धित किसी विषय के सम्बन्ध में कोई विवरणी कथन, प्राक्कलन, आकडें या अन्य सूचना;

(ख) किसी ऐसे मामले में कोई रिपोर्ट स्पष्टीकरण; और

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 13 वर्ष 1942 द्वारा निकाला गया।
2. उपर्युक्त की धारा द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ग) किसी ऐसे अभिलेख, पत्र व्यवहार या योजना या अन्य दस्तावेज की प्रतिलिपि, जो अध्यक्ष की हैसियत से उसके कब्ले या नियंत्रण में हो या जो उसके कार्यालय में या किसी नगरपालिका सेवक के कार्यालय में अभिलिखित या दाखिल की गई हो।

(2) अध्यक्ष, अयुक्ति संगत विलम्ब के बिना उपधारा (1) के अधीन की गई प्रत्येक अपेक्षा का अनुपालन करेगा।

(3) इस धारा की या इस अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध में किसी बात से यह नहीं समझा जायेगा कि वह नगरपालिका को ऐसे विनियम बनाने से रोकती है, जिससे सदस्यों को नगरपालिका की बैठकों में ऐसी शर्तों और निर्बन्धनों के अधीन, जो विनियम में विहित किये जायं, प्रश्न पूछने के लिए प्राधिकृत किया जाये।

53–– (1) अध्यक्ष सामान्य या विशेष आदेश द्वारा, धारा 51 के खण्ड (क) और (ख) में निर्दिष्ट शक्ति, कर्तव्य और कृत्य के सिवाय अपनी किसी एक या अधिक शक्तियों, कर्तव्यों या कृत्यों को अपने नियंत्रणाधीन किसी उपाध्यक्ष को प्रयोग करने के लिए सशक्त कर सकता है। अध्यक्ष द्वारा अपनी शक्ति और कर्तव्य का उपाध्यक्ष को प्रत्यायोजन

(2) उपाध्यक्ष द्वारा उपधारा (1) के अधीन दिए गए आदेश में किसी शक्ति के प्रयोग, किसी कर्तव्य के पालन या किसी कृत्य के निर्वहन के सम्बन्ध में कोई शर्त लगाई जा सकती है और कोई निर्बन्धन लगाया जा सकता है।

(3) विशेष रूप से ऐसे आदेश में यह शर्त लगाई जा सकती है कि उपाध्यक्ष ने उपधारा (1) द्वारा उसे प्रदत्त शक्ति के प्रयोग में जो आदेश दिया है, उसका विखण्डन या पुनरीक्षण अध्यक्ष को विनिर्दिष्ट अवधि में प्रस्तुत अपील में अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा।

53–क–– (1) अध्यक्ष, धारा 50 के खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट शक्तियों में से एक या अधिक शक्ति का प्रयोगन अपने नियंत्रण के अधीन करने के लिए, सामान्य या विशेष आदेश द्वारा नगरपालिका के किसी सेवक को सशक्त कर सकता है। अध्यक्ष द्वारा धारा 50 के खण्ड (क) के अधीन शक्तियों का प्रत्यायोजन

(2) उपधारा (1) के अधीन अध्यक्ष के आदेश में किसी शक्ति के प्रयोग के सम्बन्ध में कोई शर्त विहित की जा सकती है और कोई ि

(3) नगरपालिका के सेवक द्वारा उपधारा (1) के अधीन उसे प्रदत्त शक्ति के प्रयोग में दिया गया आदेश, अध्यक्ष द्वारा विखण्डित या पुनरीक्षित किया जा सकेगा।

उपाध्यक्ष का निर्वाचन, उसकी पदावधि और त्याग–पत्र

54–– (1) प्रत्येक नगरपालिका में एक उपाध्यक्ष होगा, जो नगरपालिका के अध्यक्ष, निर्वाचित सदस्यों, पदेन सदस्यों और नाम–निर्दिष्ट सदस्यों से मिलकर बनने वाले निर्वाचक मण्डल द्वारा नगरपालिका के निर्वाचित सदस्यों में से निर्वाचित होगा और ऐसे निर्वाचन में मतदान गूढ–शलाका द्वारा होगा।

{(2) किसी भी उपाध्यक्ष के पद का कार्यकाल, उसके निर्वाचन के दिनाँक से एक वर्ष या नगरपालिका के सदस्य के रूप में उसके पद के कार्यकाल की शेष अवधि, इनमें जो भी कम हो, होगा।}[1]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 120 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) उपाध्यक्ष, जो परित्याग करना चाहे, अपने इस आशय की लिखित सूचना अध्यक्ष को भेज सकता है और नगरपालिका द्वारा उसका त्याग–पत्र स्वीकृत कर लिए जाने पर यह समझा जायेगा कि उसने अपना पद रिक्त कर दिया है।

{(4) उपधारा (1), (2) और (3) के अधीन उपाध्यक्ष का निर्वाचन, यथास्थित, नगरपालिका के सम्यक् गठन के दिनांक से, जैसा कि धारा 56 के अधीन अधिसूचित किया जाए या रिक्ति के दिनांक से तीन मास के भीतर पूरा किया जायेगा।}[2]

कतिपय आकस्मिकताओं में अध्यक्ष की शक्ति आदि का प्रयोग करने के लिए व्यवस्था और उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया

[1]{54–क–– {(1) जहां कोई व्यक्ति अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने पर कार्य करने में असफल रहता है या उससे इन्कार करता है या कार्य करने में अन्यथा असमर्थ रहता है या धारा 44–क के अर्थान्तर्गत अध्यक्ष के पद में कोई आकस्मिक रिक्ति होती है और इस लिए उपाध्यक्ष के अधिनियम के अनुसार कोई उपाध्यक्ष निर्वाचित नहीं हुआ है या कोई उपाध्यक्ष अन्यथा कार्य करने के लिए नहीं है, वहां अध्यक्ष की शक्तियों और कृत्यों का, जब तक कि अध्यक्ष या उपाध्यक्ष कृत्य करने के योग्य न हो जायें, प्रयोग और निर्वहन जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त नियुक्ति डिप्टी कलेक्टर से अनिम्न श्रेणी के किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा किया जायेगा और ऐसा अधिकारी प्रशासक कहलायेगा {और उसमें अध्यक्ष की सभी शक्तियां, कृत्य और कर्तव्य निहित होंगे और उसके द्वारा उनका प्रयोग, सम्पादन और निर्वहन किया जायेगा।}[4]

(2) धारा 54 की उपधारा (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए बैठक नगरपालिका के कार्यकाल में और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नियत दिनांक को और समय पर होगी। बैठक और उसके लिए नियत दिनांक और समय की नोटिस बैठक के लिए निश्चित दिनांक से पूरो सात दिन पूर्व नगरपालिका से प्रत्येक सदस्य को उनके निवास स्थान पर भेजी जायेगी। ऐसी नोटिस की एक प्रति ऐसी रीति से भी प्रकाशित की जायेगी, जिसका निदेश जिला मजिस्ट्रेट की ओर ऐसे प्रकाशन पर यह समझा जायेगा कि प्रत्येक सदस्य को नोटिस मिल गयी है।}[3]

(3) जिला मजिस्ट्रेट, इस धारा के अधीन बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता करने के लिए जिला न्यायाधीश से एक वैतनिक सिविल न्यायिक अधिकारी का प्रबन्ध करने के लिए कहेंगे और कोई अन्य व्यक्ति उसकी अध्यक्षता नहीं करेगा। यदि बैठक के लिए नियत समय से आधा घंटे के भीतर बैठक की अध्यक्षता करने के लिए न्यायिक अधिकारी उपस्थित न हो तो बैठक ऐसे दिनांक और समय के लिए, जो उपधारा (4) के अधीन उस अधिकारी द्वारा बाद में नियत और सदस्यों को अधिसूचित किया जाये, स्थगित हो जायेगी।

(4) यदि न्यायिक अधिकारी बैठक की अध्यक्षता करने में असमर्थ हो तो वह, अपने कारण अभिलिखित करने के पश्चात् उस बैठक को ऐसे अन्य दिनांक और समय के लिए स्थगित कर सकता है, जिसे वह नियत करे किन्तु वह उपधारा (2) के अधीन बैठक के लिए नियत दिनांक से सात दिन के बाद न होगा। वह बैठक के स्थान की लिखित संसूचना अविलम्ब जिला मजिस्ट्रेट को देगा। स्थगित बैठक के दिनांक और समय का नोटिस सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से भेजना आवश्यक न होगा किन्त् जिला मजिस्ट्रेट

बैठक के दिनांक और समय का नोटिस उपधारा (2) में उपबन्धित रीति से प्रकाशित करके देगा।

(5) उपधारा (3) तथा (4) के अधीन किए गए उपबन्ध को छोड़कर, इस धारा के अधीन बुलाई गई बैठक किसी भी कारण से स्थगित नहीं की जायेगी।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 वर्ष 1955 द्वारा जोड़ा गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 41 वर्ष 1976 के अध्याय–3 की धारा 32 (2) द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 33 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 121 द्वारा अन्तर्विष्ट। 5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(6) इस धारा के अधीन बुलाई गई बैठक जैसे ही प्रारम्भ हो, नगरपालिका उपाध्यक्ष को निर्वाचित करने की कार्यवाही करेगी।

(7) न्यायिक अधिकारी निर्वाचन में मत देने का हकदार न होगा।

(8) मतों के बराबर होने की दशा में, न्यायिक अधिकारी लाटरी डालकर विनिश्चय करेगा कि उन उम्मीदवारों में से जिनके मत बराबर हैं, कौन उम्मीदवार निर्वाचित घोषित किया जाये।

(9) न्यायिक अधिकारी बैठक में निर्वाचन का परिणाम घोषित करेगा और बैठक के कार्यवृत्त की प्रतिलिपि अध्यक्ष और जिला मजिस्ट्रेट को भेजेगा।

55–– (1) उपाध्यक्ष –– उपाध्यक्ष के कर्तव्य

(क) नगरपालिका की बैठक में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में और जब तक युक्त संगत कारण से कोई रूकावट न हो, उस बैठक की अध्यक्षता करेगा, उसके कार्य संचालन का विनियमन करेगा और जब इस प्रकार अध्यक्षता करे तब वह धारा 91 में विनिर्दिष्ट शक्ति का प्रयोग करेगा;

(ख) अध्यक्ष के पद में कोई रिक्ति होने या अध्यक्ष की असमर्थता या अस्थायी अनुपस्थिति की अवधि में, अध्यक्ष का कोई अन्य कर्तव्य करेगा और जब अवसर उत्पन्न हो किसी अन्य शक्ति का प्रयोग करेगा;

(ग) किसी भी समय अध्यक्ष द्वारा धारा 53 के अधीन उसे प्रत्यायोजित किसी कर्तव्यों का पालन करेगा और जब अवसर उत्पन्न हो, आवश्यकतानुसार किसी भी शक्ति का प्रयोग करेगा।

(2) जहां दो उपाध्यक्ष हो, वहां उपधारा (1) के खण्ड (क) और (ख) में विनिर्दिष्ट कर्तव्य का पालन और शक्ति का प्रयोग, ज्येष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा तथा उसकी अनुपस्थिति में कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा और खण्ड (ग) में विनिर्दिष्ट कर्तव्य का पालन और शक्ति का प्रयोग, किसी भी ऐसे उपाध्यक्ष द्वारा, जो प्रत्यायोजन के आदेश में नामांकित हो, किया जायेगा या किया जा सकता है।

{(3) धारा 48 के उपबन्ध यथावश्यक परिवर्तन सहित इस धारा के अधीन किसी कर्तव्य का पालन और शक्ति का प्रयोग करने के सम्बन्ध में उपाध्यक्ष पर लागू होंगे।}₁

56–– नगरपालिका, सदस्य या अध्यक्ष का प्रत्येक निर्वाचन और नाम–निर्देशन निर्वाचनों, नाम–निर्देशनों और रिक्तियों की अधिसूचना

नगरपालिका का यथोचित गठन और सदस्य या अध्यक्ष के पद की प्रत्येक रिक्ति सरकारी गजट में अधिसूचित की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारी

57–– (1) प्रत्येक नगरपालिका जब तक कि राज्य सरकार या तो स्वतः या नगरपालिका द्वारा किया गया अभ्यावेदन पर अन्यथा निदेश न दे, विशेष संकल्प द्वारा एक अधिशासी अधिकारी नियुक्त करेगा : अधिशासी और स्वास्थ्य अधिकारी नियुक्त और नियोजित करने की शक्ति

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 की धारा 23 द्वारा निकाला गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

परन्तु प्रत्येक दशा में, जिसमें उक्त अधिनियम के पारित होने के समय ऐसे नगरपालिका में सचिव हो किन्तु अधिशासी अधिक जारी न हो, सचि को अधिशासी अधिकारी समझा जायेगा तब तक कि उसे सम्यक रूप से प्रतिस्थापित न कर दिया जाये।

(2) प्रत्येक नगरपालिका, जिसकी आय प्रतिवर्ष 50,000 रू0 या उससे अधिक हो, तब तक कि राज्य सरकार अन्यथा निदेश न दे, ऐसी शर्तों और निर्बन्धनों पर जो राज्य सरकार द्वारा विहित की जाये, एक स्वास्थ्य अधिकारी की जो {उत्तर प्रदेश प्रादेशिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा}[2] का सदस्य हो और एक लेखाकार को जो राज्य–लेखा–सेवा का सदस्य हो, नियोजित करेगा :

परन्तु यदि राज्य सरकार {उत्तर प्रदेश प्रादेशिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा}[2] के किसी स्वास्थ्य अधिकारी की सेवाएं उपलब्ध कराने में अपनी असमर्थता प्रकट करे तो नगरपालिका एक विशेष संकल्प द्वारा अस्थायी स्वास्थ्य अधिकारी की नियुक्ति कर सकता है।

{(2–क) प्रत्येक नगरपालिका, यदि राज्य सरकार की ऐसी अपेक्षा करे, लेखाकार के अतिरिक्त या उसके स्थान पर राज्य सरकार द्वारा नाम–निर्देशित लेखा अधिकारी या तो पृथक रूप से या किसी एक या एक से अधिक नगरपालिकाओं या किसी अन्य स्थानीय प्राधिकारी के साथ संयुक्त रूप से, ऐसी शर्तों और निबन्धनों पर, जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विहित की जाय, नियोजित करेगा।}[1]

(3) उपधारा (1) के अधीन कार्यपालक अधिकारी की और उपधारा (2) के परन्तुक के अधीन स्वास्थ्य अधिकारी की नगरपालिका द्वारा की गई प्रत्येक नियुक्ति राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के अधीन और उनका वेतन और सेवा की शर्त वही होगी, जो विहित की जाय।

अधिशासी अधिकारी को दण्ड दिया जाना, पदच्युत किया जाना या उसका हटाया जाना और स्वास्थ्य अधिकारी का स्थानान्तरण

58–– नगरपालिका, अपने अधिशासी अधिकारी को किसी विशेष संकल्प द्वारा, जिसका नगरपालिका के दो तिहाई से अन्यून सदस्यों ने समर्थन किया हो, पदच्युत कर सकती है या हटा सकती है या अन्यथा दण्डित कर सकती है किन्तु उसे ऐसे समय के भीतर ऐसी रीति से, जो विहित की जाय, राज्य सरकार के समक्ष अपील करने का अधिकार होगा :

परन्तु नगरपालिका, अधिशासी अधिकारी को पदच्युत करने, हटाने या अन्यथा दण्डित करने से ऐसी प्रक्रिया का अनुसरण करेगी, जो इस निमित्त विहित की जाये।

(2) {***}[1]

(3) यदि कोई नगरपालिका {धारा 57 की उपधारा (2) के परन्तुक के अधीन नियुक्त स्वास्थ्य अधिकारी से भिन्न,}[1] अपने स्वास्थ्य अधिकारी या अपने लेखाकार के स्थानान्तरण की विशेष संकल्प द्वारा सिफारिश करता है तो राज्य सरकार, यथास्थिति, स्वास्थ्य अधिकारी या लेखाकार की नगरपालिका के नियोजन से स्थानान्तरित कर देगा, बशर्ते नगरपालिका द्वारा उसके लिए पर्याप्त कारण दिया जाये।

स्थानापन्न कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति

59–– {(1) किसी कार्यपालक अधिकारी के छुट्टी पर, अनुपस्थित रहने या उसके पद की अन्य अस्थायी रिक्ति में, यदि ऐसी छुट्टी या रिक्ति की अवधि दो मास से अधिक न हो, अध्यक्ष किसी व्यक्ति को कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त कर सकता है और यदि उक्त अवधि दो मास से अधिक की हो तो धारा 57 के उपबन्धों के अनुसार नगरपालिका द्वारा नियुक्त की जायेगी :

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित तथा निकाला गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 122 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[3] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 60–60क}

परन्तु जब रिक्त की अवधि, जो प्रारम्भ में दो मास से अधिक की हो, बाद में अनवेक्षित परिस्थितियों के कारण बढ़ा दी जाती है तो अध्यक्ष द्वारा की गई नियुक्ति राज्य सरकार के अनुमोदन के अधीन रहते हुए चालू रह सकती है।}[1]

(2) इस प्रकार नियुक्त किया गया प्रत्येक उस व्यक्ति को, जिसके स्थान पर वह कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है, इस या किसी अन्य अधिनियमित के द्वारा या अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग या अधिरोपित कर्तव्य का पालन करेगा।

{(3) ऐसी नियुक्तियों से सम्बद्ध वेतन और सेवा की शर्तें वही होगी, जो विहित की जाय और धारा 58 के उपबन्ध, ऐसे परिष्कार के साथ, जो विहित किये जायें, इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों पर लागू होंगे।}[1]

नगरपालिका के कृत्य, जिनका निर्वहन अधिशासी अधिकारी द्वारा होना चाहिए

60–– (1) किसी नगरपालिका में, जहां कोई अधिशासी अधिकारी हो, नगरपालिका के निम्नलिखित अधिकारों का प्रयोग ऐसे अधिकारी द्वारा किया जायेगा और उनका प्रयोग धारा 62 में की गई व्यवस्था को छोड़कर अन्यथा नहीं किया जायेगा; अर्थात्–

अवश्य

(क) बाजार वधशाला या किराये की गाड़ी के लाइसेन्स से भिन्न किसी ऐसे लाइसेन्स की जो नगरपालिका द्वारा दिया जा सकता हो, अपने हस्ताक्षर से स्वीकृत और जारी करने या इन्कार करने की शक्ति;

(ख) किसी ऐसे लाइसेन्स को निलम्बित करने या वापस लेने की शक्ति;

(ग) नगरपालिका को देय या प्रस्तुत की गई कोई धनराशि प्राप्त करने, वसूल करने और नगरपालिका निधि में जमा करने की शक्ति;

(घ) अनुसूची 2 के प्रथम स्तम्भ में विनिर्दिष्ट धारा या उपधाराओं द्वारा प्रदत्त शक्ति या जहां ऐसी धारा या उपधाराओं के पश्चात् 'अंशतः' आया हो उसके ऐसे अंशों द्वारा प्रदत्त शक्ति, जैसा कि उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 में दिए गए विवरण में उपदर्शित है और इन शक्तियों का प्रयोग करने के लिए सभी आवश्यक कार्य करने की शक्ति;

(ङ) {नगरपालिका}[2] के सेवकों के सम्बन्ध में, धारा 75 और 76 द्वारा अधिशासी अधिकारी में निहित शक्ति और किसी ऐसे पद के जिस पद नियुक्ति करने की उसे शक्ति हो, पदधारी की अनुपस्थिति की छुट्टी स्वीकृत करने की शक्ति;

(च) कोई अन्य शक्ति {नगरपालिका}[2] द्वारा, जो अधिशासी अधिकारी की प्रतिनिहित की गयी हो।

(2) {***}[1] नगरपालिका के सभी कर्मचारी अधिशासी अधिकारी के अधीनस्थ होंगे।

कृत्य, जिनका निर्वहन स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया जायेगा

{60–क–– धारा 60 या धारा 60–क में दी गई किसी बात के होते हुए भी राज्य सरकार सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा निदेश दे सकती है कि किसी नगरपालिका में स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशासी अधिकारी के सामान्य नियंत्रण के अधीन रहते हुए, निम्नलिखित शक्ति का प्रयोग करेगा :

परन्तु इन अधिकारियों के बीच असहमति होने की दशा में प्रश्न अध्यक्ष को निर्दिष्ट किया जायेगा, जिसका विनिश्चय अन्तिम होगा ––

1. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित तथा निकाला गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[4] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 60ख–61}

(क) बाजार या वधशाला के लिए अनुज्ञा–पत्र या लाइसेन्स से भिन्न ऐसे प्रत्येक अनुज्ञा–पत्र या लाइसेन्स को, जो धारा 298 की सूची–1 के भाग ख, घ, च, छ और सूची–2 के भाग के अधीन बनाई गई उपविधियों के सम्बन्ध में नगरपालिका द्वारा स्वीकृत किया जा सकता है, अपने हस्ताक्षर से स्वीकृत और जारी करने की शक्ति;

(ख) ऐसे किसी अनुज्ञा–पत्र या लाइसेन्स को निलम्बित करने या वापस लेने की शक्ति;

(ग) धारा 191 (1) और (2), 192 (1), 196 (ग) और (घ), 201 (1), 202 (1), 225 (1) और (2), 227, 244 (1) और (2), 245 (1), 249, 250 (2), 267, 268, 269, 270, 271, 273 (1)(क), 276, 277, 278, 280, 283, 294 के सम्बन्ध में और 307 के सम्बन्ध में भी, जहां तक कि उसमें निर्दिष्ट नोटिस का सम्बन्ध इस खण्ड में विनिर्दिष्ट अन्य धाराओं से है, धारा 60 (1) (घ) के अधीन कार्यपालक अधिकारी को प्रदत्त शक्ति;

(घ) {नगरपालिका}[3] के ऐसे सेवकों के संबंध में, जो सफाई, लोक–स्वास्थ्य, टीका लगाने और जन्म–मरण रजिस्ट्रीकरण के लिए नियोजित किये गये हों, ऐसी शक्ति जो धारा 75(क) और 76(क) द्वारा कार्यपालक अधिकारी में निहित की गई हों और किसी ऐसे पद के, जिस पर नियुक्ति करने की उसे शक्ति हो, पदधारी की अनुपस्थिति की छुट्टी मंजूर करने की शक्ति।}[1]

विद्युत, सार्वजनिक निर्माण और जलकल विभाग के प्रधान अधिकारियों को शक्ति का प्रत्यायोजन

{60–ख–– राज्य सरकार, सरकारी गजट में, अधिसूचना द्वारा निदेश दे सकती है कि किसी {नगरपालिका}[3] में विद्युत, सार्वजनिक निर्माण और जलकल विभाग और {नगरपालिका}[3] संग्रहालय के प्रधान अधिकारी, अपने–अपने विभाग या संग्रहालय के सम्बन्ध में, धारा 60 की उपधारा (1) के खण्ड (ङ) के अधीन शक्ति का प्रयोग करेंगे और इस धारा के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके की गई किसी बात के सम्बन्ध में यह समझा जायेगा कि वह अधिशासी अधिकारी द्वारा की गई कोई बात या प्रयुक्त शक्ति है।}[2]

कार्यपालक अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील करने का अधिकार

61–– (1) अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा धारा 60 अथवा धारा 60–क द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके दिए गए किसी आदेश के विरूद्ध नगरपालिका को अपील न की जा सकेगी, जब तक कि ––

(क) वह आदेश ऐसा आदेश न हो, जिसके सम्बन्ध में अनुसूची 2 के तृतीय स्तम्भ में कोई प्रविष्ट दर्षित की गई हो और ऐसी प्रविष्टियां या धारा 297 की उपधारा (1) के खण्ड (ड) के अधीन बनाए गए विनियम द्वारा शून्य न हुई हो और प्रवृत्त हो; या

(ख) वह आदेश किसी लाइसेन्स के सम्बन्ध में दिया गया आदेश हो और किसी उपविधि द्वारा उसके विरूद्ध अपील करने का उपलब्ध किया गया हो।

(2) जहां अपील की जा सकती हो, वहां उक्त आदेश की संसूचना के या जिस दिनांक को इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन उक्त आदेश संसूचित किया गया समझा जाय, उस दिनांक के दस दिन के भीतर वह दाखिल की जायेगी।

(3) जब ऐसी अवधि के भीतर अपील दाखिल की जाय, तो अपील के विनिश्चय होने तक उक्त आदेश निलम्बित रहेगा।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 5 वर्ष 1932 द्वारा जोड़ा गया।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 7 वर्ष 1949 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शक्ति का प्रत्यायोजन

62–– {(1) अध्यक्ष की मंजूरी, कार्यपालक अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी सा विशेष आदेश पर, नगरपालिका के किसी सेवक को इस अधिनियम के द्वारा या अधीन उसे प्रदत्त शक्ति का, जो धारा 60 की उपधारा (1) के खण्ड (च) के अधीन उसे प्रत्यायोजित शक्ति से भिन्न हो, प्रयोग अपने नियंत्रण के अधीन करने के लिए सशक्त कर सकता है।}[1]

(2) उपधारा (1) के अधीन अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गए आदेश में किसी शक्ति के प्रयोग के सम्बन्ध में, कोई शर्त विहित की जा सकती है और कोई निर्बन्धन अधिरोपित किया जा सकता है।

(3) उपधारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगरपालिका के सेवक द्वारा दिया गया कोई आदेश, यथास्थिति, अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी, यथास्थिति द्वारा विखण्डित या पुनरीक्षित किया जा सकेगा।

अधिशासी आदि

63–– (1) अध्यक्ष या नगरपालिका या नगरपालिका की कोई समिति अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी से निम्नलिखित की अपेक्षा कर सकता है :– अध्यक्ष या नगरपालिका या समिति को, अधिकारी से रिपोर्ट की अपेक्षा करने की शक्ति

(क) नगरपालिका प्रशासन की उस शाखा से जिससे वह सम्बद्ध हो, सम्बन्धित किसी विषय के बारे में कोई विवरणी, कथन, प्राक्कलन, आंकड़े या अन्य सूचना;

(ख) किसी ऐसे मामले में रिपोर्ट या स्पष्टीकरण; और

(ग) किसी ऐसे अभिलेख, पत्र व्यवहार या योजना या अन्य दस्तावेज की प्रतिलिपि, जो कार्यपालक अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी की हैसियत से उसके कब्जे में या नियंत्रण में हो या जो उसके कार्यालय में या उसके किसी अधीनस्थ सेवक के कार्यालय में अभिलिखित या दाखिल की गई हो।

(2) अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी उपधारा (1) के अधीन किए गए प्रत्येक अधियाचन को बिना अनुचित विलम्ब के पूरा करेगा।

अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी का बहस में भाग लेने का अधिकार

64–– अधिशासी अधिकारी, लेखा अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी, अध्यक्ष या अनुज्ञा से या नगरपालिका अथवा समिति की किसी बैठक में इस निमित्त पारित संकल्प के आधार पर, किसी ऐसे विषय के सम्बन्ध में जिस पर बहस चल रही हो, कोई स्पष्टीकरण दे सकता है किन्तु वह ऐसी बैठक में कोई मत न देगा या कोई प्रस्ताव नहीं करेगा।

सरकार की अधिशासी अधिकारी को नियुक्ति करने की शक्ति

65–– यदि कोई नगरपालिका, जो धारा 37 या धारा 59–क के उपबन्धों के अधीन राज्य नियुक्ति करने के लिए बाध्य हो, ऐसे समय के भीतर जिसे राज्य सरकार उचित समझे, नियुक्त करने {***}[2] में असफल रहे तो राज्य सरकार स्वयं नियुक्ति कर सकती है और ऐसी नियुक्ति के सम्बन्ध में वेतन, भविष्य निधि या पेन्शन में अंशदान और अन्य शर्त निश्चित कर सकती है :

परन्तु यदि राज्य सरकार ने इस धारा द्वारा उसे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके कोई नियुक्ति की हो तो नगरपालिका इस प्रकार नियुक्त किए गए व्यक्ति के वेतन छुट्टी के भत्ते और अंशदान के लिए तीन लाख या उससे अधिक आय वाली नगरपालिकाओं की दशा में 1,000 रुपये से या अन्य नगरपालिकाओं की दशा में 500 रुपये से अधिक मासिक औसत धनराशि देने के लिए बाध्य न होगा।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त अधिनियम द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

सचिव की नियुक्ति

66–– {(1)} {प्रत्येक नगरपालिका, जिसमें कोई अधिशासी अधिकारी नहीं है, विशेष संकल्प द्वारा एक या एक से अधिक सचिव नियुक्त करेगी।}[3]

{(2) ऐसी प्रत्येक नियुक्ति विहित प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के अधीन होगी और इस प्रकार नियुक्त किए गए व्यक्ति के वेतन और सेवा की अन्य शर्तें ऐसी होंगी, जो विहित की जायें।}[1]

स्थानापन्न सचिव की नियुक्ति

{66–क–– (1) धारा 66 के अधीन नियुक्त किए गए सचिव के पद पर छुट्टी की अनुपस्थिति में या अन्य अस्थायी रिक्त में, यदि ऐसी छुट्टी या रिक्ति की अवधि दो मास से अधिक न हो, अध्यक्ष किसी व्यक्ति को सचिव के पद पर कार्य करने के लिए नियुक्त कर सकता है और यदि उक्त अवधि दो मास से अधिक हो तो नगरपालिका धारा 66 के उपबन्धों के अनुसार नियुक्ति करेगा।

(2) जब ऐसी रिक्ति की अवधि, जिसमें उपधारा (2) के प्रथम भाग के अधीन नियुक्ति की गयी हो, बाद में अनवेक्षित परिस्थितियों के कारण दो मास से अधिक बढ़ाई जाय तो अध्यक्ष द्वारा की गई नियुक्ति राज्य सरकार के अनुमोदन के अधीन बनी रहेगी।

(3) इस प्रकार नियुक्त किया गया प्रत्येक व्यक्ति, उस व्यक्ति को जिसके स्थान पर वह कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है, इस अधिनियम या किसी अन्य अधिनियमित के द्वारा या अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग या अधिरोपित कर्तव्य का पालन करेगा।

(4) उपधारा (1) के अधीन नियुक्त किए गए व्यक्ति का वेतन और सेवा की अन्य शर्तें वही होगी, जो विहित की जायें।}[2]

सचिव को दण्ड देना और पदच्युत करना

67–– (1) नगरपालिका, ऐसे विशेष संकल्प द्वारा, जिसे नगरपालिका को गठित करने वाले कम से कम दो तिहाई सदस्यों का समर्थन प्राप्त हो, धारा 66 या धारा 66–क के अधीन नियुक्त किए गए किसी सचिव को पदच्युत कर सकती है, पद से हटा सकती है या अन्यथा दण्डित कर सकती है किन्तु उसे ऐसे समय के भीतर और ऐसी रीति से जो विहित की जाय, अपील करने का अधिकार होगा :

परन्तु नगरपालिका, सचिव को पदच्युत करने, पद से हटाने या अन्यथा दण्डित करने में उस प्रक्रिया का अनुसरण करेगी, जो इस निमित्त विहित की जाय।

प्राविधिक विभागों के अधिकारियों की विशेष नियुक्ति

68–– (1) नगरपालिका विशेष सकंल्प द्वारा अपने प्राविधिक विभागों के मुख्य अधिकारी जैसे सिविल अभियंता, सहायक सिविल अभियंता, विद्युत अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता, जल–कल अभियंता, सहायक जल–कल अभियंता, विद्युत एवं जलकल अभियंता, सहायक विद्युत एवं जल–कल अभियंता या ओवरसियर तथा जहां पहले से कोई अधिशासी अधिकारी हो, सचिव की नियुक्ति कर सकता है और राज्य सरकार द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाने पर करेगा।

(2) उपधारा (2) से उल्लिखित किसी अधिकारी के छुट्टी पर अनुपस्थिति रहने में या अन्य अस्थायी रिक्ति में, यदि ऐसी छुट्टी या रिक्ति की अवधि दो मास से अधिक न हो, अध्यक्ष ऐसे पद पर कार्य करने के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त कर सकता है। यदि उक्त अवधि दो मास से अधिक की हो तो उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार नगरपालिका द्वारा नियुक्ति की जायेगी।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा पुनर्संख्यांकित तथा बढ़ाया गया। 2. उपर्युक्त धारा द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 123 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) जब ऐसी रिक्ति की अवधि, जिसमें उपधारा (2) के प्रथम भाग के अधीन नियुक्ति की गई हो, बाद में अनवेक्षित परिस्थितियों के कारण दो मास से अधिक के लिए बढ़ायी जाये तो अध्यक्ष द्वारा की गई नियुक्ति राज्य सरकार के अनुमोदन के अधीन बनी रहेगी।

(4) उपधारा (2) के अधीन नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति, जिसके स्थान पर वह कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है, इस या किसी अन्य अधिनियमित द्वारा या के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग या अधिरोपित कर्तव्य का पालन करेगा।

(5) उपधारा (1) या उपधारा (2) के द्वितीय खण्ड के अधीन की गई प्रत्येक नियुक्ति राज्य सरकार के पूर्व–अनुमोदन के अधीन होगी।

(6) इस धारा के अधीन नियुक्त किए गए व्यक्ति का वेतन और सेवा की अन्य शर्त वही होगी, जो विहित की जायें।

आपात स्थिति में सेवकों के लिए राज्य सरकार द्वारा

{68–क–– युद्ध, दुर्भिक्ष, अकाल, मनुष्य या पशु की महामारी, बाढ़ या इसी प्रकार किसी अपातस्थिति के होन पर और हाट, मेले या अन्य अवसरों पर जहां पर विशाल

जन–समूह एक होता है, नगरपालिका राज्य सरकार द्वारा या अध्यपेक्षा करने के लिए सामान्य
की गई अध्युपेक्षा
का
नगरपालिका
द्वारा या विशे
या कर्मचारी की सेवाओं के लिए जो उसके चिकित्सा, जन–स्वास्थ्य, स्वच्छता, टीका पशु चिकित्सा, विद्युत, जल–कल या सार्वजनिकी निर्माण विभाग में कोई पद धारण करता हो, नगरपालिका द्वारा सेवायोजित किसी वैद्य या हकीम के सेवाओं के लिए की गई किसी अध्यपेक्षा का तुरन्त अनुपालन करेगा और अध्यपेक्षा करने से सम्बन्धित प्रभार को ऐसे अनुपात में पूरा करेगा, जैसा कि राज्य सरकार नगरपालिका पर उचित प्रभार विनिश्चित करे।}[1]

धारा 68 के अधीन
नियुक्त
69–– {(1) नगरपालिका, अधिशासी अधिकारी को पदच्युत करने, हटाने या अन्य दण्ड देने के सम्बन्ध में धारा 58 में उपबन्धित शर्तों के अधीन रहते हुए विशेष संकल्प द्वारा, धारा 68 या धारा 57 की उपधारा (2) के परन्तुक के अधीन नियुक्त किसी अधिकारी को पदच्युत कर सकती है, सेवा से हटा सकती है या अन्यथा दण्डित कर सकती है।}[2]
अधिकारियों को
दण्ड दिया
जाना तथा उनका
पदच्युत
किया जाना

(2) {***}[3]

अध्यक्ष द्वारा
अधिकारियों के
{69–क–– (1) यदि अध्यक्ष को यह विश्वास करने का कारण हो कि अधिशासी अधिकारी या सचिव या धारा 68 अथवा धारा 57 की उपधारा (2) के परन्तुक के अधीन नियुक्त नगरपालिका का कोई अन्य अधिकारी भ्रष्ट है या अपने कर्तव्यों का पालन करने में निरन्तर चूक करता है या अन्यथा अत्याचार का दोषी है तो वह उसके विरूद्ध आरोप विरचित कर सकता है और यदि उसका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करना आवश्यक है तो ऐसे कारणों से, जो अभिलिखित किये जायेंगे, जांच की समाप्ति तक {और उपधारा (4) के अधीन, यथास्थिति विहित प्राधिकारी या नगरपालिका द्वारा अन्तिम आदेश दिए जाने तक}[2] उसे निलम्बित कर सकता है।
विरूद्ध आरोप तैयार
किया
जाना या उनका
निलम्बन

{(2) जब कभी अध्यक्ष उपधारा (2) के अधीन कार्यवाही करे तो एक सप्ताह के भीतर विहित प्राधिकारी को सूचित करेगा और उसे आरोपों की एक प्रतिलिपि भी भेजेगा और यदि निलम्बन का आदेश दे दिया गया हो तो अध्यक्ष आरोपों की आधार सामग्री भी विहित प्राधिकारी को भेजेगा।}[2]

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 7 वर्ष 1954 द्वारा जोड़ा गया।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त धारा द्वारा निरसित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{(2–क) उपधारा (क) के अधीन निलम्बन का आदेश किसी भी समय विहित प्राधिकारी द्वारा संहृत या परिष्कृत किया जा सकेगा।}[2]

(3) उपधारा (1) के अधीन जांच ऐसी रीति से की जायेगी, जो नियमों द्वारा विहित की जाय।}[1]

{(4) जांच समाप्त होने के पश्चात् अध्यक्ष अभिलेख को अपनी संस्तुति के साथ विहित प्राधिकारी या नगरपालिका को जैसा कि वह उचित समझे, प्रस्तुत करेगा। तदुपरि, यथास्थिति, विहित प्राधिकारी या नगरपालिका धारा 56 की उपधारा (1) या धारा 67, धारा 69 में किसी अन्य बात के होते हुए भी, रिपोर्ट पर विचार करेगा और ऐसी अन्तरिम जांच के पश्चात्, जिसे वह आवश्यक समझे, यथास्थिति, अधिशासी अधिकारी या सचिव या अन्य अधिकारी को पदच्युत कर सकेगा, सेवा से हटा सकेगा या अन्यथा दण्ड दे सकेगा या दोषमुक्त कर सकेगा :

परन्तु इस उपधारा के अधीन नगरपालिका विशेष संकल्प द्वारा कार्य करेगी, जिसका समर्थन नगरपालिका के संघटक सदस्यों के दो तिहाई से कम द्वारा न किया गया हो।

(5) उपधारा (4) के अधीन विहित प्राधिकारी या नगरपालिका द्वारा पारित पदच्युत किए जाने, हटाए जाने या अन्य दण्ड के आदेश के विरूद्ध अपील ऐसे समय के भीतर और ऐसी रीति से जो विहित की जाये, रा

नगरपालिका अधिकारियों तथा सेवकों की सेवाओं का केन्द्रीयकरण करना

69–ख–– {(1) धारा 57, 59, 65 से 68, 69, 69–क, 71, 74, 79 और 80 में किसी बात के होते हुए भी, राज्य सरकार किसी भी समय ऐसे अधिकारियों और सेवकों की जिन्हें वह उपयुक्त समझे, एक या अधिक ऐसी सेवाएं सृजित करने के लिए नियमों द्वारा व्यवस्था कर सकती है, जो राज्य में सभी या कुछ {नगर पंचायतों या नगरपालिका परिषद् या नगर पंचायतों, नगरपालिका परिषदों, नगर निगमों या जल सस्थानों}[5] के लिए सामान्य हो और किसी ऐसी सेवा में भर्ती करने की रीति और उसमें और नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तें विहित कर सकती है।}[4]

{स्पष्टीकरण–– इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि राज्य के कुमायूं और गढ़वाल मण्डलों के जिलों में नगर पंचायतों और नगरपालिका परिषदों या नगर पंचायतों, नगरपालिका परिषदों, नगर निगमों और जल संस्थानों के लिए सामान्य सेवाएं सृजित की जा सकती है।}[6]

(2) जब कोई ऐसी सेवा सृजित की जाये तो सेवा में सम्मिलित पदों पर काम करने वाले अधिकारियों और सेवकों को यदि वे उपयुक्त पाये जायें, विहित रीति से समाप्त हो जायेंगीः

{परन्तु सेवा में ऐसे आमेलन से सेवा के किसी सदस्य के विरूद्ध ऐसे आमेलन के दिनांक के पूर्व किये गये कार्य के सम्बन्ध में कोई अनुषासन की कार्यवाही करने या जारी रखने में कोई रुकावट न होगी।}[3]

(3) उपधारा (1) और (2) के उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे नियमों में, उक्त उपधाराओं में अभिर्दिष्ट किन्हीं विषयों के सम्बन्ध में राज्य लोक सेवा आयोग से परामर्श करने की भी व्यवस्था की जा सकती है।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 7 वर्ष 1949 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 15 वर्ष 1983 के अध्याय–तीन की धारा 6(क) द्वारा बढ़ाया गया। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 5 वर्ष 1984 के अध्याय–तीन की धारा 9 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 124(क) द्वारा प्रतिस्थापित। 6. उपर्युक्त की धारा 124 (ख) द्वारा बढ़ाया गया।
7. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{(4) पूर्ववर्ती उपधारा (1), (2) और (4) में या अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध में किसी बात के होते हुए भी, राज्य सरकार विहित दिनांक के पूर्व की गई अस्थायी और तदर्थ नियुक्तियों को राज्य लोक सेवा आयोग से परामर्श किये बिना विनियमित करने के लिए भी नियमों द्वारा उपबन्ध कर सकती है।}[3]

आपातस्थिति के लिए अपेक्षित अस्थायी सेवक

70–– आपातस्थिति में अस्थायी सेवकों की नियुक्ति करने और उनके वेतन निश्चित करने की शक्ति निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए अध्यक्ष ऐसी शक्ति के प्रयोग में ––

{(क) अध्यक्ष ऐसी शक्ति के प्रयोग में ––

(एक) किसी ऐसे सामान्य या विशेष निदेश का, जिसे राज्य सरकार समय–समय पर जारी करे;

(दो) {नगरपालिका}[5] के ऐसे किसी आदेश का, जिसके द्वारा किसी विशिष्ट कार्य के लिए अस्थायी सेवकों को सेवायोजित करने का प्रतिषेध किया गया हो;

उल्लंघन करते हुए कार्य न करेगा; और}[4]

(ख) इस धारा के अधीन अध्यक्ष द्वारा की गई प्रत्येक नियुक्ति की रिपोर्ट ऐसी नियुक्ति के पश्चात् होने वाले नगरपालिका की अगली बैठक में दी जायेगी।

नगरपालिका की स्थायी

71–– धारा 57, 66, 68 और 70 द्वारा किए गए उपबन्धों को छोड़कर तथा राज्य

सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए किसी सामान्य या विशेष निदेश के अधीन रहते हुए, {नगरपालिका}5 {विशेष}1 संकल्प द्वारा यह अवधारित कर सकता है कि नगरपालिका के कर्तव्यों के लिए कितने सेवक अपेक्षित होंगे {और उनकी अर्हताएं और सेवा की शर्तें क्या होंगी।}1 कर्मचारी वर्ग अवधारित करने की शक्ति

72–– इस अधिनियम या किसी नियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए यथास्थिति, नगरपालिका अध्यक्ष या अधिशासी अधिकारी किसी एक व्यक्ति की किन्हीं दो या दो से अधिक पदों के कर्तव्यों के निर्वहन के लिए नियुक्ति कर सकता है। पदों का संशोधन

73–– {(1) उपधारा (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए किसी {नगरपालिका}5 के सेवकों शिक्षण अधिष्ठान में की नियुक्ति आदि

शिक्षण अधिष्ठान में व्यक्तियों की नियुक्ति ऐसे प्राधिकारी द्वारा की जायेगी, जिसे राज्य सरकार इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे और अधिष्ठान के भिन्न–भिन्न वर्गों के पदों के लिए भिन्न–भिन्न प्राधिकारी विनिर्दिष्ट किये जा सकते हैं :

{परन्तु किसी संस्था के प्रधान या अध्यापक की नियुक्ति यथास्थिति, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 या इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921 के उपबन्धों द्वारा नियंत्रित होगी।}2

(2) राज्य सरकार {नगरपालिका}5 के शैक्षणिक स्थापना में नियुक्त व्यक्ति हेतु नियुक्ति, दण्ड {***}1 अपील एवं सेवा शर्तों के संबंध में नियम विनियमित कर सकती है।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया तथा निकाला गया।
2. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 10 वर्ष 1978 के अध्याय–तीन की धारा 8 द्वारा बढ़ाया गया। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 15 वर्ष 1983 के अध्याय–तीन की धारा 6(ख) द्वारा बढ़ाया गया। 4. उपर्युक्त की धारा 7 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{74–– धारा 57 से 73 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, अकेन्द्रीयित सेवाओं में जिन पदों का वेतनमान लिपिक कर्मचारी वर्ग को अनुमन्य निम्नतम वेतनमान के बराबर या उससे अधिक हो, उन पर अध्यक्ष द्वारा सेवकों की नियुक्ति किया जायेगा और उन्हें पदच्युत किया जा सकता है, हटाया जा सकता है या अन्यथा दण्डित किया जा सकता है या परिवीक्षाधीन व्यक्ति की सेवा समाप्त की जा सकती है किन्तु किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति की सेवा समाप्ति के मामले के सिवाय अन्य मामलों में ऐसे प्राधिकारी के समक्ष, ऐसे समय के भीतर और ऐसी रीति से, जो विहित की जाय, अपील करने का अधिकार होगा : स्थायी वरिष्ठ कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति और पदच्युति

परन्तु कर अधीक्षक, सहायक कर अधीक्षक, निरीक्षक, प्रधान लिपिक, अनुभागीय प्रधान लिपिक, अनुभागीय लेखाकार, डाक्टर, वैध, हकीम और नगरपालिका के अग्निशमन केन्द्राधिकारी के पदों पर नियुक्तियां नगरपालिका के अनुमोदन के अधीन होंगी।}1

{75–– जैसा अन्यथा उपबन्धित है, उसके सिवाय अधिशासी अधिकारी धारा 74 में निर्दिष्ट निम्नतम वेतनमान से न्यून वेतनमान पाने वाले सेवकों को नियुक्त करेगा : स्थायी अवर कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति

परन्तु अधिशासी अधिकारी न होने की स्थिति में उक्त नियुक्तियां अध्यक्ष द्वारा की जायेंगी।}2

76–– अन्यथा किए गए उपबन्ध के सिवाय अधिशासी अधिकारी और जहां कोई अधिशासी अधिकारी न हो तो अध्यक्ष {धारा 75 में निर्दिष्ट नगरपालिका के सेवकों}3 को पदच्युत कर सकता है, सेवा से हटा सकता है, अन्यथा दण्डित कर सकता है या परिवीक्षाधीन सेवकों की सेवाएं समाप्त कर सकता है, किन्तु परिवीक्षाधीन सेवक की सेवा समाप्ति के मामले स्थायी अवर वर्ग के कर्मचारी वर्ग को दण्ड उनको दिया जाना और पदच्युत किया जाना

को छोड़कर अन्य मामले में उन्हें ऐसे प्राधिकारी को ऐसे समय के भीतर और ऐसी रीति से अपील करने का अधिकार होगा, जो विहित की जाये।

धारा 71 से 76 तक के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का परिसीमन

77–– (1) धारा 71, 73, 74, 75 और 76 के उपबन्ध निम्नलिखित उपबन्धों के अधीन होंगे –

(क) धारा 78; और

(ख) कोई नियम, विशेष रूप से ऐसा नियम जिसमें पदों पर या किसी ऐसे पद विशेष पर, जिसमें वृत्तिक कौशल अपेक्षित हों, व्यक्तियों की नियुक्ति के सम्बन्ध में और इस प्रकार नियुक्त किए गए व्यक्तियों को निलम्बित करने या पदच्युत करने, सेवा से हटाने या अन्य दण्ड देने या सेवामुक्त करने या उसकी सेवा समाप्त करने की षर्तें अधिरोपित की गयी हों।

(2) धारा 74, 75 और 76 के उपबन्ध भी किसी ऐसे विनियम के उपबन्धों के अधीन होंगे, जिनसे कर्मचारी वर्ग के सम्बन्ध में नगरपालिका, अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी की सम्बन्धित शक्ति के प्रति निर्देश में उपधाराओं में निहित किसी अधिकतम या न्यूनतम मासिक वेतन में वृद्धि की जाये।

अनुशासनिक मामलों में अपील प्राधिकारी की शक्ति

{77–क –– पदच्युत करने, सेवा से हटाए जाने या अन्य दण्ड दिए जाने के विरूद्ध इस अधिनियम या नियमावली के अधीन जिस अपील प्राधिकारी को अपील की जाय, वह ––

(क) शास्ति को अपास्त, कम या पुष्ट कर सकता है; या

(ख) मामले को उस प्राधिकारी को, जिसने शक्ति अधिरोपित की हो, ऐसे निदेश के साथ जिसे वह उचित समझे, प्रेषित कर सकता है।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 15 वर्ष 1983 के अध्याय–तीन की धारा 8 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 9 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 10 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

निलम्बन की शक्ति

{77–ख–– (1) नगरपालिका के किसी अधिकारी या सेवकों को दण्डित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी उसे निलम्बित कर सकता है –

(क) जहां उसके विरूद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही अनुध्यात या लम्बित हो; या

(ख) जब उसके विरूद्ध नैतिक अधमता के सम्बन्ध में किसी आपराधिक मामले का अन्वेषण, जांच या विचारण किया जा रहा हो।

(2) जहां नगरपालिका के किसी अधिकारी या सेवक पर अधिरोपित पदच्युत या सेवा से हटाए जाने की शक्ति इस अधिनियम या नियमावली के अधीन किसी अपील में अपास्त कर दी जाये तो अधिकारी या सेवक को पदच्युत या सेवा से हटाए जाने के मूल आदेश के दिनांक से निलम्बित या निलम्बित चला आ रहा समझा जायेगा।

(3) जब नगरपालिका के किसी अधिकारी या सेवक पर अधिरोपित पदच्युति या सेवा से हटाए जाने की शक्ति किसी विधि न्यायालय के विनिश्चय के फलस्वरूप या उसके द्वारा अपास्त कर दी जाय या शून्य घोषित कर दी जाय या हो जाये और दण्ड देने वाला प्राधिकारी मामले की परिस्थितियों पर विचार करने पर उसके विरूद्ध ऐसे अभिकथन को, जिन पर पदच्युति या सेवा से हटाए जाने की शास्ति मूल रूप से अधिरोपित की गई थी, अग्रेत्तर जांच करने का विनिष्चय करे तो अधिकारी या सेवक पदच्युत या सेवा से हटाए जाने के मूल आदेश के दिनांक से दण्ड देने वाले प्राधिकारी द्वारा निलम्बित या निम्बित चला आ रहा समझा जायेगा।

(4) इस धारा के अधीन दिया गया या दिया गया समझा गया निलम्बन का कोई आदेश उस प्राधिकारी द्वारा जिसके साथ उक्त आदेश दिया गया हो या जिसके द्वारा

आदेश दिया गया समझा जाय अथवा अपील प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय प्रतिसंहृत किया जा सकता है।

(5) नगरपालिका किसी विशेष संकल्प द्वारा जिसका कम से कम दो–तिहाई ऐसे सदस्यों में जिनसे नगरपालिका गठित हुआ है, समर्थन किया हो, इस धारा के अधीन कार्य करेगी।

(6) कोई अधिकारी या सेवक, जिसे निलम्बित किया गया या रखा गया समझा जाय, ऐसे निलम्बन की अवधि में वेतन के बजाय ऐसा जीवन निर्वाह भत्ता पाने का हकदार होगा, जो विहित किया जाये।}[1]

कतिपय सेवकों के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध

78–– (1) नगरपालिका किसी ऐसे सेवक की पेन्शन और छुट्टी के भत्ता में अंशदान करेगी –– नगरपालिका द्वारा नियोजित सरकार के सेवकों या सरकार द्वारा नियोजित नगरपालिका के उनकी पदच्युति

(क) जिसकी सेवाएं सरकार द्वारा नगरपालिका को उधार दी गई हो या स्थानान्तरित की गयी हो; या

(ख) जिसकी सेवाएं नगरपालिका द्वारा सरकार को उधार दी गई हो या स्थानान्तरित की गई हो; या

(ग) जो अंशतः सरकार द्वारा अंशतः नगरपालिका द्वारा नियोजित किया गया हो।

(2) ऐसा अंशदान उस परिणाम तक किया जायेगा, जो सम्बन्धित सरकार द्वारा बनाए गए किन्हीं सामान्य नियमों या विशेष आदेशों द्वारा विहित किया गया हो।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) {नगरपालिका}[1], सरकार की अनुमति के बिना, उपधारा (1) के खण्ड (क) या (ग) में वर्णित किसी सेवक की समाप्त नहीं करेगी या उपधारा (1) के खण्ड (ख) में वर्णित किसी सेवक को अपनी सेवा से अन्तिम रूप से पदच्युत नहीं करेगी, जब तक कि उसने सरकार को इस सम्बन्ध में कम से कम छः मास का नोटिस न दे दिया हो।

(4) इस धारा में 'सरकार' का तात्पर्य केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार से होगा।

79–– (1) प्रत्येक मामलें में, जिसमें {नगरपालिका}[1] किसी अधिकारी या सेवक को वेतन देने का हकदार हो, वह इस निमित्त बनाए गए विनियमों के अधीन रहते हुए ऐसे अधिकारी या सेवक को छुट्टी भत्ता देने की हकदार होगी। छुट्टी भत्ता, भविष्य निधि, वार्षिक और उपदान

(2) {नगरपालिका}[1] भविष्य निधि स्थापित कर सकती है और उसे बनाए रख सकती है और उसमें स्वयं अंशदान कर सकती है।

(3) {नगरपालिका}[1], अपने किसी ऐसे सेवक को, जिसे भविष्य निधि के लाभ उठाने से अपपर्जित किया गया हो, उसके सेवानिवृत्त होने पर उपदान दे सकती है।

(4) {नगरपालिका}[1], राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से, निम्नलिखित के लिए वार्षिक स्वीकृति कर सकती है या उसके क्रय करने का प्रबन्ध कर सकती है –

(क) कोई सेवक, जो अपनी सेवानिवृत्तिक के दिनांक को, उपधारा (2) के अधीन स्थापित भविष्य निधि में अंशदान न कर रहा हो या, जिसने 10 वर्ष से कम की अवधि तक उसमें अंशदान किया हो; और

(ख) कोई अधिकारी या सेवक, जिसे अपने कर्तव्य के निष्पादन में, स्वयं अपने ही व्यतिक्रम से भिन्न किसी कारण से, क्षति हुई हो या जहां ऐसी क्षति के परिणाम–स्वरूप मृत्यु हो जाय तो ऐसे अधिकारी या सेवक को कुटुम्बी।

(5) {नगरपालिका}[1] इसी प्रकार स्वीकृति लेकर उपधारा (4) के खण्ड (ख) के अधन कार्यवाही करने के बजाय उसमें निर्दिष्ट अधिकारी या सेवक को या ऐसे अधिकारी या सेवक के कुटुम्बी को अनुकम्पा भत्ता स्वीकृत कर सकती है।

80–– धारा 79 के उपबन्ध इस शर्त के अधीन होंगे कि {नगरपालिका}[1], राज्य सरकार की विशेष स्वीकृति के बिना किसी अधिकारी या सेवक या उसके कुटुम्बी को उस राशि से अधिक पेन्शन, वार्षिकी या उपदान स्वीकृत नहीं करेगी, जिसका कि वह केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के किसी सामान्य या विशेष आदेश के अधीन हकदार होता, यदि पेन्शन, वार्षिकी या उपदान के लिए अर्ह सेवा उस सरकार के अधीन, उतने ही समय के लिए, उसी वेतन पर और अन्य दृष्टिकोणों से उसी प्रकार की होती। पूर्ववर्ती धारा द्वारा प्रदत्त शक्ति की परिसीमा

सदस्यों, अधिकारियों तथा सेवकों के दायित्व

{81–– (1) {नगरपालिका}[1] का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और प्रत्येक सदस्य, अधिकारी और सेवक {नगरपालिका}[1] के किसी धन या सम्पत्ति की हानि, दुर्व्यय तथा दुरुपयोजन के लिए अधिभार

अधिभार का देनदार होगा, यदि ऐसी हानि, दुर्व्यय या दुरुपयोजन ऐसे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, अधिकारी या सेवक के रूप में कार्य करते हुए उसकी अपेक्षा या अवचार के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप हुआ हो :

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसी हानि, दुर्व्यय या दुरुपयोजन के होने के 10 वर्ष की समाप्ति के पश्चात् या उस दिनांक से जब ऐसा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, अधिकारी या सेवक अपने पद पर न रह जाये, पांच वर्ष की समाप्त के पष्चात्, जो भी पश्चात्वर्ती हो, ऐसा दायित्व समाप्त हो जायगा।

(2) इस प्रकार आरोपित अधिभार की राशि इस प्रकार वसूल की जायेगी मानो वह भू–राजस्व की बकाया हो और कलैक्टर, यह समाधान हो जाने पर कि उक्त राशि देय है, उसे बकाया की भांति वसूल करने की कार्यवाही करेगा।

(3) अधिभार की प्रकिया और हानि, दुर्व्यय या दुरुपयोजन में सम्मिलित राशि की वसूली ऐसी होगी, जैसी विहित की जाये।

(4) जहां अधिभार की कार्यवाही न की जाये, वहां नगरपालिका विहित प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति से या उसके द्वारा निर्देश दिए जाने पर, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिकर के लिए वाद संस्थित कर सकती है।}[2]

82–– नगरपालिका के ऐसे सदस्य या अध्यक्ष के बारे में जो विहित प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से स्वयं या अपने भागीदार द्वारा, किसी संविदा या नियोजन में, नगरपालिका के साथ, नगरपालिका द्वारा या उसके निमित्त {कोई अंश या हित है, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का}[1] जान बूझकर अर्जित करता है या उसे बनाए रखता है, यह समझा जायेगा कि उसने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 168 के अधीन अपराध किया है : संविदा आदि में हित अर्जित करने वाले सदस्य या अध्यक्ष पर शस्ति

परन्तु किसी व्यक्ति के बारे में उपधारा (1) के प्रयोजन के लिए केवल निम्नलिखित कारणों से यह न समझा जायेगा कि उसने किसी संविदा या नियोजन में {कोई अंश या हित है, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का}[1] अर्जित किया है या उसे बनाए रखा है –

(क) उसका भूमि या भवन के किसी पट्टे, विक्रय या क्रय में या उसके लिए किसी करार में {कोई अंश या हित है, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का, परन्तु ऐसा आरोप या हित चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का}[1] उसके सदस्य होने के पूर्व अर्जित किया गया हो; या

(ख) उसकी किसी ऐसी संयुक्त स्टाक कम्पनी में अंश है, जो नगरपालिका के साथ संविदा करेगी या नगरपालिका द्वारा या उसके निमित्त विनियोजित की जायेगी; या

(ग) उसका किसी ऐसे समाचार पत्र में अंश या हित है, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या अन्य प्रकार का, जिसमें नगरपालिका के कार्य के सम्बन्ध में विज्ञापन दिया जाता है; या

(घ) उसके पास ऋणपत्र है या वह नगरपालिका द्वारा या उसके निमित्त लिए गए ऋण में अन्यथा हित रखता है; या

(ङ) नगरपालिका द्वारा उसे विधि व्यवसायी के रूप में रहने दिया गया है; या

(च) उसका किसी ऐसी वस्तु का, जिसमें वह नगरपालिका से नियमित रूप से ऐसे मूल्य तक व्यापार करता है, जो एक वर्ष में उस रकम से अधिक न हो, जिसे नगरपालिका राज्य सरकार की स्वीकृति से उस निमित्त निश्चित करें, यदाकदा बिक्री में अंश या हित है, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का; या

(छ) वह धारा 196 (ग) या धारा 229 के उपबन्धों के अधीन नगरपालिका के साथ की गई किसी करार का एक पक्षकार है।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 41 वर्ष 1976 के अध्याय–3 की धारा 34 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}3 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 83–85}

83–– (1) ऐसा व्यक्ति, जिसका {नगरपालिका}2 सेवक से भिन्न व्यक्ति के रूप में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, स्वयं या अपने भागीदार नगरपालिका द्वारा या उसके निमित्त किसी संविदा में या नगरपालिका के साथ, {नगरपालिका}2 के अधीन {नगरपालिका}2 द्वारा या उसके निमित्त किसी संविदा में या नगरपालिका के साथ, नगरपालिका के अधीन नगरपालिका द्वारा या उसके निमित्त किसी नियोजन में {कोई अंश या हित हो, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का}1 जो {नगरपालिका}2 का सेवक होने के लिए अनर्ह हो जायेगा। संविदा आदि में हित रखने वाले सेवकों के विरूद्ध उपबन्ध

(2) कोई नगरपालिका सेवक, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से या अपने भागीदार द्वारा किसी ऐसे संविदा या नियोजन में जिसका उपर उल्लेख किया गया है, {कोई अंश या हित, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का}1 अर्जित करेगा या उसे बनाये रखेगा, नगरपालिका सेवक न रह जायेगा और उसका पद रिक्त हो जायेगा।

(3) किसी ऐसे नगरपालिका सेवक के बारे में, जो जिस नगरपालिका का वह सेवक हो या उस {नगरपालिका}2 के साथ, नगरपालिका के अधीन नगरपालिका द्वारा या उनके निमित्त किसी संविदा में जहां तक नगरपालिका सेवक के रूप में नियोजन का सम्बन्ध है, उसके सिवाय किसी नियोजन में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से {कोई अंश या हित, चाहे वह धन सम्बन्धी हो या अन्य प्रकार का}1 जानबूझ कर अर्जित करता है या उसको बनाये रखता है, यह समझा जायेगा कि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 168 के अधीन अपराध किया है।

(4) इस धारा की कोई भी बात किसी ऐसे अंश या हित पर चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का, जो {नगरपालिका}2 के साथ, नगरपालिका के अधीन नगरपालिका द्वारा या उसके निमित्त किसी संविदा या नियोजन में हो, जैसा कि धारा 82 की उपधारा (2) के खण्ड (ख), (घ) और (छ) में निर्दिष्ट किया गया है या {किसी ऐसे अंश या हित पर चाहे वह धन सम्बन्धी हो या किसी अन्य प्रकार का}1 जो विहित प्राधिकारी की अनुज्ञा से भूमि या भवन के किसी पट्टे, बिक्री या क्रम में या उसके लिए की गई किसी करार में अर्जित किया गया हो या बनाये रखा हो, लागू न होगी।

84–– {नगरपालिका}2 का प्रत्येक अधिकारी या सेवक भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 के अधिनियम संख्या 45) के अर्थ में लोकसेवक समझा जायेगा और उक्त संहिता की धारा 161 में 'वैध पारिश्रमिक की परिभाषा में' शब्द 'सरकार' के अन्तर्गत इस धारा के प्रयोजनों के लिए नगरपालिका सम्मिलित समझा जायेगा। नगरपालिका के सभी अधिकारी और सेवक लोकसेवक समझे जायेंगे

85–– (1) {नगरपालिका}2 द्वारा नियोजित सफाई कर्मचारी जो –– (क) सिवाय सेवा की लिखित शर्तों के अनुसार या {नगरपालिका}2 की अनुज्ञा के, अपने नियोजन से त्याग पत्र देता है या उसका परित्याग करता है; या

(ख) बिना ऐसे यथोचित कारण के, जिसका सम्भव हो, {नगरपालिका}2 को नोटिस दे दिया गया हो, अपने कर्तव्यों से अनुपस्थित रहता है; विनिर्दिष्ट नगरपालिका सेवकों को अपने कर्तव्यों के पालन करने में चूंकि करने के लिए शास्ति

दोषसिद्ध ठहराए जाने पर, कारावास के दण्ड का भागी होगा, जो दो मास तक का हो सकता है।

(2) विहित प्राधिकारी निदेश दे सकता है कि किसी भावी विनिर्दिष्ट दिनांक से उपधारा (1) के उपबन्ध {नगरपालिका}[2] द्वारा नियोजित किसी ऐसे अन्य विनिर्दिष्ट वर्ग के सेवकों पर भी लागू होगी, जिनके कृत्यों का लोक स्वास्थ्य या सुरक्षा से घनिष्ठ सम्बन्ध हो :

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 124 (क) द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

परन्तु विहित प्राधिकारी इस उपधारा के अधीन कोई आदेश देता है तो वह तत्काल उसकी एक प्रतिलिपि आदेश देने के अपने कारणों के विवरण सहित, राज्य सरकार को भेजेगा, जो तदुपरान्त उस आदेश को विखण्डित कर सकती है या यह निदेश दे सकती है कि वह उपान्तर सहित या उसके बिना स्थाई रूप से या ऐसी अवधि के लिए, जो वह उचित समझे, प्रवृत्त रहेगा।

अध्याय 3

नगरपालिका की बैठकें और उनकी कार्यवाहियां

नगरपालिका की बैठकें

86–– (1) {नगरपालिका}[2] की कम से कम एक बैठक प्रतिमास उस दिन होगी, जो विनियम द्वारा निश्चित की जाए या जिसके बारे में उस रीति से, जिसका विनियम द्वारा इस निमित्त उपबन्ध किया गया हो, नोटिस दिया जाए।

(2) अध्यक्ष जब उचित समझे, एक बैठक बुला सकता है और नगरपालिका के पते पर प्राप्ति स्वीकृत की अपेक्षा सहित रजिस्ट्री डाक द्वारा उसके कार्यालय भेजा गया, के पंचमाश से अन्यून सदस्यों के लिखित अधियाचन पर, जो अध्यक्ष पर तामील किया जाये या नगरपालिका हो, ऐसे अधियाचन को तामील या प्राप्ति के दिनांक से {15 दिन}[1] की अवधि के भीतर एक बैठक बुलाएगा :

{परन्तु अध्यक्ष ऐसा नोटिस देकर उसकी व्यवस्था इस निमित्त विनियम द्वारा की गयी हो, उपरोक्त रूप से सदस्यों के अधियाचन पर बुलाई गई बैठक से भिन्न किसी बैठक को, अभिलिखित किये गये कारणों से, स्थगित कर सकता है।}[1]

(3) बैठक अगले दिन या किसी पश्चात्वर्ती दिन के लिए स्थगित की जा सकती है और कोई स्थगित बैठक उसी रीति से अग्रेत्तर स्थगित की जा सकती है।

(4) प्रत्येक बैठक नगरपालिका के कार्यालय में {यदि कोई हो}[1] या ऐसे अन्य सुविधाजनक स्थान पर, जिनके बारे में सम्यक रूप से नोटिस दे दिया गया हो, की जायेगी।

{(5) अध्यक्ष उस सदस्य के नाम की सूचना जिला मजिस्ट्रेट को देगा, जो {नगरपालिका}[2] से स्वीकृति प्राप्त किये बिना {नगरपालिका}[2] की बैठकों से लगातार तीन मास तक अथवा लगातार तीन बैठकों में, जो भी अवधि दीर्घ हो, अनुपस्थित रहा हो।}[1]

बैठकों में कार्य सम्पादन

87–– विनियम द्वारा इस निमित्त बनाए गए किसी प्रतिकूल उपबन्ध के अधीन रहते हुए, किसी बैठक में कोई भी कार्य किया जा सकता है :

परन्तु कोई ऐसा कार्य, जो विशेष संकल्प द्वारा किया जाना अपेक्षित हो, तभी किया जायेगा जब तक कि ऐसा कार्य करने के अभिप्राय की नोटिस न दे दी गयी हो :

परन्तु यह भी कि इस धारा की कोई बात ऐसे प्रस्ताव पर लागू नहीं होगी कि {नगरपालिका}[2], अध्यक्ष के प्रति अविश्वास प्रकट करने का संकल्प अंगीकार करे या ऐसे प्रस्ताव पर कि {नगरपालिका}[2] अध्यक्ष से पद त्याग को मांग करने या संकल्प अंगीकार करे।

87–क–– {***}[4]

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की

धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 11 वर्ष 2005 की धारा 5 द्वारा निकाला गया।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 10 वर्ष 1978 के अध्याय–तीन की धारा 9 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उपर्युक्त की धारा 136 द्वारा बढ़ाया गया।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}4 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 130–131}

अन्य करों के अधिरोपण पर निर्बन्धन

130–– धारा 128 की उपधारा (1) के खण्ड (ग्यारह) या (बारह) के अधीन कर का अधिरोपण इस निर्बन्धन के अधीन होगा कि कर किसी गृह या भवन पर निर्धारित नहीं किया जायेगा अथवा किसी गृह या भवन के अध्यासी से उद्ग्रहणीय न होगा जब तक कि {नगरपालिका}3 धारा 196 के खण्ड (क) के अधीन गृह समार्जन का या भवनों के संडासों, मूत्रालयों और नलकूपों से मलादि और प्रदूषित पदार्थ का संग्रह करने, उसे हटाने और उसके निस्तारण का दायित्व न ले।

नगरपालिका से कर अपेक्षा करने को राज्य सरकार की शक्ति

{130–क–– (1) राज्य सरकार, सरकारी गजट में सामान्य या विशेष आदेश प्रकाशित करके {नगरपालिका}3 से धारा 128 में वर्णित कोई कर जो पहले से अधिरोपित न हो ऐसी दर से और ऐसी अवधि के भीतर, जिसे अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाय, अधिरोपित करने की अपेक्षा कर सकती है और तब {नगरपालिका}3 तद्नुसार कार्यवाही करेगी।

(2) राज्य सरकार पहले से अधिरोपित किसी कर कद दर को बढ़ाने, उपान्तरित या उसमें परिवर्तन करने की {नगरपालिका}3 से अपेक्षा कर सकती है और तब {नगरपालिका}3 कर को अपेक्षानुसार बढ़ायेगी, उपान्तरित या उसमें फेर–फार करेगी।

(3) यदि {नगरपालिका}3 उपधारा (1) या (2) के अधीन दिए गए आदेश का पालन करने में असफल रहती है तो राज्य सरकार को अधिरोपित करने, बढ़ाने उपान्तरित करने या उसमें परिवर्तन करने के लिए उपयुक्त आदेश दे सकता है और तब राज्य सरकार का आदेश उसी प्रकार परिवर्तित होगा मानो वह {नगरपालिका}3 द्वारा धारा 134 की उपधारा (2) के अधीन सम्यक् रूप से पारित किया गया कोई संकल्प हो।}1

कतिपय प्रयोजनों के लिए प्राप्त करों का एकत्रीकरण

{130–ख–– धारा 128 की उपधारा (1) के खण्ड (दस), (दस–क), (ग्यारह) और (बारह) में उल्लिखित, जल निकास, समार्जन और सफाई करों से समस्त धन तथा सन्डासों, मूत्रालयों और मलकूपों से एकत्रित मलादि और प्रदूषित पदार्थों के निस्तारण और जलकल और सलेज फार्मों से प्राप्त अन्य समस्त आय को एकत्रित किया जायेगा और इसका उपयोग जलकल और जल निकास कार्यों के निर्माण, अनुरक्षण, विस्तार और सुधार से सम्बद्ध प्रयोजनों तथा सन्डासों, मूत्रालयों और मलकूपों से, जिसमें सलेज फार्म भी सम्मिलित है, मलादि और प्रदूषित पदार्थों को एकत्र करने, हटाने और निस्तारण करने का प्रबन्ध करने के लिए तैयार किया जायेगा।}2

प्रारम्भिक प्रस्ताव तैयार करना

131–– जब {नगरपालिका}3 कर अधिरोपित करना चाहे तो वह विशेष संकल्प द्वारा प्रस्ताव तैयार करेगी, जिसमें निम्नलिखित विनिर्दिष्ट किया जायेगा –

(क) धारा 128 की उपधारा (1) में वर्णित करों में से कोई कर, जिसे वह अधिरोपित करना चाहती है;

(ख) व्यक्ति या व्यक्तियों का वर्ग, जिसे दायी बनाया जायेगा और सम्पत्ति या अन्य करादेय वस्तु या परिस्थितियों का वर्णन, जिसके सम्बन्ध में उन्हें दायी बनाया जायेगा, सिवाय इसके कि जहां और जहां तक कोई ऐसा वर्ग या

वर्णन का खण्ड (क) के अधीन या इस अधिनियम के द्वारा पहले ही पर्याप्त रूप से परिभाषित किया जा चुका हो;

(ग) धनराशि या दर, जो प्रत्येक ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग से उद्ग्रहणीय होगी ;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1949 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(घ) धारा 153 में विनिर्दिष्ट कोई अन्य विषय, जिसे राज्य सरकार नियम द्वारा विनर्दिष्ट करने की अपेक्षा करे।

(2) {नगरपालिका}1 नियमावली का एक प्ररूप भी तैयार करेगी, जिसे वह धारा 153 में निर्दिष्ट विषयों के बारे में राज्य सरकार द्वारा बनाए जो की वांछा करे।

(3) {नगरपालिका}1 तब उपधारा (1) के अधीन तैयार किये गये प्रस्ताव और उपधारा (2) के अधीन बनाई गई नियमावली के प्रारूप को अनुसूची में दिए गए प्रपत्र में नोटिस के साथ धारा 94 में विहित रीति से प्रकाशित करेगी।

प्रस्ताव तैयार करने के बाद की प्रक्रिया

132–– (1) उक्त नोटिस के प्रकाशन के एक पक्ष के भीतर {नगरपालिका क्षेत्र}2 का कोई निवासी पूर्ववर्ती धारा के अधीन तैयार किए गए सम्पूर्ण प्रस्ताव या उसके किसी भाग पर उपस्थित हो सकता है और {नगरपालिका}1 इस प्रकार प्रस्तुत की गई आपत्ति पर विचार करेगी और विशेष संकल्पों द्वारा उस पर आदेश देगी।

(2) यदि {नगरपालिका}1 अपने प्रस्ताव या उनमें से किसी भी प्रस्ताव को उपान्तरित करने का विनिश्चय करे, तो वह उपान्तरित प्रस्तावों और (यदि आवश्यक हो) पुनरीक्षित नियमावली के प्रारूप को, नोटिस के साथ प्रकाशित करेगी, जिसमें वह उपदर्शित होगा कि उक्त प्रस्ताव और नियमावली (यदि कोई हो) आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए पूर्व प्रकाशित प्रस्ताव और नियमावली का उपान्तर है :

प्रतिबन्ध यह है कि कोई ऐसा प्रकाशन आवश्यक न होगा जहां ऐसा उपान्तरण मूलतः प्रस्तावित कर की धनराशि या दर में कमी करने तक ही सीमित हो।

(3) किसी आपत्ति पर, जो उपान्तरित प्रस्ताव के सम्बन्ध में प्राप्त हो, उपधारा (1) में विहित रीति से कार्यवाही की जायेगी।

(4) जब {नगरपालिका}1 ने अपने प्रस्ताव को अन्तिम रूप दे दिया हो तो वह उन्हें उनके सम्बन्ध में की गई आपत्तियों के साथ (यदि कोई हो) विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगी।

प्रस्तावों को उपान्तरित करने की राज्य सरकार प्राधिकारी की शक्ति या विहित

133–– (1) {यदि}2 प्रस्तावित कर धारा 128 की उपधारा (1) के खण्ड (एक) से (बारह) तक के अन्तर्गत हो तो विहित प्राधिकारी, धारा 132 की उपधारा (4) के अधीन प्राप्त आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात् या तो प्रस्ताव को स्वीकृत करने से इंकार कर सकता है या उन्हें {नगरपालिका}1 को अग्रसर विचारार्थ लौटा सकता है अथवा उन्हें बिना उपान्तर के या ऐसे उपान्तर के साथ, जिसमें अधिरोपित की जाने वाली धनराशि में कोई वृद्धि न हो, जिसे वह उचित समझे, स्वीकृत कर सकता है।

(2) किसी अन्य दशा में, विहित प्राधिकारी प्रस्ताव और आपत्तियां राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा, जो उन पर उपधारा (1) में वांछित कोई भी आदेश दे सकती है।

कर का अधिरोपण करने का संकल्प

134–– (1) जब विहित प्राधिकारी या राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत कर लिए हों निर्देशित तो राज्य सरकार {नगरपालिका}1 द्वारा प्रस्तुत की गई नियमावली के प्रारूप पर विचार करने के लिए, जिन्हें वह नगरपालिका का पश्चात् कर के सम्बन्ध में धारा 296 के

तत्समय आवश्यक समझे, तुरन्त कार्यवाही करेगी।

(2) नगरपालिका बन जाने पर, स्वीकृति के आदेश और नियमावली की एक प्रति {नगरपालिका}[1] विशेष संकल्प द्वारा ऐसे दिनांक से, जो संकल्प द्वारा विनिर्दिष्ट किया जायेगा, कर के अधिरोपण का निदेश करेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 18 वर्ष 1986 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[2] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 135–139}

कर का अधिरोपण

135–– (1) धारा 134 के अधीन पारित संकल्प की एक प्रति राज्य सरकार को, यदि राज्य सरकार ने स्वीकृति प्रदान किया हो, भेजी जायेगी और किसी अन्य दशा में विहित प्राधिकारी को भेजी जायेगी।

(2) संकल्प की प्रति प्राप्त होने पर, यथास्थिति, राज्य सरकार या विहित प्राधिकारी नियत दिनांक से करारोपण शासकीय गजट में प्रकाशित करेगा और सभी दशाओं में करारोपण इस शर्त के अधीन होगा कि उसे इस प्रकार अधिसूचित कर दिया गया है।

(3) उपधारा (2) के अधीन करारोपण की अधिसूचना इस बात का निश्चायक प्रमाण होगी कि कर इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार अधिरोपित किया गया है।

करों में परिवर्तन करने की प्रकिया

136–– कर को समाप्त करने या धारा 131 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) और (ग) में विनिर्दिष्ट विषयों के सम्बन्ध में कर में परिवर्तन करने की प्रक्रिया, यथासम्भव, वही होगी, जो धारा 131 से धारा 135 द्वारा किसी कर के अधिरोपण के लिए विहित है।

कर का उपचार करने या समाप्त करने की राज्य सरकार की शक्ति

137–– (1) जब कभी शिकायत किये जाने पर या अन्यथा राज्य सरकार को यह प्रतीत हो कि किसी कर का उद्ग्रहण लोकहित के प्रतिकूल है या यह कि किसी कर का भार अनुचित है तो राज्य सरकार सम्बद्ध {नगरपालिका}[1] के स्पष्टीकरण पर विचार करने के पश्चात् आदेश द्वारा ऐसे {नगरपालिका}[1] से यह अपेक्षा कर सकता है कि वह ऐसे समय के भीतर, जो उक्त आदेश में विनिर्दिष्ट किया जायेगा, किसी ऐसे दोष को दूर करने का उपाय करे, जो उसके विचार से उस कर में अथवा उस पर के निर्धारण या वसूली की प्रणाली में विद्यमान हो।

(2) राज्य सरकार के समाधानप्रद रूप में उपधारा (1) के अधीन दिए गए आदेश का पालन करने में {नगरपालिका}[1] के असफल या असमर्थ रहने पर, राज्य सरकार अधिसूचना प्रकाशित करके, उक्त कर या उसके किसी भाग के उद्ग्रहण को उस समय तक के लिए जब तक कि ऐसा दोष दूर न हो जाय निलम्बित कर सकती है या ऐसे कर को समाप्त या कम कर सकती है।

समेकित कर

करों का समेकन

138–– (1) धारा 128 की उपधारा (1) के खण्ड (एक), (दस) और (ग्यारह) में वर्णित करों के निर्धारण, उद्ग्रहण अथवा वसूली के प्रयोजन के लिए न कि उसके अधिरोपण या उसमें छूट देने के प्रयोजन के लिए {नगरपालिका}[1] किन्हीं ऐसे दो या अधिक करों को जो भवन या भूमि अथवा दोनों पर अधिरोपित किये जायें, समेकित कर सकेगी।

(2) प्रतिबन्ध यह है कि समेकित कर से सम्बन्धित और किसी व्यक्ति को तदन्तर्गत उसके दायित्व की सूचना देने अथवा धारा 129 या 130 के उपबन्धों का पालन सुनिश्चित करने के लिए समेकित कर के सम्बन्धित और उसके प्रयोजनार्थ प्रयुक्त किसी रजिस्टर और कर निर्धारण सूची में {नगरपालिका}[1] उसमें समाविष्ट विभिन्न करों में समेकित कर को प्रभाजित करेगी, जिससे प्रत्येक अलग–अलग कर के अधीन निर्धारित या वसूल की गई धनराशि लगभग में दिखाई जा सके।

छूट के लिए अपेक्षित

139–– (1) समेकित कर का निर्धारण करते समय उसमें समाविष्ट किसी एकल कर

में कोई आंशिक या पूर्णतः छूट प्रभावी होगी। कटौतियां

(2) यह निम्नलिखित प्रकार से प्रभावी होगी –

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}3 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 140–141}

(क) आंशिक छूट की दशा में, समेकित कर की, जो ऐसे भवन या भूमि या दोनों के सम्बन्ध में जिन्हें कर में ऐसी छूट दी गयी हो, अन्यथा उद्ग्रहणीय या निर्धारित होती, कुल धनराशि में से ऐसी धनराशि के, जो अन्यथा एकल कर के कारण निर्धारित की गयी होती, छूट के समनुरूप अनुपातिक भाग की कटौती करके; और

(ख) पूर्ण छूट की दशा में ऐसी कुल धनराशि में से एकल कर के कारण निर्धारित सम्पूर्ण धनराशि की कटौती करके।

भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर निर्धारण और उद्ग्रहण

140–– (1) 'वार्षिक मूल्य' से तात्पर्य है – वार्षिक मूल्य की परिभाषा

(क) रेलवे स्टेशनों, होटलों, कॉलेजों, स्कूलों, चिकित्सालयों, कारखानों और अन्य ऐसे भवनों की दशा में भवन–निर्माण को वर्तमान अनुमानित लागत और उससे अनुलग्न भूमि के अनुमानित मूल्य को जोड़कर निकाली गई धनराशि का पांच प्रतिशत से अनधिक का अनुपात, जिसे इस निमित्त बनाए गए नियम द्वरा निश्चित किया जायेगा; और

(ख) किसी भवन या भूमि की दशा में, जो खण्ड (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत न आती हो, वह सकल वार्षिक किराया जिस पर ऐसा भवन, उसमें फर्नीचर या मशीनरी को छोड़कर या ऐसी भूमि वास्तव में पट्टे पर दी गई हो या जहां भवन या भूमि पट्टे पर न दी गई हो तो वह सकल वार्षिक किराया, जिस पर उसे युक्तियुक्त रूप से वर्ष प्रतिवर्ष पट्टे पर दिए जाने की प्रत्याशा की जा सकती है।

(2) प्रतिबन्ध यह है कि जहां {नगरपालिका}2 की राय में किसी कारण से या असाधारण परिस्थिति में किसी भवन के वार्षिक मूल्य यदि उपर्युक्त रीति से गणना की गई हो, अत्यधिक हो, वहां {नगरपालिका}2 किसी भी कम धनराशि पर जो उसे न्याय संगत प्रतीत हो, वार्षिक मूल्य पर नियत कर सकता है।

141–– जब भवन या भूमि या दोनों पर कर अधिरोपित किया जाय तो {नगरपालिका}2 का कर निर्धारण सूची

{समय–समय पर नगरपालिका क्षेत्र या उसके किसी भाग में सभी भवनों या भूमि दोनों की एक कर निर्धारण सूची तैयार कराएगा}1, जिसमें निम्नलिखित विवरण होगा – तैयार किया जाना

(क) मार्ग या मोहल्ले का नाम, जहां सम्पत्ति स्थित हो;

(ख) सम्पत्ति का अभिधान या तो नाम से या संख्या से, जो पहचान के लिए पर्याप्त हो;

(ग) स्वामी और अध्यासी का नाम, यदि ज्ञात हो;

(घ) पट्टे पर देने का वार्षिक मूल्य या अन्य विवरण, जो वार्षिक मूल्य अवधारित करे; और

(ङ) उस पर निर्धारित कर की धनराशि।

(2) ऐसी कर निर्धारण सूची बनाने के प्रयोजन के लिए नगरपालिका समय–समय पर पारिश्रमिक सहित या रहित किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को, चाहे वे सदस्य हो या न हो, नियुक्त कर सकती है और इस प्रकार नियुक्त किया गया या किये गये व्यक्ति ऐसे प्रयोजन के लिए किसी सम्बद्ध सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3 वर्ष 1987 के अध्याय–पांच की धारा 15 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72

द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

सूची का प्रकाशन

142–– जब कर निर्धारण सूची तैयार हो जाय तो {नगरपालिका}1 उस स्थान के सम्बन्ध में, जहां पर सूची या उसकी प्रति का निरीक्षण किया जा सकेगा, सार्वजनिक नोटिस देगी और ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जो सूची में सम्मिलित की गई सम्पत्ति का या तो स्वामी या अध्यासी होने का दावा करे और ऐसे व्यक्ति का कोई अभिकर्ता उक्त सूची का निरीक्षण कर सकेगा और उससे निःशुल्क उद्धरण ले सकेगा।

सूची में प्रविष्टियों पर आपत्ति

143–– {नगरपालिका}1 उसी समय कम से कम एक मास की सार्वजनिक नोटिस देगी, जिनके पश्चात् जब वह सूची में प्रविष्ट मूल्यांकन और कर–निर्धारण पर विचार करने की कार्यवाही करेगी और ऐसे सभी मामलों में, जिनमें किसी सम्पत्ति पर प्रथम बार कर निर्धारण किया गया हो या कर निर्धारण में वृद्धि की गई हो तो {नगरपालिका}1 सम्पत्ति के स्वामी या अध्यासी को यदि ज्ञात हो, उसको भी नोटिस देगी।

(2) मूल्यांकन और कर निर्धारण के सम्बन्ध में सभी आपत्तियाँ नोटिस में निश्चित दिनांक के पूर्व {नगरपालिका}1 को लिखित आवेदन–पत्र द्वारा की जायेगी, जिसमें ऐसे कारण उल्लिखित किये जायेंगे, जिनके आधार पर मूल्यांकन तथा कर–निर्धारण पर आपत्ति की गयी है, और इस प्रकार दिए गये सभी आवेदन पत्र {नगरपालिका}1 द्वारा इस प्रयोजन के लिए रखी गई पुस्तिका में रजिस्ट्रीकृत किये जायेंगे।

(3) {नगरपालिका}1 या समिति, जिसे इस निमित्त प्रत्यायोजन द्वारा अधिकृत किया गया हो या सरकार अथवा {नगरपालिका}1 का ऐसा अधिकारी, जिसे विहित प्राधिकारी की अनुमति से {नगरपालिका}1 प्रत्यायोजित करे और संकल्प द्वारा इस निमित्त शक्ति का प्रत्यायोजित करने के लिए इस प्रकार एतदद्वारा अधिकृत किया जाय, आवेदक को स्वयं या उसके अभिकर्ता को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् –

(क) आपत्तियों की जांच और निस्तारण करेगा;

(ख) उसके परिणाम को उपधारा (2) के अधीन रखी गई पुस्तिका में दर्ज कराएगा; और

(ग) ऐसे परिणाम के अनुसार कर निर्धारण सूची में आवश्यक संशोधन करायेगा।

सूची का अधिप्रमाणीकरण और उसकी अभिरक्षा

144–– (1) जब धारा 143 के अधीन की गई सभी आपत्तियों का निस्तारण हो गया हो और उक्त धारा उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित सभी संशोधन कर निर्धारण सूची में कर दिए गए हों तो उक्त सूची का अधिप्रमाणीकरण अध्यक्ष के हस्ताक्षर से या धारा 143 के अधीन किसी समिति की या {सरकार के}3 अलावा {नगरपालिका}1 के किसी अधिकारी को प्रत्यायोजन किए जाने की दशा में ऐसी समिति के कम से कम दो सदस्यों के हस्ताक्षर से या पूर्वोक्त अधिकारी के हस्ताक्षर से किया जायेगा और सूची को इस प्रकार अधिप्रमाणीकृत करने वाले या करने वाला व्यक्ति यह प्रमाणित करेगा कि सम्यक रूप से की गई सभी आपत्तियों पर विचार किया गया है और ऐसी आपत्तियों पर किये गये निर्णयों के अपेक्षानुसार सूची संशोधित कर दी गयी है।

(2) इस प्रकार अधिप्रमाणीकृत सूची {नगरपालिका}1 कार्यालय में जमा कर दी जायेगी और तदुपरान्त वह सार्वजनिक नोटिस द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध घोषित की जायेगी।

सूची का पुनरीक्षण उसकी अवधि

145–– (1) साधारणतया प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार नई कर निर्धारण सूची धारा 141 और से 144 तक में विहित रीति से तैयार की जायेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. एडेप्टेशन ऑफ लॉ आर्डर, 1950 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) धारा 147 के अधीन किए गए किसी परिवर्तन या संशोधन और धारा 160 के अधीन की गई किसी अपील के परिणाम के अधीन रहते हुए मूल्यांकन सूची में प्रविष्ट प्रत्येक मूल्यांकन या कर निर्धारण {नगरपालिका क्षेत्र या उसके भाग में उक्त सूची के प्रभावी होने के दिनांक से और नई सूची के पूर्ण होने के ठीक पश्चात् आगामी मास के प्रथम दिन तक}[2] विधि मान्य रहेगा।

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12, 1952 के अधीन अवधारित सम्पत्ति के मूल्य का अंगीकरण इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए वार्षिक मूल्य होगा।}[1]

{145–क–– इस अधिनियम में अन्यत्र किसी बात के होते हुए भी {नगरपालिका}[4] विशेष संकल्प द्वारा विनिश्चित कर सकेगी कि उत्तर प्रदेश (क्षेत्र) भूमि और भवन कर अधिनियम, 1962 की धारा 4 के खण्ड (2) के अधीन भवन या भूमि का अवधारित कराधेय मूल्य

सूची में प्रविष्टियों का निश्चायक होना

146–– कर निर्धारण सूची में की गई कोई प्रविष्टि –

(क) उक्त सूची में निर्दिष्ट कर से सम्बद्ध किसी भी प्रयोजन के लिए सूची से सम्बन्धित अवधि के दौरान, किसी भवन या भूमि के सम्बन्ध में उद्ग्रहणीय धनराशि का; और

(ख) किसी अन्य नगरपालिका कर के निर्धारण के प्रयोजन के लिए उक्त अवधि के दौरान किसी भवन या भूमि के वार्षिक मूल्य का;

निश्चायक प्रमाण होगी।

सूची में संशोधन और परिवर्तन

147–– (1) नगरपालिका किसी भी समय कर निर्धारण सूची में निम्नलिखित रूप में परिवर्तन या संशोधन कर सकती है–

(क) उसमें किसी ऐसे व्यक्ति या ऐसी सम्पत्ति का नाम, जिसकी प्रविष्टि होनी आवश्यक थी या किसी ऐसी सम्पत्ति को, जो कर–निर्धारण सूची में अधिप्रमाणीकृत होने के पश्चात् कराधान के लिए दायी को गयी हो, प्रविष्टि करके; या

(ख) उसमें किसी सम्पत्ति के स्वामी या अध्यासी के नाम के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति का नाम, जिसने अन्तरण द्वारा या अन्य प्रकार से सम्पत्ति का स्वामित्व या अध्यासन का उत्तराधिकार प्राप्त किया हो, प्रतिस्थापित करके; या

(ग) किसी सम्पत्ति के, जिसका {मूल्यांकन या कर निर्धारण गलत हो गया है या जिसका मूल्यांकन या निर्धारण कपट, मिथ्या या त्रुटि के कारण गलत किया है}[3] मूल्यांकन या कर निर्धारण में वृद्धि करके; या

(घ) किसी सम्पत्ति का जिसका मूल्य भवन में किए गए परिवर्द्धन या परिवर्तन के कारण बढ़ गया हो, पुनः मूल्यांकन या पुनः कर निर्धारण करके; या

(ङ) जहां वार्षिक मूल्य का, जिस पर कोई कर उद्ग्रहीत किया जाना हो, प्रतिशत {नगरपालिका}[4] द्वारा धारा 136 के उपबन्धों के अधीन परिवर्तित कर दिया गया हो, वहां प्रत्येक मामले में देय कर की धनराशि में तद्नुरूप करके; या

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3 वर्ष 1987 के अध्याय–पांच की धारा 16 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 17 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(च) स्वामी के आवेदन–पत्र देने पर या ऐसे संतोषप्रद साक्ष्य पर कि स्वामी का पता नहीं चल रहा है और कमी करने की आवश्यकता सिद्ध कर दी गई है, स्वप्रेरणा से किसी ऐसे भवन के, जो पूर्णतः या अंशतः तोड़ दिया गया है या नष्ट कर दिया गया है, मूल्यांकन में कमी करके; या

(छ) किसी {लिपिकीय गणना सम्बन्धी या अन्य प्रत्यक्ष}[1] भूल को ठीक करके;

(2) प्रतिबन्ध यह है कि {नगरपालिका}[1] किसी हितबद्ध व्यक्ति को ऐसे परिवर्तन की, जिसे {नगरपालिका}[2] उपधारा (1) के खण्ड (क), (ख), (ग) या (घ) के अधीन करने का प्रस्ताव करे और उस दिनांक के सम्बन्ध में जब उक्त परिवर्तन किया जायेगा, कम से कम एक मास की नोटिस देगी।

(3) धारा 143 की उपधारा (2) और (3) के उपबन्ध, जो तदन्तर्गत वर्णित आपत्तियों पर लागू होते हैं, यथासम्भव, उपधारा (2) के अधीन दी गई नोटिस के अनुसरण में की गई किसी आपत्ति पर और उपधारा (1) के खण्ड (च) के अधीन दिए गए किसी आवेदन–पत्र पर लागू होंगे।

(4) उपधारा (1) के अधीन किया गया प्रत्येक परिवर्तन धारा 144 द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति या व्यक्तियों के हस्ताक्षरों से अधिप्रमाणीकृत किया जायेगा और धारा 160 के अधीन की गई अपील के परिणाम के अधीन रहते हुए उस दिनांक से प्रभावी होगा जब अगली किस्त देय हो।

संशोधन के प्रयोजन के लिए सूचना देने की बाध्यता

148–– (1) जब किसी भवन का निर्माण, पुनर्निर्माण या विस्तार किया जाय तो स्वामी के ऐसे भवन का निर्माण, पुनर्निर्माण या विस्तार पूरा हो जाने के दिनांक से अथवा ऐसे भवन के अध्यासन के दिनांक से, उसमें से जा भी दिनांक पहले हो, पन्द्रह दिन के भीतर {नगरपालिका}[2] को उसकी नोटिस देगा।

(2) कोई व्यक्ति, जो उपधारा (1) द्वारा अपेक्षित नोटिस देने में असफल रहे, दोष–सिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से दण्डित किया जायेगा, जो पचास रूपये तक अथवा ऐसे निर्माण या विस्तार पर तीन मास के लिए देय कर की दस गुनी धनराशि तक, इसमें जो भी अधिक हो, हो सकता है।

वार्षिक मूल्य पर कर भुगतान करने का दायित्व

149–– (1) नियम द्वारा किए गए अन्यथा उपबन्ध के सिवाय, भवन या भूमि या दोनों कतिपय के वार्षिक मूल्य पर प्रत्येक कर (समार्जन पर या शौचालय और संडास की सफाई के लिए कर से भिन्न) प्रथमतः ऐसी सम्पत्ति के, जिस पर उक्त कर निर्धारित किए गए हों, वास्तविक अध्यासी से वसूल किया जायेगा; यदि वह उक्त भवन या भूमि का स्वामी है या वह उन्हें सरकार या {नगरपालिका}[2] से भवन सम्बन्धी या अन्य पट्टे पर या किसी व्यक्ति से भवन सम्बन्धी पट्टे पर धारण करता हो।

(2) किसी अन्य दशा में कर प्रथमतः निम्नलिखित रूप से उद्ग्रहणीय होगा; अर्थात् –

(क) यदि सम्पत्ति पट्टे पर दी गई हो तो पट्टकर्ता से;

(ख) यदि सम्पत्ति शिकमी पट्टे पर दी गई हो तो वरिष्ठ पट्टाकर्ता से;

(ग) यदि सम्पत्ति पट्टे पर न दी गई हो तो उस व्यक्ति से, जिसमें उस पट्टे पर देने का अधिकार निहित हो।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम सं0 1 वर्ष 1955 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) प्रथमतः देनदार व्यक्ति से ऐसे कर के रूप में देय कोई रकम वसूल न होने पर {नगरपालिका}[1] उक्त भवन या भूमि के, जिसके सम्बन्ध में वह देय हो, किसी भाग के अध्यासी से उस कर का ऐसा भाग वसूल कर सकता है, जिसका सम्पूर्ण देय कर की धनराशि से वही अनुपात हो, जो अनुपात ऐसे अध्यासी द्वारा संदेय वार्षिक किराए की धनराशि का उक्त सम्पूर्ण भवन या भूमि के सम्बन्ध में संदेय किराए की कुल धनराशि से या अधिप्रमाणीकृत निर्धारण–सूची में उनके पट्टे पर देने के मूल्य की कुल धनराशि से हो।

(4) कोई अध्यासी, जो ऐसा भुगतान करता है, जिसके लिए वह पूर्वगामी उपबन्धों के अधीन प्रथमतः देनदार नहीं है, किसी प्रतिकूल संविदा के न होने पर, प्रथमतः लेनदार व्यक्ति द्वारा प्रतिपूर्ति किये जाने का हकदार होगा।

ऐसे अन्य करों के भुगतान का दायित्व

150–– (1) भूमि या भवन या दोनों के वार्षिक मूल्य पर सम्मार्जन पर या शौचालय और संडास की सफाई के लिए कर, उस सम्पत्ति के, जिस पर उक्त कर–निर्धारित किए गए हों, वास्तविक अध्यासी से उद्ग्रहणीय होंगे :

(2) किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि यदि ऐसी सम्पत्ति एक से अधिक अध्यासियों को पट्टे पर दी गई हो तो {नगरपालिका}[1] अपने विकल्प से वास्तविक अध्यासियों के बजाय पट्टाकर्ता से कर उद्ग्रहीत कर सकती है।

(3) पट्टाकर्ता, जिससे उपधारा (2) के अधीन कर उदग्रहीत किया जाय, किसी प्रतिकूल संविदा के न होने पर उक्त कर किसी या सभी वास्तविक अध्यासियों से वसूल कर सकता है।

अनध्यासन के कारण छूट

151–– पूर्णतः या अंशतः किसी पर्वतीय क्षेत्र में स्थित नगरपालिका क्षेत्र से भिन्न नगरपालिका क्षेत्र में, जब कोई भवन या भूमि किसी वर्ष में लगातार नब्बे या उससे अधिक दिनों तक रिक्त रही हो और उससे कोई किराया न मिला हो तो {नगरपालिका}[1] उस वर्ष के कर में उतनी छूट देगा या उतना वापस कर देगा, जो उतने दिनों की संख्या के अनुपात में होगा, जितने दिन उक्त भवन या भूमि रिक्त रही हो और उससे किराया न मिला हो।

(2) जब किसी ऐसी {नगरपालिका क्षेत्र}[2] के किसी भवन में अलग–अलग निवास गृह हो, जिनमें से एक या एक से अधिक निवासगृह पूर्वोक्त किसी अवधि में रिक्त रहे हो और किराया न मिला हो तो {नगरपालिका}[1] कर या किस्त के ऐसे भाग से (यदि कोई हो) छूट दे सकता है या उसे वापस कर सकता है, जैसा कि नियम द्वारा विहित किया जाय।

(3) किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि कर में तब तक कोई छूट नहीं दी जायेगी जब तक कि {नगरपालिका}[1] को इस तथ्य की लिखित नोटिस न दे दी गई हो कि भवन या भूमि रिक्त है और उससे कोई किराया नहीं मिल रहा है और यह भी कि ऐसी नोटिस दिए जाने के दिनांक के पूर्व की किसी अवधि के लिए कर में कोई छूट नहीं दी जायेगी और न उसे वापस किया जायेगा।

(4) उन तथ्यों को प्रमाणित करने का भार उसी व्यक्ति का होगा, जो इस धारा के अधीन उपचार पाने के लिए हकदार हो।

(5) इस धारा के प्रयोजनों के लिए कोई भवन या भूमि रिक्त नहीं समझी जायेगी, यदि वह मनोरंजन स्थल अथवा नगर गृह या ग्राम्य गृह के रूप में अनुरक्षित की जाती हो अथवा न यह समझा जायेगा कि उससे किराया नहीं मिल रहा है यदि उसे ऐसे किरायेदार को पट्टे पर दिया गया है, जिसको उसके अध्यासन का निरन्तर अधिकार हो, चाहे वह उसके वास्तविक अध्यासन में हो या न हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 139 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

पुनः अध्यासन की देने की बाध्यता

152–– (1) किसी ऐसे भवन या भूमि का स्वामी, जिसके लिए पूर्ववर्ती धारा के अधीन कर में छूट देने या उसकी वापसी के लिए आवेदन किया गया हो या ऐसी छूट दे दी गई हो या वापस कर दिया गया हो, उसका स्वामी ऐसे भवन या भूमि का पुनः अध्यासन करने के पन्द्रह दिन के भीतर पुनः अध्यासन की नोटिस देगा।

(2) कोई स्वामी, जो उपधारा (1) द्वारा अपेक्षित नोटिस देने से असफल रहे, दोषसिद्ध ठहराए जाने पर ऐसे जुर्माने से दण्डित किया जायेगा, जो उस कर की धनराशि के जो ऐसे भवन या भूमि पर उस अवधि के लिए देय हो, जिसमें वह बिना नोटिस के पुनः अध्यासित की गई हो, दुगुने से कम न होगा और जो पचास रुपये तक या उस कर की धनराशि के दस गुने तक, इसमें जो भी अधिक हो, हो सकता है।

संग्रह, संधान, छूट और कराधान सम्बन्धी अन्य विषय

कर निर्धारण, संग्रह और अन्य विषयों के सम्बन्ध में नियमावली

153–– निम्नलिखित विषय, सिवाय जहां तक कि उनके लिए इस अधिनियम में उपबन्ध किया जाये, नियमावली द्वारा अधिनियमित और नियंत्रित होंगे; अर्थात् –

(क) करों का निर्धारण, संग्रह या संधान {***}[1] ;

(ख) करों के अपवंचन का निवारण ;

(ग) ऐसी प्रणाली, जिसके अनुसार कर वापस किए जाने की अनुज्ञा दी जायेगी और उनका भुगतान किया जायेगा;

(घ) किसी कर के सम्बन्ध में भुगतान करने की मांग के नोटिस के लिए और करस्थम् अधिपत्र के निष्पादन के लिए फीस;

(ङ) करस्थम् किए गए पशुधन के अनुरक्षण के लिए प्रभार्य दरें ; और

(च) करों से सम्बद्ध कोई अन्य विषय, जिसके सम्बन्ध में इस अधिनियम में कोई उपबन्ध न हो या अपर्याप्त उपबन्ध किया गया हो और राज्य सरकार की राय में ऐसा उपबन्ध करना आवश्यक हो।

154–– {***}[2]

155–– {***}[2]

155–क– {***}[2]

प्रशमन

156–– (1) किसी नियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, नगरपालिका विहित प्राधिकारी द्वारा पुष्ट किए गए विशेष संकल्प द्वारा, यह व्यवस्था कर सकेगी कि सभी या किन्हीं व्यक्तियों को कर का प्रशमन करने की अनुज्ञा दी जा सकती है।

(2) उपधारा (1) के अधीन किसी कर के प्रशमन के कारण देय प्रत्येक राशि अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल की जा सकेगी।

छूट

157–– (1) नगरपालिका इस अधिनियम के अधीन अधिरोपित कर या कर के किसी अंश का भुगतान किए जाने से किसी ऐसे व्यक्ति को, जो उसकी राय में निर्धनता के कारण उसका भुगतान करने में असमर्थ हो, एक वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए छूट दे सकेगी और ऐसी छूट जितनी बार वह आवश्यक समझे, पुनः दे सकेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1991 के अध्याय–दो की धारा 3 द्वारा निकाला गया। 2. उपर्युक्त की धारा 4 द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) नगरपालिका विहित प्राधिकारी द्वारा पुष्ट किए गए विशेष संकल्प द्वारा; किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग को अथवा किसी सम्पत्ति के प्रकार को, इस अधिनियम के अधीन अधिरोपित किसी कर या कर के किसी अंश के भुगतान किए जाने से छूट दे सकेगी।

(3) राज्य सरकार, आदेश द्वारा किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग को अथवा किसी सम्पत्ति या सम्पत्ति के प्रकार को इस अधिनियम के अधीन अधिरोपित किसी कर या कर के किसी अंश का भुगतान किए जाने से छूट दे सकेगी।

दायित्व प्रकट करने की बाध्यता

158–– (1) इस अधिनियम के अधीन नगरपालिका या कई कर–निर्धारण प्राधिकारी, लिखित संसूचना द्वारा नगरपालिका के किसी निवासी से ऐसी सूचना देने या ऐसे अभिलेख, लेखा बही और दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है, जो निम्नलिखित को अभिनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो –

(क) क्या ऐसा निवासी इस अधिनियम के अधीन अधिरोपित किसी कर का देनदार है;

(ख) उस पर कितनी धनराशि का कर निर्धारण किया जाना चाहिए;

(ग) ऐसे भवन या भूमि का, जो उसके अध्यासन में हो, वार्षिक मूल्य और उसके स्वामी का नाम व पता।

{(2) यदि कोई निवासी, जिससे सूचना देने या अभिलेख, लेखा बही या दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई हो, उसे न दे या प्रस्तुत न कर सके या उसे दे या प्रस्तुत करे और नगरपालिका या कर निर्धारण प्राधिकारी को गलत या अपूर्ण प्रतीत हो तो यथास्थिति नगरपालिका या कर निर्धारण प्राधिकारी ऐसी जांच के पश्चात् जिसे वह आवश्यक समझे, अपने सर्वोत्तम विवेकानुसार कर–निर्धारण कर सकेगा।}[1]

पता लगाने की शक्ति

159–– धारा 287 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट शर्तों और निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी और यदि इस निमित्त संकल्प द्वारा प्राधिकृत किया गया हो तो नगरपालिका का कोई अन्य सदस्य, अधिकारी या सेवक मूल्यांकन के प्रयोजनों के लिए किसी भवन में प्रवेश कर सकता है, उसका निरीक्षण कर सकता है तथा उसे माप सकता है अथवा किसी घुड़साल या वाहनगृह या अन्य स्थान में, जिसके सम्बन्ध में यह विश्वास करने का कारण हो कि वहां वाहन या पशु हैं, जो इस अधिनियम के अधीन कराधान के योग्य है, में प्रवेश कर सकता है और उसका निरीक्षण कर सकता है।

अंको को पूर्णांकित करना

{159–क–– इस अधिनियम के अधीन किसी कर की धनराशि की संगणना करने में रुपये का भाग, जो पांच पैसे से कम हो या जो पांच पैसे का कोई गुणक न हो, यथास्थिति पांच पैसे या पांच पैसे के अगले उच्च गुणक में पूर्णांकित किया जायेगा।}[1]

कराधान से सम्बन्धित अपील

160–– (1) भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर निर्धारित किस कर की दशा में धारा 143 की उपधारा (3) या धारा 147 की उपधारा (3) के अधीन दिए गए आदेश के विरूद्ध अपील और किसी अन्य कर की दशा में, किसी कर निर्धारण या कर निर्धारण में किए गए किसी परिवर्तन के विरूद्ध अपील, जिला मजिस्ट्रेट को या ऐसे अन्य अधिकारी को, जिसे राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त सशक्त किया जाये, की जा सकेगी।

(2) {***}[2]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 140 द्वारा निकाला गया। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

परिसीमा और दावाकृत कर का प्रारम्भिक निक्षेप

161–– ऐसी कोई अपील तब तक न सुनी जायेगी और न अवधारित की जायेगी, जब तक कि ––

(क) वह अपील भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर निर्धारित किए गए कर की दशा में आदेश के (उसकी प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय को छोड़कर) संसूचित किए जाने के दिनांक के ठीक आगामी तीस दिन के भीतर और किसी अन्य कर की दशा में कर निर्धारण की या कर निर्धारण के परिवर्तन की नोटिस के प्राप्त होने के दिनांक के ठीक आगामी तीस दिन के भीतर या यदि कोई नोटिस न दी गयी हो तो कर–निर्धारण या कर निर्धारण में परिवर्तन के अधीन प्रथम मांग के दिनांक के ठीक आगामी तीस दिन के भीतर न की गई हो; और

(ख) अपीलार्थी ने जिस धनराशि का दावा किया हो उसे उसने नगरपालिका कार्यालय में निक्षेप न कर दिया हो।

उच्च न्यायालय को निर्देश

162–– (1) यदि धारा 160 के अधीन किसी अपील सुनवाई के दौरान में, किसी कर के दायित्व या कर निर्धारण के सिद्धान्त के बारे में कोई ऐसा प्रश्न उत्पन्न हो जिस पर अपील सुनने वाले अधिकारी को यथोचित संदेय हो जाये तो वह या तो स्वप्रेरणा से या हितबद्ध व्यक्ति के आवेदन पत्र पर, मामले के तथ्यों और उस प्रश्न का जिस पर सन्देय

किया गया हो, विवरण तैयार करेगा और उस विवरण को उस प्रश्न पर अपनी राय के साथ उच्च न्यायालय को विनिश्चय के लिए निर्दिष्ट करेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन निर्देश किए जाने पर मामले को पश्चात्वर्ती कार्यवाहियां, यथाशक्य सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की प्रथम अनुसूची के आदेश 46 में अन्तर्विष्ट उच्च न्यायालय के निर्देश से सम्बन्धित नियमावली या ऐसी अन्य नियमावली के अनुसार की जायेंगी, जो उच्च न्यायालय द्वारा उक्त संहिता की धारा 122 के अधीन बनायी जाये।

वाद व्यय

163–– (1) प्रत्येक अपील में वाद व्यय अपील का विनिश्चय करने वाले अधिकारी के स्वविवेकानुसार दिया जायेगा।

(2) {नगरपालिका}[1] को इस धारा के अधीन अधिनिर्णीत किया गया वाद व्यय {नगरपालिका}[1] द्वारा अध्याय–6 में उपबन्धित रीति से वसूल किया जा सकेगा।

(3) यदि {नगरपालिका}[1] अपीलार्थी को अधिनिर्णीत किए गए वाद व्यय का {नगरपालिका}[1] को उसके भुगतान का आदेश संसूचित किए जाने के दिनांक के पश्चात् दस दिन के भीतर, भुगतान करने में असफल रहे तो वाद व्यय को अधिनिर्णीत करने वाला अधिकारी उन व्यक्तियों को जिनकी अभिरक्षा में नगरपालिका–निधि का अवशेष हो, उक्त धनराशि का भुगतान करने का आदेश दे सकता है।

कराधान के विषय में सिविल न्यायालयों की रोक

164–– (1) इस अधिनियम में किए गए उपबन्ध से भिन्न किसी अन्य रीति से या किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा किसी मूल्यांकन या कर निर्धारण पर न तो कोई विचार किया जायेगा और न कर निर्धारण किए जाने या कर लगाए जाने के लिए किसी व्यक्ति के दायित्व पर कोई प्रश्न उठाया जायेगा।

के सम्बन्ध और दाण्डिक अधिकारिता पर

(2) किसी मूल्यांकन या कर निर्धारण अथवा कर–निर्धारण या कराधान के दायित्व के बारे में दिए गए आदेश को पुष्ट करने, निरन्त करने या उपान्तरित करने का अपील प्राधिकारी का आदेश अन्तिम होगा :

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[3] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 165–167}

प्रतिबन्ध यह है कि अपील प्राधिकारी के लिए यह विधि पूर्ण होगा कि वह इस मूल आदेश के दिनांक से तीन मास के भीतर आवेदन–पत्र देने पर या स्वप्रेरणा से एक अग्रेत्तर आदेश द्वारा किसी अपील में दिए गए अपने आदेश का पुनर्विलोकन करे :

अग्रेत्तर प्रतिबन्ध यह है कि अपील प्राधिकारी द्वारा स्वप्रेरणा से किसी भी आदेश का पुनर्विलोकन आदेश के दिनांक से तीन मास के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

कर निर्धारण और मांग में औपचारिक त्रुटि

व्यावृत्ति

165–– कोई कर निर्धारण सूची या अन्य सूची नोटिस बिल या ऐसा अन्य दस्तावेज जिसमें किसी कर, प्रभार, किराया या शुल्क के निर्देश में कोई व्यक्ति सम्पत्ति, वस्तु या परिस्थिति विनिर्दिष्ट की गई हो या उसमें उनको विनिर्दिष्ट करना तात्पर्यित हो, केवल इस कारण से अविधिमान्य न होगा कि उसमें उक्त व्यक्ति के नाम, निवास–स्थान, कारबार या उपजीविका का स्थान अथवा सम्पत्ति, वस्तु या परिस्थिति के विवरण के सम्बन्ध में कोई त्रुटि है या उसमें केवल लिपिकीय भूल है अथवा उसके प्रपत्र में कोई त्रुटि है और अभिज्ञान के प्रयोजन के लिए किसी व्यक्ति, सम्पत्ति, वस्तु या परिस्थिति का पर्याप्त वर्णन कर दिया जाना प्र्याप्त होगा और किसी ऐसी सम्पत्ति के जिसके सम्बन्ध में कर दिया जाना हो, स्वामी अथवा अध्यासी का नाम दिया जाना आवश्यक न होगा।

अध्याय 6
कतिपय नगरपालिका दावों की वसूली

बिल प्रस्तुत करना

166–– (1) जैसे ही कोई व्यक्ति :–

(क) किसी ऐसे कर के सम्बन्ध में {जो तुरन्त मांग कए जाने पर देय किसी कर}[1] से भिन्न हो, किसी धनराशि का; या

(ख) धारा 196 के खण्ड (ग) या धारा 229 या जल सम्भरण के सम्बन्ध में धारा 230 के अधीन देय या किसी अन्य नगरपालिका सेवा या उपक्रम के सम्बन्ध में देय किसी धनराशि का; या

(ग) इस अधिनियम द्वारा या नियमावली या उप विधि द्वारा इस अध्याय में व्यवस्थित रीति से वसूल की जा सकने वाली घोषित किसी अन्य धनराशि का भुगतान करने का देनदार हो जाये तो {नगरपालिका}[2] सभी सुविधानुसार शीघ्रता से इस प्रकार देनदार व्यक्तियों को बिल प्रस्तुत करवायेगी।

(2) जब तक कि नियम द्वारा अन्यथा उपबन्धित न हो, कोई व्यक्ति प्रत्येक कर और लाइसेन्स फीस का, ऐसी अवधि के प्रारम्भ होने पर, जिसके सम्बन्ध में ऐसा कर या फीस देय हो, भुगतान करने के लिए देनदार समझा जायेगा।

बिल की विषय वस्तु

167–– ऐसी प्रत्येक बिल में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट किया जाएगा –

(क) ऐसी अवधि, जिसके लिए और सम्पत्ति, उपजीविका, परिस्थितियां या कोई बात, जिसके सम्बन्ध में धनराशि का दावा किया गया हो; और

(ख) ऐसा दायित्व या शास्ति, जो भुगतान करने में चूक करने में प्रवर्तनीय हो; और

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1991 के अध्याय–दो की धारा 5 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ग) ऐसा समय (यदि कोई हो), जिसके भीतर अपील निर्दिष्ट की जा सकती है, जैसा कि धारा 161 में उपबन्ध किया गया है।

मांग की नोटिस

168–– यदि ऐसी धनराशि का, जिसके लिए उपर्युक्त के अनुसार बिल प्रस्तुत किया गया हो, उसे प्रस्तुत किए जाने के पन्द्रह दिन के भीतर {नगरपालिका}[1] कार्यालय में या ऐसे व्यक्ति को जो ऐसा भुगतान प्राप्त करने के लिए विनियम द्वारा अधिकृत किया गया हो, भुगतान न किया जाये तो {नगरपालिका}[1] उक्त धनराशि के भुगतान के लिए देनदार व्यक्ति को अनुसूची 4 में निर्धारित या इसी आशय के प्रपत्र में मांग की नोटिस तामील करा सकेगी।

वारण्ट जारी करना

169–– (1) यदि उक्त धनराशि के भुगतान के लिए देनदार व्यक्ति ऐसी मांग की नोटिस तामील होने के 15 दिन के भीतर –

(क) नोटिस में मांगी गई धनराशि का भुगतान न करे; या

(ख) यथास्थिति, {नगरपालिका}[1] को या ऐसे अधिकारी को, जिसे {नगरपालिका}[1] विनियम द्वारा इस निमित्त नियुक्त करे या जहां कोई अधिशासी अधिकारी हो, वहां, यथास्थिति अधिशासी अधिकारी को समाधानप्रद रूप में यह कारण न बनाये कि उसे क्यों इसका भुगतान नहीं करना चाहिए,

तो ऐसी धनराशि, वसूली के समस्त व्यय सहित वारण्ट के अधीन, जो अनुसूची 5 के या इसी आशय के प्रपत्र में नगरपालिका द्वारा जारी कराया जायेगा, बाकीदार की जंगम सम्पत्ति के करस्थम् या बिक्री द्वारा वसूल की जा सकती है।

(2) इस धारा के अधीन जारी किए गए प्रत्येक वारण्ट पर नगरपालिका के अध्यक्ष के या ऐसे अधिकारी के, जिसे {नगरपालिका}[1] ले विनियम द्वारा अपनी शक्ति प्रत्यायोजित की हो या अधिशासी अधिकारी के, यदि कोई हो, हस्ताक्षर होंगे।

वारण्ट के निष्पादन के प्रयोजन के लिए बलपूर्वक प्रवेश

170–– (1) ऐसे नगरपालिका अधिकारी के लिए, जिसे धारा 169 के अधीन जारी किया गया वारण्ट संबोधित किया गया हो, सूर्योदय और सूर्यास्त के बीच, किसी भी समय किसी भवन के किसी बाहरी या भीतरी दरवाजे या खिड़की को तोड़कर उसमें प्रवेश करना विधिपूर्ण होगा, जिससे निम्नलिखित परिस्थितियों में और न कि अन्यथा, वारण्ट में निर्दिष्ट करस्थम् का निष्पादन किया जा सके–

(क) यदि वारण्ट में ऐसा कोई विशेष आदेश हो, जिसमें उसे इस निमित्त प्राधिकृत किया गया हो; और

(ख) यदि उसे यह विश्वास करने का युक्तियुक्त कारण हो कि भवन में ऐसी सम्पत्ति है, जो वारण्ट के अधीन जब्त किये जाने योग्य है; और

(ग) यदि अपना प्राधिकार और प्रयोजन अधिसूचित करने और सम्यक् रूप से प्रवेश करने की मांग करने के पश्चात् यह अन्यथा प्रवेश न कर सके।

(2) प्रतिबन्ध यह है कि उक्त अधिकारी महिलाओं के रहने के लिए अलग किए गए किसी कक्ष से तब तक प्रवेश न करेगा अथवा उसके दरवाजे को न तोड़ेगा, जब तक कि उसने उन महिलाओं को, जो उसमें हो, वहां से हट जो का अवसर न दे दिया हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 172 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}₂ नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 171–172}

वारण्ट निष्पादित करने की रीति

171–– (1) ऐसे अधिकारी के लिए उपधारा (2) तथा (3) के प्रयोजनों के अधीन रहते हुए, ऐसे व्यक्ति की, जिसका नाम, व्यतिक्रमी के रूप में दिया गया हो, जंगम सम्पत्ति का, जहां कहीं वह पायी जाये, करस्थम् करना विधिपूर्ण होगा।

(2) निम्नलिखित सम्पत्ति का करस्थम् नहीं किया जायेगा–

(क) व्यतिक्रमी, उसकी पत्नी तथा बच्चों के पहनने के आवश्यक वस्त्र और बिस्तर;

(ख) कारीगरों के औजार;

(ग) लेखा बही;

(घ) यदि व्यतिक्रमी कृषक हो तो उसके कृषि कर्म के उपकरण, अन्न बीज और ऐसे पशु, जो उसके जीविकोपार्जन के लिए आवश्यक हो।

(3) करस्थम् अतिशयपूर्ण न होगा अर्थात् करस्थम् की गई सम्पत्ति का मूल्य, यथासम्भव, वारण्ट के अधीन वसूल की जा सकने वाली धनराशि के बराबर होगी और यदि ऐसी वस्तुओं का करस्थम् किया गया हो, जो उस व्यक्ति की राय में, जिसे धारा 169 की उपधारा (2) के द्वारा या अधीन वारण्ट पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, इस प्रकार करस्थम नहीं की जानी चाहिए थी तो उन्हें तुरन्त वापस कर दिया जायेगा।

(4) उक्त अधिकारी सम्पत्ति का अधिग्रहण करने पर तुरन्त उसकी तालिका बनायेगा तथा उसे हटाने के पूर्व उस व्यक्ति को, जिसके कब्जे में वह सम्पत्ति अधिग्रहण के समय रही हो, अनुसूची 6 में दिए प्रपत्र में एक लिखित नोटिस देगा कि उक्त सम्पत्ति बेच दी जायेगी, जैसा कि उक्त नोटिस में विनिर्दिष्ट किया जायेगा।

वारण्ट के अधीन वस्तु की बिक्री और आगम का उपयोग किया जाना

172–– जब अभिग्रहित सम्पत्ति शीघ्र और प्रकृत्या क्षयशील हो या जब उसे अभिरक्षा में रखने का व्यय वसूल की जाने वाली धनराशि सहित उसके मूल्य से अधिक हो जाने की सम्भावना हो तो अध्यक्ष या अन्य अधिकारी, जिसने वारण्ट पर हस्ताक्षर किये हों, तुरन्त उस व्यक्ति को, जिसके कब्जे से सम्पत्ति अधिग्रहीत की गई थी, इस आशय का एक नोटिस देगा कि उसे तुरन्त बेच दिया जायेगा और यदि वारण्ट में बताई गई धनराशि का तुरन्त भुगतान नहीं किया जाता है तो वह तद्नुसार उसे बेच देगा।

(2) यदि उपधारा (1) के अधीन सम्पत्ति तुरन्त न बेच दी जाये तो अभिग्रहीत सम्पत्ति या उसके पर्याप्त भाग को वारण्ट निष्पादित करवे वाले अधिकारी द्वारा तामील किए गए नोटिस में निर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर {नगरपालिका}₁ के आदेश के अधीन सार्वजनिक नीलाम द्वारा बेच दिया जायेगा, जब तक कि वारण्ट उस व्यक्ति द्वारा, जिसने उस पर हस्ताक्षर किए हों, निलम्बित न कर दिया जाये या व्यतिक्रमी से देय राशि का

नोटिस; वारण्ट और करस्थम् और सम्पत्ति को निरूद्ध रखने से सम्बन्धित सभी आनुषंगिक व्यय सहित, भुगतान न कर दिया जाये।

(3) अधिशेष को यदि कोई हो, तुरन्त {नगरपालिका}[1] निधि में जमा कर दिया जायेगा, इसके साथ–साथ इस प्रकार जमा किए गए अधिशेष की नोटिस उस व्यक्ति को, जिसके कब्जे से सम्पत्ति ली गई थी, दिया जायेगा किन्तु यदि नोटिस के दिनांक से एक वर्ष के भीतर {नगरपालिका}[1] को लिखित आवेदन–पत्र देकर इसका दावा किया जाय तो उसे ऐसे व्यक्ति को वापस कर दिया जायेगा। कोई रकम, जिसके सम्बन्ध में नोटिस के दिनांक से एक वर्ष के भीतर कोई दावा न किया जाये, {नगरपालिका}[1] की सम्पत्ति हो जायेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[4] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 173–177}

{नगरपालिका क्षेत्र} के बाहर सम्पत्ति के प्रति निष्पादन के मामले में प्रकिया

173–– (1) यदि किसी व्यतिक्रमी की या उस परिसर में, जिसके सम्बन्ध में उस पर {नगरपालिका क्षेत्र}[3] के कर निर्धारित किया गया हो, {नगरपालिका क्षेत्र}[3] के भीतर पर्याप्त जंगम सम्पत्ति, न पाई जाए तो जिला मजिस्ट्रेट {नगरपालिका}[2] के आवेदन पत्र पर, अपने न्यायालय के किसी अधिकारी को–

(क) व्यतिक्रमी की किसी ऐसी जंगम–सम्पत्ति के, जो उक्त मजिस्ट्रेट की अधिकारिता के किसी अन्य भाग में हो, करस्थम् और विक्रय के लिए; या

(ख) व्यतिक्रमी की किसी ऐसी जंगम–सम्पत्ति के, जो उत्तर प्रदेश में अधिकारिता का प्रयोग करने वाले किसी अन्य मजिस्ट्रेट की अधिकारिता में हो करस्थम और विक्रय के लिए, अपना वारण्ट जारी कर सकता है।

(2) उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन कार्यवाही की जाने की दशा में अन्य मजिस्ट्रेट इस प्रकार जारी किए गए वारण्ट को पृष्ठांकित करेगा और उसे निष्पादित करायेगा और वसूल की गई कोई धनराशि वारण्ट जारी करने वाले मजिस्ट्रेट को प्रेषित करायेगा, जो उसे {नगरपालिका}[2] को प्रेषित कर देगा।

भू–राजस्व के रूप में कर की वसूली

{173–क–– (1) जहां {नगरपालिका}[2] को किसी व्यक्ति से कर {तुरन्त मांग किए जाने बकाया के पर देय किसी कर}[1] से भिन्न के कारण कोई रकम देय हो तो {नगरपालिका}[2] वसूली के किसी अन्य ढंग पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कलेक्टर से ऐसी रकम को, कार्यवाही के व्यय सहित, वसूल करने के लिए आवेदन कर सकती है, मानो वह भू–राजस्व की बकाया थी।

(2) कलैक्टर, यह समाधान हो जाने पर कि उक्त रकम देय है, भू–राजस्व की बकाया के रूप में उसे वसूल करने की कार्यवाही करेगा।

फीस और व्यय

174–– (क) धारा 168 के अधीन जारी किए गए प्रत्येक नोटिस की फीस;

(ख) धारा 171 के अधीन किए गए प्रत्येक करस्थम् की फीस; और

(ग) उक्त धारा के अधीन अभिग्रहीत किसी पशुधन के भरण–पोषण का व्यय; राज्य सरकार द्वारा बनाई गई नियमावली में इस निमित्त क्रमशः विनिर्दिष्ट दरों पर प्रभार्य होगा और वसूली के व्यय में सम्मिलित किया जायेगा, जो धारा 169 के अधीन उद्ग्रहीत किया जायेगा।

व्यावृत्ति

175–– इस अधिनियम के अधीन किया गया कोई करस्थम् या विक्रय विधि विरूद्ध नहीं समझा जायेगा और न ऐसा कोई व्यक्ति, बिल, नोटिस, करस्थम् के वारण्ट, तालिका या उससे सम्बन्धित किसी अन्य कार्यवाही में कोई गलती, त्रुटि या प्रपत्र का अभाव होने के कारण अतिचारी समझा जायेगा।

वाद लाने की शक्ति

वैकल्पिक

176–– करस्थम् और विक्रय द्वारा कार्यवाही करने के बदले में या इससे सम्पूर्ण मांग या उसका कोई भागा वसूल न हो सकने की दशा में {नगरपालिका}[2], सक्षम अधिकारिता वाले

किसी न्यायालय में ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो उसका भुगतान करने के लिए देनदार हो, वाद ला सकती है।

करों में स्थावर सम्पत्ति का दायित्व

177–– भवन या भूमि या दोनों ही के वार्षिक मूल्य पर अधिरोपित कर के कारण देय समस्त धनराशि, जो उन पर सरकार को देय भू–राजस्व (यदि कोई हो) के पूर्व भुगतान के अधीन रहते हुए, ऐसे भवन या भूमि पर प्रथम प्रभार होगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1991 के अध्याय–दो की धारा 6 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 141 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

अध्याय 7

भवनों, सार्वजनिक नालियों, मार्गों, अग्निशमन संमार्जन और जल सम्भरण के बारे में शक्ति और शास्ति

भवन सम्बन्धी विनियम

भवन निर्माण करने या कुआं बनाने के आशय की नोटिस

178–– (1) कोई भी व्यक्ति {नगरपालिका क्षेत्र}₁ की सीमा के भीतर –

(क) किसी नये भवन का या किसी भवन के नये भाग का निर्माण करने; या

(ख) किसी भवन का पुनिर्माण करने या उसमें तात्विक परिवर्तन करने; या

(ग) कोई कुआं बनाने या उसमें विस्तार करने;

का कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व {नगरपालिका}₂ को अपने इस आशय की नोटिस देगा।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट नोटिस, जो किसी भवन के मामले में अपेक्षित हो, तभी आवश्यक होगी, जहां भवन किसी ऐसे सार्वजनिक मार्ग या स्थान या सम्पत्ति से, जो सरकार या {नगरपालिका} में निहित हो, संलग्न हो या उससे लगा हो, जब तक कि उस क्षेत्र में, जिसमें भवन स्थित हो, लागू किसी उपविधि द्वारा समस्त भवनों के लिए नोटिस देने की आवश्यकता न हो जाये।

(3) इस अध्याय और किसी उपविधि के प्रयोजनों के लिए किसी भवन में किए गए परिवर्तन को तात्विक माना जायेगा, यदि ––

(क) किसी भवन के स्थायित्व या उसकी सुरक्षा पर, भवन की दशा पर, उसको जल निस्तारण संवातन, सफाई या स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो या पड़ने की सम्भावना हो; या

(ख) उससे भवन की ऊंचाई या उसके द्वारा आच्छादित क्षेत्रफल या उसकी धन धारिता बढ़ जाती हो या घट जाती हो या उससे भवन में किसी कमरे की धन–धारिता किसी उपविधि में विहित न्यूनतम धन–धारिता से कम हो जाती हो; या

(ग) उसके कारण कोई ऐसा भवन या किसी भवन को ऐसा भाग, जो मूल रूप से अन्य प्रयोजनों के लिए निर्मित किया गया हो, मानवीय निवास स्थान के रूप में संपरिवर्तित हो जाता हो;

(घ) वह ऐसा परिवर्तन हो जो इस निमित्त बनाई गई किसी उपविधि द्वारा तात्विक परिवर्तन घोषित किया गया हो।

नोटिस को विधिमान्य बनाने के लिए अपेक्षित रेखांक और विनिर्देश

179–– (1) जहां कोई ऐसी उपविधि बनाई गई हो, जिसमें नोटिस के अतिरिक्त कोई सूचना और रेखांक विहित और अपेक्षित हो, वहां धारा 178 के अधीन दी गई कोई नोटिस तब तक विधिमान्य नहीं समझी जायेगी जब तक कि ऐसी उपविधि द्वारा अपेक्षित सूचना, यदि कोई हो, {नगरपालिका}₂ को समाधानप्रद रूप में प्रस्तुत न कर दी गयी हो।

(2) किसी अन्य मामले में {नगरपालिका}₂ धारा 178 के अधीन अपेक्षित नोटिस के प्राप्त होने के एक सप्ताह के भीतर उस व्यक्ति से, जिसने नोटिस दिया हो, यह अपेक्षा कर सकती है कि वह वर्तमान या प्रस्तावित भवन या भवन के भाग या कुएं का रेखांक, विनिर्देश तथा भूमि के स्थल का रेखांक ऐसे अन्य यथोचित ब्यौरों के साथ, जिन्हें {नगरपालिका}₂ अपनी अध्यपेक्षा में विहित करे, प्रस्तुत करे और ऐसी स्थिति में उक्त नोटिस तब तक विधिमान्य नहीं समझी जायेगी जब तक कि ऐसा रेखांक और विनिर्देश नगरपालिका को समाधानप्रद रूप में प्रस्तुत न कर दिए गए हों।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 141 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}₂ नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 180–180क}

{नगरपालिका}₁ द्वारा निर्माण कार्य की स्वीकृति

180–– (1) किसी उपविधि के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, {नगरपालिका}₁ द्वारा किसी ऐसे निर्माण कार्य को, जिसको धारा 178 के अधीन नोटिस दिया गया हो, या तो स्वीकृत करने से इंकार कर सकेगी या उसे पूर्ण रूप से अथवा निम्नलिखित निर्देशों के अधीन स्वीकृत कर सकेगी :–

(क) कोई ऐसे लिखत निर्देश, जिन्हें {नगरपालिका}₁ धारा 298 के शीर्षक 'क' के उपशीर्षक (ज) में उल्लिखित समस्त या किन्हीं विषयों के बारे में जारी करना उचित समझे; या

(ख) कोई ऐसा लिखित निर्देश, जिसके अनुसार किसी भवन या भवन के भाग को धारा 222 के अधीन विहित मार्ग की नियमित पंक्ति में या, उक्त धारा के अधीन कोई नियमित पंक्ति विहित न होने की दशा में, किसी निकटवर्ती भवन या भवनों के अग्रभाग की पंक्ति में पीछे हटाना अपेक्षित हो।

(2) उपधारा (1) के अधीन स्वीकृति देने से इंकार करने की दशा में, {नगरपालिका}₁ धारा 178 के अधीन नोटिस देने वाले व्यक्ति को लिखित रूप में अपनी स्वीकृति देने से इंकार करने के कारणों को संसूचित करेगी।

(3) यदि {नगरपालिका}₁, धारा 178 के अधीन कोई विधिमान्य नोटिस प्राप्त होने के पश्चात् एक मास तक उसके बारे में उपधारा (1) विनिर्दिष्ट प्रकार का आदेश जारी करने और उसे उस व्यक्ति को, जिसने उक्त नोटिस दिया हो, देने में उपेक्षा या चूक करें तो ऐसा व्यक्ति लिखित संसूचना द्वारा {नगरपालिका}₁ का ध्यान ऐसी अपेक्षा या चूक की ओर आकृष्ट कर सकता है और यदि उसे उपेक्षा या चूक पन्द्रह दिन की अग्रेत्तर अवधि पर्यन्त जारी रहे तो यह समझा जायेगा कि {नगरपालिका}₁ ने प्रस्तावित कार्य के लिए पूर्ण रूप से स्वीकृति दे दी है।

(4) प्रतिबन्ध यह है कि उपधारा (3) में दी गई किसी बात का अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि कोई व्यक्ति इस अधिनियम के या किसी उपविधि के उल्लंघन में कार्य करने के लिए प्राधिकृत है।

(5) कोई भी व्यक्ति ऐसे निर्माण कार्य को, जिसके बारे में धारा 178 के अधीन नोटिस दिया गया हो तब तक प्रारम्भ नहीं करेगा, जब तक कि इस धारा के अधीन उसकी स्वीकृति न दे दी गई हो या यह न समझ लिया जाये कि उसके लिए स्वीकृति दे दी गई है।

(6) {नगरपालिका}₁ उपधारा (1) के अधीन अपने द्वारा की गई किसी स्वीकृति को छः मास के भीतर रद्द या उपान्तरित कर सकती है, यदि यह पाया जाये कि उक्त स्वीकृति कपट या दुर्व्यपदेशन से प्राप्त की गई थी और तदन्तर्गतकृत किसी निर्माण कार्य के लिए यह समझा जायेगा कि वह बिना ऐसी स्वीकृति के किया गया है :

प्रतिबन्ध यह है कि किसी स्वीकृति को रद्द या उपान्तरित करने के पूर्व {नगरपालिका}₁ सम्बद्ध पक्ष को सुनवाई का यथोचित अवसर देगी।

कतिपय मामलों में आमोद स्थल के निर्माण की स्वीकृति देने के लिए

{180–क –– इस अधिनियम में या इसके अधीन बनायी गयी किसी उपविध में किसी बात के होते हुए भी, सार्वजनिक आमोद के किसी भवन के निर्माण या परिवर्द्धन के लिए स्वीकृति {नगरपालिका}₁ द्वारा राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन के सिवाय, नहीं दी जायेगी, यदि ऐसे भवन के

{नगरपालिका}[1] की का स्थल या प्रस्तावित स्थल – शक्ति पर निर्बन्धन

(क) निम्नलिखित से एक फलांग के अर्द्धव्यास के भीतर हो–

(एक) किसी आवासिक संस्था, जो किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था, जैसे कॉलेज, हाई स्कूल या कन्या विद्यालय से सम्बद्ध हो; या

(दो) कोई सार्वजनिक चिकित्सालय, जिसमें अन्तर्वासी रोगियों के लिये वृहत्त–कक्ष हो; या

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(तीन) किसी अनाथालय, जिसमें एक सौ या अधिक निवासी रहते हो; या

(ख) किसी ऐसे घनी आबादी वाले आवासिक क्षेत्र में हो, जो या तो अनन्य रूप से आवासिक क्षेत्र हो, या सामान्यतया कारबार के प्रयोजनों से सुभिन्न आवासिक प्रयोजनों के लिए आरक्षित हो, प्रयुक्त किया जाता हो; या

(ग) ऐसे क्षेत्र में स्थित हो, जो किसी अधिनियमित के अधीन किसी गृह निर्माण या नियोजन सम्बन्धी योजना के अन्तर्गत या अन्य प्रकार से आवासिक प्रयोजनों के लिए आरक्षित हो :

प्रतिबन्ध यह है कि किसी ऐसे भवन के, जिसे चलचित्र प्रदर्श के लिए प्रयुक्त करना आशयित हो, निर्माण करने की अनुज्ञा तब तक न दी जायेगी जब तक कि बोर्ड का यह समाधान न हो जाये कि लेखांकों और विनिर्देशन के लिए चलचित्र अधिनियम, 1918 के अधीन बनाई गई नियमावली के अनुसार स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है।}[1]

181–– (1) {नगरपालिका}[3] द्वारा धारा 180 के अधीन दी गई या दी गई समझी जाने वाली स्वीकृति की अवधि स्वीकृति एक वर्ष के लिए या इसके कम ऐसी अवधि के लिए, जो उपविधि द्वारा विहित की जाय, उपलब्ध रहेगी, {जब तक कि उसे नगरपालिका}[2] द्वारा एक वर्ष तक की अग्रेत्तर अवधि के लिए न बढ़ाया जाये।

(2) उक्त अवधि के समाप्त होने के पश्चात् प्रस्तावित निर्माण कार्य का प्रारम्भ ऐसी नई स्वीकृति के अनुसरण के सिवाय, जिसके लिए आवेदन किया गया हो और उसी धारा के अधीन स्वीकृति दी गई हो, नहीं किया जा सकेगा।

182–– {नगरपालिका}[3] अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी और यदि संकल्प द्वारा इस निमित्त कार्यों ऐसे निर्माण का निरीक्षण, जिनके स्वीकृति लिए हो प्राधिकृत किया जाय तो कोई अन्य सदस्य, अधिकारी या सेवक किसी निर्माण कार्य का, जिसके बारे में धारा 178 के अधीन नोटिस देना अपेक्षित हो, किसी भी समय पर बिना किसी चेतावनी के – अपेक्षित

(क) जब कि वह निर्माणाधीन हो ; या

(ख) ऐसी रिपोर्ट प्राप्त होने के एक मास के भीतर कि निर्माण कार्य पूरा हो गया है या ऐसी रिपोर्ट प्राप्त न होने पर, उसके पूरे हो जाने के बाद किसी भी समय, निरीक्षण कर सकता है।

183–– धारा 125 में किसी बात के होते हुए भी, धारा 178 के अधीन नोटिस देने वाला के व्यक्ति, {नगरपालिका}[3] द्वारा धारा 180 के अधीन दिए गए किसी आदेश के कारण हुई क्षति या हानि के लिए तब तक किसी प्रतिकर का हकदार न होगा, जब तक कि –– धारा 180 अधीन दिए गए आदेश के कारण क्षति के लिए प्रतिकर (क) उ किसी उपविधि का उल्लंघन होता या जनता या किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य या सुरक्षा पर उसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा; या

(ख) आदेश में धारा 180 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट प्रकार का निर्देश अन्तर्विष्ट न हो; या

(ग) वह आदेश ऐसा आदेश न हो, जिसके द्वारा किसी भवन के पुनः निर्माण के लिए इस आधार पर स्वीकृति देने से इंकार किया गया हो कि वह परिक्षेत्र के रेखांक या परिकल्पना के अनुपयुक्त है या ऐसे प्रयोजन के लिए आशयित है जो उस परिक्षेत्र के लिए अनुपयुक्त है या उससे धारा 298 के शीर्षक (क) के उपशीर्षक (च) के अधीन किसी उपविधि का उल्लंघन होता है।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1949 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}₄ नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 184–188}

धारा 180 के अधीन स्वीकृति का प्रभाव

184–– (1) धारा 180 के अधीन दी गई या दी गई समझी गई स्वीकृति से, ऐसे व्यक्ति को जिसको स्वीकृति दी गई हो या दी गई समझी गई हो, किसी दण्ड या ऐसे परिणाम से, जिसके लिए वह अन्यथा धारा 185, 186 या 222 के अधीन जिम्मेदार होता, छूट देने के अतिरिक्त कोई अधिकार या निर्योग्यता प्रदान न की जायेगी या समाप्त न की जायेगी और न वह विबन्ध या स्वीकृति के रूप में प्रवृत्त होगी या न उससे सम्पत्ति के किसी हक पर कोई प्रभाव पड़ेगा या उसका कोई विधिक प्रभाव चाहे जो हो, नहीं होगा।

(2) विशेषतः ऐसी स्वीकृति इस प्रकार प्रवर्तित नहीं होगी कि उससे कोई व्यक्ति ऐसी बाध्यता से मुक्त हो जाये, जो धारा 209 में निर्दिष्ट किसी संरचना के लिए पृथक स्वीकृति प्राप्त करने के लिए उक्त धारा के अधीन अधिरोपित की गई हो।

किसी भवन का अवैध निर्माण या परिवर्तन

185–– कोई भी व्यक्ति, जो धारा 178 द्वारा अपेक्षित नोटिस दिए बिना या धारा 180 की उपधारा (5) के उपबन्धों का या नगरपालिका के ऐसे आदेश का, जिसमें स्वीकृति देने से इंकार किया गया हो या धारा 180 के या किन्हीं उपविधियों के अधीन नगरपालिका द्वारा दिए गए किन्हीं लिखित निदेशों का उल्लंघन करके किसी भवन या भवन के भाग का निर्माण, पुनर्निमाण या उसमें कोई तात्विक परिवर्तन या किसी कुएं का निर्माण या विस्तार आरम्भ करे, जारी रखे या समाप्त करे, सिद्धदोष ठहराए जाने पर जुर्माने का भागी होगा, जो {एक हजार रुपये}₁ तक को सकता है, किन्तु जो न्यायालय के निर्माण में उल्लिखित विशेष और पर्याप्त प्रतिकूल कारणों के न होने पर, दो सौ पचास रुपये से कम न होगा।

निर्माण कार्य को रोकने तथा निर्मित भवन को गिरा देने की {नगरपालिका}₂ की शक्ति

186–– {नगरपालिका}₂ किसी भी समय किसी भूमि के स्वामी या अध्यासी को किसी भवन या भवन के भाग के निर्माण, पुनर्निर्माण या परिवर्तन या उसमें किसी कुएं के निर्माण या विस्तार की किसी ऐसी दशा में जहां नगरपालिका का यह विचार हो कि इस प्रकार का निर्माण, पुनर्निर्माण, परिवर्तन, निर्माण या विस्तार धारा 185 के अधीन कोई अपराध है, लिखित नोटिस देकर रोकने का निर्देश दे सकता है और इसी प्रकार, यथास्थिति ऐसे भवन या भवन के भाग या कुंए में परिवर्तन करने या उसे गिरा देने का, जिसे वह आवश्यक समझे, निर्देश दे सकता है।

अग्निशमन दल की स्थापना और उसका अनुरक्षण

187–– {नगरपालिका}₂ अग्निशमन दल की स्थापना और उसका अनुरक्षण कर सकेगी और ऐसे उपकरण, मशीन या आसूचना देने के साधनों की व्यवस्था कर सकेगी, जिन्हें वह आग लगने की रोकथाम और उसे बुझाने के लिए आवश्यक समझे।

अग्निशमन के लिए अग्निशमन दल तथा अन्य व्यक्तियों की शक्ति

188–– (1) किसी {नगरपालिका क्षेत्र}₃ में आग लगने के अवर पर कोई मजिस्ट्रेट, {नगरपालिका क्षेत्र}₃ का कोई सदस्य, {नगरपालिका क्षेत्र}₃ का अधिशासी अधिकारी, अभियंता या सचिव या अग्निशमक दल का कोई भी सदस्य, जो उसके कार्य संचालन का निर्देश दे रहा हो और (यदि कोई मजिस्ट्रेट, {नगरपालिका}₂ के सदस्य, {नगरपालिका क्षेत्र}₃ के अधिशासी अधिकारी, अभियंता या सचिव द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा की जाये) कान्स्टेबिल के रैंक के ऊपर का कोई पुलिस अधिकारी –

(क) किसी ऐसे व्यक्ति को, जो वहां उपस्थित रह कर अग्निशमन या जीव या सम्पत्ति को बचाने के कार्य संचालन में हस्तक्षेप करता है या अड़चन डालता है, हटा सकता है या हटाने का आदेश दे सकता है;

(ख) किसी ऐसे मार्ग या रास्ते को, जिसमें या जिसके निकट आग लगी हो, बन्द कर सकता है;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 141 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ग) आग बुझाने के प्रयोजनों के लिए या हौ या अन्य उपकरणों को ले जाने के लिए किसी भू–गृहादि को तोड़कर उसमें प्रवेश कर सकता है या उसे खुलवा या गिरा सकता है या उसे तोड़ने या खोलने या गिराने या प्रयुक्त करने के लिए कह सकता है;

(घ) मुख्य नल और नल बन्द करवा सकता है, जिससे उस स्थान पर और उसके निकट जहां आग लगी हो, जल का दबाव अपेक्षाकृत बढ़ जाये;

(ङ) दमकल के प्रभारी व्यक्ति से अनुरोध कर सकता है वह यथासम्भव सहायता करे; और

(च) सामान्यतया ऐसे उपाय कर सकता है, जो जीवन या सम्पत्ति के परीक्षण के लिए आवश्यक प्रतीत हो।

(2) कोई भी व्यक्ति किसी कार्य के लिए, जो उसने उपधारा (1) के अधीन सद्भाव से किया हो, क्षतिपूर्ति देने के लिए जिम्मेदार न होगा।

(3) ऐसी क्षति, जो इस धारा के अधीन अधिरोपित किसी कर्तव्य के पालन के लिए प्रदान शक्ति का प्रयोग करते समय हुई हो, अग्नि–बीमा की पॉलिसी के अर्थ में अग्नि से हुई क्षति समझी जायेगी।

सार्वजनिक नालियां

सार्वजनिक नालियों का निर्माण

189–– {नगरपालिका}1, {नगरपालिका क्षेत्र}2 के भीतर या धारा 120 की उपधारा (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, बाहर ऐसी नालियां बनवा सकेगी, जिसे नगरपालिका क्षेत्र को समुचित रूप से स्वच्छ रखने और उसके जल निस्सारण के लिए आवश्यक समझे और ऐसी नालियों को किसी मार्ग या स्थान से होकर या उसके आर पार या उसके नीचे से ले जो सकेगी और किसी भवन या भूमि के स्वामी या अध्यासी को युक्तियुक्त लिखित नोटिस देने के पश्चात् ऐसे भवन या भूमि से या उससे होकर या उसे नीचे ले जा सकेगी :

प्रतिबन्ध यह है कि किसी छावनी की सीमाओं के भीतर निर्माण राज्य सरकार के अनुमोदन के बिना और अन्यथा उसके, जिसमें उक्त छावनी स्थित हो, जनरल आफिसर कमॉंडिंग की सहमति के बिना या ऐसी सहमति के रोक दिये जाने की दशा में, केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना, किसी नाली का निर्माण नहीं किया जायेगा।

सार्वजनिक नालियों में परिवर्तन

190–– (1) {नगरपालिका}1 समय–समय पर किसी सार्वजनिक नाली को बढ़ा सकेगी, छोटा कर सकेगी, उसका मार्ग परिवर्तन कर सकेगी, उसे ढक सकेगी या उसमें किसी अन्य प्रकार से सुधार कर सकेगी और ऐसी किसी नाली का बनाया जाना रोक सकेगी, उसे बन्द कर सकेगी या अन्य प्रकार से सुधार कर सकेगी या हटा सकेगी।

(2) उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग इस शर्त के अधीन किया जायेगा कि {नगरपालिका}1 ऐसी किसी वर्तमान नाली के बदले, जिसका उपयोग करने से कोई व्यक्ति उक्त शक्ति का प्रयोग किए जाने से वंचित हो जाता हो, दूसरी ओर उतनी ही उपयुक्त नाली की व्यवस्था करेगी।

191–– (1) {नगरपालिका क्षेत्र}₂ में स्थित किसी भवन या भूमि का स्वामी या अध्यासी द्वारा अपनी नालियों को {नगरपालिका}₁ की नाली में गिराने का हकदार होगाः नीजि स्वामियों सार्वजनिक नालियों का प्रयोग

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 141 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

प्रतिबन्ध यह है कि इसके लिए वह पहले {नगरपालिका}₁ की लिखित अनुज्ञा प्राप्त कर ले और वह उन शर्तों का अनुपालन करे, जो उस उपविधि से संगत हो, जिसे {नगरपालिका}₁ ऐसे ढंग और अधीक्षण के सम्बन्ध में विहित करे, जिसके अनुसार और अधीन ऐसी नालियों को, जो {नगरपालिका}₁ में निहित न हो और {नगरपालिका}₁ में निहित नालियों को मिलाया जा सके।

(2) कोई भी व्यक्ति, {नगरपालिका}₁ की लिखित अनुज्ञा के बिना या बनाई गई किसी उपविधि का या किसी ऐसे निदेश या शर्त का, जो उपधारा (1) के अधीन दी गई हो या अधिरोपित की गई हो, उल्लंघन करके अपनी या किसी अन्य व्यक्ति की नाली को {नगरपालिका क्षेत्र}₂ में निहित नाली के साथ जोड़े या जुड़वाये या उसमें परिवर्तन कराए तो दोष–सिद्ध ठहराये जाने पर ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा होगा, जो पचास रुपये तक हो सकता है और {नगरपालिका}₁ लिखित नोटिस द्वारा ऐसे व्यक्ति से यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह इस प्रकार जोड़ी गई नाली को बन्द कर दे, परिवर्तित कर दे या फिर से बनवा दे या उसके सम्बन्ध में ऐसी अन्य कार्यवाही करे, जिसे वह उचित समझे।

192–– (1) जब किसी सार्वजनिक नाली के एक सौ फुट के भीतर स्थित किसी भवन के सार्वजनिक नालियों साथ

या भूमि का जल–निस्सारण किसी भी समय ऐसी नाली से या ऐसी नाली से पर्याप्त जल–निस्सारण का संयोजन नगरपालिका की शक्ति

जल–निस्सारण संयोजन से नगरपालिका के समाधानप्रद रूप में न हो तो नगरपालिका नोटिस द्वारा ऐसे भवन या भूमि के स्वामी या अध्यासी से वह अपेक्षा कर सकता है कि वह उक्त नाली से जल–निस्सारण का ऐसी रीति से संयोजन करे और उसका अनुरक्षण करे, जैसा कि नगरपालिका किसी उप–विधि के अधीन निदेश दे। कराने की

(2) धारा 306 से 312 (दोनों को सम्मिलित करते हुए) के उपबन्ध ऐसी किसी अध्यपेक्षा का अनुपालन करने में व्यतिक्रम किए जाने पर इस बात के होते हुए भी लागू होंगे कि भूमि का वह भाग, जिससे होकर उक्त निस्सारण संयोजन को ले जाना अपेक्षित हो, उस व्यक्ति का न हो, जिसने उक्त व्यतिक्रम किया हो, जब तक कि वह साबित न कर दे कि व्यतिक्रम उक्त अंतिम उल्लिखित भूमि के स्वामी या अध्यासी के कार्य के कारण हुआ था और उसने धारा 193 के अधीन नगरपालिका को आवेदन कर दिया है।

193–– (1) कोई अन्य व्यक्ति, जो यह चाहता हो कि उसकी भूमि पर वर्तमान या प्रस्तावित नाली किसी अन्य व्यक्ति के जो उससे संशक्त भवन या भूमि का स्वामी हो, भवन या भूमि से होकर या उसके नीचे से जाये या उसकी नाली से मिलाई जाय या नगरपालिका की नाली से मिलाई जाये, {नगरपालिका}₁ को आवेदन कर सकेगा। किसी अन्य व्यक्ति की भूमि से नाली ले जाने की किसी व्यक्ति की शक्ति

(2) उपधारा (1) के अधीन आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर, नगरपालिका उक्त अन्य व्यक्ति से विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर यह कारण बताने की अपेक्षा कर सकता है कि क्यों न आवेदक की नाली उसके भवन या भूमि से होकर या उसके नीचे से ले जायी जाय या उसकी नाली से जोड़ दी जाये।

(3) {नगरपालिका}₁, ऐसे व्यक्ति द्वारा की गई किसी आपत्ति की, यदि विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रस्तुत की जाये सुनवाई करेगा और तत्पश्चात् यदि उसका यह विचार हो कि नाली बनाई जानी चाहिए या जल–निस्सारण का संयोजन किया जाना चाहिए तो वह इस निमित्त आदेश अभिलिखित करेगा।

(4) उक्त आदेश में निम्नलिखित उपबन्धित किया जायेगा–

(क) वह अवधि, जिसमें पक्षकार नाली बनाने या जल–निस्सारण का संयोजन किए जाने के सम्बन्ध में कोई करार कर लेंगे;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 141 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ख) वह अवधि, जिसमें नाली बनाई जायेगी या जल–निस्सारण का संयोजन किया जायेगा;

(ग) सम्बन्धित पक्षकारों का नाली बन जाये या जल–निस्सारण संयोजन कर दिए जाने या उसके अनुरक्षण, मरम्मत और सफाई के लिए अपना–अपना उत्तरदायित्व; और

(घ) आवेदन करने वाले व्यक्ति द्वारा, यथास्थिति, भूमि, भवन या नाली के स्वामी को या तो किराये के रूप में अन्य प्रकार से देय धनराशि (यदि कोई हो)।

(5) यदि उपधारा (4) खण्ड (घ) के अधीन अधिनिर्णीत धनराशि एकमुश्त भुगतान करने के रूप में हो तो नगरपालिका उसे अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल कर सकेगी और वसूल की गई कोई धनराशि का भुगतान ऐसे व्यक्ति को कर सकेगी, जिसे वह देय हो। यदि किराया अधिनिर्णीत किया गया हो तो ऐसा व्यक्ति जिसे वह देय हो, उसे किसी अधिकारिता वाले सिविल न्यायालय में वाद लोकर वसूल कर सकेगी।

(6) यदि सम्बन्धित पक्षकार आदेश में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर करार करने में विफल रहते हैं या यदि नाली या जल निस्सारण के संयोजन का निर्माण उस अवधि के भीतर, जो उससे निर्माण के लिए विनिर्दिष्ट हो, नहीं किया जाता है तो {नगरपालिका}1 स्वयं उसका निर्माण कर सकेगी और उसकी लागत को आवेदक से अध्याय द्वारा उपबन्धित रीति से वसूल कर सकेगी।

भूमि के स्वामी का अपनी भूमि पर नाली को मोड़ने का अधिकार

194–– किसी ऐसी भूमि का स्वामी, जिसकी भूमि में या जिससे होकर या जिसके नीचे से कोई नाली पूर्ववर्ती धारा के उपबन्धों के अधीन ले जाई गई हो, किसी भी समय {नगरपालिका}1 की लिखित अनुज्ञा से और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो {नगरपालिका}1 अधिरोपित करे, स्वयं अपने व्यय से नाली को मोड़ सकेगा।

संमार्जन और सफाई

गृह संमार्जन की परिभाषा

195–– गृह संमार्जन का तात्पर्य, किसी गृह या भवन में रखे गए या उससे सम्बन्धित कूड़ेदान, संडास, मलकूप या ऐसे पदार्थों के लिए रखे गए अन्य, पात्र से गलीज, कूड़ा–करकट, दुर्गन्ध या अन्य घृणास्पद पदार्थ को हटाने से है।

{नगरपालिका}1 द्वारा संमार्जन आदि का कार्य त्यागना गृह पश्चात् अंगीकार करना और

196–– रूढ़िवाद सफाईकारों और कृषकों के अधिकारों के सम्बन्ध में इसमें इसके पश्चात् दिए गए उपबन्धों के अधीन रहते हुए {नगरपालिका}1 –

(क) सार्वजनिक नोटिस द्वारा ऐसे दिनांक से, जो नोटिस के जारी करने के पश्चात् दो मास से कम न हो {नगरपालिका क्षेत्र}2 में स्थित गृहों या भवनों के संमार्जन या विष्ठापूर्ण और प्रदूषित पदार्थ को संडास, मूत्रालय और मलकूप से संग्रह करने, हटाने और उसके निस्तारण का जिम्मा ले सकेगी।

(ख) सम्बन्धित पक्षकारों को सार्वजनिक नोटिस द्वारा या अन्यथा कम से कम दो मास की नोटिस देकर खण्ड (क) के अधीन दिए गए कार्य की जिम्मेदारी त्याग सकेगी;

(ग) अध्यासी के आवेदन–पत्र या उसकी सहमति से, किसी भी समय इस निमित्त उपविधि द्वारा निर्धारित निबन्धनों पर किसी गृह या भवन के गृह संमार्जन या किसी भवन में या भूमि पर संडास, मूत्रालयों ओर मलकूप से विष्ठापूर्ण और प्रदूषित पदार्थ क ` निस्तारण या

किसी भवन या भूमि से अन्य दुर्गन्धयुक्त पदार्थ, कूडा–करकट हटाने के कार्य का जिम्मा ले सकेगी; और

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 141 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(घ) अध्यासी को कम से कम दो मास की नोटिस के पश्चात् खण्ड (ग) के अधीन ली गई जिम्मेदारी त्याग सकेगी।

अंगीकार करने पर आपत्ति

197–– (1) किसी गृह या भवन या अध्यासी, जो धारा 196 के खण्ड (क) के अधीन जारी किए किसी नोटिस द्वारा प्रभावित हो, नोटिस जारी होने के बाद किसी भी समय उक्त गृह या भवन को नोटिस से अपवर्जित करने के लिये {नगरपालिका}₁ को आवेदन कर सकेगा।

(2) {नगरपालिका}₁ ऐसे आवेदन–पत्र पर विचार करगी और उसकी प्राप्ति से छः सप्ताह के भीतर उस पर आदेश जारी करेगा और ऐसे आदेश द्वारा उस गृह या भवन को नोटिस से अपवर्जित कर सकेगी।

(3) {नगरपालिका}₁ यह विनिश्चित करने के लिए कि किसी गृह या भवन को नोटिस से अपवर्जित किया जाय या नहीं, अन्य बातों के साथ–साथ अध्यासी द्वारा गृह समार्जन के लिए प्रबन्ध की दक्षता पर भी विचार करेगी।

नगरपालिका द्वारा संमार्जन कार्य अंगीकार कर लिए जाने के बाद उसे जारी रखना

198–– जब {नगरपालिका}₁ धारा 196 के अधीन किसी गृह या भवन के कार्य का भार अपने ऊपर ले तो वह तत्समय ऐसे गृह या भवन के अध्यासी की सहमति से या उसके बिना भी ऐसे गृह या भवन के संमार्जन का कार्य जारी रख सकेगी।

गृह संमार्जन के लिए नगरपालिका सेवकों की शक्ति

199–– संमार्जन कार्य के लिए नियोजित नगरपालिका के सेवक, सभी समुचित समय पर, नगरपालिका द्वारा जिम्मे के लिए गए गृह–संमार्जन कार्य के उचित सम्पादन के लिए आवश्यक सभी कार्य कर सकेंगे।

रूढ़िगत सफाईकारों और कृषकों के पक्ष में व्यावृत्ति

200–– धारा 196 में किसी बात के होते हुए भी नगरपालिका धारा 201 और 202 के उपबन्धों के अनुसरण के सिवाय––

(क) किसी ऐसे गृह या भवन की, जिसके संमार्जन कार्य का किसी सफाईकार को रूढ़िगत अधिकार को, सफाईकार की सहमति के बिना ऐसे संमर्जान कार्य का जिम्मा न लेगी; या

(ख) किसी ऐसे कृषक द्वारा, जो {नगरपालिका क्षेत्र में}₂ स्थित भूमि या उसने आसन्न किसी गांव की भूमि पर स्वयं खेती करता हो, अध्यासित किसी गृह या भवन के गृह संमार्जन का जिम्मा अध्यासी की सहमति के बिना नहीं लेगी।

रूढ़िगत सफाईकारों की उपेक्षा के लिए दण्ड

201–– (1) यदि किसी गृह या भवन संमापर्जन को रूढ़िगत अधिकार प्राप्त कोई सफाईदार (जिसे एतद्पश्चात् रूढ़िगत सफाईकार कहा गया है) उचित ढंग से संमार्जन कार्य नहीं करता है तो उस गृह या भवन का अध्यासी अथवा नगरपालिका किसी मजिस्ट्रेट से इसकी शिकायत कर सकती है।

(2) मजिस्ट्रेट शिकायत मिलने पर उसकी जांच करेगा और यदि उसे प्रतीत हो कि रूढ़िगत सफाईकार ने सम्बन्धित गृह या भवन का संमार्जन उचित ढंग से या समुचित अन्तराल पर नहीं किया है तो वह ऐसे सफाईकार पर जुर्माना कर सकेगा, जो दस रुपये

तक हो सकेगा और उसी गृह या भवन के सम्बन्ध में दूसरी बार या बाद में दोषसिद्ध ठहराए जाने पर, यह भी निदेश दे सकेगा कि उक्त गृह या भवन का संमार्जन का रूढ़िगत सफाईकार का अधिकार समपहृत कर दिया जाय और तदुपरान्त ऐसा अधिकार समपहृत कर लिया जायेगा :

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 142 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

प्रतिबन्ध यह है कि इस उपधारा के अधीन किसी भी प्रक्रम पर मामले के लम्बित रहने में मजिस्ट्रेट {नगरपालिका}₁ को इस मामले में उसके द्वारा अन्तिम आदेश दिए जाने तक ऐसे गृह या भवन के संमार्जन का जिम्मा लेने का प्राधिकार दे सकेगा।

कृषकों द्वारा व्यतिक्रम किए जाने के मामले में प्रकिया

202–– (1) यदि कोई कृषक, जो {नगरपालिका क्षेत्र}₂ में या उससे आसन्न किसी गांव की भूमि पर स्वयं खेती करता है, अपने द्वारा अध्यासित किसी गृह या भवन के संमार्जन की उचित व्यवस्था नहीं करता है तो {नगरपालिका}₁ किसी मजिस्ट्रेट से इसकी शिकायत कर सकेगी।

(2) मजिस्ट्रेट शिकायत मिलने पर उसकी जांच करेगा और यदि उसे यह प्रतीत हो कि कृषक ने गृह या भवन के संमार्जन की उचित व्यवस्था नहीं की है तो वह {नगरपालिका}₁ को उसका जिम्मा लेने के लिये आदेश द्वारा सशक्त कर सकता है और तदुपरान्त {नगरपालिका}₁ उक्त गृह या भवन के संमार्जन का जिम्मा लेने का हकदार हो जायेगा।

ऐसे स्थल पर, जो सार्वजनिक या असार्वजनिक मार्ग से संशक्त न हो, किसी भवन का निर्माण करने के पूर्व मार्ग का विन्यास करने और उसे बनाने की व्यवस्था

203–– सिवाय ऐसी दशा के जब कोई स्थल किसी सार्वजनिक या निजी मार्ग से किसी संशक्त हो, यदि कोई व्यक्ति जो ऐसी भूमि का स्वामी हो या उस पर कब्जा रखता हो, जिसका उपयोग उस समय तक भवन निर्माण के प्रयोजनार्थ न किया गया हो, ऐसी भूमि या निर्माण उसके किसी भाग को भवन निर्माण के स्थल के रूप में उपयोग करने, विक्रय करने, पट्टे पर का देने या किसी अन्य रीति से हस्तान्तरित करने का विचार करे तो वह ऐसे स्थल का उपयोग उसे करने, विक्रय करने, पट्टे पर देने या अन्य रीति से हस्तान्तरित करने के पूर्व ऐसे मार्ग का विन्यास करेगा और उसे बनायेगा, जो ऐसे स्थल को किसी वर्तमान सार्वजनिक या निजी मार्ग से मिला देगा।

मार्ग का विन्यास और उसे बनाने की अनुज्ञा

204–– (1) प्रत्येक व्यक्ति किसी ऐसे नये मार्ग का विन्यास करने या उसे बनाने के पूर्व करने {नगरपालिका}₁ को एक लिखित आवेदन–पत्र प्रस्तुत करेगा, जिसमें वह ऐसे मार्ग का विन्यास अनुज्ञा करने या उसे बनाने की अनुज्ञा मांगेगा और ऐसे आवेदन–पत्र के साथ रेखांक प्रस्तुत करेगा, जिसमें निम्नांकित विवरण दिया जायेगा ––

(क) मार्ग का प्रस्तावित तल, दिशा और चौड़ाई;

(ख) मार्ग संरेखण तथा भवन पंक्ति और साथ ही आवेदन–पत्र में यह भी उल्लेख किया जायेगा कि मार्ग को समतल करने, उसमें खडंजा लगाने, पक्का करने, उसमें चौरस पत्थर बिछाने, मोरियां बनाने, सीवर डालने, नालियां बनाने, संमार्जन तथा रोशनी के लिए क्या प्रबन्ध किया जायेगा।

(2) सार्वजनिक मार्ग का तल और उसकी चौड़ाई तथा उससे संशक्त भवन की ऊंचाई के सम्बन्ध में इस अधिनियम तथा तदन्तर्गत बनाई गई किसी नियमावली या उपविधि के उपबन्ध, उपधारा (1) में उल्लिखित मार्ग पर लागू होंगे और उक्त उपधारा में निर्दिष्ट समस्त अन्य विवरण नगरपालिका के अनुमोदन के अधीन होंगे।

(3) {नगरपालिका}₁ उपधारा (1) के अधीन किसी आवेदन–पत्र की प्राप्ति के दिनांक से सात दिन के भीतर या तो मार्ग का विन्यास करने या उसे बनाने के कार्य की स्वीकृति ऐसी शर्तों पर देगी जिन्हें वह अधिरोपित करना उचित समझे, या उसे अस्वीकृत

कर देगी या उसके सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट युक्तियुक्त अवधि के भीतर अग्रेत्तर सूचना मांगेगी।

(4) ऐसी स्वीकृति देने से इंकार किया जा सकेगा –

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 142 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(एक) यदि प्रस्तावित मार्ग किसी ऐसे प्रबन्ध के प्रतिकूल पड़ता हो, जो मार्ग के उन्नयन को किसी सामान्य योजना को कार्यान्वित करने के लिए किए गए हों या {नगरपालिका}1 की राय में, जिनके किए जाने की सम्भावना हो; या

(दो) यदि प्रस्तावित मार्ग उपधारा (2) में निर्दिष्ट अधिनियम, नियमावली और उपविधियों के उपबन्धों के अनुरूप न हो; या

(तीन) यदि प्रस्तावित मार्ग की परिकल्पना इस प्रकार न की गई हो कि उसका कम से कम एक सिरा किसी सार्वजनिक मार्ग या ऐसे निजी मार्ग से मिलता हो जो पहले से सार्वजनिक मार्ग से सम्बद्ध हो।

(5) कोई भी व्यक्ति {नगरपालिका}1 के आदेश के बिना या अन्यथा उक्त आदेश की अनुरुपता से भिन्न, किसी नए निजी मार्ग या सड़क का न तो विन्यास करेगा और न उसे बनायेगा। यदि उपधारा (3) के अधीन अग्रेत्तर सूचना मांगी जाय तो मार्ग का विन्यास या उसे बनाने का कार्य तब तक प्रारम्भ नहीं किया जायेगा जब तक किसी ऐसी सूचना प्राप्त हो जाने के बाद आवेदन–पत्र पर आदेश न दिए गए हो :

प्रतिबन्ध यह है कि {नगरपालिका}1 ऐसी समस्त सूचना प्राप्त हो जाने के बाद, जिसे वह आवेदन–पत्र के अन्तिम निस्तारण के लिए आवश्यक समझे, उक्त आदेश दिए जाने में किसी भी दशा में तीस दिन से अधिक विलम्ब नहीं करेगी।

कतिपय मामलों में मार्ग के विन्यास और निर्माण {नगर–पालिका}1 के लिए

205–– यदि {नगरपालिका}1, धारा 204 की उपधारा (1) के अधीन कोई आवेदन–पत्र किसी प्राप्त करने के बाद साठ दिन तक उपेक्षा या चूक करे या यदि अग्रेत्तर सूचना मांगने के लिए उपधारा (3) के अधीन कोई आदेश दिया गया हो, ऐसे आदेश में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उपेक्षा या असफल होने की ओर आकृष्ट कर सकेगा और यदि ऐसी चूक, उपेक्षा या असफलता तीस दिन की अग्रेत्तर अवधि तक जारी रहे तो यह समझा जायेगा कि {नगरपालिका}1 ने प्रस्तावित मार्ग विन्यास और निर्माण के लिए पूर्ण रूप से स्वीकृति दे दी है :

प्रतिबन्ध यह है कि यहां दी गई किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि इससे किसी व्यक्ति को इस अधिनियम का या किसी उपविधि का उल्लंघन करने का प्राधिकार है।

स्वीकृति की अवधि

206–– (1) धारा 204 और 205 के अधीन {नगरपालिका}1 द्वारा दी गई या समझी गई स्वीकृति एक वर्ष तक रहेगी।

(2) उपर्युक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्रस्तावित मार्ग का कार्य पूर्ववर्ती धाराओं के अधीन अग्रेत्तर स्वीकृति के लिए आवेदन करने और प्रदत्त स्वीकृति के अनुसरण के सिवाय प्रारम्भ नहीं किया जायेगा।

मार्ग का अवैध निर्माण

207–– जो कोई व्यक्ति, धारा 204 द्वारा अपेक्षित नोटिस दिए बिना या धारा 205 के अधीन नगरपालिका द्वारा दिए गए लिखित निदेश या किसी उपविधि या इस अधिनियम के किसी उपबन्ध का उल्लंघन करके किसी मार्ग का विन्यास या निर्माण आरम्भ करता है, उसे जारी रखता है या पूरा करता है, उसे जारी रखते है या पूरा करता है, दोष–सिद्ध ठहराए जाने पर ऐसे जुर्माने का भागी होगा, जो पांच सौ रुपये तक हो सकेगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

बिना स्वीकृति के बने मार्ग और उसे में परिवर्तन करने तोड़ देने की {नगरपालिका}₁ की शक्ति

208–– (1) यदि कोई व्यक्ति धारा 204 में निर्दिष्ट किसी मार्ग का विन्यास या निर्माण {नगरपालिका}₁ का आदेश प्राप्त किए बिना या उसके आदेश की अनुरूपता से भिन्न रूप में करे तो नगरपालिका ऐसे किसी अभियोजन के होते हुए भी, जो इस अधिनियम के अधीन अपराधी के विरूद्ध चलाया गया हो, लिखित नोटिस द्वारा ––

(क) अपराधी से अपेक्षा कर सकेगी कि वह ऐसी नोटिस में विनिर्दिष्ट दिनांक को या उसके पूर्व अपने हस्ताक्षर से और {नगरपालिका}₁ को भेजे गए लिखित विवरण द्वारा इस बात का पर्याप्त कारण बताए कि ऐसे मार्ग को {नगरपालिका}₁ के समाधानप्रद रूप में क्यों न परिवर्तित कर दिया जाय या यदि ऐसा परिवर्तन व्यवहार्य न हो तो ऐसे मार्ग को क्यों न तोड़ दिया जाये; या

(ख) अपराधी से अपेक्षा कर सकेगी कि वह या तो स्वयं या सम्यक रूप प्राधिकृत किसी अभिकर्ता द्वारा ऐसे दिनांक और ऐसे समय तथा स्थान पर, जो नोटिस में विनिर्दिष्ट किया जाये {नगरपालिका}₁ के समक्ष उपस्थित हो और यथापूर्वोक्त कारण बताये।

(2) यदि कोई व्यक्ति जिसे नोटिस दिया गया हो, {नगरपालिका}₁ के समाधानप्रद रूप में पर्याप्त कारण बताने में असफल रहता है तो {नगरपालिका}₁ ऐसा आदेश दे सकेगी, जिसमें ऐसे मार्ग को परिवर्तित करने या होड़ देने का, जैसा कि वह उचित समझे निदेश दिया गया हो।

मार्गों और नालियों के ऊपर प्रक्षेप के लिए {नगरपालिका}₁ स्वीकृति

209–– (1) राज्य सरकार द्वारा बनाई गई किसी नियमावली के अधीन रहते हुए, जिसमें नगरपालिका द्वारा मार्गों या नालियों के ऊपर प्रक्षेप की स्वीकृति देने की शर्त दी गई हो, {नगरपालिका}₁ ––

(क) मार्गों में या उन पर स्थिति भवन के स्वामियों या अध्यासियों को भवन की किसी ऊपरी मंजिल दीवाल से आगे उस सीमा तक जैसा कि ऐसी उपविधियों में विहित हो, खुले बरामदे, छज्जे या कमरों का निर्माण या पुनर्निर्माण करने की; और

(ख) किसी भवन या भूमि स्वामी या अध्यासी को किसी प्रक्षेप या संरचना का निर्माण या पुनर्निर्माण करने की, जिससे वह मार्ग में किसी नाली पर या उसके ऊपर उस सीमा तक और शर्तों के अनुसार जो उसी रीति से विहित हो, अवलम्बित हो या प्रक्षेपित हो या उसका अतिक्रमण करता हो, लिखित अनुज्ञा दे सकेगी, जहां ऐसी अनुज्ञा देने के लिए उपविधि में उपबन्ध किया गया हो।

(2) उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन अनुज्ञा देने में {नगरपालिका}₁ वह सीमा जहां तक और वे शर्तें जिनके अधीन ऐसे मार्गों के ऊपर किन्हीं छतों, गर्त, ऋतु फलक, दुकान के पट्टे तथा तत्सदृश प्रक्षेप की अनुमति दी जा सकेगी, विहित कर सकेगी।

मार्ग या नाली के ऊपर बिना अनुज्ञा के प्रक्षेपण के निर्माण के लिए शास्ति

210–– धारा 209 में निर्दिष्ट किसी ऐसे प्रक्षेप या संरचना का तद्द्वारा अपेक्षित अनुज्ञा के बिना या तद्धीन दी गई किसी अनुज्ञा के उल्लंघन में निर्माण या पुनर्निर्माण करने वाला व्यक्ति दोषसिद्व ठहराए जाने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो एक हजार रुपये तक हो सकता है और किसी ऐसे प्रतिकूल विशेष और पर्याप्त कारण के न होने पर, जो न्यायालय के निर्णय में उल्लिखित किया जायेगा, दो सौ पचास रुपये से कम न होगा।

सड़कों और नालियों पर

211–– (1) नगरपालिका नोटिस द्वारा किसी भवन के स्वामी या अध्यासी के किसी

मार्ग में या उसमें किसी नाली, सीवर या जल सेतु में या उस पर या उसके ऊपर अवलम्बित, प्रक्षेपित या अतिक्रमण करने वाले किसी प्रक्षेप या संरचना को हटाने या उसे परिवर्तित करने की अपेक्षा कर सकेगी : अतिक्रमण और प्रक्षेपण हटाने की शक्ति

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}4 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 212–213}

प्रतिबन्ध यह है कि 10 मार्च, 1900 को या उसके पूर्व वैधतः विद्यमान किसी ऐसे प्रक्षेप या संरचना की दशा में {नगरपालिका}1 उसे हटाए जाने या परिवर्तित करने के कारण किसी नुकसान के लिए प्रतिकर देगा, जो उसके निर्माण और गिराए जाने की लागत का दस गुना से अधिक न होगा।

मार्ग को समतल करने या खड़ंजा लगाने आदि की अपेक्षा करने की शक्ति

212–– (1) यदि कोई नीजि मार्ग या उसका भाग {नगरपालिका}1 के समाधानप्रद रूप में समतल न किया गया हो, उस पर खडंजा न बिछाया गया हो, उसे पक्का न किया गया हो, उस पर पत्थर की पटनी न बनायी गयी हो, उसकी नालियां न बनायी गयी हो, उस पर सीवर न डाला हो, उसका जल निस्तारण, समार्जन न होता हो या उस पर रोशनी न हो तो {नगरपालिका}1 नोटिस द्वारा ऐसे भू–गृहादि या भूमि के, जो उक्त मार्ग या उसके भाग के सामने या उससे संशक्त हो, स्वामियों और अध्यासियों से अपेक्षा कर सकेगी कि वे ऐसा निर्माण–कार्य, जो {नगरपालिका}1 की राय में आवश्यक हो और ऐसे समय के भीतर कार्यान्वित करे, जो नोटिस में विनिर्दिष्ट किया गया हो।

(2) यदि ऐसा निर्माण कार्य नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर कार्यान्वित न किया जाये तो {नगरपालिका}1 यदि वह उचित समझे, उसे निष्पादित कर सकेगी और उपगत व्यय, अध्याय 6 के अधीन व्यतिक्रम करने वाले स्वामियों या अध्यासियों से उनसे सम्बन्धित भू–गृहादि या भूमि के अग्रभाग के अनुसार और ऐसे अनुपात में, जो नगरपालिका द्वारा तय किया जायेगा।

(3) यदि कोई मार्ग पूर्ववर्ती उपधाराओं के उपबन्धों के अधीन सततल किया गया हो, उस पर खडंजा बिछाया गया हो, उसे पक्का किया गया हो, उस पर पत्थर की पटरी बनाई गई हो, उसी नालियां बनाई गई हो उसमें सीवर डाला गया हो, उसका जल निस्सारण, सम्मार्जन होता हो और उसमें प्रकाश की व्यवस्था हो तो ऐसा मार्ग उसके कम से कम तीन–चौथाई स्वामियों द्वारा अधियाचन किये जाने पर सार्वजनिक मार्ग घोषित कर दिया जायेगा।

{नगरपालिका क्षेत्र}2 के बाहर, भवन और नालियों के निर्माण को तथा विनियमित करने की {नगरपालिका}1 की शक्ति

{212–क–– इस अधिनियम में अन्यत्र किसी बात के होते हुए भी, {नगरपालिका}1 ऐसी के शर्तों और परिसीमा के अधीन, जो विहित किए जायं, {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}3 के बाहर पांच मील की दूरी तक किसी भवन, मार्ग या नाली के निर्माण को इस अध्याय के अधीन नियंत्रित करने की नियंत्रित कर सकेगी।

भवन आदि के निर्माण में मार्गों के संरक्षण की अपेक्षा करने की शक्ति

213–– (1) कोई व्यक्ति {नगरपालिका}1 की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना न तो किसी पेड़ को, न किसी पेड़ की शाखा को काटेगा, न किसी भवन या भवन के किसी भाग का निर्माण या पुनर्निर्माण करेगा या न उसे गिरायेगा, न किसी भवन में कोई परिवर्तन करेगा या उसके बाहरी भाग की मरम्मत करेगा, जहां इस प्रकार के कार्य के कारण मार्ग का उपयोग करने वाले किसी व्यक्ति को कोई बाधा, खतरा या क्षोभ हो या बाधा, खतरा या क्षोप होने का जोखिम हो।

(2) {नगरपालिका}1 नोटिस द्वारा किसी भी समय किसी ऐसे व्यक्ति से, जो उपधारा (1) में निर्दिष्ट कोई कार्य कर रहा हो या करने वाला हो, यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह उक्त कार्य आरम्भ करने या कार्य को जारी रखने से तब तक विरत रहे जब तक कि वह नोटिस से यथा–विनिर्दिष्ट सूचन का अनुरक्षण न

करे और सूर्यास्त से सूर्योदय तक पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था न करे और अग्रत्तर किसी भी समय पर नोटिस द्वारा नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर, उपर्युक्त किसी कार्य की प्रत्याशा में लगाये गये किसी परदे या विज्ञापन–पट्ट को हटाने की अपेक्षा कर सकेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 143(क) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 143 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) जो कोई भी उपधारा (1) के उपबन्धों का उल्लंघन करे, वह दोषसिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पांच सौ रुपये तक हो सकेगा और अग्रत्तर जुर्माने से जो पहली बार दोषसिद्ध ठहराए जाने के दिनांक के पश्चात् लगातार उल्लंघन करने के दिनांक तक प्रतिदिन दस रुपये तक हो सकेगा।}1

पेड़ और झाड़ियों काटने और छांने की अपेक्षा करने की शक्ति

214–– {नगरपालिका}2 नोटिस द्वारा किसी भूमि के स्वामी या अध्यासी से किसी भूमि को पर और मार्ग के किनारे उगी झाड़ियों को ऐसी भूमि पर उगे पेड़ की किसी शाखा को, जो मार्ग पर लटकती हो और जिसे उसमें बाधा पड़ती हो या खतरा उत्पन्न होता हो, कांटने या छांटने की अपेक्षा कर सकेगी।

आकस्मिक बाधा को हटाने की शक्ति

215–– जब कोई नीजि गृह, दीवार या अन्य निर्माण या उसमें लगी हुई कोई वस्तु या कोई वस्तु या पेड़ गिर जाये और उससे किसी सार्वजनिक नाली पर बाधा पड़े या कोई मार्ग अवरूद्ध हो तो {नगरपालिका}2 ऐसी दशा में बाधा या अवरोध को उक्त गृह के स्वामी के व्यय पर हटवायेगी और उक्त व्यय को कोई अध्याय 6 में व्यवस्थित रीति से वसूल करेगी या नोटिस द्वारा उक्त स्वामी से नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर हटाने की अपेक्षा कर सकेगी।

मार्ग को प्रभावित करने वाले नावों और जल निस्सारण के नलों का विनियमन

216–– {नगरपालिका}2 नोटिस द्वारा किसी मार्ग से संशक्त किसी भवन या भूमि के स्वामी या अध्यासी से यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह उक्त भवन या भूमि में जल ग्रहण करने और उसे बाहर ले जाने और उसका ऐसी रीति से निस्सारण करने के लिए जैसा कि {नगरपालिका}2 ठीक समझे, समुचित नांद और नल लगवाये और उन्हें ठीक हालत में रखे, जिससे कि मार्ग पर चलने वालों को कोई असुविधा न हो।

मार्गों का नामकरण और भवनों का संख्यांकन

217–– (1) {नगरपालिका}2 ––

(क) {विहित प्राधिकारी के पूर्वानुमोदन से}1 किसी मार्ग का कोई नाम या नया नाम रख सकेगी; और

(ख) किसी भवन पर उसका नाम या नया नाम ऐसी स्थिति में, जैसा कि वह ठीक समझे, लगवा सकेगी या चिन्हित करवा सकेगी; या

(ग) लिखित नोटिस द्वारा किसी भवन के स्वामी या अध्यासी से यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह उक्त भवन पर {नगरपालिका}2 द्वारा अनुमोदित नमूने की एक संख्या पट्टिका (नम्बर प्लेट) या नयी संख्या पट्टिका लगवाये या {नगरपालिका}2 स्वयं किसी भवन पर कोई संख्या या नई संख्या लगवा सकेगी या चिन्हित कर सकेगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन किसी भवन पर लगाये या चिन्हित किये गये किसी नाम या संख्या पट्टिका को यदि कोई व्यक्ति नष्ट करेगा, गिराएगा विरूपित या परिवर्तित करेगा या किसी भवन पर {नगरपालिका}2 के आदेश द्वारा या उसके अधीन लगाए या चिन्हित किए गए नाम या संख्या से भिन्न कोई नाम या संख्याय लगायेगा या चिन्हित करेगा तो वह दोषसिद्ध ठहराए जाने पर ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो {दो सौ पचास रुपये}1 तक हो सकेगा।

भवन आदि में ब्रेकेट लगाने की

218–– (1) {नगरपालिका}2 किसी परिसर में या किसी भवन के बाहरी भाग में या

किसी पेड़ पर ––

शक्ति

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}$_2$ नगरपालिका अधिनियम, 1916}

{धारा 219}

(क) तेल, गैस, बिजली या अन्य बत्तियों के लिए खम्भे, ब्रेकेट या अन्य टेक लगा सकेगी;

(ख) टेलीग्राफ के तार, टेलीफोन के तार या रेल इंजन के प्रयोजनार्थ बिजली के तारों के लिए खम्भे, ब्रेकेट या अन्य टेक लगा सकेगी; या

(ग) ऐसे साफ्ट या नल लगा सकेगी, जो नालियों ओर जलकल के उचित संवातन के लिए आवश्यक समझे जायें :

(2) प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे टेक, साफ्ट और नल इस प्रकार न लगाये या जोड़े जायेंगे कि उनसे क्षति या असुविधा हो और उक्त कार्य, यथासम्भव, भारतीय तार अधिनियम, 1885 से किन्हीं ऐसे उपबन्धों के अधीन किया जायेगा, जो किसी तार की लाईन या खम्भे लगाने, हटाने या बदलने के सम्बन्ध में लागू होते हों।

सार्वजनिक मार्ग

सार्वजनिक मार्ग पर का निर्माण

219–– {नगरपालिका}$_1$ – (क) किसी स्थल करने, सुधार करने और उसकी व्यवस्था करने की शक्ति

नए मार्ग का विन्यास और निर्माण कर सकेगी और सुरंग और उससे समनुषंगी अन्य निर्माण कार्य कर सकेगी; और

(ख) किसी वर्तमान मार्ग को, यदि वह {नगरपालिका}$_1$ में निहित हो, चौड़ा कर सकेगी, बढ़ा सकेगी, उसका विस्तार, परिवर्तन कर सकेगी या अन्य प्रकार से उसमें सुधार कर सकेगी; और

(ग) इस प्रकार निहित किसी सार्वजनिक मार्ग को घुमा सकेगी, उसे समाप्त या बन्द कर सकेगी; और

(घ) उपर्युक्त खण्ड (क), (ख) और (ग) के अधीन {नगरपालिका}$_1$ द्वारा या राज्य सरकार द्वारा बनाए गए, चौड़ा किए गए, बढ़ाए गए, विस्तार किए गए, परिवर्द्धित या सुधारे गए, किसी सार्वजनिक मार्ग से संसक्त या आसन्न ऐसे आयाम के, जिसे वह उचित समझे, भवन स्थलों की व्यवस्था, स्वविवेकानुसार कर सकेगी; और

(ङ) किसी ऐसे नियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, जिसमें ऐसी शर्त विहित की गई हो, जिन पर {नगरपालिका}$_1$ द्वारा कोई सम्पत्ति अर्जित की जा सकेगी, किसी ऐसी भूमि को उस पर बने भवन सहित अर्जित कर सकेगी, जिसे वह पूर्ववर्ती खण्डों द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके आरम्भ की गई या बनाई गई किसी योजना या निर्माण कार्य के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझे; और

(च) किसी ऐसे नियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए जिसमें ऐसी शर्तें विहित की गई हों, जिनके आधार पर {नगरपालिका}$_1$ में निहित सम्पत्ति अन्तरित की जा सके, खण्ड (ङ) के अधीन {नगरपालिका}$_1$ द्वारा अर्जित किसी को या {नगरपालिका}$_1$ द्वारा सार्वजनिक मार्ग के लिए सम्पत्ति प्रयुक्त किसी भूमि को और जो अब उसके लिए अपेक्षित न हो, पट्टे पर दे सकेगी, बेच सकेगी या अन्यथा निस्तारित कर सकेगी और ऐसा करने में वह उस भूमि पर किसी वर्तमान भवन को हटाने उस पर निर्माण किए जाने वाले किसी नए भवन का विवरण देने, ऐसी अवधि के, जिसके भीतर ऐसे नए भवन का निर्माण पूरा किया जायेगा और ऐसे अन्य विषय के सम्बन्ध में जिसे वह ठीक समझे, कोई शर्त अरोपित कर सकेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

विक्रेताओं और अन्य व्यक्तियों द्वारा सार्वजनिक मार्ग का उपयोग

220–– किसी {नगरपालिका क्षेत्र}[2] में (पहले से) अर्जित, प्रोद्भूत या उपयुक्त, किसी ऐसे अधिकार या विशेषाधिकार के होते हुए भी, जिसके लिए धारा 298 के शीर्षक (ङ) के उपशीर्षक (ख) के अधीन कोई उपविधि बनायी गई और प्रवृत्त हो, कोई भी परिभ्रामी विक्रेता या कोई अन्य व्यक्ति ऐसी उपविधि के अनुसार दी गई {नगरपालिका}[1] की अनुज्ञा के बिना वस्तुओं के विक्रय के लिए या किसी आजीविका के लिए या कोई बूथ या स्टाल लगाने के लिए किसी सार्वजनिक मार्ग या स्थान का उपयोग या अध्यासन करने का हकदार न होगा।

किसी मार्ग को सार्वजनिक मार्ग के रूप में अंगीकार करना

221–– (1) {नगरपालिका}[1] किसी भी समय और जब धारा 212 की उपधारा (3) के अधीन अधियाचन द्वारा अपेक्षा की जाये, किसी मार्ग, जो सार्वजनिक मार्ग न हो या ऐसे मार्ग के किसी भाग पर सार्वजनिक नोटिस लगा कर उसे सार्वजनिक मार्ग घोषित करने के अपने आशय की सूचना दे सकेगी और देगी। ऐसी नोटिस लगाए जाने के पश्चात् आगामी दो मास के भीतर ऐसे मार्ग या मार्ग के किसी भाग या उसके अपेक्षाकृत बड़े भाग का स्वामी या स्वामीगण उक्त नोटिस के विरूद्ध {नगरपालिका}[1] कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। {नगरपालिका}[1] प्रस्तुत की गई आपत्ति पर विचार करेगी और यदि वह उन्हें अस्वीकृत कर दे तो ऐसा मार्ग या उसके ऐसे भाग पर अग्रत्तर सार्वजनिक नोटिस लगवाकर उसको एक सार्वजनिक मार्ग घोषित कर सकेगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन अपेक्षित कोई सार्वजनिक नोटिस मार्ग पर लगाये जाने के अतिरिक्त किसी स्थानीय समाचार–पत्र (यदि कोई हो) में या ऐसी अन्य रीति से, जैसा कि {नगरपालिका}[1] उचित समझे, प्रकाशित करायेगा।

सार्वजनिक मार्ग पर भवनों की पंक्ति विनियमित करने की शक्ति

222–– (1) जब कभी {नगरपालिका}[1] के विचार में किसी वर्तमान या प्रस्तावित मार्ग के प्रत्येक ओर या किसी और भवनों की सामान्य पंक्ति को परिनिश्चित करना समीचीन हो तो वह ऐसा करने के अपने आशय की सार्वजनिक नोटिस देगी।

(2) ऐसी प्रत्येक नोटिस में कोई अवधि विनिर्दिष्ट की जायेगी, जिसके भीतर आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी।

(3) {नगरपालिका}[1] विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्राप्त आपत्तियों पर विचार करेगी और तब उक्त पंक्ति को परिनिश्चित करते हुए संकल्प पारित करेगी और इस प्रकार परिनिश्चित पंक्ति 'मार्ग की नियमित पंक्ति' कहलायेगी।

(4) तत्पश्चात् किसी व्यक्ति के लिए किसी भवन या भवन के भाग का इस प्रकार निर्माण पुनर्निर्माण या परिवर्तन करना विधिपूर्ण न होगा कि उससे मार्ग की नियमित पंक्ति के आगे प्रक्षेप हो जाये, जब तक कि वह धारा 180 के अधीन दी गई स्वीकृत से या इस धारा के अधीन लिखित अनुज्ञा द्वारा (और {नगरपालिका}[1] एतद्द्वारा ऐसी अनुज्ञा स्वीकृत करने के लिए सशक्त है) ऐसा करने के लिए प्राधिकृत न किया गया हो।

(5) कोई भू–स्वामी, जिसे इस धारा के उपबन्धों के अधीन किसी भूमि पर कोई भवन निर्मित, पुनर्निर्मित या परिवर्तित करने से निवारित कर दिया जाये, {नगरपालिका}[1] से किसी ऐसी क्षति के लिए जो उसे इस प्रकार निवारित करने के कारण हुई हो, प्रतिकर की अपेक्षा कर सकेगा और ऐसे मार्ग को नियमित पंक्ति के भीतर स्थित किसी भूमि के प्रतिकर का भुगतान किए जाने पर ऐसी भूमि {नगरपालिका}[1] में निहित हो जायेगी।

(6) {नगरपालिका}[1] नोटिस द्वारा उपधारा (4) का उल्लंघन करके निर्मित या परिवर्तित किसी भवन या भवन के भाग को परिवर्तित करने या गिराने की अपेक्षा कर सकेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 142 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

सार्वजनिक मार्गों आदि का निर्माण करते समय {नगरपालिका}₁ का कर्तव्य

223–– (1) {नगरपालिका}₁ किसी सार्वजनिक मार्ग या किसी जलकल, नाली या परिसर के जल उसमें निहित हो, निर्माण या मरम्मत के दौरा या जब कभी उसमें निहित कोई सार्वजनिक मार्ग, जल–कल, नाली या परिसर की मरम्मत न होने के कारण या अन्यथा सार्वजनिक उपयोग के लिए असुरक्षित हो जाये, किसी दुर्घटना से बचने के लिए निम्नलिखित उपायों द्वारा सभी आवश्यक पूर्ण सावधानियां बरतेगी ––

(क) स्पष्टतः दर्शनीय बनाकर और आसन्न भवनों को सुरक्षित करके; और

(ख) ऐसे निर्माण या मरम्मत के दौरान यातायात को रोकने, दूसरे मार्ग से मोड़ने के प्रयोजनार्थ–मार्ग के आरपार या उसमें डण्डे, जंजीर या खम्भे लगाकर; और

(ग) किसी चालू निर्माण कार्य पर पहरा रखकर और सूर्यास्त से सूर्योदय तक उसमें पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करके।

(2) जो कोई {नगरपालिका}₁ के प्राधिकार या सम्मति के बिना उपधारा (1) के अधीन {नगरपालिका}₁ द्वारा किए गए किसी प्रबन्ध या निर्माण कार्य में दुर्घटना से बचाव के किसी कार्य में किसी प्रकार का हस्तक्षेप करे, वह दोषसिद्ध ठहराए जाने पर ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पचास रुपये तक हो सकेगा।

जल सम्भरण

जलकल का निर्माण और परिवर्तन करने की {नगरप

224–– {नगरपालिका}₁ –– के अधीन रहते हुए, {नगरपालिका क्षेत्र}₂ के बाहर, जलकल का निर्माण कर सकेगी और ऐसे निर्माण कार्य की किसी भी मार्ग या स्थान से होकर आर–पार, ऊपर या नीचे और स्वामी या अध्यासी को लिखित रूप में युक्तियुक्त नोटिस देने के बाद, किसी भवन या भूमि में उससे होकर, उसके ऊपर या नीचे निष्पादित कर सकेगी;

(ख) समय–समय पर किसी जल–कल का विस्तार कर सकेगी, उसे घटा सकेगी, उसका मार्ग बदल सकेगी और आगे का निर्माण कार्य रोक सकेगी या उसे बन्द कर सकेगी या उसे हटा सकेगी;

(ग) राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से किसी व्यक्ति या कम्पनी को {नगरपालिका क्षेत्र}₂ के भीतर जल–सम्भरण के लिए लाइसेंस दे सकेगी और इस प्रयोजन के लिए मुख्य नल और अन्य नल, लगाने जल–कल का निर्माण करने और अन्य सभी आवश्यक कार्यवाही या कार्य करने की अनुज्ञा दे सकेगी; और

(घ) उक्त स्वीकृति से ही अपने वर्तमान जल–कल के सभी या किसी भाग का ऐसे लाइसेंसधारी के प्रबन्ध में अन्तरण कर सकेगी :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसी स्वीकृति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि राज्य सरकार का समाधान न हो जाय कि ऐसा करना सम्बद्ध जनता के सर्वाधिक हित में होगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 144 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

लाइसेंसधारी की शक्ति और दायित्व

{224–क–– (1) जब धारा 224 के खण्ड (ग) के अधीन कोई लाइसेंस स्वीकृत किया जाय तो वह दर जिस पर, वह रीति जिससे और वह व्यक्ति, जिसके द्वारा लाइसेंसधारी को उसके द्वारा सम्भरण किये गए जल के लिए, भुगतान किया जायेगा और ऐसे निबन्धन और शर्तें, जिन पर लाइसेंसधारी उपभोक्ताओं का जल संयोजन स्वीकृत कर सकेगा, {नगरपालिका}₃ तथा लाइसेंसधारी के बीच तय की जायेगी और लाइसेंस में प्रविष्ट की

जायेगी और {नगरपालिका}[3] इस अधिनियम या नियमवाली द्वारा उसे प्रदत्त शक्ति को, जो जलकल और जल सम्भरण से सम्बन्धित हो, लाइसेंसधारी को प्रत्यायोजित कर सकेगीः

प्रतिबन्ध यह है कि जलकर के निर्धारण और सिविल वाद से भिन्न अन्य प्रकार से उसकी वसूली की शक्ति लाइसेसंधारी को प्रत्यायोजित नहीं की जायेगी।

(2) ऐसा लाइसेंसधारी, {नगरपालिका}[3] की पूर्व स्वीकृत से, इस अधिनियम की धारा 225 और 227 द्वारा {नगरपालिका}[3] को प्रदत्त शक्ति का प्रयोग कर सकेगा।}[1]

{224–ख–– धारा 224 के खण्ड (ग) के अधीन दिया गया प्रत्येक लाइसेंस, यदि पहले प्रतिसंहरण ही प्रतिसंहृत न कर दिया गया हो, 13 जून, 1975 प्रतिसंहृत हो जायेगा।}[2] वर्तमान लाइसेंस का

{224–ग–– (1) यदि किसी लाइसेंसधारी का लाइसेंस 224 के अधीन, जैसी कि वह उत्तर प्रदेश नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 1975 के प्रारम्भ के ठीक पूर्व थी, प्रतिसंहृत कर दिया जाय या उक्त अधिनियम द्वारा यथा प्रतिस्थापित नई धारा 224–ख के आधार पर प्रतिसंहृत हो जाये तो लाइसेंस के प्रतिसंहरण के दिनांक (जिसे इस धारा में आगे 'उक्त दिनांक' कहा गया है), के ठीक पूर्व लाइसेंसधारी को या उसमें निहित जल–कल सम्बन्धी समस्त सम्पत्ति (अर्थात् समस्त वर्तमान जल सम्भरण सेवायें, जिनके अन्तर्गत सभी संयंत्र, मशीनरी, जल–कल, पम्पिंग सेट, फिल्टर, बेड तथा किसी सार्वजनिक मार्ग के किनारे, ऊपर या नीचे बिछाए गए पानी की मुख्य पाईप और अन्य नल भी है तथा उनसे संलग्न सभी भवन और अन्य निर्माण कार्य, सामग्री, भण्डार तथा वस्तुएं) उक्त दिनांक से उस सम्पत्ति से सम्बद्ध लाइसेंसधारी के किसी ऋण बन्धक या तत्समान आभार से मुक्त होकर {नगरपालिका}[3] में निहित और उसको अन्तरित हो जायेगी :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसा ऋण बन्धक या तत्समान आभार ऐसी सम्पत्ति के स्थान पर उपधारा (2) में निर्दिष्ट धनराशि से सम्बद्ध हो जायेगा।

(2) जहां किसी लाइसेंसधारी की कोई सम्पत्ति {नगरपालिका}[3] में उपधारा (1) के अधीन निहित हो जाती है और वह ऐसा जलकल नहीं है, जिसका प्रबन्ध मात्र {नगरपालिका}[3] ने धारा 224 के खण्ड (घ) के अधीन उस लाइसेंसधारी को अन्तरित किया था, वहां {नगरपालिका}[3] उस लाइसेंसधारी को इस धारा के आगे के उपबन्धों के अनुसार अवधारित धनराशि देगी :

प्रतिबन्ध यह है कि उक्त दिनांक से उक्त धनराशि के भुगतान के दिनांक तक की अवधि के लिए उक्त धनराशि पर उक्त दिनांक को प्रभावशाली रिजर्व बैंक की दर से एक प्रतिशत अधिक ब्याज लाइसेंसधारी को उक्त धनराशि के अतिरिक्त दिया जायेगा।

(3) राज्य सरकार इस धारा में उल्लिखित कटौतियां करने के पश्चात् लाइसेंधारी को इस धारा के अधीन देय किसी धनराशि का निधारण करने के लिए लेखा सम्बन्धी विषयों के पर्याप्त ज्ञान और अनुभव वाले व्यक्ति को लिखित आदेश द्वारा विशेष अधिकारी नियुक्त करेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 6 वर्ष 1933 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 45 वर्ष 1975 की धारा 2 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[2] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 224ग}

(4) (क) विशेष अधिकारी, दिए जाने वाली शुद्ध धनराशि का निर्धारण करने के लिए राज्य सरकार के स्वायत्त शासन अभियंत्रण विभाग के ऐसे अधिकारियों तथा कर्मचारियों या लाइसेंसधारी से सहायता की अपेक्षा कर सकता है, जिसे वह उचित समझे;

(ख) विशेष अधिकारी को निम्नलिखित विषयों के सम्बन्ध में वैसी ही शक्तियां होंगी, जैसी किसी वाद पर विचार करते समय सिविल क्रिया संहिता, 1908 के अधीन न्यायालय में निहित होता है –

(एक) किसी व्यक्ति को हाजिर करना और शपथ पर उसका परीक्षण करना;

(दो) दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य करना;

(तीन) साक्षियों का परीक्षण करने के लिए कमीशन जारी करना।

विशेष अधिकारी को ऐसी और शक्तियां भी होंगी, जिन्हें राज्य सरकार गजट में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे।

(5) ऐसे लाइसेंसधारी को देय स्थूल धनराशि नीचे विनिर्दिष्ट धनराशि का कुल योग होगी ।

(एक) जल–कल से सम्बन्धित और {नगरपालिका}[1] द्वारा किए गए सभी निर्माण कार्य (उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान किए गए निर्माण–कार्यों को छोड़कर) जो पूरे हो गये हैं और लाभप्रद उपयोग वाले हों, उनका पुस्तांकित मूल्य, जिसमें से इस धारा में संलग्न सारणी के अनुसार आंकलित अवक्षय को कम कर दिया जायेगा;

(दो) लिए गए निर्माणाधीन कार्य (उपभोक्ताओं या भावी उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान किए गए निर्माण–कार्यों को छोड़कर) का पुस्तांकित मूल्य;

(तीन) लिए गए सभी भण्डार का जिसके अन्तर्गत अतिरिक्त पुर्जे भी हैं, पुस्तांकित मूल्य और उपयोग किए गए भण्डार तथा अतिरिक्त पुर्जों की दशा में, यदि लिए गए हों, ऐसी धनराशि जो विशेष अधिकारी द्वारा विनिश्चित की जाये;

(चार) ली गई तथा उक्त दिनांक को उपयोग में लाई जा रही अन्य सभी स्थिर अस्तियों का पुस्तांकित मूल्य, जिसमें से उक्त सारणी के अनुसार आंकलित अवक्षय को कर दिया जायेगा;

(पांच) जो संयंत्र और उपस्कर उक्त दिनांक को विद्यमान थे और अब घिसाई–पिटाई या अप्रचलन के कारण उपयोग में नही लाये जा रहे हैं, यदि वे ले लिये गये हों तो जिस सीमा तक उन सबका पुस्तांकित मूल्य, जिसमें से उक्त सारणी के अनुसार आंकलित अवक्षय को कम कर दिया जायेगा।

स्पष्टीकरण–– किसी स्थित आस्ति के पुस्तांकित मूल्य का तात्पर्य उसकी मूल्य लागत से है और इसमें निम्नलिखित भी सम्मिलित होगा –

(1) लाइसेंसधारी के द्वारा आस्ति के लिए दिए गए क्रम मूल्य, जिसके अंतर्गत परिदान का खर्च और आस्ति को अस्तित्व में लाने और लाभप्रद उपयोग के योग्य बनाने में उचित रूप से उपगत प्रभार (जैसा कि लाइसेंसधारी की बहियों में दिखाया गया है);

(2) पर्यवेक्षण की वास्तविक लागत, किन्तु जो पैरा (1) में निर्दिष्ट धनराशि के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक न हो:

प्रतिबन्ध यह है कि इस उपधारा के अधी धनराशि का विनिश्चय करने के पूर्व, विशेष अधिकारी द्वारा लाइसेंसधारी की सुनवाई का अवसर इस बात के लिए कम से कम 15 दिन की नोटिस देने के पश्चात् दिया जायेगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[2] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 224ग}

(6) {नगरपालिका}[1] लाइसेंसधारी को उपधारा (5) के अधीन देय स्थूल धनराशि में से निम्नलिखित धनराशि काटने का हकदार होगी –

(क) लाइसेंसधारी द्वारा {नगरपालिका}[1] को देय समस्त धनराशि और उस पर बयाज का बकाया, यदि कोई हो;

(ख) राज्य सरकार या राज्य विद्युत परिषद् को देय समस्त धनराशि तथा उस पर ब्याज का बकाया, यदि कोई हो;

(ग) जल–कल के सम्बन्ध में (संयुक्त प्रान्त औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अर्थान्तर्गत) मजदूर के रूप में सेवायोजित व्यक्तियों को देय और उक्त दिनांक को भुगतान की गई मजदूरी, बोनस, अनुतोष, भविष्य निधि से या अन्य भुगतान की गई कोई धनराशि;

(घ) लाइसेंसधारी द्वारा जल–कल के सम्बन्ध में सेवायोजित व्यक्तियों के विषय में कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 या कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अधीन अपने अंशदान या अपने द्वारा वसूल किए गए

कर्मचारी के अंशदान या लाइसेंसधारी से वसूली योग्य अन्य देयों के सम्बन्ध में भुगतान न की गई धनराशि।

(7) लाइसेंसधारी, यथास्थिति, राज्य सरकार या राज्य विद्युत परिषद् के प्रति या अपने कर्मचारियों के प्रति उपधारा (6) के अधीन की गई कटौतियों तक अपने दायित्व से उन्मोचित हो जायेगा। ऐसी कोई कटौती की जाने पर, {नगरपालिका}[1], यथास्थिति राज्य सरकार या राज्य विद्युत परिषद् या मजदूर को उस सीमा तक भुगतान करने का उत्तरदायी होगी।

(8) जहां लाइसेंसधारी को देय स्थूल धनराशि इस धारा के अधीन कटौती की जाने वाली धनराशि के बराबर या उससे कम हो तो {नगरपालिका}[1] द्वारा लाइसेंसधारी को कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

(9) {नगरपालिका}[1] द्वारा लाइसेंसधारी को देय धनराशि, यदि कोई हो, जो उपधारा (5), (6) तथा (8) के अधीन विशेष अधिकारी द्वारा अवधारित की जाये और धारा 324 की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि वह इस धारा के अधीन {नगरपालिका}[1] द्वारा देय धनराशि के अवधारण के सम्बन्ध में लागू होती है।

विभिन्न आस्तियों की प्रयोगावधि के आधार पर अवक्षय सारणी

लाइसेंसधारी के उपक्रम में लगी स्थिर आस्तियों के सम्बन्ध में प्रत्येक वर्ष के लिए उतनी धनराशि काटी जायेगी, जो यदि निम्नलिखित सारणी से निर्दिष्ट सम्पूर्ण अवधि पर्यन्त प्रति वर्ष अलग रखी जाये तथा उस पर चार प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से चक्रवृद्धि ब्याज संचित होने दिया जाये तो उससे उक्त अवधि के अन्त में उतनी धनराशि प्राप्त हो, जो लाइसेंसधारी की बहियों में पहले से उल्लिखित तथा पृथक की गई धनराशियों को ध्यान में रखते हुए, उक्त आस्ति की मूल लागत के नब्बे प्रतिशत के बराबर हो –

स्तम्भ – 1 आस्ति का ब्यौरा	स्तम्भ – 2 अवधि या वर्ष संख्या
(क) भूमि, जो पूर्ण हक के अधीन स्वामित्व में हो	अपरिमित
(ख) पट्टे के अन्तर्गत धृत भूमि	पट्टे की अवधि का पट्टे के अभ्यर्पण पर असमाप्त शेष अवधि

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[4] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 225–226}

स्तम्भ – 1 आस्ति का ब्यौरा	स्तम्भ – 2 अवधि या वर्ष संख्या
(ग) नई क्रय की नई आस्तियां	––पचास
(क) स्थायी प्रकार के भवन तथा सिविल अभियांत्रिक निर्माण–कार्य, जिनका ऊपर उल्लेख न किया गया हो–	
(1) कार्यालय	
(2) अस्थायी संस्थापन जैसे काष्ठ संरचनाएं	– पांच
(3) कच्ची सड़कों से भिन्न	– एक सौ
(4) अन्य	– पचास
(ख) स्वचलित गाड़ियां	– सात
(ग) (1) कार्यालय फर्नीचर तथा फिटिंग्स	– बीस
(2) कार्यालय उपस्कर	– दस

(घ) खरीदी गई पुरानी आस्तियां तथा ऐसी आस्तियां, जो इस सारणी में अन्यथा न ऐसी युक्तियुक्त अवधि, जिसे विशेष अधिकार य

दी गई हो। उनका प्रकार, आयु तथा दशा को ध्यान में रखते हुए अवधारित किया जाये।}[1]

निजी जल मार्ग आदि की सफाई या उसे बन्द करने की अपेक्षा करने की शक्ति

225–– (1) {नगरपालिका}[2], नोटिस द्वारा किसी ऐसे स्वामी या व्यक्ति से जिसके नियंत्रण में कोई निजी जल मार्ग, सोता, टंकी, कुआं या अन्य स्थान हो, जिसका जल पीने के लिए उपयोग करके उसका अनुरक्षण करे और समय–समय पर उससे खाद, कूडा–करकट या सडी वनस्पतियों को निकालकर उसकी सफाई कर और उससे यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह उसे ऐसी रीति से प्रदूषण से बचाये, जैसा कि {नगरपालिका}[2] ठीक समझे।

(2) जब {नगरपालिका}[2] के समाधानप्रद रूप से ऐसे किसी जलमार्ग, सोते, टंकी, कुएं या अन्य स्थान का जल पीने के लिए अनुपयुक्त सिद्ध हो जाये, तो {नगरपालिका}[2] नोटिस द्वारा उसके स्वामी या उस पर नियंत्रण रखने वाले व्यक्ति से अपेक्षा कर सकेगी कि वह उस जल का उपयोग करने से और दूसरों को उसका उपयोग करने की अनुमति देने से प्रतिविरत रहे और यदि ऐसे नोटिस के बाद, ऐसा जल किसी व्यक्ति द्वारा पीने के लिए उपयोग में लाया जाय तो {नगरपालिका}[2] नोटिस द्वारा उसके स्वामी या उस पर नियंत्रण रखने वाले व्यक्ति से अपेक्षा कर सकेगी कि वह उस जल का उपयोग करने से और दूसरों को उसका उपयोग करने की अनुमति देने से प्रतिविरत रखे, और यदि एसे नोटिस के बाद, ऐसा जल किसी व्यक्ति द्वारा पीने के लिए उपयोग में लाया जाय, तो {नगरपालिका}[1] नोटिस द्वारा, उसके स्वामी या उस पर नियन्त्रण रखेने वाले व्यक्ति से अपेक्षा कर सकता है कि वह उस कुएं को या तो अस्थायी–रूप से बन्द कर दे या ऐसे जलमार्ग, सोते, टंकी कुआं या अन्य स्थान को ऐसी रीति से, जैसा कि {नगरपालिका}[2] निदेश दे, घर दें या उसके चारों ओर बाड़ा लगा दे, जिससे कि उसके जल का इस प्रकार उपयोग न किया जा सके।

महामारी फैलने पर आपातकालीन शक्ति

226–– किसी {नगरपालिका क्षेत्र}[3] या उससे किसी भाग में हैजा या कोई अन्य संक्रामक रोग, जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त अधिसूचित किये गये हों, फैलने की दशा में, {नगरपालिका}[2] का अध्यक्ष या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई व्यक्ति महामारी फैले होने के दौरान बिना सूचना के और किसी भी समय किसी कुएं, टंकी या अन्य स्थान का, जहां से जल पीने के प्रयोजन के लिए लिया जाता हो या लिए जाने की सम्भावना हो, निरीक्षण कर सकेगी और उसका विसंक्रमण कर सकेगी और वहां से जल लेने को रोकने के लिए ऐसी अग्रेत्तर कार्यवाही कर सकेगी, जिसे वह ठीक समझे।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 45 वर्ष 1975 की धारा 3 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 144 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

जल सम्भरण के स्रोत के निकट से शौचालय आदि का हटाया जाना

227–– {नगरपालिका}[1] नोटिस द्वारा, किसी स्वामी या अध्यासी से, जिसकी भूमि पर किसी कोई नाली, संडास, शौचालय, मूत्रालय, नलकूप या गलीज या कूड़ा–करकट रखने के अन्य पात्र को, जो किसी जल स्रोत, कुएं, टंकी, जलाशय या अन्य स्रोत के जिससे सार्वजनिक उपयोग के लिए जल लिया जाता हो या लिया जा सकता हो, पचास फुट के भीतर स्थित हो, ऐसे नोटिस की तामील से एक सप्ताह के भीतर उसे हटाने या उसे बन्द करने की अपेक्षा कर सकेगी।

जल कर लगाने वाली {नगरपालिका}[1] की बाध्यताएं

228–– (1) {प्रत्येक नगरपालिका}[2] जिसमें जल कर अधिरोपित किया जाता हो, निम्नलिखित के लिए बाध्य होगी –

(क) सम्पूर्ण विहित क्षेत्र या विहित क्षेत्रों में ––

(एक) नलों के माध्यम से जल सम्भरण प्रणाली का अनुरक्षण करने;

(दो) विहित दबा जल पहुंचाने;

(तीन) सभी मुख्य मार्गों पर, जिनमें मुख्य नल डाले गये हों, खड़े नलों या पम्पों को, जो ऐसे अन्तरालों पर स्थिर हो, जो विहित किए जायें, जल सम्भरण करेगी; और

(ख) ऐसी नियमावली के अधीन रहते हुए, जो बनाई जाये, किसी भवन में या भूमि के, जिसका न्यूनतम विहित जल कर निर्धारण किया गया हो, स्वामी या अध्यासी को घरेलू प्रयोजनों के लिए जल प्राप्त करने के प्रयोजनार्थ भवन या भूमि को विहित माप और प्रकार के संयोजक नल मुख्य नल से जोड़ने की अनुमति दे सकेगी; और

(ग) खण्ड (ख) के अधीन गृह संयोजन के हकदार प्रत्येक स्वामी या अध्यासी को, जिसकी भूमि या भवन में इसकी व्यवस्था हो, भूमि या भवन में या उस पर निर्मित ऐसे संचयन जलकुण्ड में, जिसकी धारित ऐसे परिणाम से कम न हो और विहित प्रतिरूप का हो ओर जो इसके लिए अधिकतम विहित ऊंचाई से अधिक ऊंचाई पर न हो, प्रत्येक चौबीस घंटे में उतने परिणाम में जल सम्भरण करेगा, जितना उसके द्वारा देय जल कर और घरेलू प्रयोजनों के लिए उसकी अनुमानित आवश्यकताओं के प्रति निर्देश में विहित हो।

(2) उपधारा (1) में शब्द 'विहित' का तात्पर्य धारा 235 के अधीन नियम द्वारा विहित से है।

करार द्वारा जल सम्भरण

229–– प्रत्येक {नगरपालिका}[1] करार द्वारा किसी भूमि के स्वामी या अध्यासी को, उसकी आवश्यकतानुसार किसी भी प्रयोजन के लिए, ऐसे पारिश्रमिक पर जो नियम द्वारा विहित किसी दर या दरों से संगत हो और इस अधिनियम और किसी नियम से संगत ऐसे निबन्धों और शर्तों पर, जिसका {नगरपालिका}[1] और ऐसे स्वामी या अध्यासी के बीच करार हुआ हो, जल सम्भरण कर सकेगी।

जल सम्भरण के लिए प्रभार

230–– (1) जब किसी भवन या भूमि को मुख्य नल से संयोजित किया जाये तो {नगरपालिका}[1], जहां तक धारा 229 के अधीन किये गये किसी करार से संगत हो, स्वामी, पट्टाकार या अध्यासी से, जो भी नियम द्वारा विहित किया जाय, समस्त उपयुक्त जल के लिए इस प्रकार विहित दर पर या दरों पर प्रभार लेगी।

(2) प्रतिबन्ध यह है कि नगरपालिका क्षेत्र किसी मास में सम्भारित जल के लिए, लिए गए प्रभार में से भवन या भूमि पर निर्धारित जल–कर का बारहवां भाग घटा सकेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 145 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

दुर्घटना आदि के कारण {नगरपालिका}[1] को छूट

231–– धारा 228 द्वारा या धारा 229 के अधीन किए गए किसी करार द्वारा {नगरपालिका}[1] पर अधिरोपित किसी बाध्यता के होते हुए भी कोई {नगरपालिका}[1] जल–सम्भरण न कर सकने के कारण किसी समपहरण, शास्ति या नुकसान के लिए देनदार न होगी। यदि सम्भरण न करने का कारण कोई दुर्घटना या अप्रायिक अनावृष्टि या अन्य अपरिहार्य कारण रहा हो।

अन्य प्रयोजनों के लिए जल सम्भरण की अपेक्षा घरेलू प्रयोजनों के लिए सम्भरण की वरीयता

232–– धारा 229 के अधीन किसी करार द्वारा जल–सम्भरण के लिए अधिरोपित किसी बाध्यता के होते हुए भी {नगरपालिका}[1] किसी भी समय घरेलू प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए लिए जल सम्भरण को समाप्त कर सकेगी, यदि उसकी यह राय हो कि ऐसे सम्भरण से घरेलू प्रयोजनों के लिए जल–सम्भरण में हस्तक्षेप होगा और ऐसी दशा में {नगरपालिका}[1] इस प्रकार सम्भरण को समाप्त करने के लिए किसी समपहरण, शास्ति या नुकसान के लिए तब तक देनदार न होगी–

(क) जब तक कि ऐसे जल सम्भरण में असफलता धारा 231 में विनिर्दिष्ट कारण से भिन्न किसी अन्य कारण से न हुई हो; और

(ख) जब तक कि {नगरपालिका}[1] ने धारा 229 के अधीन किए गए किसी करार द्वारा, जिसमें ऐसा जल सम्भरण न करने पर समपहरण, शास्ति या नुकसान के लिए स्पष्ट उपबन्ध हो, घरेलू प्रयोजनों से भिन्न अन्य प्रयोजन के लिए जल–सम्भरण का भार अपने ऊपर न लिया हो।

सम्भरण के अधिकार का निर्बन्धात्मक नियमों के अधीन होना

233–– धारा 228 या धारा 229 के अधीन किसी करार में दी गई किसी बात के होते हुए भी किसी भवन या भूमि को जल सम्भरण धारा 235 के अधीन बनाए गए किसी नियम के उपबन्धों और विशिष्टतः सम्भरण को सीमित करने या रोकने और उसकी बरबादी तथा दुरुपयोग के निवारण के सम्बन्ध में किसी उपबन्ध के अधीन किया गया और स्वीकृत किया गया समझा जायेगा।

मीटर और संयोजक नल सम्बन्धी उपबन्ध

234–– किसी भवन या भूमि में जल सम्भरण से सम्बन्धित सभी मीटरों, योजक, नल और अन्य आनुषंगिक संकर्म की सम्पूर्ति, मरम्मत, विस्तार, परिवर्तन जैसी आवश्यकता हो, नियमों में किए गए अन्यथा उपबन्ध के सिवाय सम्भरण की अपेक्षा करने वाले व्यक्ति के व्यय पर किया जायेगा, किन्तु {नगरपालिका}[1] के नियंत्रण के अधीन किया जायेगा।

जल सम्भरण नियमावली

235–– (1) {नगरपालिका}[1] और सार्वजनिक जल कल से जल सम्भरण से सम्बद्ध निम्नलिखित विषय नियमावली द्वारा विनियमित और नियंत्रित किये जायेंगे; अर्थात् –

(क) {नगरपालिका}[1] कोई विषय, जिसके सम्बन्ध में यह घोषित किया जाये कि नियम द्वारा उसकी व्यवस्था हो जायेगी;

(ख) {नगरपालिका}[1] द्वारा जल सम्भरा के लिए बिछाए जाने वाली मुख्य नल और निर्मित किय जाने वाले जल–कल का आकार और प्रकार;

(ग) {नगरपालिका}[1] के जलकल और तत्सम्बन्धी नल और अन्वायुक्तियों का निर्माण, नियंत्रण और अनुरक्षण;

(घ) {नगरपालिका}[1] द्वारा लगाए जाने वाले खड़े नल और पम्प का आकार और प्रकार;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ङ) मुख्य नल या नल, जिसमें फायर प्लग लगाए जाने हों और ऐसे स्थान जहां पर फायर प्लग की कुंजियां जमा की जायेगी;

(च) {नगरपालिका}[2] द्वारा सम्भरति जल का किसी अर्ह विशलेषक द्वारा कालिक विश्लेषण;

(छ) जल सम्भरण के स्रोत ओर साधन और जल वितरण के साधित्र का, चाहे वे {नगरपालिका क्षेत्र}[3] के भीतर हों या बाहर, संरक्षण और क्षति तथा दूषण से निवारण;

(ज) ऐसी रीति, जिससे जल कल से संयोजन का निर्माण या अनुरक्षण किया जा सके और वह अभिकरण, जिसे ऐसे निर्माण या अनुरक्षण के लिए नियोजित किया जायेगा या किया जा सकेगा;

(झ) जल के सम्भरण और उपयोग तथा उसे खोलने और बन्द करने तथा उसकी बरबादी के निवारण के सम्बन्ध में सभी विषयों और वादों का विनियमन;

(ञ) जल–कर और जल–सम्भरण के सम्बन्ध में प्रभार का संग्रह ओर उसके अपवंचन का निवारण; और

(ट) जल–सम्भरण सम्बन्धी कोई अन्य विषय, जिसके लिए इस अधिनियम में कोई उपबन्ध न हो या अपर्याप्त उपबन्ध हों और राज्य सरकार की राय में अग्रेत्तर उपबन्ध आवश्यक

(2) प्रतिबन्ध यह है कि उपधारा (1) के अधीन ऐसा नियम, जिसका प्रभाव किसी छावनी या छावनी के भाग पर पड़ता हो, केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं बनाया जायेगा।

किसी व्यक्ति या कम्पनी द्वारा जल सम्भरण सम्बन्धी निबन्ध नियम

{235–क–– इस अधिनियम की धारा 224 के खण्ड (ग) के अधीन लाइसेंस स्वीकृति के सम्बन्ध में निम्नलिखित विषय, धारा 300 में विहित शर्तों के अधीन रहते हुए राज्य सरकार द्वारा बनाई गई नियमावली द्वारा विनियिमत और नियंत्रित होंगे –

(1) लाइसेंसधारी का चयन,

(2) लाइसेंस के लिए आवेदन का आकार पत्र;

(3) लाइसेंस का आकार पत्र;

(4) लाइसेंसधारी द्वारा विहित प्रपत्र में विवरणों और लेखे तैयार और प्रस्तुत करना;

(5) लाइसेंसधारी के कर्तव्य;

(6) लाइसेंसधारी द्वारा उपभोक्ताओं का नियमित रूप से और स्वास्थ्य जल का सम्भरण सुनिश्चित् करना;

(7) यह सुनिश्चित करने के लिए इस अधिनियम और जल–कल सम्बन्धी नियमावली के उपबन्धों का कार्यान्वयन उचित रूप से किया जा रहा है; और

(8) कोई अन्य विषय, जो लाइसेंस के उचित कार्यकरण के लिए आवश्यक हो।}[1]

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 6 वर्ष 1933 द्वारा जोड़ी गई।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 146 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

सार्वजनिक संकर्म में हस्तक्षेप करने वाली संरचना को हटाने की शक्ति

किसी नाली या जलकल के ऊपर अनधिकृत निर्माण करना या पेड़ लगाना

236–– (1) जहा 10 मार्च 1900 को या उसके पश्चात् {नगरपालिका}[1] की लिखित अनुज्ञा के बिना {नगरपालिका}[1] में निहित, किसी सार्वजनिक नाली या पुलिया या किसी जलकल के ऊपर कोई मार्ग बनाया गया हो या कोई भवन, दीवार या संरचना निर्मित की गयी हो या कोई पेड़ लगाया गया हो तो {नगरपालिका}[1] ––

(क) उस व्यक्ति से, जिसने मार्ग बनाया हो, संरचना का निर्माण किया हो या पेड़ लगाया हो या भूमि, जिस पर मार्ग बनाया गया हो, संरचना का निर्माण किया गया होया पेड़ लगाया गया हो, के स्वामी या अध्यासी से नोटिस द्वसरा यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह उक्त मार्ग, संरचना या पेड़ को हटा लें या अन्य प्रकार से ऐसी कार्यवाही करे, जिसे {नगरपालिका}[1] ठीक समझे; या

(ख) उक्त मार्ग, संरचना या पेड़ को स्वयं हटा सकेगी या उसके सम्बन्ध में अन्य प्रकार से कोई ऐसी कार्यवाही कर सकेगी, जिसे वह ठीक समझे।

(2) उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन की गई किसी कार्यवाही पर {नगरपालिका}[1] द्वारा उपगत व्यय अध्याय 6 में विहित रीति से उस व्यक्ति से जिसने मार्ग बनाया हो, संरचना का निर्माण किया हो या पेड़ लगाया हो, वसूल किया जा सकेगा।

अध्याय – 8
अन्य शक्तियां और शास्ति

बाजार, वधशाला, भोजन की बिक्री आदि

बिक्री के लिए पशुओं वध का स्थान

237–– (1) {नगरपालिका क्षेत्र}[2] जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन से बिक्री के लिए पशुओं के या किसी विनिर्दिष्ट प्रकार के वध के लिए या तो {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}[2] के भीतर या बाहर कोई परिसर निश्चित् कर सकेगी और इसी प्रकार के अनुमोदन से ऐसे परिसर का उपयोग करने के लिए लाइसेंस स्वीकृत कर सकेगी और उसे वापस ले सकेगी।

(2) जब {नगरपालिका क्षेत्र}[2] द्वारा {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}[2] के बाहर ऐसे परिसर निश्चित किए जाएं तो {नगरपालिका}[2] को उनका निरीक्षण करने और उनके उचित विनियमन के लिए उपविधियां बनाने की वही शक्ति होगी, मानो उक्त परिसर नगर निगम की सीमा के भीतर स्थित हो।

(3) जब ऐसा परिसर निश्चित कर दिया जाय तो कोई भी व्यक्ति {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}[2] भीतर किसी अन्य स्थान पर बिक्री के लिए किसी ऐसे पशु का वध नहीं करेगा।

(4) यदि कोई व्यक्ति {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}[2] के भीतर किसी अन्य स्थान पर बिक्री के लिए किसी ऐसे पशु का वध करता है तो दोष सिद्ध होने पर वह ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो इस प्रकार वध किए गए प्रत्येक पशु के लिए बीस रुपये तक हो सकेगा।

ऐसे पशुओं के लिए स्थान, जो बिक्री के लिए वध किया जाये आशयित न हो या धार्मिक प्रयोजनों के लिए वध करना निषिद्ध कर सकेगी :

238–– {नगरपालिका क्षेत्र}[2] सार्वजनिक नोटिस द्वारा जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व स्वीकृत से, {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}[2] के भीतर ऐसे परिसर निश्चित कर सकेगी, जिनमें किसी जिनका विशेष प्रकार के पशुओं के वध की जो बिक्री के लिए न हो, अनुज्ञा दी जायेगी और {नगरपालिका की सीमा}[2] के भीतर अन्यत्र, सिवाय ऐसे मामलों के जो आवश्यक हो, ऐसा वध किया जाये

प्रतिबन्ध यह है कि इस धारा के उपबन्ध धार्मिक प्रयोजनों के लिए वध किए जाने वाले पशुओं पर लागू न होंगे।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 147 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

ऐसे पशुओं के संबंध जिनका वध बिक्री के लिए न किया जाये, जिला मजिस्ट्रेट की शक्ति

239–– जब कभी जिला मजिस्ट्रेट को लोक शांति या व्यवस्था के परिरक्षण के लिए में,

यह आवश्यक प्रतीत हो तो वह विहित प्राधिकारी के नियंत्रण अधीन रहते हुए, सार्वजनिक नोटिस द्वारा {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}[2] के भीतर बिक्री से भिन्न प्रयोजन के लिए पशु या किसी विनिर्दिष्ट प्रकार के पशुओं का वध करना निषिद्ध या विनियमित कर सकेगा और ऐसा ढंग और रास्ता, जिस प्रकार और जिसके द्वारा ऐसे पशुओं को वध स्थान तक लाया जायेगा और वहां से मांस ले जाया जायेगा, विहित कर सकेगा।

आयात को विनियमित करने की उपविधि का आयातित गोश्त का व्ययन करके उल्लंघन

240–– यदि धारा 298 के शीर्षक 'च' के उपशीर्षक (ङ) के अधीन बनाई गई किसी उपविधि के उल्लंघन में {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}[2] के भीतर किसी ढोर, भेड़, बकरे या सुअर का गोश्त लाया जाये तो {नगरपालिका}[1] के उस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा उसका अभिग्रहण किया जायेगा और उसे नष्ट या अन्यथा निस्तारित किया जा सकेगा, जैसा कि {नगरपालिका}[1] सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निदेश दे।

कतिपय वस्तुओं की बिक्री के लिए बाजारों और दूकानों को लाइसेंस देना

241–– (1) {नगरपालिका की सीमा}[2] के भीतर, मानव भोजन के लिए आशयित, पशु–मांस या मछली की बिक्री के लिए बाजार या दुकान के रूप में या फल और शाक–सब्जी की बिक्री के लिए बाजार के रूप में {नगरपालिका क्षेत्र}[2] बाजार से भिन्न किसी स्थान का उपयोग करने का किसी व्यक्ति का अधिकार धारा 298 के शीर्षक 'च' के अधीन बनाई गई उपविधि (यदि कोई हो) के अधीन होगा।

(2) प्रतिबन्ध यह है कि जहां कोई ऐसी उपविधि प्रवृत्त हो, जिसके अनुसार उपधारा (1) में वर्णित किसी वस्तु की बिक्री के लिए किसी बाजार या दुकान स्थापित करने या उसके अनुरक्षण के लिए कोई लाइसेंस अपेक्षित हो, वहां {नगरपालिका क्षेत्र}[2] ——

(क) ऐसी उपविधि के प्रवर्तन के दिनांक को विधिपूर्वक स्थापित किसी बाजार या दुकान के अनुरक्षण के लिए लाइसेंस देने से इंकार नहीं करेगी, यदि आवेदन–पत्र ऐसे दिनांक से छः मास के भीतर दिया जाये, सिवाय इस आधार पर कि उस स्थान से, जहां बाजार या दुकान स्थापित है, अधिनियम के द्वारा या अधीन विहित किन्हीं शर्तों का अनुपालन नहीं होता है; या

(ख) ऐसी उपविधि के अधीन स्वीकृत किए गए किसी लाइसेंस को, लाइसेंसी द्वारा लाइसेस की शर्तों या इस अधिनियम के या इसके अधीन बनाए गए किसी उपबन्ध का अनुपालन न करने से भिन्न किसी अन्य कारण से रद्द, निलम्बित या उसका नवीकरण करने से इंकार नहीं करेगी।

दुग्धशाला के प्रयोजन के लिए रखे गए भोजन के लिए उपयोग में आने वाले पशुओं को अनुचित देना

242—— जो कोई किसी ऐसे पशु को, जो दुग्धशाला के प्रयोजन के लिए रखा गया हो या जिसका भोजन के लिए उपयोग किया जा सकता हो, मलिन या हानिकारक पदार्थ का चारा खिलाता है या खिलाने देता है, वह दोषसिद्ध होने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पचास रुपये तक हो सकेगा।

भोजन, पेय और औषधि के बिक्री के स्थान का निरीक्षण

243—— {नगरपालिका}[1] का अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी स्वास्थ्य अधिकारी और यदि इस निमित्त संकल्प द्वारा प्राधिकृत किया जाये तो {नगरपालिका क्षेत्र}[2] का कोई अन्य सदस्य, अधिकारी या सेवक, रात या दिन में किसी भी समय बिना नोटिस के किसी बाजार, दुकान या स्टाल या ऐसे स्थान में, जिसका उपयोग मानव भोजन या पेय पदार्थ की बिक्री के लिए या वधशाला के रूप में या औषधि की बिक्री के लिए किया जाता हो, प्रवेश कर सकेगा और उनका निरीक्षण कर सकेगा और वहां पर किसी भी भोजन या पेय पदार्थ या किसी भी पशु या औषधि का निरीक्षण और परीक्षण कर सकेगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 147 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

अस्वास्थ्यकर वस्तुओं का अभिग्रहण और हानिकरण और अप्रयुक्त औषधियों का हटाया जाना

244—— (1) यदि पूर्ववर्ती धारा के अधीन किसी स्थान का निरीक्षण करते समय कोई भोजन की वस्तु या पेय पदार्थ या कोई पशु, जो मानव उपयोग के लिए आशयित और उसके लिए अनुपयुक्त प्रतीत हो तो {नगरपालिका}[1] उसका अभिग्रहण कर सकेगा और उसे हटा सकेगा और उसे नष्ट करा सकेगा या उसका निस्तारण इस प्रकार करा सकेगा कि वह बिक्री के लिए अभिदर्शित न किया जा सके या ऐसे उपभोग के लिए उपयोग में न लाया जा सके।

(2) यदि युक्तियुक्त रूप से यह संदेह हो कि किसी औषधि में अनुचित मिलावट की गई है या पुरानी हो जाने या जलवायु के प्रभाव से अक्रिय या अस्वास्थ्यकर हो गई है या अन्यथा ऐसी रीति से उसका ह्रास हो गया है, जिससे कि उसकी प्रभावकारिता कम हो गई हो या उसकी प्रवृत्ति बदल गई हो या वह हानिकारक हो गई हो तो {नगरपालिका}[1] उसके लिए रसीद देकर उसे हटा सकेगी और किसी मजिस्ट्रेट के समक्ष उसे प्रस्तुत कर सकेगी।

(3) यदि किसी मजिस्ट्रेट को, जिसके समक्ष उपधारा (2) के अधीन कोई औषधि प्रस्तुत की गई हो, यह प्रतीत हो कि औषधि में अनुचित मिलावट की गई है या वह उपर्युक्त रूप में अक्रिय, अस्वास्थ्यकर या हानिकर हो गई है तो वह आदेश दे सकेगा कि उसे नष्ट कर दिया जाय या उसका निस्तारण इस प्रकार किया जाय जो वह ठीक

समझे और यदि यह प्रतीत हो कि कोई अपराध किया गया है तो वह उसका संज्ञान करने की कार्यवाही करेगा।

कतिपय व्यापार और वृत्ति सम्बन्धी अपदूषण

आपत्तिजनक व्यापार विनियमन

245–– (1) यदि {नगरपालिका क्षेत्र}[2] के समाधानप्रद रूप में यह दिखाया जाय कि का {नगरपालिका क्षेत्र}[2] के भीतर किसी ऐसे भवन का स्थान का, जिसे कोई व्यक्ति किसी वस्तु के विनिर्माण, भंडार, अभिक्रिया या निस्तारण के लिए किसी कारखाने या अन्य कारबार के स्थान के रूप में उपयोग करता है या उपयोग करना चाहता है, इस प्रकार उपयोग करने के कारण या ऐसे आशयित उपयोग के कारण कोई लोक अपदूषण होता है या होने की सम्भावना है तो {नगरपालिका क्षेत्र}[2] अपने विकल्प पर उक्त भवन या स्थान के स्वामी या अध्यासी से, नोटिस द्वारा यह अपेक्षा कर सकेगी कि ––

(क) वह उक्त भवन या स्थान का ऐसे प्रयोजन के लिए उपयोग करने या उपयोग करने देने से, यथास्थिति, प्रतिविरत या विरत रहे; या

(ख) उक्त भवन या स्थान का ऐसे प्रयोजन के लिए केवल ऐसा शर्तों के अधीन या ऐसे संरचनात्मक परिवर्तन के पश्चात्, जिन्हें {नगरपालिका क्षेत्र}[2] उस नोटिस में ऐसे भवन या स्थान का बिना किसी आपत्ति के ऐसे प्रयोजन के लिए उपयोग करने के उद्देश्य से अधिरोपित या विहित करे, उपयोग करेगा या उपभोग करने देगा।

(2) जो कोई व्यक्ति, उपधारा (1) के अधीन दी गई नोटिस प्राप्त करने के पश्चात् उक्त नोटिस का उल्लंघन करके किसी भवन या स्थान का उपयोग करता है या करने देता है वह दोषसिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से, जो दो सौ रुपये तक हो सकता है और अग्रत्तर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दो–सिद्धि के दिनांक के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए ज बवह उक्त स्थान या भवन का इस प्रकार उपयोग करे या करने दे, चालीस रुपये तक हो सकेगा।

(3) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा इस धारा या 298 के शीर्षक 'छ' के अधीन बनाई गई किसी उपविधि के उपबन्धों को किसी भी ऐसे क्षेत्र में लागू कर सकेगी, जो नगरपालिका के बाहर {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}[3] से एक मील की दूरी के भीतर हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 148 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 148 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

अनैति प्रयोजन से आवारा घूमना और प्रलोभन देना

246–– जो कोई व्यक्ति, {नगरपालिका क्षेत्र}[2] की सीमा के भीतर की किसी सड़क या सार्वजनिक स्थान पर वेश्यावृत्ति के प्रयोजन से आवारागर्दी करता है या किसी व्यक्ति से व्यभिचार करने के लिए दुराग्रह करता है, दोषसिद्ध ठहराए जाने पर ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पचास रुपये तक हो सकेगी :

प्रतिबन्ध यह है कि कोई न्यायालय, सिवाय किसी दुराग्रहीत व्यक्ति की शिकायत के या इस निमित्त {नगरपालिका}[1] और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा लिखित रूप में प्राधिकृत क्रमशः किसी {नगरपालिका क्षेत्र}[2] अधिकारी या किसी पुलिस अधिकारी की शिकायत के, जो सब–इंसपेक्टर के पद से नीचे का न हो, इस धारा के अधीन किसी अपराध का संज्ञान न करेगा।

वेश्यागृह आदि

247–– (1) जब प्रथम वर्ग के किसी मजिस्ट्रेट को यह सूचना प्राप्त हो कि ––

(क) किसी पूजा के स्थान या किसी शैक्षिक संस्था या छात्रों के उपयोग में या उनके द्वारा अध्यासित किसी छात्रावास या होस्टल, भोजनालय के सामान्य में किसी किसी गृह का उपयोग, वेश्यागृह के रूप में या नियमित रूप में वेश्यावृत्ति के प्रयोजन के लिए या किसी प्रकार के विचछृंखल व्यक्तियों द्वारा किया जाता है; या

(ख) किसी गृह का उपर्युक्त रूप में उपयोग सामीप्य के प्रतिष्ठित निवासियों के लिए क्षोभ का कारण है; या

(ग) छावनी के ठीक पड़ोस में स्थित किसी गृह का उपयोग वेश्यागृह के रूप में या नियमित रूप से वेश्यावृत्ति के लिए किया जाता है;

तो वह उक्त गृह के स्वामी, किरायेदार, प्रबन्धक या अध्यासी को या तो स्वयं या अभिकर्ता द्वारा अपने समक्ष उपस्थित होने के लिए बुला सकेगा और यदि उसका समाधान हो जाय कि उक्त गृह का उपयोग खण्ड (क), खण्ड (ख) या खण्ड (ग) में वर्णित रूप में किया जाता है तो वह ऐसे स्वामी, किरायेदार, प्रबन्धक या अध्यासी को निदेश दे सकेगा कि ऐसे आदेश में उल्लिखित अवधि के भीतर, जो उसके दिनांक से पांच दिन से कम न हो, ऐसा उपयोग करना बन्द कर दे:

प्रतिबन्ध यह है कि इस उपधारा के अधीन कार्यवाही केवल––

(एक) जिला मजिस्ट्रेट की स्वीकृति से या उसके आदेश द्वारा; या

(दो) ऐसे गृह के, जिसके सम्बन्ध में शिकायत की गई हो, निकट सामीप्य से रहने वाले तीन या अधिक व्यक्तियों की शिकायत पर; या

(तीन) {नगरपालिका}[1] की शिकायत पर, की जायेगी।

(2) यदि कोई व्यक्ति, जिसके विरूद्ध किसी मजिस्ट्रेट द्वारा उपधारा (1) के अधीन आदेश दिया गया हो, उसमें उल्लिखित अवधि के भीतर ऐसे आदेश का अनुपालन करने में विफल रहता है तो मजिस्ट्रेट उस पर ऐसा जुर्माना अधिरोपित कर सकेगा, जो उक्त अवधि से समाप्त हो जाने के पश्चात्, जिसके दौरान उक्त गृह का इस प्रकार उपयोग किया जाये, प्रत्येक दिन के लिए पच्चीस रुपये तक हो सकेगा।

भिक्षावृत्ति आदि

248–– जो कोई व्यक्ति {नगरपालिका क्षेत्र}[2] के भीतर किसी सड़क या सार्वजनिक स्थान में, दुराग्रह पूर्वक भिक्षा मांगता है या दान भावना जागृत करने के उद्देश्य से किसी विकलांगता या रोग या किसी संतापकारी ब्रण या घाव को खुला रखता है या प्रदर्शित करता है वह दोषसिद्ध ठहराए जाने पर कारावास से, जो एक माह तक हो सकेगा या जुर्माने से जो पचास रुपये तक हो सकेगा या दोनों से दण्डनीय होगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 149 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

सार्वजनिक सुरक्षा

पागल कुत्तों आदि का निस्तारण

249–– {नगरपालिका}[1] किसी ऐसे कुत्ते या अन्य पशु की, जो जलांतक (रेबीज) से पीड़ित हो या जिसके युक्तियुक्त रूप से पीड़ित होने का सन्देह हो या जिसे उपर्युक्त रूप में पीड़ित या संदिग्ध किसी कुत्ते या अन्य पशु ने काटा हो, नष्ट करने या नष्ट कराने या उसे ऐसी अवधि के लिए, जिसके लिए {नगरपालिका}[1] निदेश दे, परिरुद्ध कराने के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत कर सकेगी।

मुख पट्ट बांधने का आदेश

250–– (1) जब किसी {नगरपालिका}[1] में {नगरपालिका क्षेत्र}[2] की राय में जलांतक फैलने पर ऐसा करना आवश्यक हो तो {नगरपालिका क्षेत्र}[2] सार्वजनिक नोटिस द्वारा {नगरपालिका}[1] में या {नगरपालिका क्षेत्र}[2] के किसी भाग में ऐसी अवधि के लिए जो वह ठीक समझे या जब तक कि उक्त नोटिस रद्द न कर दी जाये, सभी कुत्तों के मुख पट्ट बांधने की अपेक्षा कर सकेगी।

(2) {नगरपालिका}[2] ऐसी अवधि के दौरान किसी ऐसे कुत्ते के सम्बन्ध में, जो नोटिस में विनिर्दिष्ट दिनांक के पश्चात् मुखपट्ट बांधे बिना घूमता हुआ पाया जाये, धारा 249 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग कर सकेगी।

विधिपूर्वक नष्ट किए गए

251–– धारा 249 या 250 या धारा 298 के शीर्षक 'ज' के उपशीर्षक (ज) या (ठ) के

अधीन बनाई गई किसी उपविधि के अधीन नष्ट किए गए या अन्यथा निस्तारित किए गए किसी प्रतिकर का कुत्ते के लिए वर्णन

कुत्ते या अन्य पशुओं के सम्बन्ध में कोई क्षतिपूर्ति देय न होगी।

252–– जो कोई व्यक्ति, सिवाय वास्तविक आवश्यकता की स्थिति के, किसी सड़क पर गाड़ी चलाने, आगे ले जाने या ढकेलने में – मार्ग के नियम की उपेक्षा करना

(क) बायीं ओर रहने में विफल रहता है; और

(ख) जब वह उसी दिशा में, जिसमें वह जा रहा हो, जाने वाली गाड़ी के आगे निकलने में उस गाडी के दाहिनी ओर रहने में विफल रहता है तो दोष सिद्ध ठहराए जाने पर ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो दस रुपये तक हो सकेगा।

अपवाद–– यह धारा ऐसी {नगरपालिका क्षेत्र}[2] की स्थिति में लागू न होगी, जो पूर्णतः या अंशतः किसी पर्वतीय प्रदेश में स्थित हो।

253–– जो कोई व्यक्ति रात्रि और प्रातः काल के मध्य किसी सड़क पर कोई गाड़ी बिना उचित प्रकाश के गाड़ी चलाना चलाता है, आगे ले जाता है या ढकेलता है, यदि गाड़ी में प्रकाश की उचित व्यवस्था न हो, दोषसिद्ध होने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो बीस रुपये तक हो सकेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि {नगरपालिका}[1] विशेष संकल्प द्वारा, जिसकी पुष्टि विहित प्राधिकारी द्वारा की गयी हो, निर्देश दे सकेगी कि यह धारा उन गाड़ियों पर लागू न होगी, जो पैदल चलने की गति से अधिक न चलायी जा रही हो।

254–– किसी हाथी, ऊंट या भालू का प्रभारी कोई व्यक्ति, यदि किसी घोड़े के निकट आने पर जिस पर कोई सवार हो या वह जुता हो या ले जाया जा रहा हो, अपने हाथी, ऊंट या भालू को यथासाध्य, किसी सुरक्षित दूरी पर हटाने के लिए अनुरोध किए जाने पर ऐसा करने में चूक करता है तो वह दोष–सिद्ध होने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो बीस रुपये तक हो सकेगा। हाथी आदि को सुरक्षित दूरी पर हटाने में विफल होना

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 149 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

255–– (1) कोई ऐसा स्वामी या रखवाला, जिसके मवेशी या अन्य पशु किसी सड़क या सार्वजनिक स्थान पर बंधे हुए या बिना रखवाले के इधर–उधर भटकते हुए पाए जायें, दोषसिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो दो सौ पचास रुपये तक हो सकेगा। मवेशी आदि का सड़क पर बांधने का निषेध

(2) उपर्युक्त रूप में बंधे हुए किसी पशु को किसी नगरपालिका अधिकारी या सेवक द्वारा या किसी पुलिस अधिकारी द्वारा किसी कांजी हाउस में हटाया जा सकेगा मानो उक्त पशु भटकता हुआ पाया गया हो।

256–– जहां {नगरपालिका}[1] में निहित किसी भ में निहित किसी भूमि या किसी स्थलों पर सार्वजनिक स्थान या {नगरपालिका}[1] की लिखित अनुज्ञा के बिना किसी गाड़ी या पशु के पशुओं का सार्वजनिक गाड़ियों या पड़ाव पड़ाव स्थल या डेरा डालने के स्थान के रूप में उपयोग किया जाय, वहां यथास्थिति, गाड़ी या पशु का स्वामी या रखवाला या डेरा डालने वाला व्यक्ति दोष–सिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से जो एक सौ रुपये तक हो सकेगा और उल्लंघन जारी रहने की दशा में अग्रेत्तर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दोष–सिद्धि के दिनांक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके दौरान अपराधी का बारम्बार अपराध किया जाना सिद्ध हो, दस रुपये तक हो सकेगा।

257–– (1) {नगरपालिका}[1] सार्वजनिक नोटिस द्वारा यह निदेश दे सकेगी कि उसके के द्वारा निश्चित की गई कतिपय सीमाओं के भीतर, {नगरपालिका}[1] की लिखित सहमति के बिना, ज्वलनशील संरचना सम्बन्ध में शक्ति

झोपड़ियों या अन्य भवनों की छतें और बाहरी दीवालें, घास, चटाई, पत्तियों या अन्य अतिज्वलनशील सामग्री से बनाई या नवीकृत नहीं की जायेगी।

(2) {नगरपालिका}[1] किसी भी समय, लिखित नोटिस द्वारा ऐसे भवन के, किसी बाहरी छत या दीवाल यथाापूर्वोक्त सामग्री की बनाई गई हो, स्वामी से अपेक्षा कर सकेगी कि वह ऐसी छत या दीवाल को ऐसे युक्तियुक्त समय के भीतर, जो नोटिस में विनिर्दिष्ट किया जायेगा, हटा दे भले ही उपधारा (1) के अधीन कोई सार्वजनिक नोटिस जारी न किया गया हो या ऐसी छत या दीवाल {नगरपालिका}[1] की सहमति से अथवा ऐसे सार्वजनिक नोटिस के, यदि कोई हो, जारी होने के पहले बनाई गई हो:

प्रतिबन्ध यह है कि किसी ऐसी छत या दीवाल की दशा में, जो ऐसी सार्वजनिक नोटिस जारी होने के पूर्व विद्यमान रही हो या {नगरपालिका}[1] की सहमति से बनाई गई हो, {नगरपालिका}[1] उसे हटाए जाने के कारण से हुए किसी नुकसान के लिए प्रतिकर देगी, जो उस छत या दीवाल के निर्माण के मूल व्यय से अधिक न होगा।

(3) जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) द्वारा यथा–अपेक्षित सहमति के बिना यथापूर्वोक्त किसी छत या दीवाल का निर्माण या नवीकरण करता है या निर्माण या नवीकरण कराता है या उपधारा (2) के अधीन दिए गए किसी नोटिस की अवज्ञा करके उसे बनाए रखता है, दोषिसिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से जो पच्चीस रुपये तक हो सकेगा और ऐसे अग्रत्तर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दोषसिद्धि के दिनांक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जब अपराध जारी रहे, दस रुपये तक हो सकेगी।

प्राधिकृत मात्रा से अधिक ज्वलशील सामग्री की तलाशी लेने की शक्ति

258–– (1) {नगरपालिका}[1] बिना नोटिस के और दिन या रात में, किसी भी समय किसी ऐसे गृह या भवन में प्रवेश कर सकेगी और उसका निरीक्षण कर सकेगी, जिसमें उसे यह सन्देह हो कि धारा 245 या किसी उपविधि के उपबन्ध के अधीन ऐसे गृह या भवन में रखे जाने के लिए अनुज्ञात मात्रा से अधिक मात्रा में पेट्रोलियम या अन्य ज्वलनशील सामग्री है।

(2) यदि ऐसी सामग्री ऐसी अधिक मात्रा में पाई जाये, तो उसके सम्बन्ध में किसी मजिस्ट्रेट द्वारा दिए गए आदेश के अधीन रहते हुए उसे अभिगृहीत किया जा सकेगा और रखा जा सकेगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) यदि मजिस्ट्रेट यह विनिश्चय करे कि अभिगृहीत सामग्री का धारा 245 के अधीन दिए गए किसी निदेश या किसी उपविधि के उपबन्ध के प्रतिकूल, उक्त गृह या भवन में संग्रह किया गया है तो वह उसके अधिग्रहण का आदेश दे सकेगा।

(4) इस अधिनियम के या किसी अन्य अधिनियमिति के अधीन बनाए गए किसी उपबन्ध के अधीन रहते हुए इस प्रकार अधिहरण की गई सामग्री को, मजिस्ट्रेट के आदेश द्वारा बेचा जा सकेगा और आगम को ऐसे विक्रय के व्यय की चुकता करने के बाद नगरपालिका निधि में जमा कर दिया जायेगा।

(5) इस धारा के अधीन अधिहरण का कोई आदेश किसी ऐसी अन्य दाण्डिक या सिविल कार्यवाही को, जो अत्यधिक मात्रा में सामग्री का संग्रह करने के लिए किसी व्यक्ति के विरूद्ध की जा सकती हो, प्रवर्तित होने से निवारित नहीं करेगा।

ज्वलनशील सामग्री का ढेर लगाना आदि

259–– {नगरपालिका}[1] जहां जीवन या सम्पत्ति के लिए संकट के निवारणार्थ आवश्यक प्रतीत हो, सार्वजनिक नोटिस द्वारा सभी व्यक्तियों को नोटिस में विनिर्दिष्ट स्थान पर या सीमा के भीतर लकड़ी, सूखी घास, भूसा या अन्य ज्वलनशीन सामग्री का ढेर लगाने का जमा करने या वहां पर चटाइयां बिछाने या छप्पर डालने या आग जलाने से प्रतिषेध कर सकेगी।

संकटपूर्ण खदान कार्य

260–– (1) यदि {नगरपालिका}[1] की राय में किसी स्थान पर खदान या भूमि से

पत्थर, मिट्टी या अन्य सामग्री का हटाया जाना उसके पड़ोस में निवास करने वाले या उसके परिदर्शन के हकदार व्यक्तियों के लिए संकटपूर्ण है या उससे लोक अपदूषण होने या उसके हो जाने की सम्भावना है तो {नगरपालिका}[1] लिखित नोटिस द्वारा, उक्त खदान या स्थान के स्वामी को या ऐसे खदान कार्य करने या सामग्री हटाने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति को ऐसे खदान कार्य को जारी रखने या उसकी अनुज्ञा देने या ऐसी सामग्री को हटाने का प्रतिषेध कर सकेगी या ऐसे खदान या स्थान के सम्बन्ध में ऐसा आदेश प्राप्त करने की अपेक्षा कर सकेगी, जैसा कि {नगरपालिका}[1] ऐसे संकट के निवारण के या ऐसे अप्रदूषण के उपशमन के प्रयोजनार्थ, जो उससे उत्पन्न हो या जिसके उत्पन्न होने की सम्भावना हो, निदेश देगी।

(2) यदि उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी मामले में किसी आसन्न खतरे के निवारणार्थ {नगरपालिका}[1] को आवश्यक प्रतीत हो तो वह यात्रियों की सुरक्षा के लिए खदान या स्थान के निकट समुचित विज्ञापन पट्ट या बाड़ा लगवायेगा और ऐसी कार्यवाही करने पर {नगरपालिका}[1] द्वारा उपगत व्यय का भुगतान उपर्युक्त स्वामी या अन्य व्यक्ति द्वारा किया जायेगा और उसे अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल किया जा सकेगा।

खड़ंजा आदि को हटाना

261–– (1) जो कोई व्यक्ति {नगरपालिका}[1] या किसी अन्य विधिपूर्ण प्राधिकारी की लिखित सहमति के बिना, सार्वजनिक सड़क का कोई खड़ंजा, नाबदान, बिछाए गए चौकोर पत्थर या अन्य सामग्री को या उसकी बाड़, दीवाल या खम्भों को या किसी नगरपालिका की बत्ती, बत्ती के खम्भे ब्रेकेट, निर्देश खम्भा, स्टेण्ड पोस्ट, बम्बा या नगरपालिका की ऐसी अन्य सम्पत्ति को हटाता है, उठाता है या उसमें परिवर्तन करता है या अन्यथा हस्तक्षेप करता है और जो कोई व्यक्ति {नगरपालिका}[1] के किसी प्रकाश को बुझाता है, वह दोषसिद्ध होने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो एक हजार रुपये तक हो सकेगा।

(2) उपधारा (1) में वर्णित कोई भी ऐसा कार्य करने के कारण किया गया व्यय अपराधी से अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल किया जा सकेगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[2] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 262–265}

आग्नेयायुध आदि चलाना

262–– जो कोई व्यक्ति ऐसी रीति से आग्नेयायुध चलाता है या आतिशबाजी के गुब्बारे छोड़ता है या किसी ऐसे खेल में लगा रहता है, जिससे कि वहां से गुजरने वाले या पड़ोस में रहने वाले या काम करने वाले व्यक्तियों के लिए संकट या किसी सम्पत्ति के क्षतिग्रस्त होने की जोखिम उत्पन्न हो या होने की सम्भावना हो तो वह दोषसिद्ध होने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो बीस रुपये तक हो सकेगा।

खण्डहर, भवनों, कुओं आदि से संकट के निवारण के लिए शक्ति आरक्षित

263–– (1) {नगरपालिका}[1] नोटिस द्वारा किसी भूमि या भवन के स्वामी या अध्यासी से अपेक्षा कर सकती है कि वह ––

(क) ऐसे किसी भवन, दीवाल या किनारा अन्य संरचना या उससे सम्बद्ध किसी भी वस्तु को तोड़ दे या उसकी ऐसी रीति से मरम्मत कराये जैसा कि {नगरपालिका} आवश्यक समझे या ऐसे किसी वृक्ष को, जो उक्त स्वामी का हो या उक्त अध्यासी के कब्जे में हो हटा दे, जो {नगरपालिका}[1] को खण्डहर स्थिति में या सम्पत्ति के लिए संकटपूर्ण प्रतीत हो; या

(ख) उक्त स्वामी के या उक्त अध्यासी के कब्जे के किसी कुएं, तालाब, जलाशय, पोखर या खुदाई कार्य की, जो {नगरपालिका}[1] का उसकी स्थिति, मरम्मत न होने या ऐसी ही अन्य परिस्थितियों के कारण संकटपूर्ण प्रतीत हो, ऐसी रीति से मरम्मत कराये, संरक्षित रखे या घेर दे, जैसा कि {नगरपालिका}[1] आवश्यक समझे।

(2) जहां {नगरपालिका}[1] को यह प्रतीत हो कि किसी व्यक्ति या सम्पत्ति के आसन्न संकट के निवारण के प्रयोजनार्थ तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक है तो {नगरपालिका}[1] का यह कर्तव्य होगा कि वह तुरन्त ऐसी कार्यवाही करे ओर ऐसे मामले में, धारा 287 के उपबन्धों के होते हुए भी {नगरपालिका}[1] के लिए नोटिस देना आवश्यक नहीं होगा, यदि {नगरपालिका}[1] को यह प्रतीत हो कि नोटिस देने में होने वाले विलम्ब से इस प्रकार तुरन्त कार्यवाही करने का उद्देश्य विफल हो जायेगा।

अनध्यासित भवनों या भूमि को अपदूषण बनने से निवारित करने की शक्ति

264–– {नगरपालिका}[1] नोटिस द्वारा किसी ऐसे भवन या भूमि के, जो परित्याग करने या विवादग्रस्त स्वामित्व या अन्य कारणवश अनध्यासित है और गेकार उच्छृंखल व्यक्तियों का अभिगम स्थान बन गई है या अन्यथा लोक अपदूषण हो गई है या होने की सम्भावना है, स्वामी से अपेक्षा कर सकेगी कि वह उसे नोटिस में निश्चित किए गए युक्तियुक्त समय के भीतर उसे सुरक्षित कर दे और घेर दे।

सड़कों पर बाधा

265–– (1) जो कोई व्यक्ति {नगरपालिका}[1] की लिखित अनुज्ञा के बिना––

(क) किसी गाड़ी को, जिसमें कोई पशु जुता हो या न हो, किसी सड़क पर माल चढ़ाने या उतारने के लिए या सवारियां लेने या उतारने के लिए आवश्यकता से अधिक समय तक रोकता है या खड़ा रखता है या इसकी अनुमति देता है, जिससे सड़क पर बाधा पहुचंती है; या

(ख) किसी गाड़ी या पशु को ऐसे छोड़ देता है या इस प्रकार बांधता है, जिससे कि सड़क पर बाधा पहुंचती है; या

(ग) किसी वस्तु हो, चाहे किसी स्टाल या बूथ पर या किसी अन्य रीति से बिक्री के लिए इस प्रकार प्रदर्शित करता है, जिससे सड़क पर बाधा पहुचंती है; या

(घ) किसी सड़क पर कोई भवन निर्माण सामग्री, सन्दूक, गांठ, बण्डल या व्यापारिक सामग्री जमा करने देता है; या

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ङ) किसी सड़क पर कोई बाड़ा, जंगला, खम्भा, स्टाल या कोई पाड़ या ऐसा कोई अन्य उपस्कर खड़ा करता या लगवाता है; या

(च) किसी रीति से किसी सड़क के निर्बाध आवागमन में जानबूझकर बाधा डालता या बाधा डलवाता है,

तो वह दोषसिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से, पांच सौ रुपये तक हो सकता है और उल्लंघन जारी रहने की दशा में अग्रत्तर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दोष–सिद्ध के दिनांक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसमें अपराधी का बार–बार अपराध करना साबित हो, दस रुपये तक हो सकेगा।

(2) {नगरपालिका}[1] को उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी बाधा को हटाने की शक्ति होगी और इस प्रकार हटाने का व्यय अपराधी से अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल किया जा सकेगा।

(3) सड़क से बाधा हटाने के लिए उपधारा (2) के अधीन {नगरपालिका}[1] द्वारा प्रयोक्तव्य शक्ति का {नगरपालिका}[1] द्वारा किसी ऐसी खुली जगह से, चाहे वह {नगरपालिका}[1] में निहित हो या न हो, जो निजी सम्पत्ति न हो, बाधा हटाने के लिए भी प्रयोग किया जा सकेगा।

(4) इस धारा में अन्तर्विष्ट कोई बात किसी सड़की की ऐसी किसी बाधा पर लागू न होगी, जिसकी अनुज्ञा {नगरपालिका}[1] द्वारा इस अधिनियम की किसी धारा या तद्धीन बनाए गए किसी नियम या उपविधि या स्वीकृत किसी लाइसेंस के अधीन दी गई हो।

सार्वजनिक भूमि की खुदाई

266–– जो कोई व्यक्ति, {नगरपालिका}[1] की लिखित अनुज्ञा के बिना, किसी ऐसे खुले स्थान से, चाहे वह {नगरपालिका}[1] में निहित हो या न हो, जो निजी सम्पत्ति न हो, मिट्टी, बालू या अन्य सामग्री खोदता है या हटाता है, वह दोष–सिद्ध ठहराए जाने पर पांच सौ रुपये से अनधिक के जुर्माने से और यदि अपराध निरन्तर जारी रहता है तो ऐसे अग्रेत्तर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो ऐसे अपराध के लिए प्रथम बार सिद्ध–दोष ठहराए जाने के दिनांक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध जारी रहता है, दस रुपये तक हो सकेगा।

स्वच्छता और रोग का निवारण

असार्वजनिक नालियां, मलकूप, कूड़ादान, शौचालय आदि

267–– (1) {नगरपालिका}[1] नोटिस द्वारा, किसी भूमि या भवन के स्वामी या अध्यासी से अपेक्षा कर सकेगी कि वह ––

(क) ऐसी भूमि या भवन से सम्बद्ध किसी शैचालय, नाबदान, नाली, मलकूप, कूड़ादान या गन्दगी, मैला पानी, कूड़ा–करकट या कचरे के किसी अन्य पात्र को ढक दे, हटा दे, परिवर्तित कर दे, उसकी मरम्मत कराए, सफाई कराए, उसे रोगाणुमुक्त कराए या अच्छी हालत में रखे या ऐसे किसी शौचालय, मूत्रालय या नाबदान के किसी द्वार या छत द्वार को, जो किसी सड़क पर नाली की ओर खुलता हो, हटा दे या परिवर्तित कर दे; या

(ख) ऐसे शौचालयों, मूत्रालयों, नाबदानों, नालियों, मलकूपों, कूड़ादान या गन्दगी या मैला पानी, कूड़ा–करकट या कचरे के अन्य पात्रों की व्यवस्था करे, जिनकी उसकी राय में उक्त भवन या भूमि में व्यवस्था की जानी चाहिए, किसी वर्तमान व्यवस्था के अतिरिक्त हो या न हो; या

(ग) भवन या भूमि के लिए व्यवस्थित किसी शौचालय, मूत्रालय या नाबदान को पर्याप्त छत और दीवाल या बाड़ से इस प्रकार बन्द कर दे कि वहां से गुजरने वाले व्यक्तियों या पड़ोस के निवासियों को दिखायी न दे।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) जब उपधारा (1) की अपेक्षानुसार किसी बात की व्यवस्था की जानी हो, कोई परिवर्तन या कोई कार्य किया जाता हो तो {नगरपालिका}[1] नोटिस में जिस बात की व्यवस्था की जानी हो उसका विवरण, जिसके अनुरूप उस वस्तु का परिवर्तन किया जाना हो, उसका प्रतिरूप और जिसके अनुसार कार्य किया जाना हो, उसकी रीति विनिर्दिष्ट कर सकेगी।

कारखानों, स्कूलों और सार्वजनिक अभिगम के स्थानों के लिए शौचालय

268–– {नगरपालिका}[1] किसी ऐसे व्यक्ति से, जिसके नियोजन में बीस से अधिक कर्मकार या श्रमिक हो या जिसके स्वामित्व प्रबन्ध या नियंत्रण में कोई बाजार, स्कूल या थियेटर या सार्वजनिक अभिगम का अन्य स्थान हो, नोटिस द्वारा ऐसे शैचालयों और मूत्रालयों की व्यवस्था करने जैसा वह ठीक समझे और उसे उचित स्थिति में रखने और उसका दैनिक सफाई करने की अपेक्षा कर सकेगी :

प्रतिबन्ध यह है कि इस धारा की कोई बात इण्डियन फैक्ट्रीज ऐक्ट, 1911 द्वारा विनियमित किसी कारखाने पर लागू न होगी।

तालाब आदि से उत्पन्न अपदूषण हटाने की अपेक्षा करने की शक्ति

269–– (1) {नगरपालिका}[1] नोटिस द्वारा, किसी भूमि या भवन के स्वामी या अध्यासी से यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह उससे निजी कुएं तालाब, जलाशय, पोखर, गर्त या गड्ढे की, जो {नगरपालिका}[1] को, पडोस के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक या संतापकार प्रतीत हो, स्वच्छ कराए, मरम्मत कराए, ढक दे भर दे या उसके जल का निस्तारण कर दे :

(2) प्रतिबन्ध यह है कि कोई स्वामी या अध्यासी {नगरपालिका}[1] से अपेक्षा कर सकेगा कि वह उपधारा (1) के अधीन आदिष्ट जलोत्सारण करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक किसी भूमि या भूमि के अधिकार को अपने व्यय पर अर्जित करे या अन्यथा व्यवस्था करे।

नालियों, संडासों आदि का निरीक्षण

270–– (1) धारा 278 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए {नगरपालिका}[1] किसी नाली, संडास, नाबदान, शौचालय, मूत्रालय, मलकूप या गन्दगी के अन्य पात्र का निरीक्षण कर सकेगी और उस प्रयोजन के लिए, जहां वह ठीक समझे, भूमि को खुदवा सकेगी।

(2) ऐसे निरीक्षण और भूमि को भरने और पहले की तरह ठीक करने का व्यय {नगरपालिका}[1] द्वारा वहन किया जायेगा, जब तक कि उक्त नाली, संडास, नाबदान, शौचालय, मूत्रालय, मलकूप या गन्दगी के अन्य पात्र खराब दशा या स्थिति में न पाये जायें या उनका निर्माण, इस अधिनियम या किसी अन्य अधिनियमिति के, या अधीन बनाए गए किन्हीं उपबन्धों के उल्लंघन में न किया गया हो, जिस दशा में उक्त व्यय का भुगतान स्वामी या अध्यासी द्वारा किया जायेगा और अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल किया जा सकेगा।

गन्दे भवन या भूमि स्वच्छ रखना

271–– यदि कोई भवन या भूमि गन्दी या अस्वास्थ्य कर स्थिति में हो तो को {नगरपालिका}[1] नोटिस द्वारा उसके स्वामी या अध्यासी से उक्त भवन या भूमि को स्वच्छ या अन्यथा उचित स्थिति में रखने और तत्पश्चात् उसको स्वच्छ और उचित स्थिति बनाए रखने की अपेक्षा कर सकेगी।

दुर्गन्धित पदार्थ को हटाने में विफलता

272–– जहां किसी भवन या भूमि पर––

(क) धूल, गोबर, हड्डी, राख, विष्ठा या गन्दगी या कोई हानिकार या संतापकारी पदार्थ चौबीस घंटे से अधिक समय से किसी उचित पात्र में न रखकर अन्यथा रखा जाता हो; या

(ख) ऐसी वस्तुओं का कोई पात्र गन्दी या हानिकारक स्थिति में हो या किसी उचित ढंग से उसे स्वच्छ या शुद्ध न किया जाता हो;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

तो ऐसे भवन या भूमि का स्वामी या अध्यासी दोषसिद्ध ठहराए जाने पर ऐसे जुर्माने से जो पचास रुपये तक हो सकेगा और उल्लंघन जारी रहने की दशा में अग्रेत्तर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दोषसिद्धि के दिनांक के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसमें अपराधी द्वारा साधारण अपराध किया जाना साबित हो, पांच रुपया तक हो सकेगा।

कूड़ा–करकट विष्ठा आदि के निस्तारण का विनियमन

273–– (1) {नगरपालिका}[1] ––

(क) संतापकारी पदार्थ कूडा–करकट को स्थायी रूप से जमा करने के लिए पात्र और स्थान की व्यवस्था कर सकेगी;

(ख) विष्ठा, लोथ और अन्य संतापकारी पदार्थ और कूडा–करकट के निस्तारण के लिए स्थान नियत कर सकेगी; और

(ग) सार्वजनिक नोटिस द्वारा ऐसा समय, ऐसी रीति और शर्तों के सम्बन्ध में निदेश जारी कर सकेगी जब, जिसके अनुसार और जिनके अधीन रहते हुए खण्ड (क) और (ख) में निर्दिष्ट कोई संतापकारी पदार्थ या कूडा–करकट किसी सड़क से हटाया जाये, जमा किया जाये या उसका अन्यथा निस्तारण किया जाये।

(2) उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन स्थान नियत किए जाने के लिए यह नोटिस पर्याप्त होगी कि ऐसे नियत स्थान पर या उसके निकट ऐसे नियत स्थान को इंगित करते हुए एक नोटिस बोर्ड लगा दि

(3) उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}$_2$ के बाहर कोई स्थान नियत करने के पूर्व {नगरपालिका}$_1$ जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करेगी।

कूडा–करकट, विष्ठा आदि के अनुचित निस्तारण के लिए शास्ति

274–– जिस भवन या भूमि से कोई संतापकारी पदार्थ, कूड़ा–करकट, विष्ठा या लोथ, खण्ड (ख) के अधीन नियत किसी स्थान या धारा 273 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन व्यवस्थित किसी पात्र से भिन्न अन्यथा किसी सार्वजनिक स्थान या सड़क के किसी भाग पर या किसी सार्वजनिक सीवर या नाली में या किसी सार्वजनिक सीवर या नाली से मिलने वाली किसी नाली में फेंका या जमा किया जाता है, ऐसे भवन या भूमि या अध्यासी और कोई ऐसा व्यक्ति, जो उपधारा के खण्ड (ग) के अधीन जारी किए गए {नगरपालिका}$_1$ के किसी निर्देश का उल्लंघन करता है, दोषसिद्ध ठहराए जाने पर दो सौ पचास रुपये से अनधिक के जुर्माने से दण्डनीय होगा।

पशुओं के शव का निस्तारण

275–– (1) जब कभी किसी व्यक्ति के भार साधक में किसी ऐसे पशु की या तो बिक्री के लिए या उपभोग के लिए या किसी अन्य धार्मिक प्रयोजन के लिए वध किए जाने से भिन्न प्रकार से मृत्यु हो जाये तो उसका भारसाधक व्यक्ति चौबीस घंटे के भीतर या तो –

(क) उस लोथ को धारा 273 के अधीन {नगरपालिका}$_1$ द्वारा पशुओं के शव के निस्तारण के लिए नियत किसी स्थान (यदि कोई हो) या {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}$_2$ के बाहर किसी स्थान पर, जो उक्त सीमा से एक मील के भीतर न हो, ले जायेगा;

(ख) {नगरपालिका}$_1$ को उसकी मृत्यु की सूचना देगा, जिस पर {नगरपालिका}$_1$ उक्त लोथ का निस्तारण करायेगा।

(2) ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जो उपधारा (1) के अनुसार कार्य करने के लिए आबद्ध हो, यदि ऐसा कार्य करने में विफल रहता है, दोषसिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से, जो दस रुपये तक हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 150 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन किसी पशु के शव के निस्तारण के लिए {नगरपालिका}$_2$ ऐसी फीस ले सकता है, जो {नगरपालिका}$_2$ ने विहित की हो और उक्त फीस को यदि उसका अग्रिम भुगतान न किया गया हो तो अध्याय 6 द्वारा उपबन्धित रीति से पशु के स्वामी या रखवाले से वसूल कर सकता है।

सार्वजनिक सड़क आदि पर गन्दे जल को बहाने के लिए शास्ति

276–– जब कभी किसी हौदी, सीवर या मलकूप का जल या किसी अन्य संतापकारी पदार्थ को, {नगरपालिका}$_2$ की लिखित अनुज्ञा के बिना या ऐसी अनुज्ञा में विहित किसी शर्त के का उल्लंघन करके, किसी सार्वजनिक सड़क या स्थान पर, या किसी ऐसे सीवर या नाली में, जो उस प्रयोजन के लिए अलग से न हो, बहने दिया जाये या उसका निस्तारण करने दिया जाये या निकलने दिया जाये तो ऐसा स्वामी या अध्यासी, जिसकी भूमि या भवन से ऐसा जल या संतापकारी पदार्थ इस प्रकार बहता हो, उसका निस्तारण होता हो या निकाला जाता हो, दोष–सिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो {दो सौ पचास रुपये}$_1$ तक हो सकेगा।

भवनों में प्रवेश करने और उन्हें रोगाणुमुक्त करने की शक्ति

277–– धारा 287 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, {नगरपालिका}$_2$ किसी भवन में प्रवेश कर सकेगी, उसका निरीक्षण कर सकेगी और नोटिस द्वारा निर्देश दे सकेगी कि उसे सम्पूर्णतया या उसके किसी भाग के भीतर या बाहर से स्वच्छता सम्बन्धी कारणों से चूने से पुताई कराई जाय, रोगाणुमुक्त कराया जाये या अन्यथा स्वच्छ कराया जाये :

प्रतिबन्ध यह है कि इस धारा की कोई बात इण्डियन फैक्ट्रीज ऐक्ट, 1911 द्वारा विनियमित किसी कारखाने पर लागू न होगी।

मानवीय निवास के लिए अनुपयुक्त भवन

278–– (1) यदि कोई भवन या भवन का कोई कमरा, {नगरपालिका}[2] की राय में, जल निस्तारण या संवातन या अन्य प्रकार से उचित साधनों के अभाव के कारण मानवीय निवास के लिए अनुपयुक्त हो तो {नगरपालिका}[2] नोटिस द्वारा, उसके स्वामी या अध्यासी को उक्त भवन या कमरे को मानवीय निवास के लिए उपयोग करने या इस प्रकार उपयोग किए जाने के लिए रहने देने से या तो पूर्णतया तब तक के लिए प्रतिषिद्ध कर सकेगी, जब तक कि वह नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर उसमें ऐसे परिवर्तन न करवा दे, जैसा कि नोटिस में विहित किया जाये।

(2) ऐसे व्यक्ति द्वारा, जिसे उपधारा (1) के अधीन नोटिस जारी किया गया हो, उसका अनुपालन न करने पर, {नगरपालिका}[2] के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह अग्रेत्तर नोटिस द्वारा उक्त भवन या कमरे को तोड़ देने की अपेक्षा करे।

हैजा, चेचक आदि की सूचना न देने के लिए शास्ति

279–– ऐसा व्यक्ति, जो ––

(क) चिकित्सा व्यवसायी हो और जिसे ऐसे व्यवसाय के दौरान यह संज्ञान हो जाये कि हैजा, प्लेग, चेचक या कोई ऐसा संक्रामक रोग, जिसे राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में अधिसूचित किया जाये, {नगरपालिका क्षेत्र}[3] के भीतर सार्वजनिक चिकित्सालय से भिन्न किसी निवास स्थान में फैला हुआ है; या

(ख) ऐसे निवास स्थान का स्वामी या अध्यासी हो और जिसे उसमें किसी संक्रामक रोग फैलने का संज्ञान हो जाये ऐसे चिकित्सा व्यवसायी द्वारा व्यतिक्रम करने पर; या

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 150 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ग) ऐसे निवास–स्थान में किसी ऐसे संक्रामक रोग से ग्रस्त किसी व्यक्ति का भारसाधक हो या उसकी परिचर्या में लगा हो और जिसे उसमें ऐसा रोग फैलने का संज्ञान हो जाय, ऐसे स्वामी या अध्यासी द्वारा व्यतिक्रम करने पर संज्ञान हो जाने के चौबीस घंटे के भीतर उक्त रोग फैलाने के सम्बन्ध में ऐसे अधिकारी को, जिसे {नगरपालिका क्षेत्र}[3] इस निमित्त नियुक्त करे, सूचना देने में विफल रहता है या मिथ्या सूचना देता है, दोषसिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पचास रुपये तक हो सकेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसा कोई व्यक्ति, जिसके लिए प्रथमतः सूचना देना अपेक्षित न हो, किन्तु किन्हीं अन्य व्यक्तियों द्वारा व्यतिक्रम करने पर ही सूचना देना अपेक्षित हो, दण्डनीय नहीं होगा, यदि यह बताया जाये कि उसके पास यह मान लेने के लिए युक्तियुक्त कारण था कि सूचना दे दी गई है या सम्यक् रूप से दे दी जायेगी।

उन व्यक्तियों की परीक्षा की जाने की शक्ति, जिनके बारे में संक्रामक रोगों से ग्रस्त होने का संदेह हो

{279–क–– जब यह विश्वास करने का कारण हो कि किसी भवन में धारा 279 के अधीन अधिसूच्य संक्रामक रोग घटना हुई है तो स्वास्थ्य अधिकारी या उसके द्वारा प्रतिनियुक्त अन्य सक्षम व्यक्ति, धारा 287 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, उक्त भवन में प्रवेश करेगा और ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों की परीक्षा करेगा, जिसके बारे में रोगग्रस्त होने का सन्देश हो और व्याधिकीय परीक्षा के लिए, यदि आवश्यक हो, सामग्री भी प्राप्त कर सकेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि आठ वर्ष से अधिक आयु की महिला की परीक्षा केवल महिला द्वारा ही की जायेगी।}[1]

रोगियों को चिकित्सालय ले जाना

280–– जब हैजा, प्लेग, चेचक से या अन्य संक्रामक रोग से, जिसे राज्य सरकार इस निमित्त अधिसूचित करे, ग्रस्त या किसी सम्यक् रूप से अर्ह चिकित्सा व्यवसायी द्वारा ऐसे रोग से ग्रस्त प्रमाणित किया गया व्यक्ति ––

(क) बिना किसी उचित आवास या स्थान के हों; या

(ख) किसी सराय या अन्य सार्वजनिक आवास में रहता हो; या

(ग) किसी ऐसे कमरे या ऐसे गृह में रहता हो, जो न तो उसका हो और न वह उसके अध्यासन के लिए अन्यथा हकदार हो; या

(घ) किसी ऐसे कमरे या कोष्ठ बलि में रहता हो, जो एक से अधिक परिवार के अध्यासन में हो और उनमें से किसी अध्यासी को उसके वहां बने रहने पर आपत्ति हो तो {नगरपालिका}[2] ऐसे चिकित्सा अधिकारी की सलाह से, जो सहायक सर्जन के पद से नीचे का न हो, ऐसे रोगी को ऐसे चिकित्सालय में या किसी ऐसे स्थान पर हटा सकेगी, जहां उक्त रोग से ग्रस्त व्यक्तियों का चिकित्सीय उपचार किया जाता हो और कोई भी ऐसी कार्यवाही कर सकता है, जो इस प्रकार हटाए जाने के लिए आवश्यक हो।

कतिपय विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों द्वारा कृत कार्यों के लिए शास्ति

281–– यदि किसी संक्राम, सांसर्गिक या घृणित विकार से ग्रस्त होने पर कोई भी व्यक्ति ––

(क) मानवीय उपभोग के लिए खाद्य पदार्थ या पेय या कोई औषधि या भेषज बिक्री के लिए बनाता है या प्रस्तुत करता है; या

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 151 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ख) ऐसे पदार्थ औषधि या भेषज का अन्य व्यक्तियों द्वारा बिक्री के लिए रखे जाने पर जानबूझकर स्पर्श करता है; या

(ग) गन्दे कपड़ों को धोने या ले जाने के कारबार में कोई भाग लेता है तो दोषसिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पचास रुपये तक हो सकेगा।

स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खेती, खाद का उपयोग या सिंचाई करने का प्रतिषेध

282–– यदि स्वास्थ्य सेवा–निदेशक या सिविल सर्जन या स्वास्थ्य अधिकारी यह प्रमाणित करता है कि किसी प्रकार की फसलों की खेती या किसी किस्म की खाद का उपभोग या किसी विनिर्दिष्ट रीति से भूमि की सिचांई ––

(क) {नगरपालिका क्षेत्र}[2] की सीमा के भीतर किसी स्थान में करना हानिकर है या ऐसे कार्य करने में सहायक होता है, जो पड़ोस में रहने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकर हो; या

(ख) {नगरपालिका क्षेत्र}[2] की सीमा के भीतर या बाहर किसी स्थान में करने से ऐसी {नगरपालिका क्षेत्र}[2] के जल सम्भरण के दूषित होने की संभावना हो या जल पीने के प्रयोजनों के लिए अन्यथा अनुपयुक्त होता हो,

तो {नगरपालिका क्षेत्र}[2] सार्वजनिक नोटिस द्वारा, ऐसी फसल की खेती करने, ऐसी खाद का उपयोग करने या सिंचाई की उस विधि का प्रयोग करने का, जिसे इस प्रकार हानिकर बताया गया हो, प्रतिषेध कर सकेगी या उनके सम्बन्ध में ऐसी शर्त अधिरोपित कर सकेगी, जिसमें ऐसी हानि या दूषण निवारण किया जा सके :

प्रतिबन्ध यह है कि जब किसी ऐसी भूमि में, जिसके सम्बन्ध में ऐसी नोटिस जारी किया जाय, प्रतिषेध किए जाने के दिनांक से ठीक पूर्ववर्ती लगातार

पांच वर्ष तक कृषि के सामान्य क्रम में प्रतिसिद्ध कार्य किया गया हो तो उसमें हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों को ऐसी क्षति के लिए, जो उन्हें ऐसा प्रतिषेध करने से हुई हो, {नगरपालिका क्षेत्र}[2] निधि से प्रतिकर दिया जायेगा।

अनिष्टकारी वनस्पतियों को साफ करने के लिए स्वामियों से अपेक्षा की शक्ति

283–– {नगरपालिका}[1] नोटिस द्वारा, किसी भूमि के स्वामी या अध्यासी से किसी ऐसी वनस्पति या झाड़ झंखाड़ को, जो पड़ोस के स्वास्थ्य के लिए हानिकर या संतापकारी हो, साफ करने या हटाने की अपेक्षा कर सकेगी।

उत्खनन को भरने या उसके जल–निस्तारण की अपेक्षा करने की शक्ति

284–– (1) किसी नगरपालिका में, जिसके लिए धारा 298 के शीर्षक 'झ' के या उपशीर्षक 'छ' के अधीन उपविधियां बनाई गई हो, {नगरपालिका क्षेत्र}[3] नोटिस द्वारा, जिस भूमि पर कोई उत्खनन, मलकूप, तालाब या गड्ढा उक्त उपविधियों का उल्लंघन करके या उन शर्तों के भंग करके, जिसके अधीन कोई ऐसी उत्खनन, मलकूप, तालाब या गड्ढ़ा बनाने की अनुज्ञा दी गई हो, बनाया गया हो, उस भूमि के स्वामी या अध्यासी से उक्त नोटिस में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उस उत्खनन, मलकूप, तालाब या गड्ढ़े को भरने या उनका जल–निस्तारण करने की अपेक्षा कर सकेगी।

(2) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा इस धारा के और इस धारा के प्रयोजनों के लिए बनाई गई उपविधियों के उपबन्धों को {नगरपालिका क्षेत्र}[2] के बाहर किसी ऐसे क्षेत्र में भी लागू कर सकेगी, जो {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}[4] से एक मील की दूरी के भीतर पड़ता हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 151 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 152 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 152 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

कब्रिस्तान और श्मशान भूमि के सम्बन्ध में शक्ति

285–– (1) {नगरपालिका}[1] सार्वजनिक नोटिस द्वारा, कब्रिस्तान या ऐसी शमशान भूमि के लिए, जिसके बारे में सिविल सर्जन या स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा यह प्रमाणित किया जाये कि पड़ोस में रहने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य संकटपूर्ण है या उसके संकटपूर्ण होने की सम्भावना है, नोटिस में विनिर्दिष्ट दिनांक से बन्द करने का आदेश दे सकेगी और ऐसी दशा में, यदि समुचित दूरी के भीतर कोई उपयुक्त कब्रिस्तान या श्मशान भूमि न हो तो इस प्रयोजनार्थ उपयुक्त स्थान की व्यवस्था करेगी।

(2) ऐसे कब्रिस्तानों में निजी कब्रगाहों की ऐसी शर्त के अधीन रहते हुए, जिन्हें {नगरपालिका}[1] इस निमित्त अधिरोपित करे, उक्त नोटिस से अपवादित रखा जायेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसी कब्रगाहों की सीमा पर्याप्त रूप से परिनिश्चित की गई हो और उनका उपयोग केवल उनके स्वामियों के परिवार के सदस्यों की अन्त्येष्टि के लिए ही किया जायेगा।

(3) कोई भी कब्रिस्तान या शमशान भूमि, चाहे वह सार्वजनिक हो या निजी {नगरपालिका}[1] की लिखित अनुज्ञा के बिना, बनाई या निर्मित नहीं की जायेगी।

(4) कोई भी व्यक्ति, {नगरपालिका}[1] की लिखित अनुज्ञा के सिवाय, किसी शव की मान्यता प्राप्त कब्रिस्तान या शमशान भूमि से भिन्न किसी अन्य स्थान पर अन्त्येष्टि या दाह–संस्कार नहीं करेगा और या अन्त्येष्टि या दाह संस्कार करायेगा।

(5) यदि कोई व्यक्ति, इस धारा के उपबन्धों के प्रतिकूल, किसी शव की अन्त्येष्टि या दाह–संस्कार करता है या अन्त्येष्टि या दाह–संस्कार कराता है या उसकी अनुमति देता है तो वह दोषसिद्ध ठहराए जो पर ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पांच सौ रुपये तक हो सकेगा।

स्नान और धुलाई

286–– {नगरपालिका}[1] स्नान के प्रयोजन के लिए उपयुक्त स्थानों को पृथक कर करने के स्थान सकता है और यह भी विनिर्दिष्ट कर सकेगी कि ऐसे स्थानों का उपयोग किस समय और महिलाओं या पुरूषों में से किसके द्वारा किया जायेगा और पशुओं या कपड़ों या अन्य वस्तुओं की धुलाई के लिए भी उपयुक्त स्थान पृथक कर सकेगी और सार्वजनिक नोटिस द्वारा किसी ऐसे सार्वजनिक स्थान में, जिसे इस प्रकार पृथक न किया गया हो या विनिर्दिष्ट किए गए समय या व्यक्तियों से भिन्न समय पर या भिन्न व्यक्तियों द्वारा स्नान करने या पशुओं या कपड़ों या अन्य वस्तुओं की धुलाई का प्रतिषेध कर सकेगी और इसी प्रकार किसी ऐसे कार्य का भी प्रतिषेध कर सकेगी, जिससे सार्वजनिक स्थान या नदियों या पानी गन्दा हो या उपयोग में न लाया जा सके या जिससे ऐसे स्थानों का विधिपूर्वक उपयोग करने वाले व्यक्तियों को असुविधा या क्लेश उत्पन्न हो या उत्पन्न होने की संभावना हो।

निरीक्षण, प्रवेश, तलाशी आदि

सामान्य निरीक्षण

287–– (1) अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी और यदि इस निमित्त संकल्प द्वारा प्राधिकृत किया गया हो तो {नगरपालिका}[1] का कोई अन्य सदस्य, अधिकारी या सेवक, किसी भवन या भूमि में सहायकों का कर्मकारों के साथ या उसके बिना, निरीक्षण या सर्वेक्षण करने या कोई ऐसा कार्य निष्पादित करने के उद्देश्य से प्रवेश कर सकेगा, जिसे करने या निष्पादित करने के लिए {नगरपालिका}[1] को इस अधिनियम या नियमों या उपविधियों द्वारा प्राधिकृत किया गया हो या जिसे करना या निष्पादित करना {नगरपालिका}[1] के लिए इस अधिनियम अथवा नियमों या उपविधियों के किन्हीं भी उपबन्धों के प्रयोजनार्थ या अनुसरण में आवश्यक हो।

(2) प्रतिबन्ध यह है कि –

(क) इस अधिनियम या नियमों या उपविधियों में अन्यथा स्पष्टतया किए गए उपबन्ध के सिवाय, सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच ऐसा प्रवेश नहीं किया जायेगा; और

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ख) इस अधिनियम या अधिनियमों या उपविधियों में अन्यथा स्पष्टतया किए गए उपबन्ध के सिवाय किसी ऐसे भवन में, जिसका उपयोग मानव निवास के रूप में किया जाता हो, उसके अध्यासी की सहमति के सिवाय, उक्त अध्यासी को इस प्रवेश करने के आशय का कम से कम चार घंटे पूर्व लिखित नोटिस दिए बिना प्रवेश नहीं किया जायेगा; और

(ग) ऐसे प्रत्येक अवसर पर भी जब किसी परिसर में नोटिस दिए बिना अन्यथा प्रवेश किया जाये, पर्याप्त नोटिस दिया जायेगा, जिससे कि महिलाओं के लिए अलग किए गए किसी कमरे की निवासी महिलाओं को परिसर के किसी ऐसे भाग में हटाया जा सके, जहां उसकी एकान्तता में किसी प्रकार की बाधा न पहुंचे; और

(घ) उस परिसर के, जहां प्रवेश किया जाये, अध्यासियों की सामाजिक और धार्मिक प्रथाओं का सम्यक ध्यान रखा जायेगा।

निवारक निरीक्षण

288–– जहां यह विश्वास करने का कारण हो कि किसी भवन या किसी भूमि में किसी {नगरपालिका}[1] जल–कल, जल–निस्सारण सम्बन्धी निर्माण कार्य या अन्य नगरपालिका उपक्रम के सम्बन्ध में कोई निर्माण–कार्य इस अधिनियम के नियमों या उपविधियों के उपबन्धों का उल्लंघन करके निष्पादित किया गया है, वहां {अध्यक्ष}[3] का यदि {अध्यक्ष}[3] द्वारा इस प्रकार निदेश दिया जाये तो अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी, किसी भी समय और बिना नोटिस के उक्त भवन या भूमि का निरीक्षण कर सकेगा।

प्रवेश करने की शक्ति

289–– धारा 287 या 288 के उपबन्धों के अधीन निरीक्षण करने या तलाशी लेने के प्रयोजन से प्रवेश करने के लिए प्राधिकृत किसी व्यक्ति के लिए किसी दरवाजे, फाटक या अन्य अवरोध की खोलना या खुलवाना ि

(क) यदि वह यह समझता हो कि ऐसे प्रवेश, निरीक्षण या तलाशी के प्रयोजन के लिए उसे खोलना आवश्यक है; और

(ख) यदि स्वामी या अध्यासी अनुपस्थित हो, तो या उपस्थित होते हुए भी, ऐसे दरवाजे फाटक या अवरोध को खोलने से इंकार करे।

कतिपय निर्माण कार्यों को अपने अभिकरण द्वारा निष्पादित कराने की उपेक्षा करने की {नगरपालिका}[1] की शक्ति

290–– (1) {नगरपालिका}[1] उपविधि द्वारा यह अपेक्षा कर सकेगी कि किसी जलकल या धारा 192, 267 और 268 में निर्दिष्ट प्रकार के निर्माण कार्य का निष्पादन उसके आदेशों के अधीन {नगरपालिका}[1] या अन्य अभिकरण द्वारा किया जाये।

(2) इस प्रकार निष्पादित किसी निर्माण कार्य के व्यय का भुगतान उस व्यक्ति द्वारा किया जायेगा, जिसके द्वारा उक्त निर्माण कार्य अन्यथा निष्पादित किया जाता, तब तक कि {नगरपालिका}[1] किसी सामान्य या विशेष आदेश या संकल्प द्वारा नगरपालिका–निधि के प्रभार से ऐसे निर्माण कार्य का निष्पादन करने की स्वीकृति न दे देगी, जैसा कि उसे देने के लिए एतद्द्वारा सशक्त किया जाये।

(3) किसी जल–कल के लिए उसके या किसी निजी भवन या भूमि के जल निस्तारण के सम्बन्ध में किसी नल, फिटिंग, पात्र या अन्य साधित्र का यदि {नगरपालिका}[1] के खर्चे से सम्भरण, निर्माण या परिनिर्माण किया जाये तो वह नगरपालिका की सम्पत्ति समझी जायेगी, जब तक कि {नगरपालिका}[1] ने उसमें अपने हित का ऐसे भवन या भूमि के स्वामी को अन्तरण न कर दिया हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1949 द्वारा प्रतिस्थापित।

{धारा 291–295}

किराया और प्रभार

भूमि के किराए की वसूली

291–– (1) जहां {नगरपालिका}[2] ने निहित या उसके प्रबन्ध में सौपी गई भूमि के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति से किराए के मद्दे कोई रकम {नगरपालिका}[2] को देय हो, वहां {नगरपालिका}[2] कलेक्टर को ऐसे किराए की किसी बकाया को वसूल करने के लिए आवेदन कर सकेगी मानों वह भू–राजस्व की बकाया रही हो।

(2) कलैक्टर, यह समाधान हो जाने पर कि रकम देय है, उसे भू–राजस्व की बकाया की तरह वसूल करने की कार्यवाही करेगा।

अन्य स्थावर सम्पत्ति के किराए की वसूली

292–– {नगरपालिका}[2] में निहित या उसके प्रबन्ध में सौंपी गई भूमि से भिन्न अन्य स्थान सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति से किराए के मद्दे {नगरपालिका}[2] को कोई बकाया अध्याय 6 में निहित रीति से वसूल की जायेगी।

{नगरपालिका}[2] पट्टे के अधीन उपयोग किए जाने में उपयोग करने की फीस

293–– (1) {नगरपालिका}[2] में निहित या उसके प्रबन्ध में सौपी गई किसी स्थावर सम्पत्ति का, जिसमें सार्वजनिक सड़क या ऐसा स्थान सम्मिलित है, जिसका उपयोग या अध्यासन करने की उसने अनुमति दी हो, चाहे वह अनुमति उस पर किसी प्रक्षेपण की हो या अन्यथा फीस अन्य प्रकार की, उपयोग या अध्यासन करने के लिए (किसी पट्टे के अधीन उपयोग या अध्यासन से अन्यथा) {नगरपालिका}[2] किसी उपविधि द्वारा या सार्वजनिक नीलाम द्वारा या किसी करार द्वारा निश्चित फीस ले सकेगी।

(2) ऐसी फीस या तो धारा 294 के अधीन स्वीकृति, लाइसेंस या अनुज्ञा के लिए भारित फीस के साथ उद्ग्रहीत की जायेगी या अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल की जायेगी।

फीस अधिरोपित करने की शक्ति

{293–क–– {नगरपालिका}[2] राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से, किसी ऐसे स्थान का, जहां जनता को प्रवेश करने की अनुमति हो और जहां पर {नगरपालिका}[2] जनता के लिए

स्वच्छता और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था कर सकेगी, उपयोग करने के लिए फीस अधिरोपित और उद्ग्रहीत कर सकेगी।}[1]

लाइसेंस की फीस आदि

294–– {नगरपालिका}[2] किसी लाइसेंस, स्वीकृति या अनुज्ञा के लिए, जिसे वह इस अधिनियम के द्वारा या अधीन देने का हकदार हो या देने की अपेक्षा की जाती हो, कोई फीस ले सकेगी, जो उपविधि द्वारा निश्चित की जायेगी।

{नगरपालिका}[2] द्वारा नियोजित व्यक्तियों को बाधा पहुंचाना

{नगरपालिका}[2] द्वारा {नगरपालि

295–– जो कोई व्यक्ति किसी ऐसे व्यक्ति को, जो इस अधिनियम के अधीन करता है या इस अधिनियम के अधीन प्राधिकृत निर्माण कार्य के निष्पादन के लिए आवश्यक किसी सतह या दिशा को उपदर्शित करने के प्रयोजनार्थ लगाए गए किसी चिन्ह हो हटाता है, वह दोषसिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से, जो {एक हजार रुपये तक हो सकेगा या कारावास से, जो छः मास की अवधि के लिए हो सकेगा, या दोनों से दण्डनीय होगा।}[1]

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

अध्याय 9
नियम, विनियम और उपविधि

नियम बनाने को राज्य सरकार की शक्ति और बाध्यता

296–– (1) राज्य सरकार धारा 95, 127, 153 और 235 में वर्णित विषयों के सम्बन्ध में इस अधिनियम से सुसंगत नियम बना सकेगी।

(2) राज्य सरकार निम्नलिखित के सम्बन्ध में इस अधिनियम से सुसंगत नियम बना सकेगी ––

(क) किसी ऐसे विषय की व्यवस्था करना, जिसके लिए राज्य सरकार को इस अधिनियम द्वारा या इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के समय पर प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियमिति द्वारा उपबन्ध बनाने की शक्ति स्पष्ट रूप से या विवक्षित रूप से प्रदत्त की गई हो;

(ख) नगरपालिका के सम्बन्ध में इस अधिनियम अथवा किसी अन्य अधिनियमिति के उपबन्धों के कार्यान्वयन से सम्बन्धित किसी विषय में सामान्यतया {नगरपालिका}[1] या किसी सरकारी अधिकारी का मार्ग दर्शन करना;

(ग) {नगरपालिका क्षेत्र}[2] के लिए मास्टर प्लान तैयार करने और उसके निष्पादन के सम्बन्ध में {नगरपालिका क्षेत्र}[2] को परामर्श देने के लिए तदर्थ समिति नियुक्त करना; और

(घ) सार्वजनिक सड़कों, निवास क्षेत्रों, आवासिक और अनावसिक क्षेत्रों के अभिन्यास के लिए व्यवस्था करना।

विनियम बनाने की शक्ति

प्रक्रिया आदि के लिए

297–– (1) {नगरपालिका}[1] विशेष संकल्प द्वारा निम्नलिखित सभी या किसी भी विषय के सम्बन्ध में इस अधिनियम या राज्य सरकार द्वारा धारा 296 के अधीन बनाए गए किसी नियम या उपधारा (2) के अधीन बनाए गए विनियम से सुसंगत विनियम बना सकेगी –

(क) {नगरपालिका}[1] की बैठकों का समय और स्थान;

(ख) बैठक बुलाने और उसको नोटिस देने की रीति;

(ग) बैठक की कार्यवाही (जिसमें सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछा जाना भी सम्मिलित है) का संचालन और बैठक स्थगित करना;

(घ) किसी भी प्रयोजन के लिए ऐसी समितियां बनाना, जो केवल परामर्श समिति से भिन्न हो और ऐसी समितियों के गठन और प्रक्रिया से सम्बद्ध समस्त विषयों का अवधारण;

(ङ) अनुसूची दो के स्तम्भ तीन में प्रदर्शित किसी प्रविष्टि का परिवर्जन;

(च) धारा 77 की उपधारा (2) के निर्देश में कर्मचारी वर्ग के विषय में प्राप्त शक्ति के प्रति–निर्देश में धारा 74, 75 या 76 में विनिर्दिष्ट अधिकतम या न्यूनतम मासिक वेतन में वृद्धि करना;

(छ) निम्नलिखित को शक्तियों, कर्तव्यों या कृत्यों का प्रत्यायोजन–

(एक) {नगरपालिका}[1] के अध्यक्ष;

(दो) खण्ड (घ) के अधीन गठित समिति;

(तीन) ऐसी समिति के सभापति;

(चार) अधिशासी अधिकारी; या

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 153 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(पांच) {नगरपालिका}[1] के किसी अन्य सेवक;

(छः) सरकार की सेवा में, कोई ऐसा व्यक्ति, जो सिविल सर्जन, चिकित्सालय या औषधालय का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, विद्यालय उपनिरीक्षक या विद्यालय अवर उप निरीक्षक के रूप में नियोजित हो;

(ज) अनुपस्थित व्यक्ति या {नगरपालिका}[1] द्वारा नियोजित सेवकों को अन्य भत्ते;

(झ) {नगरपालिका}[1] के ऐसे सेवक द्वारा जिससे प्रतिभूति की अपेक्षा करना समीचीन समझा जाये, प्रस्तुत की जाने वाली प्रतिभूति की धनराशि और उसका प्रभार;

(ञ) {नगरपालिका}[1] के सेवकों को छुट्टी स्वीकृत करना और ऐसे व्यक्तियों को, जो पाई गई हो, जो उनके छुट्टी पर रहने की अवधि में उनके निमित्त कार्य करने के लिए नियुक्त किए जायें, दिया जाने वाला पारिश्रमिक;

(ट) सेवा की शर्तें, जिसमें {नगरपालिका}[1] के समस्त सेवकों की सेवा की अवधि सम्मिलित है और ऐसी शर्तें जिनके अधीन ऐसे सेवक या उनमें से कोई सेवक के सेवानिवृत्त होने पर या अपने कर्तव्य पालन करते हुए निर्योग्य हो जाने पर उपदान या अनुकम्पा भत्ता प्राप्त करेगा और ऐसे उपदान और अनुकम्पा भत्ता की धनराशि और ऐसी शर्तें, जिनके अधीन कोई उपदान या अनुकम्पा भत्ता किसी सेवक के, जिसकी मृत्यु अपना कर्तव्य पालन करते हुए हुई हो, उत्तरजीवी सम्बन्धी को दिया जा सकेगा;

(ठ) उस सेवक द्वारा पेन्शन या भविष्य निधि, में जो {नगरपालिका}[1] द्वारा या {नगरपालिका}[1] के अनुमोदन से स्थापित की गई हो, ऐसी दरों और ऐसी शर्तों के अधीन, जो ऐसे विनियम में विहित की जाये, अभिदाय का भुगतान करना;

(ड) ऐसी शर्तें, जिनके अधीन रहते हुए {नगरपालिका}[1] को देय किसी रकम को वसूल न हो सकने या बट्टे खाते में डाला जा सकता है और ऐसी शर्तें जिनके अधीन रहते हुए करस्थम के लिए प्रभार्य सम्पूर्ण फीस या उसके किसी भाग की छूट दी जा सकेगी;

(ढ) ऐसे सभी विषय, जो खण्ड (ङ) से खण्ड (ट) तक में दिए गए विषयों के समरूप हो और जिनके लिए इस उपधारा में अन्यथा उपबन्ध नहीं किया गया है; और

(ण) ऐसे सभी विषय, जो खण्ड (क) से खण्ड (घ) तक में दिए गए विषयों के समरूप हो और जिनके लिए इस उपधारा में अन्यथा उपबन्ध नहीं किया गया है।

(2) प्रतिबन्ध यह है कि राज्य सरकार, यदि वह उचित समझे, उपधारा (1) के खण्ड (घ) और खण्ड (ज) से खण्ड (ढ) तक में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय के सम्बन्ध में इस अधिनियम से सुसंगत विनियम बना सकेगी और इस प्रकार बनाए गए कोई भी विनियम उक्त उपधारा के अधीन {नगरपालिका}[1] द्वारा उसी विषय के सम्बन्ध में या उससे असंगत बनाए गए किसी विनियम को विखंडित करने के लिए प्रभावी होगा।

नगरपालिका की उपविधि बनाने की शक्ति

298–– (1) {नगरपालिका}[1] विशेष संकल्प द्वारा और जहां राज्य सरकार द्वारा अपेक्षा की जाय, {नगरपालिका क्षेत्र}[2] के निवासियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुविधा की अभिवृद्धि या उनके अनुरक्षण के प्रयोजनार्थ और इस अधिनियम के अधीन {नगरपालिका क्षेत्र}[2] प्रशासन को अग्रसर करने के लिए इस अधिनियम और किसी नियम से सुसंगत ऐसी उपविधि बनायेगा, जो सम्पूर्ण {नगरपालिका क्षेत्र}[2] या उसके किसी भाग पर लागू होंगे।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 154 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[1] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 298–सूची I}

(2) विशेषतः और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, कोई {नगरपालिका}[2] जहां कहीं भी स्थित हो, उक्त शक्ति का प्रयोग करके नीचे सूची Iमें वर्णित कोई उपविधि बना सकेगी और कोई {नगरपालिका}[2] जो पूर्णतः या अंशतः किसी पर्वतीय भू–भाग में स्थित हो, उक्त शक्ति का प्रयोग करके नीचे सूची II में वर्णित कोई उपविधि भी बना सकेगी।

सूची – **I**

किसी {नगरपालिका}[3] के लिए उपविधियां

(क) भवन

(क) धारा 178 की उपधारा (2) के प्रति निर्देश में, समस्त भवनों को नोटिस की आवश्यकता का विस्तार करना;

(ख) धारा 178 की उपधारा (3) के खण्ड (घ) के प्रति निर्देश में, किसी विशिष्ट प्रकार के परिवर्तन को 'सारवान परिवर्तन' घोषित करना;

(ग) ऐसे सूचना और ऐसे रेखांक अवधारित करना, जो धारा 179 के अधीन {नगरपालिका}[3] को प्रस्तुत किए जायेंगे;

(घ) यह विहित करना कि रेखांक और विनिर्देश {नगरपालिका}[3] से या {नगरपालिका}[3] द्वारा विहित किसी अभिकरण से ऐसे मापमान के अनुसार, जो इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाय, फीस का भुगतान करने पर प्राप्त किए जायेंगे;

(ङ) धारा 181 के प्रति निर्देश में ऐसी अवधि निर्धारित करना जब तक के लिए स्वीकृति प्रवृत्त रहेगा;

(च) किसी विहित क्षेत्र या क्षेत्रों में जो भवन बनाए जायं या न बनाए जायं और किसी प्रयोजन के लिए बनाए जायं या न बनाए जायं, उन भवनों का प्रकार या वर्ण विहित करना;

(छ) ऐसी परिस्थितियों विहित करना, जिनमें कोई मस्जिद, गिरजाघर या अन्य पवित्र भव निर्मित, पुनर्निर्मित या परिवर्तित किया जा सकेगा या नहीं किया जा सकेगा;

(ज) भवनों या किसी वर्ग के भवनों के निर्माण, पुनर्निर्माण या परिवर्तन के प्रति निर्देश में निम्नलिखित सभी या कोई भी विषय विहित करना :–

(एक) बाहरी तथा बीच की दीवालों, छतों और फर्श के लिए प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री और उनके निर्माण की रीति;

(दो) अंगीठियों, चिमनियों, नालियों, शौचालयों, संडासों, मूत्रालयों और मलकूप की स्थिति निर्माण की रीति;

(तीन) ऐसी सबसे ऊपर मंजिल के, जिसमें मनुष्य रहेंगे या भोजन बनाने का कार्य किया जाएगा, ऊपर की छत की ऊंचाई और उसकी ढलान;

(चार) संवातन और ऐसा स्थान, जो वायु के निर्बाध संचार को सुनिश्चित करने, संमार्जन कार्य को सुनकर बनाने और आग लगने की रोकथाम के लिए भवन के चारों ओर छोड़ा जायेगा;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 49 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 49 (ख)(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।

(पांच) नींव का तल और उसकी चौड़ाई, सबसे नीचे की मंजिल का तल और संचना की स्थिरता;

(छः) मंजिलों की, जो कि ऐसे भवन में हो सकती है, संख्या और ऊंचाई;

(सात) आग लगने पर भवन के बाहर निकलने के लिए किए जाने वाले साधन;

(आठ) कोई अन्य विषय, जिससे भवन के सयातन या स्वच्छता पर प्रभाव पड़ता हो; और

(नौ) ऐसी शर्तें, जिनके अधीन रहते हुए किसी कुंए के निर्माण या परिवर्तन के लिए स्वीकृत दी जा सकती है या स्वीकृति देने से इस दृष्टि से इंकार किया जा सकता है कि जल प्रदूषण को और कुएं का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति को खतरे से बचाया जा सके;

(झ) {नगरपालिका}2 की सीमा के भीतर किसी स्थित किसी भूमि पर किसी घेरा, दीवाल, बाड़ा, तम्बू सायवान या अन्य संरचना के निर्माण का चाहे वह किसी भी किस्त या प्रकार का हो, ऐसी रीति से विनियमन करना, जिसका इस अधिनियम में विशिष्ट रूप से उपबन्ध न किया गया हो।

(ख) नालियां, संडास, मलकूप आदि

(क) नालियों, संघातन शाफ्ट और पाईप, नाबदान, संडास, शौचालय, मूत्रालय, मलकूप और अन्य जल–निस्तारण निर्माण कार्यों के निर्माण, परिवर्तन अनुरक्षण, परिरक्षण, उनकी सफाई और मरम्मत का विनियम ऐसी रीति से करना, जिसका इस अधिनियम में विशिष्ट रूप से प्रबन्ध किया गया हो;

(ख) गन्दी पानी, मलमूत्र, प्रदूषित जल तथा अन्य संतापकारी या बाधक पदार्थों को नालियों में गिरने या जमा करने का विनियमन या प्रतिषेध;

(ग) धारा 192, 267 और 268 के अधीन जिन निर्माण कार्यों का निर्माण करने की स्वामियों या अध्यासियों से अपेक्षा की जाये, उन निर्माण कार्यों के आकार और प्रकार को और ऐसे निर्माण कार्यों के निष्पादन के लिए, जिस अभिकरण को नियोजन किया जायेगा या किया जा सकेगा, उस अभिकरण को विहित करना।

(ग) अग्नि–शमन

(क) ऐसा अधिकारी, जिसको और ऐसा स्थान, जहां आग लगने की रिपोर्ट की जायेगी, विहित करना; और

(ख) आग लगने के अवसर पर जनता द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और पूर्वोपायों के लिए आग लगने से सम्बन्धित किसी ऐसे अन्य बात के लिए, जिसके सम्बन्ध में उपबन्ध करना आवश्यक हो, सामान्यतया उपबन्ध करना।

(घ) संमार्जन

(क) समय और ऐसा स्थान विहित करना, जहां गलीज, कूडा–करकट या अन्य संतापकारी पदार्थ के पात्र {नगरपालिका}2 संमार्जन अभिकरण द्वारा उनकी अन्तर्वस्तुओं को हटाने के लिए तैयार रखे जायेंगे;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 49 (ख)(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।

(कक) रूढ़िगत सफाईकारों द्वारा गृह संमार्जन के कार्य को और उनके लाइसेंस देने की व्यवस्था और ऐसे किसी लाइसेंस को शर्तों को विनियमित करना; और

(ख) गृह संमार्जन से सम्बन्धित किसी अन्य विषय के लिए उपबन्ध करना।

(ङ) सड़कें

(क) ऐसी सूचना और रेखांक अवधारित करना, जो धारा 203 के अधीन नगरपालिका को प्रस्तुत किए जायेंगे;

(ख) फेरी लगाने वाले विक्रेताओं या किसी भी व्यक्ति द्वारा वस्तुओं की बिक्री के लिए या कोई आजीविका करने के लिए या कोई (बूथ) या स्टाल लगाने के लिए किसी या सभी सार्वजनिक सड़कों या स्थानों के उपयोग या अध्यासन की अनुमति देना, उसका प्रतिषेध या विनियमन करना और ऐसे उपयोग या अध्यासन के लिए फीस के उद्ग्रहण की व्यवस्था करना;

(ग) ऐसी शर्तों को विनियमित करना, जिनके आधार पर धारा 209 के अधीन सड़कों और नालियों के ऊपर प्रक्षेपण के लिए और धारा 265 के अधीन सड़कों के अस्थाई अध्यासन के लिए अनुमति दी जा सकती है।

(च) बाजार, वधशाला, भोजन की बिक्री इत्यादि

(क) नगरपालिका द्वारा दिए गए लाइसेंस के व्यतिक्रम में या इस प्रकार दिए गए लाइसेंस की शर्तों से भिन्न प्रकार से किसी स्थान का वधशाला के रूप में या मानव भोजन के लिए आशयित पशु, अथवा मांस या मछली की बिक्री के लिए किसी बाजार या दुकान के रूप में या फल या सब्जियों की बिक्री के लिए किसी बाजार के रूप में उपयोग करने का धारा 241 के उपबन्ध के अधीन रहते हुए, प्रतिषेध करना;

(ख) ऐसी शर्तों को, जिनके अधीन और ऐसी परिस्थितियों को, जिनमें और ऐसे क्षेत्र या स्थलों को विहित करना, जिनके सम्बन्ध में ऐसे उपयोग के लिए लाइसेंस स्वीकृत, अस्वीकृत या निलम्बित किए जा सकते हैं या वापस लिए जा सकते हैं;

(ग) पूर्वोक्त रूप में उपयोग में लाए गए किसी स्थान का निरीक्षण करने और उसमें कारबार के संचालन के विनियमन की व्यवस्था करना, जिससे उसमें स्वच्छता सुनिश्चित हो सके या किसी ऐसे हानिकर, संतापकारी या खतरनाक प्रभाव को, जो उससे उत्पन्न हो या जिसके उत्पन्न होने की संभावना हो, कम से कम किया जा सके;

(घ) बाजारों और वधशालाओं अश्वशालाओं, पड़ाव, भूमि, सराय, आटे की चक्कियों नानबाई के तन्दूर, (बेकरी) खाद्य या पेय के विनिर्दिष्ट पदार्थों का निर्माण तैयार करने या बिक्री के या बिक्री या किराए के लिए पशुओं को या ऐसे पशुओं को, जिनका उत्पाद बेच दिया जाता है, रखने या प्रदर्शित करने के स्थानों को और सार्वजनिक मनोरंजन या समागम के स्थानों को स्थापित करने के लिए और सिवाय उस दशा के, जहां तक उपशीर्षक (ग) के अधीन उपविधि द्वारा उपबन्ध किया जाये, उनके विनियम और निरीक्षण के लिए और उनमें समुचित और स्वच्छता से कारबार का संचालन करने के लिए व्यवस्था करना;

{(घघ) ऐसी शर्तों को, जिनके अधीन रहते हुए और ऐसी परिस्थितियों को, जिनमें और ऐसे क्षेत्रों या स्थलों को विहित करना, जिनके सम्बन्ध में, उपशीर्षक (घ) के प्रयोजनों के लिए लाइसेंस स्वीकृत, अस्वीकृत, निलम्बित किए जा सकते हैं या वापस लिए जा सकते हैं और ऐसे लाइसेंसों के लिए देय फीस निर्धारित करना और नगरपालिका द्वारा दिए गए लाइसेंस के व्यतिक्रम में या इस प्रकार दिए गए लाइसेंस की शर्तों से भिन्न प्रकार से, उपशीर्षक (घ) में उल्लिखित कारबार के स्थानों को स्थगित करने का प्रतिषेध करना;}₁

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1949 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ङ) ऐसी {नगरपालिका क्षेत्र}3 में, जहां {नगरपालिका}3 द्वारा युक्तियुक्त संख्या में वधशालाओं की व्यवस्था की गई हो या उनके लिए लाइसेंस दिए गए हों, {नगरपालिका क्षेत्र की सीमा}1 के भीतर उस वधशाला या स्थान में, जिसका इस अधिनियम के अधीन अनुरक्षण न किया जाता हो या जिसके लिए लाइसेंस न दिया गया हो, वध किए गए किसी पशु, भेड़, बकरे या सुअर का मांस (सुखाए गए परिरक्षित मांस को छोड़कर) बिक्री के लिए लाने को नियंत्रितक और विनियमित करना।

(छ) संतापकारी व्यापार

(क) सिवाय उस दशा के, जहां इण्डियन पैट्रोलियम ऐक्ट, 1899 अधिनियम संख्या 8 सन् 1899 में या तद्धीन बनाया गया नियमावली में कोई बात दी गई हो और जहां तक वह उसमें दी हुई किसी बात से असंगत हो, {नगरपालिका}3 द्वारा स्वीकृत लाइसेंस के व्यतिक्रम में या इस प्रकार स्वीकृत लाइसेंस की शर्तों से भिन्न प्रकार से किसी स्थान का निम्नलिखित किसी फैक्ट्री या कारबार के अन्य स्थान के रूप में उपयोग करने का प्रतिषेध करना ––

(एक) छीछड़ों रक्त, हड्डियों, अंतड़ियों या चीथड़ों को उबालना या संग्रह करना;

(दो) खाल, सींग या चमड़े का संग्रह;

(तीन) चर्मशोधन;

(चार) चमड़े या चमड़े के सामान का निर्माण;

(पांच) रंगाई

(छः) चर्बी या गंधक गलाना;

(सात) ईट, खपरैल, मिट्टी के बर्तन या चूना गलाना या पकाना;

(आठ) साबुन बनाना;

(नौ) तेल उबालना;

(दस) सूखी घास, भूसा, छप्पर छाने की घास, लकड़ी, कोयला या अन्य खतरनाक ज्वलनशील सामग्री संग्रह करना;

(ग्यारह) पैट्रोलियम या कोई ज्वलनशील तेल या स्प्रिट संग्रह करना;

(बारह) रूई या रूई का कचरा संग्रह करना या दबाना;

(तेरह) कोई ऐसा अन्य प्रयोजन, यदि इस प्रकार उपयोग करने से लोक अपदूषण उत्पन्न होने की सम्भावना हो या आग लगने का जोखिम हो;

(ख) ऐसी परिस्थितियों को, जिनमें और ऐसे क्षेत्रों या स्थलों को, जिनके सम्बन्ध में लाइसेंस स्वीकृत, अस्वीकृत या निलम्बित किए जा सकते हैं या वापस लिए जा सकते हैं, विहित करना (किन्तु इस प्रकार नहीं कि उससे धारा 245 द्वारा {नगरपालिका}2 को प्रदत्त किसी शक्ति का अल्पीकरण (ख) हो जाये) ; और

(ग) पूर्वोक्त रूप से उपयोग में लाए गए किसी स्थान में कारबार के संचालक के निरीक्षण और विनियमन की व्यवस्था करना, जिससे उसमें स्वच्छता प्रतीक हो सके या किसी ऐसे हानिकर संतापकारी या खतरनाक प्रभाव को, जो उससे उत्पन्न होने की सम्भावना हो, कम से कम किया जा सके।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 154(ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 49 (ख)(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।

(ज) लोक सुरक्षा और सुविधा

(क) {नगरपालिका}3 के भीतर उपयोग में लाए जाने वाले मानक बाट और माप विहित करना और उनके निरीक्षण की व्यवस्था करना;

(ख) सड़कों में किसी प्रकार के यातायात के विनियमन और प्रतिषेध की व्यवस्था करना, जहां ऐसा विनियमन या प्रतिषेध करना {नगरपालिका}[3] को आवश्यक प्रतीत हो;

(ग) {नगरपालिका}[3] की सीमा के भीत किराए के लिए रखी गई या किराए पर चलने वाली गाड़ियों (मोटरगाड़ियों से भिन्न) नावों या पशुओं के स्वामियों या चालकों पर या ऐसे व्यक्तियों पर, जो बोझा ढोने के प्रयोजनार्थ स्वयं मजदूरी करें, लाइसेंस लेने की बाध्यता अधिरोपित करना और ऐसे लाइसेंसों के लिए देय फीस और शर्तें निर्धारित करना, जिन पर ऐसे लाइसेंस स्वीकृत किए जायेंगे और प्रतिसंहृत किए जा सकेंगे;

(घ) ऐसी दरों का, जिनकी किसी वाहन, ठेला नाव या अन्य सवारी के किराए के लिए या बोझा ढोने के लिए किराए पर लिए गए पशुओं के लिए या बोझा ढोने के लिए रखे गए व्यक्तियों की सेवाओं के लिए मांग की जाये और ऐसे बोझ का परिसीमन करना, जो इन सवारियों पशुओं या व्यक्तियों द्वारा ढोया जाये, जब उन्हें {नगरपालिका}[3] की सीमा के भीतर चौबीस घंटे से अनधिक की अवधि के लिए या ऐसी सेवा के लिए, जिसका सम्पादन साधारणतया चौबीस घंटे के भीतर हो जाये, किराए पर रखा जाये;

(ङ) किसी विनिर्दिष्ट सड़क या क्षेत्र में लोक वेश्याओं के रहने और वेश्यागृह चलाने या किसी गृह या भवन को लोक वैश्याओं को या वैश्यागृह के लिए किराए पर देने या अन्य प्रकार से उसका निस्तारण करने का प्रतिषेध करना;

(च) बिल और विज्ञापन चिपकाए जाने का विनियमन;

(छ) ऐसे स्थान, जहां नावें बांधी जा सकेंगी, उन पर माल लादा या उनसे माल उतारा जा सकेगा, निश्चित करना और उनके उपयोग को विनियमित करना और ऐसे स्थानों के सिवाय, जो नगरपालिका द्वारा विहित किए जायें, अन्य स्थान पर नाव बांधने, उन पर माल लादने और उनसे माल उतारने का प्रतिषेध करना;

(ज) {नगरपालिका}[3] की सीमा के भीतर छुट्टा स्वामीहीन पशुओं के अधिग्रहण और अधिहरण की व्यवस्था करना;

(झ) {पशुओं के रजिस्ट्रीकरण की व्यवस्था करना;}[1]

(ञ) ऐसे रजिस्ट्रीकरण के लिए वार्षिक फीस अधिरोपित करने की व्यवस्था करना;

(ट) ये अपेक्षा करना कि प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत {पशु}[1] पट्टा पहनेगा, जिनमें {नगरपालिका}[4] द्वारा दिया गया प्रतीक लगा रहेगा;

(ठ) यह व्यवस्था करना कि {कोई पशु}[1] जब तक कि वह रजिस्ट्रीकृत न हो और ऐसा प्रतीक न पहने हो, यदि किसी लोक स्थान में पाया जाये तो उसे नष्ट कर दिया जायेगा या उसका अन्यथा निस्तारण कर दिया जायेगा;

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 49 (ख) (एक) द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[2] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 298–सूची I}

(ड) लोक सुरक्षा या सुविधा की अभिवृद्धि की दृष्टि से किसी ऐसे कार्य का प्रतिषेध या विनियमन करना, जिसमें लोक न्यूसेन्स उत्पन्न होने की सम्भावना हो और जिसके प्रतिषेध या विनियमन के लिए इस शीर्षक के अधीन कोई उपबन्ध न किया गया हो;

(ढ) पशुओं को परिरूद्ध करने, हटाने या नष्ट करने की व्यवस्था करना;

{(ण) मवेशियों को पालने और बांध कर रखने को विनियमित करना।}[1]

(झ) स्वच्छता और रोग निवारण

(क) सार्वजनिक स्वस्थ्य के लिए खतरे के निवारण के प्रयोजनार्थ घोड़ों, ऊंटों, मवेशियों, सुअरों, गधों, भेड़ों या बकरियों को थान में बांधने या उन्हे झुण्ड में रखने का विनियमन या प्रतिषेध करना;

(ख) ग्वालों या दूध–विक्रेताओं के रूप में व्यापार करने वाले व्यक्तियों के अध्यासन में स्थित दुग्धशालाओं और पशु–शालाओं के निर्माण, उनकी लम्बाई–चौड़ाई, उनमें संवातन, रोशनी, सफाई, जल–निस्सारण और जल–संभरण को विहित और विनियमित करना और दुधार पशुओं के निरीक्षण की व्यवस्था करना तथा दूध के भण्डारों, दूध की दुकानों और ग्वालों या मक्खन विक्रेताओं द्वारा दूध या मक्खन रखने के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले पात्रों की स्वच्छता को सुनिश्चित करना;

(ग) कब्रिस्तान या शमशान भूमि के उपयोग और प्रबन्ध को नियंत्रित और विनियमित करना और जहां ऐसी भूमि की व्यवस्था नगरपालिका द्वारा की गई हो तो यहां उसके लिए ली जाने वाली फीस निश्चित करना और शव को कब्रिस्तान या श्मशान भूमि पर ले जाने के लिए मार्ग विहित या प्रतिषिद्ध करना;

(घ) स्वच्छता और सफाई विनियमित करना;

(ङ) यह घोषित करना कि किसी स्थान का, जब तक कि उसके विशेष रूप से छूट न दी गई हो, आवास गृह के रूप में तब तक उपयोग नहीं किया जायेगा जब तक कि {नगरपालिका}[3] द्वारा उसे उस रूप में उपयोग करने का सम्यक् रूप से लाइसेंस न दिया गया हो और ऐसी शर्तें विहित करना, जिनके अधीन रहते हुए ऐसे लाइसेंस स्वीकृत, अस्वीकृत, निलम्बित किए जा सकेंगे या वापस लिए जा सकेंगे और ऐसे लाइसेंसों के लिए देय फीस निश्चित करना;

(च) पूर्ववर्ती उपशीर्षक के अधीन बनाई गई किसी उपविधि के व्यतिक्रम में आवास–गृहों का रजिस्ट्रीकरण तथा निरीक्षण करने, अत्यधिक भीड़–भाड़ के निवारण, उनमें सफाई और संवातन में सुधार लिए और उनमें किसी संक्रामक या सांसर्गिक रोग के फैलने की स्थिति में दिए जाने वाली नोटिस और बरती जाने वाली सावधानी को विहित करने और सामान्य आवास गृहों के उचित विनियमन के लिए व्यवस्था करना;

(छ) विनिर्दिष्ट क्षेत्रों के लिए, सिवाय {नगरपालिका}[3] की अनुज्ञा के उल्लंघन करने, मलकूप, टंकियां या गड्ढें बनाने का प्रतिषेध करना और ऐसी शर्तें विनिर्दिष्ट करना, जिनके अधीन रहते हुए ऐसी अनुज्ञा दी जाये;

(ज) स्वच्छता या रोग निवारण की दृष्टि से किसी ऐसे कार्य का प्रतिषेध या विनियमन करना, जिससे लोक न्यूसेंस उत्पन्न हो या उत्पन्न होने की सम्भावना हो और जिसके प्रतिषेध या विनियमन के लिए इस शीर्षक के अधीन कोई उपबन्ध न किया गया हो।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 49 (ख)(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।

(ञ) प्रकीर्ण

(क) किसी ऐसे कार्य का प्रतिषेध या विनियमन करना, जिससे लोक अपदूषण उत्पन्न हो या उत्पन्न होने की सम्भावना हो और जिसके प्रतिषेध या विनियमन के लिए इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन कोई उपबन्ध न किया गया हो;

(ख) {नगरपालिका}[3] के भीतर जन्म, मृत्यु तथा विवाह का रजिस्ट्रीकरण और जनगणना कराने और ऐसी सूचना, जो ऐसे रजिस्ट्रीकरण या जनगणना को प्रभावकारी बनाने के लिए आवश्यक हो, अनिवार्य रूप से देने की व्यवस्था करना;

(ग) {नगरपालिका}[3] के भीतर किसी ऐसी वस्तु को, जो सरकार की या {नगरपालिका}[3] की सम्पत्ति हो या {नगरपालिका}[3] के नियंत्रण में हो, क्षति पहुंचाने या उसमें हस्तक्षेप करने में संरक्षण के लिए;

(घ) इस अधिनियम की धारा 196 (ग) के अधीन गृह–सम्मार्जन या शौचालयों और संडासों की सफाई के लिए या किसी अन्य {नगरपालिका}३ सेवा या उपक्रम के लिए दिए जाने वाले धारा 293 (1) या धारा 294 के अधीन दिए जाने वाले किसी प्रभार या फीस को या प्रभार या फीस के किसी मापमान को नियत करना और ऐसा समय विहित करना, जब ऐसा प्रभार या फीस देय होगी और उसके भुगतान को प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत व्यक्तियों को पदाभिहित करना;

(ङ) {नगरपालिका}३ के भीतर और {नगरपालिका}३ के नियंत्रण में मेले और औद्योगिक प्रदर्शनियां आयोजित करने की व्यवस्था करना और उनमें उद्ग्रहणीय फीस नियत करना;

(च) {नगरपालिका}३ में स्थित भवनों या भूमि के स्वामियों द्वारा ऐसे व्यक्तियों को, जो {नगरपालिका}३ के भीतर या उससे निकट निवास करते हों इस अधिनियम के या किसी नियम या उपविधि के सभी या किसी भी प्रयोजन के लिए अपने अभिकर्ता के रूप में नियुक्त करने की अपेक्षा करना और ऐसी नियुक्ति को विनियमित करना;

(छ) {नगरपालिका}३ के या उसके कब्जे में ऐसे अभिलेख और दस्तावेज विनिर्दिष्ट करना, जिनका निरीक्षण किया जा सकेगा या जिनकी प्रतियां दी जा सकेगी और ऐसे प्रभार विनिर्दिष्ट करना, जो उक्त अभिलेखों और दस्तावेजों का निरीक्षण करने या उनकी प्रतियां दिए जाने के लिए उद्ग्रहणीय होंगे और निरीक्षण करने और प्रतियां दिए जाने को विनियमित करना;

(ज) औषधीय भैषजों की बिक्री और औषधि तैयार करने के लिए लाइसेंस देने की व्यवस्था करना;

(झ) ऐसी धात्रियों और दाइयों के, जो सार्वजनिक रूप से अपना व्यवसाय करती हो, रजिस्ट्रीकरण और उन पर नियंत्रण रखने की व्यवस्थाा करना;

(ञ) {***}१

(ट) प्रसूति केन्द्र तथा शिशु कल्याण क्लीनिक स्थापित करने और उसके अनुरक्षण की व्यवस्था करना;

(ठ) शारीरिक सम्वर्धन और दुग्ध संभरण संस्थाएं स्थापित करने उनके अनुरक्षण और उन्हें सहायक अनुदान देने की व्यवस्था करना;

(ड) रेडियो संग्राही स्टेशनों का अधिष्ठान और उनके अनुरक्षण की व्यवस्था करना;

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 49 (ख) (एक) द्वारा प्रतिस्थापित।

(ढ) शिशु सदन और महिला उद्धार–गृह स्थापित करने और उनके अनुरक्षण की व्यवस्था करना;

(ण) अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों की सामाजिक निर्योग्यताओं को दूर करने की व्यवस्था करना;

(त) भिक्षा–वृत्ति पर नियंत्रण रखने के लिए कार्य करना;

(थ) किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र से दूसरे विनिर्दिष्ट में वेश्याओं को हटाने के लिए कार्यवाही करना;

{(द) मिट्टी के बर्तन बनाने के व्यवसाय में परम्परागत रूप से जुड़े हुए व्यक्तियों की भूमि के आवंटन के लिए व्यवस्था और रीति।

स्पष्टीकरण–– किसी व्यक्ति को ऐसे व्यवसाय में परम्परागत रूप से जुड़ा हुआ समझा जायेगा, यदि वह व्यक्तियों के ऐसे वर्ग का हो, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा इस रूप में अधिसूचित किया जाये।}३

सूची

पर्वतीय {नगरपालिका}[4] के लिए अग्रेत्तर उपविधियां

(ज) लोक सुरक्षा और सुविधा

(ढ) वृक्षों या झाड़ियों को काटने या नष्ट करने या उत्खनन करने या मिट्टी हटाने या खदान कार्य का विनियमन या प्रतिषेध करना और भवनों और अहातों में परिवर्तन, मरम्मत और उनके समुचित अनुररक्षण की, मार्गों और उपमार्गों को बन्द करने की और गिरि पार्श्व की सतही भूमि के सामान्य संरक्षण के अनुरक्षण, भूमि के परिरक्षण, भू–स्खलन या खड्डे निर्माण या प्रचण्ड धारा को रोकने, भूमि को कटाव से बचाने या उस पर रेत कंकड़ या पत्थरों के जमा होने से रोकने के लिए ऐसी उपविधि आवश्यक है;

(ण) किसी भवन की उसके अन्य भवनों से संलग्न होने से सबसे ऊपर की मंजिल में इस कारण आग जलाने का प्रतिषेध करना कि उसमें लगाने की दशा में उक्त अन्य भवनों के लिए खतरा हो सकता है और जिस मंजिल की दीवारों की ऊंचाई सात फुट से अधिक न हो या लैम्प या मोमबत्तियों के लिए स्टैण्ड इस प्रकार रखने का प्रतिषेध करना, जो {नगरपालिका}[2] की राय में लोक सुरक्षा के लिए खतरनाक हो;

(त) मार्ग के नियम को विनियमित करना;

(थ) {नगरपालिका}[2] के भीतर

(एक) माल ढोने के लिए कुलियों का कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए;

(दो) एक दिन या उसके किसी भाग के लिए किराए पर चलने वाले पशुओं, गाड़ियों और अन्य वाहनों के लिए; और

(तीन) ऐसे व्यक्तियो के लिए, जो ऐसी गाड़ियों या अन्य वाहनों को खींचते हो या चलाते हों, लाइसेंस लेना आवश्यक बनाना;

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 2.उपर्युक्त की धारा 49 (ख) (एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
3.उपर्युक्त की धारा 49 (ख) (दो) द्वारा प्रतिस्थापित।
4.उपर्युक्त की धारा 49 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

(द) ऐसी शर्तें विहित करना, जिनके अधीन रहते हुए ऐसे लाइसेंस स्वीकृत, अस्वीकृत, निलम्बित किए जा सकते हैं या वापस लिए जा सकते हैं;

(ध) उपर्युक्त कुलियों की सेवाओं के लिए और ऐसे पशुओं, गाड़ियों या अन्य वाहनों के किराये के लिए और ऐसी गाड़ियों या वाहनों को खींचने या चलाने वाले व्यक्तियों के पारिश्रमिक के लिए दिए जाने वाले प्रभार को विनियमित करना।

(झ) स्वच्छता और रोग–निवारण

(झ) बाजार में किसी परिवार की अश्वशाला या गौशाला के रूप में या भेड़, बकरी और कुक्कुट आदि के लिए स्थान के रूप में उपयोग करने के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक बनाना;

(ञ) मकानों और निवास स्थानों में अत्यधिक भीड़ का निवारण करना; और

(ञ) प्रकीर्ण

(झ) {नगरपालिका}[4] में प्रवेश करने वाले या वहां से जाने वाले व्यक्तियों के लिए सामान्यतया या विशिष्ट मास में रजिस्ट्रीकरण की व्यवस्था करना।

नियमों और उपविधियों का अतिलंघन

299–– (1) कोई नियम बनाने में राज्य सरकार और उपविधि बनाने में {नगरपालिका}[2] राज्य सरकार की स्वीकृति से निर्देश दे सकेगी कि उक्त नियम या उपविधि का भंग किया जाना, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो {एक हजार रुपये}[1] तक हो सकेगा और जब ऐसा भंग निरन्तर किया जाये तो अग्रेत्तर जुर्माना किया जा सकेगा, जो प्रथम दोषसिद्धि के दिनांक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसमें अपराधी का अपराध करते रहना सिद्ध हो, {पच्चीस रुपये}[1] तक हो सकेगा।

(2) {नगरपालिका}[2] ऐसी ही स्वीकृति से किसी ऐसे नियम का, जो संयुक्त प्रान्त म्युनिसिपालिटीज अधिनियम, 1873 (1877 का अधिनियम संख्या 15) के अधीन विधिपूर्वक बनाया गया हो और अब भी प्रवृत्त हो, भंग करने के लिए इसी प्रकार शास्ति विहित कर सकेगी।

राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों आदि का पूर्व प्रकाशन

300–– (1) इस अध्याय के अधीन नियम या विनियम बनाने की राज्य सरकार की शक्ति ऐसे नियम तथा विनियम का पूर्व प्रकाशन के पश्चात् बनाए जाने और सरकारी गजट में उनके प्रकाशित होने तक प्रभावित न होने की शर्त के अधीन होगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा बनाया गया कोई नियम या विनियम सभी नगरपालिकाओं के लिए या ऐसी सभी नगरपालिकाओं के लिए, जिन्हें उनके प्रवर्तन से स्पष्टतः अलग न किया गया हो, सामान्य हो सकता है या किसी एक या एक से अधिक सम्पूर्ण नगरपालिका या उसके किसी भाग के लिए, जैसा राज्य सरकार निर्देश दे, विशेष हो सकता है।

विनियमों और उपविधियों का प्रकाशित किया जाना

{301–– (1) धारा 298 के अधीन उपविधियां बनाने की नगरपालिका की शक्ति ऐसी उपविधियों के पूर्व प्रकाशन के पश्चात् बनाए जाने की शर्त के अधीन होगी।

(2) धारा 297 और संयुक्त प्रान्त प्रारम्भिक शिक्षा अधिनियम, 1919 के अधीन बनाए गए विनियम और धारा 298 के अधीन बनाई गई उपविधियां सरकारी गजट में प्रकाशित की जायेगी।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उपर्युक्त की धारा 49 (ख)(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[2] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 301क–303}

राज्य सरकार को परिष्कृत या निरस्त कर सकेगी

301–क–– (1) यदि राज्य सरकार को किसी भी समय यह प्रतीत हो कि किसी उपविधि को पूर्णतः या अंशतः परिष्कृत या निरस्त किया जाना चाहिए तो वह अपने ऐसे मत के कारण नगरपालिका को सूचित करेगी और एक उपयुक्त अवधि विहित करेगी, जिसके भीतर उसके सम्बन्ध में नगरपालिका कोई ऐसा अभ्यावेदन कर सकेगी, जिसे वह उचित समझे।

(2) ऐसे किसी अभ्यावेदन के प्राप्त होने और उस पर विचार करने के पश्चात् या यदि उस समय के भीतर कोई अभ्यावेदन प्राप्त न हुआ हो तो विहित अवधि के समाप्त होने के पश्चात् राज्य सरकार शासकीय गजट में अधिसूचना द्वारा उक्त उपविधि को पूर्णतः या अंशतः परिष्कृत या निरस्त कर सकेगी।

(3) उपधारा (2) के अधीन किसी उपविधि का परिष्कार या निरसन अधिसूचना के शासकीय गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावी होगा।}[3]

अध्याय 10

प्रकिया

नगरपालिका नोटिस

अनुपालन के लिए समुचित समय निश्चित करना

302–– जहां इस अधिनियम की किसी धारा के अधीन किसी नियम या उपविधि के अधीन जारी किए गए किसी नोटिस में कोई ऐसा कार्य किए जाने की अपेक्षा की जाये, जिसके लिए ऐसी धारा या नियम या उपविधि में कोई समय निश्चित न किया गया हो, वहां नोटिस में ऐसा कार्य किए जाने के लिए समुचित समय विनिर्दिष्ट किया जायेगा और यह अवधारण करना न्यायालय पर निर्भर करेगा कि इस प्रकार विनिर्दिष्ट किया गया समय इस धारा के अर्थान्तर्गत समुचित समय है या नहीं।

नोटिस की तामील

303–– (1) इस अधिनियम की नयम या उपविधि के

अधीन जारी या तैयार किया गया प्रत्येक नोटिस या बिल जब तक कि ऐसी धारा या नियम या उपविधि में स्पष्ट रूप से अन्यथा उपबन्धित न हो, निम्नलिखित रूप में तामील या प्रस्तुत किया जायेगा –

(क) ऐसी नोटिस या बिल का उस व्यक्ति, जिसे वह सम्बोधित हो, देकर या प्रस्तुत करके या उसे डाक द्वारा भेजकर; या

(ख) यदि ऐसे व्यक्ति का पता न चले तो उक्त नोटिस या बिल को उस व्यक्ति के अन्तिम ज्ञात वास–स्थान पर, यदि वह {नगरपालिका}[1] की सीमा के भीतर हो, छोड़कर या उक्त नोटिस या बिल उसके परिवार के किसी वयस्क पुरूष सदस्य या सेवक को देकर या प्रस्तुत करके या उक्त नोटिस या बिल या उस भवन या भूमि के (यदि कोई हो), जिससे उस नोटिस या बिल का सम्बन्ध हो, किसी सहजदृश्य भाग पर लगा कर।

(2) जब इस अधिनियम के अधीन या किसी नियम अथवा उपविधि के अधीन कोई नोटिस इस अधिनियम के द्वारा या अधीन किसी नियम या उपविधि के अधीन किसी भवन या भूमि के स्वामी या अध्यासी पर तामील करना अपेक्षित हो या तामील करने की अनुज्ञा दी गई हो तो उसके स्वामी या अध्यासी का नाम देना आवश्यक न होगा और उसकी तामील ऐसे मामलों में, जिसके लिए इस अधिनियम में विशेष रूप से अन्यथा उपबन्धित न हो, या तो ––

(क) स्वामी या अध्यासी को या यदि एक से अधिक स्वामी या अध्यासी हो तो उनमें से किसी एक को नोटिस देकर या प्रस्तुत करके या उसे डाक द्वारा भेजकर; या

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 50 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ख) यदि किसी ऐसे स्वामी या अध्यासी का पता न चले तो उसके परिवार के किसी वयस्क पुरूष सदस्य या सेवक को नोटिस देकर या प्रस्तुत करके या उस भवन या भूमि के, जिससे उसका सम्बन्ध हो, किसी सहजदृश्य भाग पर नोटिस लगाकर की जायेगी।

(3) जब ऐसा व्यक्ति, जिस पर नोटिस या बिल तामील किया जाता है, अवयस्क हो तो उसके संरक्षक या उसके परिवार के किसी वयस्क पुरूष सदस्य या सेवक पर उसकी तामील करना उक्त अवयस्क पर तामील करना समझा जायेगा।

सार्वजनिक नोटिस देने की रीति

304–– इस अधिनियम के या किसी नियम, विनियम या उपविधि के उपबन्धों के अधीन रहते हुए ऐसे प्रत्येक मामले में जहां नगरपालिका द्वारा सार्वजनिक नोटिस दिया जाना हो, ऐसा नोटिस दे दिया गया समझा जायेगा, यदि वह किसी स्थानीय अंग्रेजी या स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में (यदि कोई हो) प्रकाशित किया जाये या उसे ऐसे भवन के, जिसमें सामान्यतया {नगरपालिका}[2] की बैठकें होती हो, सूचना पट्ट पर सार्वजनिक सूचना के लिए प्रदर्शनार्थ चिपका दिया जाये।

त्रुटिपूर्ण आकार पत्र

305–– कोई नोटिस या बिल आकार पत्र की त्रुटि के कारण अविधिमान्य नहीं होगा।

जन साधारण पर लागू

306–– जहां इस अधिनियम या तद्धीन जारी किए गए किसी नोटिस द्वारा जनसाधारण से कोई कार्य करने या उससे विरत रहने की अपेक्षा की जाये, वहां ऐसा व्यक्ति जो ऐसी अपेक्षा का अनुपालन करने में विफल रहता है, यदि इस प्रकार विफल रहना किसी उपबन्ध धारा के अधीन दण्डनीय अपराध न हो, किसी मजिस्ट्रेट द्वारा दोषसिद्ध ठहराए जाने पर प्रत्येक बार इस प्रकार विफल रहने के लिए एक हजार रुपये से अनधिक जुर्माने के और निरन्तर भंग करने की दशा में अग्रेत्तर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दोषसिद्ध के दिनांक के पश्चात् जिसमें अपराधी द्वारा निरन्तर भंग किया जाना साबित हो, प्रत्येक दिन के लिए {पच्चीस रुपये}[1] तक हो सकेगा।

किसी सार्वजनिक नोटिस की अवज्ञा या अधिनियम के अन्य

307–– यदि किसी व्यक्ति को इस अधिनियम या किसी नियम या उपविधि के जारी — किसी व्यक्ति को

उपबन्धों के अधीन कोई नोटिस दिया गया हो, जिसमें उससे नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर किसी सम्पत्ति के सम्बन्ध में चाहे वह जंगम या स्थावर, सार्वजनिक हो या निजी कोई कार्य निष्पादित करने या किसी कार्य की व्यवस्था करने या उसे करने से विरत रहने की अपेक्षा की गई हो और यदि ऐसा व्यक्ति उस नोटिस या अनुपालन करने में विफल रहता है तो –– — किए गए नोटिस की अवज्ञा

(क) {नगरपालिका}[2] ऐसे कार्य को निष्पादित करवा सकेगी या ऐसी बात की व्यवस्था कर सकेगी या उसे करवा सकेगी और इस सम्बन्ध में उसके द्वारा उपगत समस्त व्यय को उक्त व्यक्ति से अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल कर सकेगी और अग्रेत्तर यह कि ––

(ख) उक्त व्यक्ति किसी मजिस्ट्रेट के समक्ष सिद्ध ठहराए जाने पर जुर्माने से, जो एक हजार रुपये तक को सकेगा और निरन्तर भंग करने की दशा में अग्रेत्तर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दोषसिद्ध के दिनांक के पश्चात्, जिसमें अपराधी द्वारा निरन्तर भंग किया जाना साबित हो, प्रत्येक दिन के लिए पच्चीस रुपये तक हो सकेगा।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[2] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 308–310}

308–– (1) यदि कोई व्यक्ति, जिसे धारा 307 में उल्लिखित नोटिस दिया गया हो, पर उस सम्पत्ति का, जिसके सम्बन्ध में वह दिया गया हो, स्वामी हो तो {नगरपालिका}[1] (चाहे ऐसे स्वामी के विरूद्ध कोई वाद लाया गया हो या अन्य कार्यवाही की गई हो या नहीं) ऐसे व्यक्ति से, यदि कोई हो, जिसके अध्यासन में उक्त स्वामी के अधीन ऐसी सम्पत्ति या उसका कोई भाग हो, यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह ऐसी सम्पत्ति के सम्बन्ध में उसके द्वारा देय किराए का, जब वह देय हो जाये, धारा 307 के अधीन स्वामी से वसूल की जा सकने वाली धनराशि तक स्वामी को भुगताने करने के बजाय {नगरपालिका}[1] को भुगतान कर और अध्यासी द्वारा {नगरपालिका}[1] को दिया गया कोई भी भुगतान, उक्त सम्पत्ति के स्वामी और अध्यासी के बीच इसके प्रतिकूल कोई संविदा न होने पर, ऐसी सम्पत्ति के स्वामी को किया गया समझा जायेगा। — स्वामी के चूक करने पर अध्यासी का भुगतान करने का दायित्व

(2) यह विनिश्चय करने के प्रयोजन के लिए कि उपधारा (1) के अधीन कार्यवाही की जानी चाहिए या नहीं, नगरपालिका सम्पत्ति के अध्यासी से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह ऐसी सम्पत्ति के लिए किराए के रूप में देय धनराशि के सम्बन्ध में और उस व्यक्ति के नाम और पते के सम्बन्ध में, जिसे वह देय हो, सूचना प्रस्तुत करे और यदि अध्यासी ऐसी सूचना प्रस्तुत करने से इंकार करे तो वह सम्पूर्ण व्यय के लिए देनदार होगा, मानो वह स्वामी हो।

(3) इस धारा के अधीन {नगरपालिका}[1] द्वारा वसूल किया जा सकने वाला सम्पूर्ण धन अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल किया जा सकेगा।

309–– जब कभी किसी भवन या भूमि के स्वामी द्वारा इस अधिनियम के द्वारा या पर — स्वामी के चूक करने पर अध्यासी द्वारा

अधीन अपेक्षित किसी निर्माण कार्य के निष्पादन करने में चूक की जाये तो ऐसे भवन या भूमि निर्माण कार्य का अध्यासी {नगरपालिका}[1] के अनुमोदन से ऐसे कार्य को निष्पादित करा सकेगा और उसके का व्यय का भुगतान किसी प्रतिकूल संविदा के न होने पर स्वामी द्वारा उसे किया जा सकेगा या उस धनराशि की कटौती उसके द्वारा ऐसे स्वामी को समय–समय पर देय होने वाले किराए में से की जा सकेगी। — को निष्पादित करने का अधिकार

310–– (1) यदि इस अधिनियम के अधीन जारी की गई किसी नोटिस के अनुपालन निष्पादन का — अध्यासी द्वारा

में किसी भवन या भूमि के स्वामी से उसके सम्बन्ध में कोई कार्यवाही करने के आशय की पर — विरोध किए जाने प्रक्रिया

सूचना प्राप्त हो जाने के पश्चात् अध्यासी उक्त स्वामी को ऐसी कार्यवाही करने की अनुमति देने से इंकार करे तो स्वामी मजिस्ट्रेट को आवेदन कर सकेगा।

(2) मजिस्ट्रेट ऐसे इंकार किए जाने का सबूत मिलने पर लिखित रूप में आदेश दे सकेगा, जिसमें अध्यासी से स्वामी को उक्त भवन या भूमि के सम्बन्ध में ऐसे सभी निर्माण कार्य, जो उक्त नोटिस के अनुपालन के लिए आवश्यक हो, निष्पादित करने की अनुमति देने की अपेक्षा की गई हो और यदि वह उचित समझे, अध्यासी को यह भी आदेश दे सकेगा कि वह स्वामी को ऐसे आवेदन–पत्र या आदेश से सम्बन्धित व्यय का भुगतान करे।

(3) यदि मजिस्ट्रेट के आदेश के दिनांक से आठ दिन समात होने के पश्चात्, अध्यासी स्वामी को ऐसा निर्माण कार्य निष्पादित करने की अनुमति देने से इंकार करता रहे तो अध्यासी दोषसिद्ध ठहराए जाने पर, जुर्माने से, जो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसमें वह इस प्रकार अनुमति देने से इंकार करता रहा है, पच्चीस रुपये तक हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

(4) प्रत्येक स्वामी इस प्रकार इंकार किए जाने के दौरान किन्हीं ऐसी शास्ति से उन्मुक्त रहेगा, जिनके लिए वह ऐस निर्माण कार्य के निष्पादन में उसके द्वारा चूक करने के कारण अन्यथा दण्डनीय होता।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}$_2$ नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 311–314}

311–– जब किसी भवन या भूमि के अध्यासी ने, इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन के — अध्यासी द्वारा कार्य

जारी किए गए नोटिस के अनुपालन में कोई ऐसा निर्माण कार्य निष्पादित किया हो, जिसके लिए ऐसे भवन या भूमि का स्वामी या तो किराएदारी के संविदा के अनुसरण में या विधि द्वारा उत्तरदायी हो तो वह किसी प्रतिकूल संविदा के न होने पर, ऐसे निर्माण कार्य के समुचित व्यय को उसके द्वारा देय किराए से कटौती करके या अन्यथा स्वामी से वसूल करने का हकदार होगा। — परिव्यय की वसूली

312–– (1) {नगरपालिका}$_1$ द्वारा धारा 263 या 265 के अधीन हटाने का कोई कार्य 264, 265 — धारा 211, 263, और 273 के अधीन {नगरपालिका} द्वारा जाने के कार्य के वसूली

करने में या धारा 211, 263, 264 या 278 के अधीन जारी की गई लिखित नोटिस का धारा 307 के अधीन अनुपालन न किए जाने की दशा में, किया गया व्यय, हटाई गई सामग्री की हटाए व्यय की बिक्री से वसूल किया जा सकेगा और यदि ऐसा विक्रय आगम पर्याप्त न हो तो शेष धनराशि उक्त सामग्री के स्वामी से अध्याय 6 में उपबन्धित रीति से वसूल किया जा सकेगा।

(2) यदि किसी मामले में हटाने के कार्य का व्यय का सामग्री की बिक्री किए जाने या अन्यथा निस्तारण किए जाने के पूर्व किसी भी समय उसके द्वारा उसके लिए दावा किए जाने पर या ऐसे अन्य समस्त व्यय का, यदि कोई हो, जो {नगरपालिका}$_1$ द्वारा उसके सम्बन्ध में या उसकी आशयित बिक्री या उसके निस्तारण के सम्बन्ध में किया गया हो, उसके द्वारा भुगतान किए जाने पर वापस कर देगा।

(3) यदि सामग्री का उसके स्वामी द्वारा कोई दावा न किया जाये तो उसे यथाशीघ्र सुविधानुसार उसे हटाने के दिनांक से एक मास के पश्चात् चाहे इस बीच हटाए जाने के व्यय का भुगतान कर दिया गया हो या नहीं, नीलाम द्वारा बेच दिया जायेगा या उसका अन्यथा निस्तारण कर दिया जायेगा, जैसा {नगरपालिका}$_1$ ठीक समझे और बिक्री या अन्य निस्तारण के आगम को उसमें से बिक्री या अन्य निस्तारण के व्यय और यदि आवश्यक हो तो हटाए जाने का व्यय चुकता करने के पश्चात् नगरपालिका निधि में जमा कर दिया जायेगा और वह {नगरपालिका}$_1$ की सम्पत्ति हो जायेगी।

313–– (1) जब कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति या सोसाईटी का न्यासी या अभिकर्ता के न्यासों को — अभिकर्ता और

रूप में स्थावर सम्पत्ति का किराया प्राप्त करने या प्राप्त करने का हकदार होने के कारण, इस — अनुतोष

अधिनियम के अधीन अधिरोपित की गई हो और उसके निर्वहन के लिए धन अपेक्षित हो तब वह उक्त बाध्यता का निर्वहन करने के लिए तब तक आबद्ध नहीं होगा, जब तक कि उसके पास स्वामी की ऐसी निधि न हो जो इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त हो या जो स्वयं उसके कोई अनुचित कार्य या व्यतिक्रम न करने के कारण रही होती।

(2) जब कोई अभिकर्ता या न्यासी इस धारा के अधीन अनुतोष के लिए अपने अधिकार का दावा करे और उसे सिद्ध करे तब {नगरपालिका}[1] उसे नोटिस दे सकता है कि वह उपर्युक्त बाध्यता के निर्वहन के लिए ऐसे धन का प्रयोग करे, जो स्वामी की ओर से या स्वामी के लिए सर्वप्रथम उसे प्राप्त हो और यदि वह ऐसी नोटिस का अनुपालन करने में विफल रहता है तो उसे स्वयं उपर्युक्त बाध्यता के निर्वहन के लिए उत्तरदायी समझा जायेगा।

अभियोजन

अभियोजन का प्राधिकार

314–– जब तक कि स्पष्ट रूप से अन्यथा उपबन्धित न हो, कोई न्यायालय इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी भी अपराध का (जिनकी सूची अनुसूची आठ में केवल सुगम निर्देश के प्रयोजन से दी गई है) या किसी निगम या उपविधि के अधीन दण्डनीय किसी भी अपराध का संज्ञान नहीं करेगा, सिवाय इसके कि {नगरपालिका}[1] या {नगरपालिका}[1] द्वारा इस निमित्त सामान्य या विशेष आदेश से प्राधिकृत किसी व्यक्ति ने शिकायत की हो या इनसे कोई सूचना प्राप्त हुई हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

अपराध का शमन करने की शक्ति

315–– (1) किसी {नगरपालिका}[1] का अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी या ऐसी नगरपालिका में जहां कोई अधिशासी अधिकारी या स्वास्थ्य अधिकारी न हो, नगरपालिका का अध्यक्ष या तो कार्यवाही किए जाने के पूर्व या पश्चात् धारा 237(4), 242, 246, 281, 285 (5) या 295 में वर्णित किसी अपराध के सिवाय इस अधिनियम या नियम या उपविधि के विरूद्ध किसी अपराध का शमन कर सकेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे किसी अपराध का शमन नहीं किया जा सकेगा, जो {नगरपालिका}[1] द्वारा या उसकी ओर से जारी किए गए किसी लिखित नोटिस के अनुपालन, जहां तक कि इसका अनुपालन किया जाना सम्भव हो, न कर दिया जाये।

(2) जब किसी अपराध का शमन कर दिया गया हो तो अपराधी को, यदि अभिरक्षा में हो, मुक्त कर दिया जायेगा और उसके विरूद्ध इस प्रकार शमन किए गए अपराध के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।

(3) इस धारा के अधीन श्मन के रूप में दी गई धनराशि नगरपालिका निधि में जमा की जायेगी।

नगरपालिका सम्पत्ति की क्षति के लिए प्रतिकर

316–– यदि किसी कार्य, उपेक्षा या व्यतिक्रम से, जिसके कारण कोई व्यक्ति इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अधिरोपित कोई शक्ति उपगत करेगा, {नगरपालिका}[1] की किसी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाई जायेगी तो ऐसी शास्ति उपगत करने वाला व्यक्ति ऐसी क्षति को पूरा करने और साथ ही ऐसी शास्ति का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा और क्षति की धनराशि, विवाद की स्थिति में, ऐसे मजिस्ट्रेट द्वारा अवधारित की जायेगी, जिसने उक्त शास्ति उपगत करने वाले व्यक्ति को दोषसिद्ध ठहराया हो और ऐसी धनराशि की मांग किए जाने पर भुगतान न करने पर उसे करस्थम द्वारा उद्ग्रहीत किया जायेगा और उक्त मजिस्ट्रेट तद्नुसार उसका वारण्ट जारी करेगा।

अपराधों और नगरपालिका प्राधिकारियों की सहायता देने के सम्बन्ध में पुलिस के कर्तव्य और शक्ति

317–– प्रत्येक पुलिस अधिकारी {नगरपालिका}[1] को उसकी जानकारी में आने वाले ऐसे अपराध को तुरन्त सूचना देगा, जो इस अधिनियम के विरूद्ध या धारा 114 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किसी अधिनियम के विरूद्ध या उपर्युक्त किसी भी अधिनियम के अधीन बनाए गए किसी नियम के [illegible] गरपालिका}[1] के समस्त

सदस्यों, अधिकारियों और सेवकों को उनके विधिपूर्ण प्राधिकार का प्रयोग करने में सहायता देने के लिए आबद्ध होगा।

{नगरपालिका}[1] के आदेश के विरूद्ध अपील और नगरपालिका के विरूद्ध वाद

नगरपालिका के आदेश के विरूद्ध अपील

318–– (1) नगरपालिका द्वारा, धारा 180 (1), 186, 204, 205(1), 208, 211, 212, 222(6), 241(2), 245, 278 और 285 द्वारा प्रदत्त शक्ति के अधीन या धारा 298 के शीर्षक (छ) के अधीन बनाई गई किसी उपविधि के अधीन दिए गए आदेश या निदेश से क्षुब्ध कोई भी व्यक्ति ऐसे निदेश या आदेश से तीस दिन के भीतर, उनकी प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय को छोड़कर, ऐसे अधिकारी को, जिसे राज्य सरकार ऐसी अपीलें या उनमें से किसी अपील को सुनवाई करने के प्रयोजन के लिए नियुक्त करे या ऐसी नियुक्ति करे या ऐसी नियुक्ति न की जाने पर जिला मजिस्ट्रेट को अपील कर सकेगा।

{***}[2]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 156 द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) अपील प्राधिकारी, यदि उचित समझे, अपील के लिए उपधारा (1) अनुज्ञात अवधि काह्म बढ़ा सकता है।

(3) कोई भी अपील तब तक अंशतः या पूर्णतः खारिज या स्वीकृत न की जायेगी जब तक कि पक्षकारों को कारण बताने या सुनवाई किए जाने का समुचित अवसर न दे दिया गया हो।

उच्च न्यायालय को निर्देश

319–– (1) यदि धारा 318 के अधीन किसी अपील की सुनवाई करने पर प्रतिषेध, नोटिस या वैधता के सम्बन्ध में कोई ऐसा प्रश्न उत्पन्न होता है जिस पर अपील की सुनवाई करने वाले अधिकारी को यथोचित सन्देह हो तो वह या तो स्वप्रेरणा से या हितबद्ध किसी व्यक्ति के आवेदन पर उस मामले के तथ्यों का और उस प्रश्न का, जिस पर सन्देह किया गया हो, एक विवरण तैयार करेगा और उस विवरण का निर्देश उक्त प्रश्न पर अपनी राय के साथ उच्च न्यायालय के निर्णय के लिए करेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन निर्देश दिए जाने पर, इस मामले में पश्चात्वर्ती कार्यवाहियों यथा यथाशक्य सिविल प्रकिया संहिता, 1908 की प्रथम अनुसूची के आदेश 46 में दिए गए उच्च न्यायालय को निर्देश करने से सम्बन्धित नियमों या ऐसे अन्य नियमों के अनुरूप की जायेगी, जो उक्त संहिता की धारा 122 के अधीन उच्च न्यायालय द्वारा बनाई जाये।

वाद व्यय

320–– (1) ऐसे न्यायालय का, जो अपील का निर्णय करे, स्वविवेक से व्यय दिलवाने की शक्ति होगी।

(2) इस धारा के अधीन {नगरपालिका}[1] को दिलवाया गया व्यय {नगरपालिका}[1] द्वारा उसी प्रकार वसूल किया जा सकेगा मानो वह अपीलार्थी से देय किसी कर का बकाया रहा हो।

(3) यदि {नगरपालिका}[1] इस धारा के अधीन किसी अपीलार्थी को दिलवाये गए किसी व्यय का उसके भुगतान करने के आदेश की संसूचना के दिनांक के पश्चात् दस दिन के भीतर भुगतान करने में विफल रहे तो उक्त व्यय दिलवाने वाला न्यायालय उस व्यक्ति को, जिसकी अभिरक्षा में नगरपालिका निधि का अवशेष हो, उक्त धनराशि का भुगतान करने का आदेश दे सकेगा।

अपील प्राधिकारी के आदेश का अन्तिम होना

321–– (1) धारा 318 में निर्दिष्ट किसी आदेश या निदेश पर उसमें उपबन्धित से भिन्न किसी अन्य रीति से या प्राधिकारी द्वारा, आपत्ति न की जा सकेगी।

(2) अपील प्राधिकारी का कोई आदेश जिसके द्वारा ऐसा कोई आदेश या निदेश पुष्ट, निरस्त या उपान्तरित किया गया हो, अन्तिम होगा :

प्रतिबन्ध यह है कि अपील प्राधिकारी के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह आवेदन करने पर दूसरे पक्षकार को नोटिस देने के पश ए किसी आदेश का

अपने मूल आदेश के दिनांक से तीन मास के भीतर दिए गए किसी अग्रेत्तर आदेश से पुनर्विलोकन करे।

अपील या सिविल वाद की

322–– जहां धारा 318 में निर्दिष्ट किसी आदेश या निदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती हो, उसके विरूद्ध अपील संस्थित की गई हो या उसके सम्बन्ध में सिविल वाद संस्थित वाद का किया गया हो, वहां ऐसे आदेश को प्रवर्तित करने की समस्त कार्यवाहियों और उसे भंग करने धारा 318 के लिए समस्त, अभियोजनों को, यथास्थिति अपील प्राधिकारी या सिविल न्यायालय के आदेश आदेश पारित द्वारा अपील या सिविल वाद का निर्णय होने तक निलम्बित किया जा सकेगा और यदि आदेश में या सिविल न्यायालय के विनिश्चय द्वारा अपास्त कर दिया जाय तो उसकी अवज्ञा को अपराध नहीं समझा जायेगा।

विषय वस्तु के सम्बन्ध में अपील या सिविल निर्णय होने तक के अधीन करने का निलम्बन

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

कतिपय न्यायालय के आदेशों के विरूद्ध अपील

323–– धारा 201 के अधीन समपहरण का प्रत्येक आदेश और धारा 302 या धारा 258 के अधीन प्रत्येक आदेश के विरूद्ध अपील जिस न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया हो, उससे ठीक वरिष्ठ न्यायालय को की जा सकेगी किन्तु अपील या पुनरीक्षण अन्यथा नहीं किया जा सकेगा।

{नगरपालिका}1 द्वारा देय प्रतिकर के सम्बन्ध में विवाद

324–– (1) यदि ऐसे प्रतिकर की धनराशि के सम्बन्ध में, जिसका भुगतान करना इस अधिनियम द्वारा {नगरपालिका}1 के लिए अपेक्षित हो, कोई विवाद उत्पन्न हो तो उसे ऐसी रीति से जिसके लिए पक्षकार करार करे या किसी करार के अभाव में, कलेक्टर द्वारा {नगरपालिका}1 या प्रतिकर का दावा करने वाले व्यक्ति द्वारा उन्हें आवेदन–पत्र दिए जाने पर, तय किया जायेगा।

(2) प्रतिकर का अधिनिर्णय करने में कलेक्टर का कोई विनिश्चय प्रतिकर के लिये आवेदक के ऐसे अधिकार के अधीन होगा, जिससे यह भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 18 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार जिला न्यायाधीश को निर्देश किए जाने की अपेक्षा कर सकेगा।

(3) ऐसे मामलों में, जिनमें भूमि के सम्बन्ध में प्रतिकर का दावा किया जाये, कलैक्टर और जिला न्यायाधीश, यथाशक्य उस प्रक्रिया का अनुपालन करेंगे, जो उक्त अधिनियम में सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए अर्जित किए जाने वाली भूमि के अर्जन के लिए प्रतिकर सम्बन्धी कार्यवाहियों के लिए विहित की गई है।

स्थानीय प्राधिकारियों के बीच विवाद का विनिश्चय

325–– (1) यदि {नगरपालिका}1 और किसी अन्य स्थानीय प्राधिकारी के बीच किसी ऐसे मामले में, जिसमें वे संयुक्त रूप से हितबद्ध हो, कोई विवाद उत्पन्न हो तो ऐसा विवाद राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा, जिसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

(2) राज्य सरकार धारा 296 के अधीन बनाए गए नियम द्वारा ऐसे सम्बन्ध का विनियमन कर सकती है, जिसका {नगरपालिका}1 और अन्य स्थानीय प्राधिकारियों के बीच किसी ऐसे मामलों में जिनमें वे संयुक्त रूप से हितबद्ध हो, अनुपालन किया जायेगा।

{नगरपालिका}1 या अधिकारियों के विरूद्ध

326–– (1) {नगरपालिका}1 के विरूद्ध या नगरपालिका के किसी सदस्य, अधिकारी या उसके सेवक के विरूद्ध किसी ऐसे कार्य के सम्बन्ध में, जो उसके द्वारा अपनी पदीय हैसियत से किया गया हो या किया जाना तात्पर्यित हो, तब तक कोई वाद संस्थित नहीं किया जायेगा जब तक कि लिखित नोटिस के पश्चात्, जो {नगरपालिका}1 की दशा में उसके कार्यालय में प्रेषित कर दिया गया हो और सदस्य अधिकारी या सेवक की दशा में, उसे दे दिया गया हो या उसके कार्यालय दिया गया हो,

आगामी दो मास की अवधि समाप्त न हो जाये, जिसमें वाद का कारण, ईप्सित अनुतोष का प्रकार, दावाकृत प्रतिकर की धनराशि और आशयित वादी का नाम और निवास स्थान स्पष्ट रूप से दिया गया हो और वाद–पत्र में ऐसा विवरण दिया होगा कि उक्त नोटिस इस प्रकार दे दी गई है या छोड़ी गई है।

(2) यदि {नगरपालिका}1 सदस्य, अधिकारी या सेवक ने कार्यवाही प्रारम्भ किए जाने के पूर्व वादी की पर्याप्त अभितुष्टि निविदत्त कर दी तो तो वादी इस प्रकार निविदत्त धनराशि से अधिक कोई राशि वसूल नहीं करेगा और इस प्रकार निविदत्त करने के पश्चात् प्रतिवादी द्वारा उपगत समस्त वाद–व्यय का भुगतान करेगा।

(3) ऐसी कोई कार्यवाही, जैसा कि उपधारा (1) में वर्णित है, जब तक कि वह स्थावर सम्पत्ति की वसूली के लिए या उसके हक की घोषणा के लिए कार्यवाही न हो, अन्यथा प्रारम्भ न करके वाद–कारण के प्रोदभूत होने के पश्चात् आगामी छः मास के भीतर प्रारम्भ की जायेगी :

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(4) प्रतिबन्ध यह है कि उपधारा (1) की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि वह किसी ऐसे वाद पर लागू होती है, जिसमें केवल दावाकृत अनुतोष कोई ऐसा व्यादेश हो, जिसका उद्देश्य नोटिस देने का वाद या कार्यवाही के प्रारम्भ किए जाने को स्थगित करने से विफल हो जायेगा।

सिविल न्यायालय कतिपय मामलों में अस्थायी व्यादेश नहीं देगा

{326–क–– कोई सिविल न्यायालय किसी वाद के दौरान निम्नलिखित के सम्बन्ध में अस्थायी व्यादेश या अंतरिम आदेश नहीं देगा –

(क) किसी व्यक्ति को {नगरपालिका}2 के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष या {नगरपालिका}2 की समिति या उपसमिति के सभापति या {नगरपालिका}2 की समिति या उपसमिति के सदस्य, अधिकारी या सेवक की शक्तियों का प्रयोग करने या कृत्यों का निर्वहन या कर्तव्यों का पालन करने से इस आधार पर अवरूद्ध करना कि ऐसा व्यक्ति इस प्रकार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, अधिकारी या सेवक या सेवक के रूप में सम्यक् रूप से निर्वाचित नाम–निर्दिष्ट या नियुक्त नहीं किया गया है; या

(ख) किसी व्यक्ति या किसी {नगरपालिका}2 की समिति या उप–समिति को कोई निर्वाचन करने से या किसी विशिष्ट रीति से कोई निर्वाचन करने से अवरूद्ध करना।}1

अध्याय 11

अनुपूरक

राज्य सरकार द्वारा भीतर, वि

327–– राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा प्राधिकारी को उसकी या अपनी अधिकारिता के उसमें निहित किसी एक शक्ति या अधिक शक्तियों को, सिवाय उन शक्तियों के, जिनका ब्यौरा अनुसूची सात में दिया गया है, प्रत्यायोजित कर सकेगी।

कार्यवृत्त पुस्तक और कर निर्धारण सूचियों के निरीक्षण की सुविधा

328–– {नगरपालिका}2 का कार्यवृत्त पुस्तक और कर–निर्धारण सूची का किसी करदाता या निर्वाचक द्वारा ऐसी शर्तों के अधीन, जो इस निमित्त उप–विधि द्वारा विहित की जायेगी, निःशुल्क निरीक्षण किया जा सकेगा।

नियमावली, विनियमों उपविधियों के प्रचार के लिए उपबन्ध

329–– ऐसी पुस्तक, जिनमें प्रत्येक नियम, विनियम और उपविधि अन्तर्विष्ट हो, तथा {नगरपालिका}2 कार्यालय में रखी जायेगी और किसी भी व्यक्ति द्वारा कार्य के सामान्य घंटों में उनका निःशुल्क निरीक्षण किया जा सकेगा और जनता के लिए ऐसे कार्यालय से उचित मूल्य पर, जो इस निमित्त उपविधि द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाये, बिक्री के लिए रहेंगी।

330–– {नगरपालिका}[2] के कब्जे में किसी रसीद, आवेदन–पत्र, रेखांक, नोटिस, अभिलेखों के — नगरपालिका

आदेश, रजिस्टर की प्रविष्टि या अन्य दस्तावेज की प्रतिलिपि को, यदि उसे उसके विधिक संरक्षक ने या इस निमित्त उपविधि द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति में सम्यक् रूप से प्रमाणित किया हो, ऐसी प्रविष्टि या दस्तावेज होने के प्रथम–दृष्टया साक्ष्य के रूप में प्राप्त किया जायेगा और उसे प्रत्येक मामले में उसमें अभिलिखित विषयों तथा संव्यवहारों के साक्ष्य के रूप में, जहां और जिस सीमा तक मूल प्रविष्टि या दस्तावेज, यदि प्रस्तुत किया जाता, ऐसे विषयों को साबित करने के लिए ग्राह्य होता, स्वीकार किया जायेगा। — सबूत की रीति

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[3] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 331–333क}

331–– किसी भी नगरपालिका अधिकारी या सेवक से किसी ऐसी विधिक कार्यवाही में जिसमें {नगरपालिका}[1] एक पक्षकार न हो, किसी ऐसे रजिस्टर या दस्तावेज को, जिसकी अन्तर्वस्तु को पूर्ववर्ती धारा के अधीन किसी प्रमाणित प्रतिलिपि द्वारा साबित किया जा सके, प्रस्तुत करने की या उसमें अभिलिखित विषयों या संव्यवहारों को साबित करने के लिए साक्षी के रूप में उपस्थित होने की तब तक अपेक्षा न की जायेगी, जब तक कि न्यायालय विशेष कारण से ऐसा करने का आदेश न दे। — नगरपालिका सेवकों को दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समन करने पर निबन्धन

332–– अध्यक्ष की पूर्व स्वीकृति से {नगरपालिका}[1] का कोई सदस्य ऐसे निर्माण कार्य नगरपालिका का संस्था, जिसका पूर्णतः या अंशतः {नगरपालिका}[1] के व्यय से निर्माण किया गया हो या अनुरक्षण किया जाता हो और किसी रजिस्टर, पुस्तक, लेखे या अन्य दस्तावेज का, जो निरीक्षण {नगरपालिका}[1] का हो या {नगरपालिका}[1] के कब्जे में हो, निरीक्षण कर सकता है। — सदस्यों द्वारा के निर्माण कार्य और रजिस्टरों का

333–– जब इस अधिनियम के अधीन किसी {नगरपालिका}[1] का सृजन किया जाये स्थापना तब जिला मजिस्ट्रेट या उसके द्वारा निमित्त नियुक्त अन्य अधिकारी जब तक {नगरपालिका}[1] {नगरपालिका}[1] स्थापित न हो जाये, {नगरपालिका}[1] की शक्ति का प्रयोग और कर्तव्यों का पालन और कृत्यों प्रयोग का निर्वहन कर सकता है और उसे उपर्युक्त प्रयोजनों के लिए {नगरपालिका}[1] समझा जाएगा : — {नगरपालिका}[1] की होने तक की शक्ति का जिला मजिस्ट्रेट द्वारा

प्रतिबन्ध सदैव यह है कि जिला मजिस्ट्रेट या ऐसा अधिकारी या समिति या प्राधिकारी यथाशक्य शीघ्र प्रथम निर्वाचन कराने के लिए और सामान्यतया {नगरपालिका}[1] द्वारा, उसके गठित हो जाने पर, शीघ्रता से अपना कर्तव्य–भार ग्रहण करने के लिए प्रारम्भिक व्यवस्था करेगा।

{***}[2]

{333–क–– जहां किसी सक्रमणशील क्षेत्र के स्थान पर कोई लघुतर नगरीय क्षेत्र क्षेत्र के घोषित किया जाय, वहां लघुतर नगरीय क्षेत्र की घोषणा के दिनांक से निम्नलिखित परिणाम लघुतर होंगे– घोषणा के — किसी संक्रमणशील स्थान पर कोई नगरीय क्षेत्र की परिणाम

(एक) ऐसे समस्त कर, शुल्क, लाइसेंस, जुर्माने या शास्ति को, जो उक्त दिनांक के ठीक पूर्ववर्ती दिनांक को नगर पंचायत द्वारा अधिरोपित, विहित या उद्ग्रहीत किए गए हों, इस अधिनियम के अधीन या इसके उपबन्धों के अनुसार नगरपालिका परिषद् द्वारा अधिरोपित विहित किया उद्ग्रहीत किए गए समझे जायेंगे और जब तक कि उन्हें उपान्तरित या परिवर्तित न किया जाये, पूर्ववत् वसूल किया जायेगा;

(दो) नगर पंचायत द्वारा उक्त दिनांक के ठीक पूर्ववर्ती दिनांक को या उसके पूर्व अपनी निधि से उपगत किया गया कोई भी व्यय नगरपालिका परिषद् द्वारा उसकी प्रकार उपगत किया जाता रहेगा मानो वह इस अधिनियम के द्वारा या अधीन प्राधिकृत कोई व्यय र

(तीन) उक्त दिनांक के ठीक पूर्ववर्ती दिनांक को नगर पंचायत में निहित समस्त सम्पत्ति, जिसके अन्तर्गत किसी विलेख, संविदा, बन्ध, प्रतिभूति या वाद–प्राप्य वस्तु के अधीन कोई अधिकार या लाभ भी है, नगरपालिका परिषद् को अन्तरित और उसमें निहित हो जायेगी और उसके लाभ के लिए प्रवृत्त हो जायेगी;

(चार) ऐसे समस्त दायित्व, चाहे वे संविदा के कारण या अन्यथा उत्पन्न हुए हों, जो नगर पंचायत के प्रति प्रोदभूत हुए हों और उक्त दिनांक के ठीक पूर्ववर्ती दिनांक को बकाया हो, तत्पश्चात् नगरपालिका परिषद् के दायित्व हो जायेंगे;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 157 द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(पांच) नगर पंचायत की नगरपालिका निधि और इसके द्वारा उद्ग्रहीत या वसूल किए गए कर, पथकर फीस या जुर्माना का व्यय न किया गया समस्त आगम नगरपालिका परिषद् की नगरपालिका निधि को अन्तरित हो जायेगा और उसकी निधि का भाग बन जायेगा;

(छः) समस्त विधिक कार्यवाहियां, जो नगर पंचायत द्वारा या उसके विरूद्ध आरम्भ की गई हो और उक्त दिनांक के ठीक पूर्ववर्ती दिनांक को विचाराधीन हो, नगरपालिका परिषद् द्वारा या उसके विरूद्ध चलती रहेगी;

(सात) कोई ऐसा अधिकारी या सेवक, जो उक्त दिनांक के पूर्ववर्ती दिनांक को नगर पंचायत द्वारा पूर्णकालिक नियोजन में नियोजित हो, नगरपालिका परिषद् को स्थानान्तरित हो जायेगा और उसका अधिकारी या सेवक हो जायेग मानो वह उसके द्वारा इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन नियुक्त किया गया हो; और

(आठ) नगर पंचायत द्वारा किया गया कोई कार्य या की गई कोई कार्यवाही, जिसमे की गई कोई नियुक्ति या प्रत्यायोजन, जारी की गई कोई अधिसूचना, जारी किया गया कोई आदेश या निदेश, बनाया गया कोई नियम, विनियम, आकार–पत्र, उपविधि या योजना स्थापित किया गया कोई अनुज्ञा–पत्र या लाइसेंस या किया गया कोई रजिस्ट्रीकरण भी है, नगरपालिका परिषद् द्वारा किया गया या की गई समझी जायेगी और तद्नुसार तब तक बनी रहेगी जब तक कि वह इसके द्वारा किए गए किसी कार्य या की गई किसी कार्यवाही द्वारा अधिष्ठित न हो जाये।]1

किसी वर्तमान नगरपालिका

{333–ख–– नगरपालिका क्षेत्र के लिए कोई नगरपालिका ऐसे वर्तमान नगरपालिका से (जिसे आगे इस धारा में अविभाजित नगरपालिका क्षेत्र कहा गया है) निकाल कर गठित किए जायें, वहां नगरपालिका के गठन के दिनांक से (जिसे आगे इस धारा में उक्त दिनांक कहा गया है) निम्नलिखित परिणाम होंगे –

क्षेत्र से किसी क्षेत्र को निकाल कर नगरपाालिका के गठन का परिणाम

(क) अविभाजित नगरपालिका क्षेत्र की नगरपालिका द्वारा उक्त दिनांक के ठीक पूर्ववर्ती दिनांक को अधिरोपित, विहित या उद्गृहीत समस्त कर फीस, लाइसेंस, जुर्माने या शास्ति को इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन नवगठित नगरपालिका द्वारा अधिरोपित, विहित या उद्गृहीत समझा जायेगा;

(ख) नव–गठित नगरपालिका में सम्मिलित क्षेत्र के सम्बन्ध में अविभाजित नगरपालिका क्षेत्र की नगरपालिका द्वारा उक्त दिनांक के ठीक पूर्ववर्ती दिनांक को या उसके पूर्व अपनी निधि से उपगत किया गया कोई भी व्यय, नव–गठित नगरपालिका द्वारा उसी प्रकार उपगत किया जाता रहेगा मानो वह इस अधिनियम के द्वारा या अधीन प्राधिकृत कोई व्यय रहा हो ;

(ग) नव–गठित नगरपालिका के क्षेत्र के भीतर ऐसी समस्त सम्पत्ति, जिसके अन्तर्गत किसी विलेख, संविदा, बन्ध, प्रतिभूति या वाद प्राप्य वस्तु के अधीन कोई अधिकार या फायदा भी है, जो उक्त दिनांक के ठीक पूर्ववर्ती दिनांक को विभाजित नगरपालिका क्षेत्र की नगरपालिका में निहित थी, नव–गठित नगरपालिका को अन्तरित और उसमें निहित हो जायेगी और उसके फायदे के लिए प्रवृत्त हो जाएगा;

(घ) नव–गठित नगरपालिका में सम्मिलित क्षेत्र के सम्बन्ध में ऐसे समस्त दायित्व, चाहे वे संविदा के कारण या अन्य प्रकार से उत्पन्न हुए हों, जो अविभाजित नगरपालिका क्षेत्र की नगरपालिका के प्रति प्रोद्भूत हुए हों और उक्त दिनांक के ठीक पूर्ववर्ती दिनांक को बकाया हो, तत्पश्चात् नव–गठित नगरपालिका के दायित्व हो जायेंगे;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 158 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ङ) अविभाजित नगरपालिका क्षेत्र की नगरपालिका की निधि का ऐसा भाग और अविभाजित नगरपालिका क्षेत्र की नगरपालिका द्वारा उद्गृहीत या वसूल किए गए कर, पथकर, फीस या जुर्माना का व्यय न किए गए आगम का ऐसा भाग, जो राज्य सरकार द्वारा विनिश्चित किया जायेगा, नव–गठित नगरपालिका की नगरपालिका निधि को अन्तरित हो जायेगा और उसका भाग बन जायेगा;

(च) अविभाजित नगरपालिका क्षेत्र की नगरपालिका के ऐसे सेवक, जिनका स्थानान्तरण विहित प्राधिकारी के परामर्श से नव–गठित नगरपालिका में किया जाये, नव–गठित नगरपालिका के सेवक हो जायेंगे, मानों उन्हें इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन और अध्यधीन रहते हुए, नव–गठित नगरपालिका द्वारा नियुक्त किया गया है;

(छ) नव–गठित नगरपालिका में सम्मिलित क्षेत्र के सम्बन्ध में इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन किया गया कोई कार्य या की गई कोई कार्यवाही, जिसके अन्तर्गत की गई कोई नियुक्ति या प्रत्यायोजन, जारी की गई कोई अधिसूचना, जारी किया गया कोई आदेश या निदेश बनाया गया कोई नियम, विनियम, आकार पत्र उपविधि या योजना, स्वीकृत किया गया अनुज्ञा–पत्र या लाइसेंस या किया गया कोई रजिस्ट्रीकरण भी है, नव–गठित नगरपालिका द्वारा किया गया या की गई समझी जायेगी।}2

निरसन तथा व्यावृत्तियां

334–– (1) अनुसूची में विनिर्दिष्ट अधिसमितियां निरसित की जाती है।

(2) प्रतिबन्ध यह है कि इस नियमों का प्रभाव निम्नलिखित पर नहीं पड़ेगा :–

(क) किसी नियुक्ति की विधिमान्यता पर, या धनराशि या सम्पत्ति के अनुदान या विनियोग पर या किसी कर या चुंगी; जो एतद्द्वारा निरस्त की गई किसी अधिनियमित के अधीन की गई या अधिरोपित की गई हो; या

(ख) इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व नियुक्त किसी अधिकारी के पारिश्रमिक के निबन्धन या पेन्शन सम्बन्धी अधिकार।

भारतीय रेल अधिनियम, 1890 के सम्बन्ध में व्यावृत्ति

335–– इस अधिनियम की किसी बात का भारतीय रेल अधिनियम, 1890 के या उस अधिनियम के अधीन बनाए गए किसी नियम के किसी उपबन्ध पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व किए गए कार्यों की विधि मान्यता

336–– इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पूर्व कि गए समस्त कार्य, जो यदि यह अधिनियम प्रवृत्त रहता, विधिपूर्ण किए गए होते, विधिपूर्ण किए गए समझे जायेंगे।

336–क–– {***}1

अध्याय 12
नोटीफाइड
एरिया

337—— {***}3

338—— {***}3

339—— {***}3

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा निकाला गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 159 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 160 द्वारा निकाला गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}2 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 340–342}

कठिनाईयों को दूर करने की शक्ति

1{340—— (1) यदि इस अधिनियम में या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियमिति में किसी बात के होने के कारण इस अधिनियम के उपबन्धों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो राज्य सरकार, जैसा अवसर विशेष पर अपेक्षित हो, अधिसूचित आदेश द्वारा ऐसे उपबन्ध बना सकती है, जो इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत न हो और जो उसे कठिनाई को दूर करने के लिए आवश्यक या इष्टकर प्रतीत हो।

(2) उपधारा (1) के अधीन कोई आदेश उत्तर प्रदेश नगर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ से दो वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन किसी आदेश द्वारा बनाए गए उपबन्ध प्रभावी होंगे मानों इस अधिनियम में अधिनियमित किए गए हैं और ऐसा कोई आदेश किसी भूतलक्षी दिनांक से किन्तु, जो उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के पूर्व का दिनांक नहीं होगा, दिया जा सकता है।

(4) उपधारा (1) के अधीन दिया गया प्रत्येक आदेश यथाशक्य शीघ्र राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों के समक्ष रखा जायेगा और उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 की धारा 23–क की उपधारा (1) के उपबन्ध उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार वे किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के सम्बन्ध में लागू होते हैं।

सन्दर्भों का अर्थ

341—— उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के दिनांक की ओर से, किन्हीं नियमों, विनियमों, उपविधियों, परिनियत लिखतों में या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में या किसी लेख्य या कार्यवाही में नगरपालिका या संयुक्त प्रान्त टाउन एरिया अधिनियम, 1914 के अधीन टाउन एरिया कमेटी {या धारा 338 के अधीन गठित नोटीफाइड एरिया कमेटी}3 के उल्लेख का अर्थ यह किया जायेगा कि वह {नगरपालिका बोर्ड के लिए नगरपालिका परिषद् और टाउन एरिया कमेटी या नोटीफाइड एरिया कमेटी के लिए नगर पंचायत}4 का उल्लेख है।

नगरपालिकाओं के गठन तक के लिए व्यवस्था

342—— {(1) इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, प्रत्येक नगरपालिका बोर्ड, उसके अध्यक्ष और समितियों, नोटीफाइड एरिया कमेटी और उसके अध्यक्ष या टाउन एरिया कमेटी और अध्यक्ष, जैसे कि वे उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के ठीक पूर्व थे, की सभी शक्तियां, कृत्य और कर्तव्य, ऐसे प्रारम्भ कर, जिला मजिस्ट्रेट में निहित हो जायेंगे और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उनका प्रयोग पालन और निर्वहन किया जायेगा, जो नगरपालिका बोर्ड, उसके अध्यक्ष और समितियों के संबंध में नगरपालिका परिषद्, उसका अध्यक्ष और समितियों समझा जायेगा और नोटीफाइड एरिया कमेटी और उसके अध्यक्ष या टाउन एरिया कमेटी और उसका अध्यक्ष के संबंध में नगर पंचायत और उसका अध्यक्ष समझा जायेगा। जैसा कि अवसर के अनुसार अपेक्षित हो और यथास्थिति, उसे नगरपालिका, उसका अध्यक्ष या समिति या

नोटीफाइड एरिया कमेटी या उसका अध्यक्ष या टाउन एरिया कमेटी या उसका अध्यक्ष समझा जायेगा।}5

(2) जिला मजिस्ट्रेट उक्त समय या किसी शक्ति, कृत्य और कर्तव्य को किसी अन्य व्यक्ति या प्राधिकारी को प्रतिनिहित कर सकता है।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 161 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 51 (क) द्वारा अन्तर्विष्ट।
4. उपर्युक्त की धारा 51 (ख) द्वारा अन्तर्विष्ट।
5. उपर्युक्त की धारा 52 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}4 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {अनुसूची 1 }

(3) जिला मजिस्ट्रेट, जिसमें किसी नगरपालिका और उसके अध्यक्ष या नोटीफाइड एरिया कमेटी और उसके अध्यक्ष या टाउन एरिया कमेटी और उसके अध्यक्ष की शक्ति, कृत्य और कर्तव्य उत्तर प्रदेश नगरपालिकाओं, नोटीफाइड एरिया और टाउन एरिया (अल्पकालिक व्यवस्था) अधिनियम, 1994 के अधीन निहित है, जिसमें ऐसा व्यक्ति या प्राधिकारी भी सम्मिलित है, जिसे जिला मजिस्ट्रेट ने अपनी शक्ति प्रतिनिहित कर दी है, में इस धारा के उपबन्धों के अधीन ऐसी शक्ति, कृत्य और कर्तव्य निहित समझे जायेंगे।

{(4) इस धारा में किसी बात के होते हुए भी, नगरपालिका परिषद्ों और नगरर पंचायतों के गठन के लिए निर्वाचन उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के दिनांक से डेढ वर्ष के भीतर उक्त अधिनियम द्वारा यथा संशोधित इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार कराए जायेंगे और यथास्थिति नगरपालिका परिषद् या नगर पंचायत के गठित हो जाने पर उपधारा (1), (2) और (3) के उपबन्ध प्रभावी नहीं रह जायेंगे।}5 }3

अनुसूची 1
{नगरपालिका}2 की शक्तियां और कृत्य

{धारा 50 (ङ) (दो), 111(1), 112 (1)(क)}

धारा	शक्ति और कर्तव्य	
अभ्युक्तियां	(1)	
(2)	(3) 2*	
{***}1		
3*	{***}1	
*	{***}1	
*	{***}1	
44–क	आकस्मिक रिक्ति होने पर अध्यक्ष का निर्वाचन करना।	
47–क	अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास का प्रस्ताव पारित करना।	
52	अध्यक्ष से रिपोर्ट आदि को प्रस्तुत करने की अपेक्षा करना।	
54	उपाध्यक्ष निर्वाचित करना या उसका त्याग–पत्र स्वीकार करना।	
57	अधिशासी अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारी नियुक्त और नियोजित करना	
58 दण्ड	अधिशासी अधिकारी को पदच्युत करना, हटाना या अन्यथा देना और स्वास्थ्य अधिकारी के स्थानान्तरण की सिफारिश करना।	
59 करने	ऐसे मामले में, जिसमें रिक्ति दो मास से अधिक हो, किसी व्यक्ति को स्थानापन्न अधिशासी अधिकारी के रूप में कार्य के लिए नियुक्त करना।	
61 किया	अधिशासी अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशों के विरूद्ध अधीन ग्रहण करना।	प्रत्यायोजित जा सकेगा
63 आदि को	अधिशासी अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारी से विवरणी प्रस्तुत करने की अपेक्षा करना।	

66	सचिव नियुक्त करना, सचिव को पदच्युत करना, हटाना या अन्यथा दण्ड देना।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 7 वर्ष 1953 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 161 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उपर्युक्त की धारा 52 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}4 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {अनुसूची 1}

(1)	(2)	(3)
68	सिविल अभियंता, सहायक सिविल अभियंता, विद्युत अभियंता, जलकल अभियंता, सहायक जलकल अभियंता, विद्युत एवं जलकल अभियंता, अर्हता प्राप्त ओवरसियर या सब–ओवरसिवर, सचिव, शिक्षा अधीक्षक या महिला शिक्षा अधीक्षक नियुक्त करना।	.
69	धारा 68 के अधीन नियुक्त किसी अधिकारी को पदच्युत करना, हटाना या अन्यथा दण्ड देना।	
70(क)	किसी विशेष कार्य के लिए अस्थायी सेवक नियोजित करे का प्रतिषेध करना।	
71	{नगरपालिका}1 के स्थायी कर्मचारी वर्ग की संख्या और वेतन अवधारित करना।	
72	किसी एक व्यक्ति को दो या दो से अधिक अधिकारियों के कर्तव्यों के निर्वहन के लिए नियुक्त करना।	
72(2)	भविष्य निधि स्थापित करना।	
79(3),(4) और (5)	उपदान या अनुकम्पा भत्ता स्वीकृत करना या वार्षिकी स्वीकृत करना या उसे क्रय करना।	
81	किसी सदस्य के विरूद्ध वाद संस्थित करना।	
82(2)(च)	ऐसी धनराशि निश्चित करना, जिस धनराशि तक कोई सदस्य नगरपालिका को यदा कदा होने वाली बिक्री में हित रखता हो।	
94(6)	किसी संकल्प को उपान्तरित या रद्द करना।	
96(1)	{ऐसी संविदा स्वीकृत करना, जिसके लिए बजट में कोई व्यवस्था न हो या जिसमें ऐसा मूल्य या धनराशि अन्तर्ग्रस्त हो, जो किसी नगरपालिका परिषद् द्वारा की गई संविदा की दशा में दस हजा रुपये और नगर पंचायत द्वारा की गई संविदा की दशा में तीन हजार रुपये से अधिक न हो।}2	
96(2)	{नगरपालिका}1 की किसी समिति या अधिकारी या सेवा की अन्य संविदा स्वीकृत करने के लिए सशक्त करना।	
96(3)	अभियंता को संविदा स्वीकृत करने के लिए सशक्त करना।	
97(2)(ख)	{***}3	
99	बजट स्वीकृत करना या बजट में फेरफार या परिवर्तन करना।	
104(1)	समितियों के सदस्यों को नियुक्त करना और हटाना।	
104(2)	सलाहकार समितियां स्थापित करना और उनके सदस्यों की नियुक्ति करना ।	
105	{नगरपालिका}1 के सदस्यों से भिन्न व्यक्तियों को समितियों में नियुक्त करना।	
106	समितियों में रिक्तियों की पूर्ति करना।	
107(1)	किसी समिति का सभापति नियुक्त करना।	
109	समिति से विवरणी इत्यादि मांगना।	
110	संयुक्त समितियां नियुक्त करना और किसी ऐसे लिखत में फेरफार करना या उसको विखण्डित करना, जिसके आधार पर	

कोई संयुक्त समिति नियुक्त की गई है।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 162(क)(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 162 (क)(दो) द्वारा निरसित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}3 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {अनुसूची 1}

(1)	(2)	(3)
112	{नगरपालिका}2 को प्रदत्त या अधिरोपित शक्तियों और कर्तव्यों को प्रत्यायोजित करना।	
115	नगरपालिका निधि के किसी भाग का विनिधान करना।	
117	भूमि अर्जन के लिए राज्य सरकार से निवेदन करना।	
118	{नगरपालिका}2 को सौंपी गई सम्पत्ति का प्रबन्ध या नियंत्रण करना।	
119	सार्वजनिक संस्थाओं की निधि का प्रबन्ध, नियंत्रण और प्रशासन करना और उसे न्यासतः धारित करना।	
124	{नगरपालिका}2 में निहित किसी सम्पत्ति का अन्तरण करना	यदि, अन्तरण जंगम सम्पत्ति से सम्बन्धित है तो इसे प्रत्यायोजित किया जा सकेगा
125	नगरपालिका निधि से प्रतिकर देना।	
128–137	कर के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही करना।	
141	कर निर्धारण सूची को तैयार कराना और कर निर्धारण सूची बनाने के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त करना।	प्रत्यायोजित की जा सकेगी।
143(3)	आपत्तियां सुनाना और उनको विनिश्चित करना या तदैव आपत्तियों को सुनने और उनको विनिश्चित करने के लिए शक्ति का प्रत्यायोजन करना।	
147(1)	कर निर्धारण सूची का संशोधन करना।	
156	कर का प्रकाशन करने के लिए अनुज्ञा देना।	प्रत्यायोजित की जा सकेगी।
157(1) और (2)	कराधान से छूट देना	
186	{***}1	
187	अग्निशामक दल की स्थापना और उनका अनुरक्षण करना।	
189	{***}1	
190	{***}1	
196(क) और (ख)	सार्वजनिक नोटिस द्वारा गृह संमार्जन या शौचालयों या सण्डासों की सफाई का जिम्मा लेना और इस जिम्मेदारी का त्याग करना।	
197(2)	किसी मकान को धारा 196 (क) के अधीन नोटिस से अपवर्जित करने के लिए आवेदन–पत्र पर आदेश देना।	प्रत्यायोजित की जा सकेगी
211	{***}1	
212–क	{नगरपालिका क्षेत्र}4 के बाहर दो मील की दूरी तक किसी भवन या मार्ग और नाली के निर्माण को नियंत्रित और विनियमित करना।	
217(1) (क)	किसी मार्ग का नाम रखना।	

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा निरसित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष ा प्रतिस्थापित।

3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 53 (क) (दो) द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}₃ नगरपालिका अधिनियम, 1916} {अनुसूची 1}

(1)	(2)	(3)
219	किसी सार्वजनिक मार्ग का निर्माण करना, उसे परिवर्तित करना, मोड़ना या बन्द करना, उस पर भवन स्थलों की व्यवस्था करना, ऐसे प्रयोजनों के लिए भूमि अर्जन करने की कार्यवाही करना और इस प्रकार अर्जित भूमि को बेचना या उसका निस्तारण करना।	
221	किसी मार्ग को सार्वजनिक मार्ग घोषित करना।	
222(1)	और मार्ग को नियमित पंक्ति परिभाषित करना।	
(3)		
224	जलकल का निर्माण करना और उसमें परिवर्तन करना।	
237(1)	बिक्री के लिए पशुओं के वध के लिए परिसर निश्चित करना।	
238	ऐसे पशुओं के लिए वध स्थान निश्चित करना, जो बिक्री के लिए आशयित न हो या जिसका धार्मिक प्रयोजन के लिए वध किया जाये और अन्य स्थान पर ऐसे वध का प्रतिषेध करना।	
245(1)	{***}₁	
250(1)	कुत्तों के मुख पट्टे बांधने की अपेक्षा करना।	
253	प्रति– निदेश देना कि यह धारा उन गाड़ियों पर लागू न होगी जो बन्धात्मक पैदल चलने की गति से अधिक न चलाई जा रही हो।	
खण्ड		
257(1)	निदेश देना कि {नगरपालिका}₂ की सहमति के बिना छतें और बाहरी दीवालें ज्वलनशील सामग्री से नहीं बनाई जायेंगी।	
259	ज्वलनशील सामग्री आदि का ढेर लगाने या जमा करने का प्रतिषेध करना।	
269	तालाब और ऐसे ही अन्य स्थानों के अपदूषण को हटाने की अपेक्षा करना जब ऐसा करने में नगरपालिका द्वारा भूमि का अर्जन करना या उसकी व्यवस्था करना, अन्तर्दिष्ट हो।	
273(1)(ख)	सन्तापकारी पदार्थ और कूड़ा–करकट के निस्तारण के लिए स्थान नियत करना और उसके हटाने के लिए समय, रीति और शर्तों के सम्बन्ध में निदेश जारी करना।	
275(3)	पशुओं के शव के निस्तारण के लिए फीस करना।	
278	{***}₁	
282	स्वास्थ्य के लिए हानिकर खेती; खाद का उपयोग या सिंचाई करने का प्रतिषेध करना।	
285	कब्रिस्तान और श्मशान भूमि की व्यवस्था करना या उन्हें बन्द करना या उन्हें बनाए जाने की अनुमति देना, सार्वजनिक नोटिस से निजी कब्रगाहों को अपवादित करना और किसी गैर मान्यता प्राप्त कब्रिस्तान या शमशान भूमि का उपयोग करने की अनुमति देना।	
286	स्नान और धुलाई करने के स्थान को पृथक करना, ऐसे स्थानों के प्रयोग के लिए शर्तें विहित करना और अन्य स्थानों पर स्नान और धुलाई करने का प्रतिषेध करना।	

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा निरसित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(1)	(2)	(3)
290(2)	नगरपालिका निधि से जलकल या धारा 192, 267 और 268 के अधीन किसी कार्य के निष्पादन की स्वीकृति देना।	
290(3)	किसी जलकल या जल निस्तारण से अनुलग्नक साधित्र में {नगरपालिका}1 के हित को किसी भवन या भूमि के स्वामी को अन्तरित करना।	
297	विनियम बनाना।	
298	उपविधियां बनाना।	
299	यह निदेश देना कि उपविधियों का भंग किया जाना जुर्माने से दण्डनीय होगा।	
सामान्य	कोई शक्ति, कर्तव्य या कृत्य, जिसके बारे मे नियम द्वारा यह अपेक्षित हो कि उसका प्रयोग, पालन या निर्वहन स्वयं {नगरपालिका}1 द्वारा संकल्प के माध्यम से किया जायेगा।	

अनुसूची **II**

अधिशासी अधिकारी की अनुसूचित शक्तियां

{धारा 60 (1) (घ) और 61 (1) (क)}

धारा	शक्ति और कर्तव्यों का प्रकार	अभ्युक्ति
(1)	(2)	(3)
75	स्थायी अवर कर्मचारी वर्ग की निमुक्ति करना।	
76	{स्थायी अवर कर्मचारी वर्ग को पदच्युत करना, हटाना या अन्यथा दण्ड देना।}	
79 (1)	अधिकारी या सेवक को छुट्टी भत्ता देना।	
142	उस स्थान की सार्वजनिक नोटिस देना, जहां कर निर्धारण सूची का निरीक्षण किया जा सकेगा।	
143(1)	मूल्यांकन और कर निर्धारण पर विचार करने के लिए निश्चित समय की सार्वजनिक नोटिस देना और सम्पत्ति के स्वामी या अध्यासी को नोटिस देना।	
143(2)	मूल्यांकन और कर निर्धारण के सम्बन्ध में आपत्तियां प्राप्त करना।	
147(2)	कर निर्धारण सूची के प्रस्तावित परिवर्तन में हितबद्ध व्यक्तियों को उस दिनांक की, जिस दिनांक को परिवर्तन किया जायेगा, नोटिस देना।	
148(1)	किसी भवन के नव–निर्माण, पुनर्निर्माण या विस्तार की नोटिस प्राप्त करना।	
150(2)	पट्टाकर्ता से कर उद्ग्रहण करने के विकल्प का प्रयोग करना।	
151(1) और (2)	ऐसे किसी भवन, वासगृह या भूमि को, जो खाली हो और जिससे किराया न मिलता हो, कर से छूट देना या उसे वापस करना।	

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित।

2.उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(1)	(2)	(3)

152(1) किसी भवन या भूमि के पुनः अध्यासन की नोटिस प्राप्त करना।

158 ऐसी सूचना मांगना, जिसका प्रभाव कराधन के दायित्व पर पड़ता हो।

166 करों और अन्य देयों के बिल प्रस्तुत करना।

168 मांग की नोटिस तामील करना।

169 करस्थम वारण्ट जारी करना।

172(2) करस्थम माल को बेचना।

172(3) वापसी के लिए आवेदन–पत्र प्राप्त करना और उसे वापस करना।

173 वारन्ट जारी करने के लिए मजिस्ट्रेट को आवेदन–पत्र देना।

176 मांग के लिए वाद लाना।

178(1) भवन इत्यादि का निर्माण, पुनर्निर्माण करने या उसमें तात्विक परिवर्तन करने के आशय की नोटिस प्राप्त करना।

179(1) यह अवधारित करना कि ऐसी नोटिस के सम्बन्ध में सूचना समाधानप्रद है।

179(2) रेखांक विनिर्देश और अग्रेत्तर सूचना मांगना।

{186 नोटिस द्वारा यह निदेश देना कि किसी भवन इत्यादि का निर्माण, पुनर्निर्माण या परिवर्तन रोक दिया जाय या किसी भवन इत्यादि में परिवर्तन किया जाये या उसे गिरा दिया जाये।}[1]

{189 नालियों का निर्माण करना।}[1]

{190 नगरपालिका की नालियों से परिवर्तन करना और उन्हें बन्द करना।}[1]

191(1) निजी नालियों को नगरपालिका की नालियों से जोड़ने की अनुज्ञा देना और उसके लिए शर्तें विहित करना।

191(2) किसी उपविधि का या अनुज्ञा की शर्तों का उल्लंघन करके या बिना अनुज्ञा प्राप्त किए बनाई गई नाली को बन्द करने आदि की अपेक्षा करना।

192(1) सार्वजनिक नाली के साथ जल निस्तारण का संयोजन करना।

193 नालियों का निर्माण करने के लिए आवेदन–पत्र प्राप्त करना, आपत्तियां बनाना, उन पर आदेश देना और निर्माण की लागत और प्रतिकर वसूल करना।	उपधारा (3) के अधीन अभि–लिखित आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकेगी	

194 नाली को मोड़ने के लिए अनुज्ञा देना और इस प्रकार नाली मोड़ने के लिए शर्तें विहित करना।

196(ग) अध्यासी की सहमति से गृह संमार्जन करने या विष्टा या अन्य
और (घ) दुर्गन्धयुक्त पदार्थ या कूड़ा–करकट हटाने का जिम्मा लेना और इस जिम्मेदारी का त्याग करना।

201(1) रूढ़िगत सफाईकारों द्वारा उपेक्षा किए जाने पर मजिस्ट्रेट से शिकायत करना।

1.उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।

2.उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[1] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {अनुसूची 2}

(1)	(2)	(3)

202(2) किसी कृषक द्वारा गृह संमार्जन

	जाने पर मजिस्ट्रेट से शिकायत करना।	
204	मार्ग का विन्यास करने और उसे बनाने की अनुज्ञा के लिए आवेदन–पत्र प्राप्त करना।	
209	प्रक्षेप के लिए अनुज्ञा देना।	अनुज्ञा देने से इंकार करने के विरूद्ध अपील की जा सकेगी
211	प्रक्षेप को हटाने या उसे परिवर्तित करने के लिए नोटिस जारी करना।	
213	भवन आदि के निर्माण और मरम्मत के लिए अनुज्ञा देना और सूचना–पट्ट आदि के सम्बन्ध में आदेश जारी करना।	
214	झाड़ियों और पेड़ों को काटने और छांटने की अपेक्षा करना।	
215	गिरे हुए मकान इत्यादि के कारण हुई बाधा को हटाना और उसे हटाने में होने वाले व्यय को वसूल करना या उसे हटाए जाने की अपेक्षा करने के लिए नोटिस जारी करना।	
216	बरसाती पानी के लिए नांदों और नलों की व्यवस्था करने की अपेक्षा करना।	
217(1)(ख) और (ग)	किसी मार्ग का नाम रखना या भवन पर संख्या डलवाना या स्वामी या अध्यासी से संख्या पट्टिका लगाने की अपेक्षा करना और ऐसे नामों और संख्याओं में परिवर्तन कराने या करने की अपेक्षा करना।	
218	भवनों पर बत्तियों टेलीग्राफ या टेलफोन के तारों इत्यादि के लिए खम्भे और ब्रेकेट लगवाना।	
220	किसी सार्वजनिक मार्ग या स्थान को उपयोग या अध्यासन करने के लिए अनुज्ञा देना।	
223	सार्वजनिक मार्गों इत्यादि की मरम्मत के समय बाड़ा लगाने और रोशनी की व्यवस्था करना।	
225(1)	निजी कुओं की सफाई किए जाने की अपेक्षा करना।	
225(2)	किसी व्यक्ति से निजी कुंए इत्यादि का प्रयोग न करने पर उसे बन्द कर देने या बाड़ा लगा देने की अपेक्षा करना।	अपीलीय
227	जल सम्भरण के किसी स्रोत के निकट नालियों, शौचालयों इत्यादि को हटाने या बन्द करने की अपेक्षा करना।	अपीलीय
229	करार द्वारा जल सम्भरण करना।	
230	जल सम्भरण के लिए प्रभार लेना।	
236	नालियों इत्यादि के ऊपर अनधिकृत भवनों को हटाना या उसके सम्बन्ध में अन्य प्रकार की कार्यवाही करना या ऐसे भवन इत्यादि को हटाने के लिए नोटिस जारी करना।	अपीलीय
240	किसी उपविधि का उल्लंघन करके नगरपालिका की सीमा के भीतर लाए गए गोश्त का अभिग्रहण करने के लिए किसी अधिकारी को प्राधिकार देना और ऐसे गोश्त के निस्तारण के लिए आदेश जारी करना।	

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}₂ नगरपालिका अधिनियम, 1916} {अनुसूची 2}

(1)	(2)	(3)
244(1)	बिक्री के लिए प्रदर्शित ऐसी वस्तुओं को, जो मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त प्रतीत हो	

	मिलावट होने की या जिनके निष्प्रभावी हो जाने की षंका हो, अभिगृहीत करना और ऐसी औषधियों को मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना।	
245(1)	आपत्तिजनक व्यापार के सम्बन्ध में नोटिस जारी करना।	अपीलीय
249	ऐसे कुत्तों को, जिनके जलान्तक (रेबीज) रोग आदि से पीड़ित होने का सन्देह हो, नष्ट या परिरूद्ध करने के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत करना।	
250(2)	बिना मुख–पट्टे बंधे हुए कुत्तों को नष्ट या परिरूद्ध करने के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत करना।	
256	किसी सार्वजनिक भूमि को पशुओं या गाड़ियों के पड़ाव के लिए उपयोग में लाने की अनुज्ञा देना।	
257(2)	किसी छत और दीवाल को, यदि वे ज्वलनशील हो, हटाने की अपेक्षा करेगा।	अपीलीय
258	ज्वलनशील सामग्री की तलाशी लेना और अनुज्ञात मात्रा से अधिक किसी मात्रा में रखी गई सामग्री अभिगृहीत करना।	
260	संकटपूर्ण खदान कार्य के सम्बन्ध में नोटिस जारी करना और आसन्न खतरे के निवारणार्थ विज्ञापन पट या बाड़ा लगाना।	
261	खड़ंजा आदि को हटाने की अनुज्ञा देना और इस प्रकार हटाने जाने के कारण नगरपालिका द्वारा किए गए व्यय को वसूल करना।	
263	नोटिस द्वारा ऐसे भवन इत्यादि को, जो खतरनाक हालत में या खंडहर के रूप में हो, तोड़ देने या उसकी मरम्मत करा देने या कुएं, तालाब आदि की मरम्मत कराने और उनको घेरने की अपेक्षा करना और आसन्न संकट होने की स्थिति में तुरन्त कार्यवाही करना।	किसी तालाब की मरम्मत करवाने या उसे घेरने के आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती है
264	अनध्यासित भवन या भूमि को, जिससे लोक अपदूषण होता हो, सुरक्षित करने या घेरे देने की अपेक्षा करना।	
265	किसी सड़क पर अस्थायी बाधा पहुंचाने की लिखित अनुज्ञा देना और किसी सड़क से कोई बाधा हटाना और हटाए जाने का व्यय वसूल करना।	
266	खुले स्थानों से मिट्टी इत्यादि को हटाने के लिए अनुज्ञा देना।	
267	असार्वजनिक नालियों, नलकूपों, कूड़ेदान, शौचालयों इत्यादि की व्यवस्था करने, उनमें परिवर्तन करने, हटाने, बंद करने सफाई करने और दिखाई न देने की अपेक्षा करना।	शौचालय, मूत्रालय, नाबदान, नाली, नलकूप, कूड़ादान या गंदगी, मैला पानी, कूडा–करकट या कचरे के किसी अन्य पात्र को उपधारा (1) के खण्ड (क) के–

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}₂ नगरपालिका अधिनियम, 1916} {अनुसूची 2}

(1)	(2)	(3)
		अधीन स्वामी या अध्यासी से, बंद

		करने या हटाने की अपेक्षा करने या उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन उनकी व्यवस्था करने के आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती है
268 कारखानों आदि के लिए शौचालयों, मूत्रालयों की व्यवस्था करने और उनकी सफाई करने की अपेक्षा करना।		
269 कुओं, तालाबों इत्यादि की सफाई, मरम्मत, ढकने, भरने या जल (अंशत) का निस्सारण करने की अपेक्षा करना।		अपीलीय
270 नालियों, संडासों इत्यादि का निरीक्षण करना और भूमि खुदवाना।		
271 गन्दे भवन या भूमि को स्वच्छ रखने की अपेक्षा करना।		
273(1)(क) संतापकारी पदार्थ को अस्थायी रूप से जमा करने के लिए पात्र और स्थान की स्थापना करना।		
275(1) पशुओं के शव के निस्तारण का प्रबन्ध करना।		
275(3) ऐसे निस्तारण के लिए फीस देना और वसूल करना। अंशतः		
276 सीवेज आदि बहाने के लिए अनुज्ञा देना और उससे सम्बन्धित शर्तें विहित करना।		
277 किसी भवन में प्रवेश करना और उसका निरीक्षण करना और उसे रोगाणुमुक्त आदि करने का निदेश देना।		
{278 मानवीय निवास के लिए अनुपयुक्त भवन के सम्बन्ध में आदेश जारी करना}[1]		अपीलीय
280 हैजा या चेचक के रोगी इत्यादि को चिकित्सालय भेजना।		
283 किसी स्वामी या अध्यासी के अनिष्टकारी वनस्पतियों को साफ करने की अपेक्षा करना।		
284(1) उपविधियों या अनुज्ञा की शर्तों का उल्लंघन करके किए गए उत्खनन आदि को भरने या उसके जल निस्तारण की अपेक्षा करना।		
291 भूमि के किराए की वसूली के लिए कलैक्टर को आवेदन करना।		
293 नगरपालिका में निहित या उसके प्रबन्ध में सौपी गई स्थावर सम्पत्ति के प्रयोग या अध्यसन के लिए फीस लेना और ऐसा प्रभार उद्ग्रहीत या वसूल करना।		
294 लाइसेंस स्वीकृति और अनुज्ञा के लिए फीस लेना।		
307 किसी कार्य को निष्पादित करवाना और उसके व्यय को वसूल करना।		

1.उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।

2.उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(1)	(2)	(3)
308 चूक करने वाले स्वामी के बजाय अध्यासी से नगरपालिका को किराए का भुगतान करने की अपेक्षा करना और किसी अध्यासी से अपेक्षा करना कि वह अपने द्वारा देय किराए इत्यादि के बारे में सूचना प्रस्तुत करे।		
309 अध्यासी द्वारा निष्पादित कार्य को अ		

312 हटाई गई सामग्री की बिक्री से हटाए जाने का व्यय वसूल करना, कतिपय शर्तों के अधीन सामग्री स्वामी को लौटा देना या स्वामी द्वारा दावा न किए जाने पर उन्हें बेच देना।

313(2) किसी न्यासी या अभिकर्ता को नोटिस देना कि वह स्वामी की ओर से प्राप्त धन को स्वामी की बाध्यता के निर्वहन के लिए प्रयोग में लाये।

314 शिकायत करके वह सूचना देकर अभियोजन संस्थित करना और ऐसी शिकायत करने और ऐसी सूचना देने के लिए अन्य व्यक्तियों को प्राधिकृत करना।

317 किसी पुलिस अधिकारी से सूचना प्राप्त करना।

अनुसूची **III**

कर अधिरोपित करने के प्रस्ताव का नोटिस

{धारा 131 की उपधारा (3)}

..... {नगरपालिका क्षेत्र}[1] के निवासियों को एतद्द्वारा नोटिस दी जाती है कि {नगरपालिका क्षेत्र}[1] (..... के नाम से ज्ञात करके स्थान पर) संलग्न प्रस्ताव में वर्णित कर, स्थानीय कर, {***}[3] या उपकर अधिरोपित करना चाहता है।

{नगरपालिका क्षेत्र}[1] का कोई निवासी, जिसे यहां संलग्न प्रस्ताव या नियमावली पर कोई आपत्ति हो, इस नोटिस के दिनांक के एक पक्ष के भीतर अपनी आपत्तियां लिखित रूप में नगरपालिकाओं को भेज सकेगा।

प्रस्ताव

धारा 131 की उपधारा (1) के अधीन {नगरपालिका क्षेत्र}[1] द्वारा तैयार किया गया प्रस्ताव संलग्न किया जायेगा;

नियमावली

धारा 131 की उपधारा (3) के अधीन बनाई गई नियमावली यहां संलग्न की जायेगी, उसी स्थिति में रखा जायेगा जब कि कर किसी वर्तमान कर के लिए प्रतिस्थापित किया गया हो।

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 162 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित। 2.उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3.उपर्युक्त की धारा 53 (ख) द्वारा निरसित।

अनुसूची **IV**

मांग को नोटिस का आकार–पत्र

{धारा 168}

सेवा में,

क, ख ..... निवासी ..... नोटिस दी जाती है कि ..... {नगरपालिका} श्री ..... से ..... की धनराशि की मांग करता है, जो कि श्री ..... से ..... के अधीन, दिनांक ..... मास ..... 19..... से आरम्भ होने वाली और दिनांक ..... मास ..... 19 ..... को समाप्त होने वाली अवधि के लिए ..... के मद्दे (यहां सम्पत्ति, उपजीविका, परिस्थिति या उस बात को जिसके सम्बन्ध में उक्त धनराशि उद्ग्रहणीय है, विवरण दिया जाये) देय है और इस नोटिस के तामील किए जाने के दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर उक्त धनराशि का भुगतान .... स्थित {नगरपालिका}[1] कार्यालय में नहीं किया जाता है या {नगरपालिका}[1] के समाधानप्रद रूप में भुगतान न किए जाने के सम्बन्ध में पर्याप्त कारण नहीं बताया जाा है तो व्यय सहित उक्त धनराशि की वसूली के लिए करस्थम का वारण्ट (वारण्ट आफ डिस्ट्रेस)

जारी किया जायेगा।

हस्ताक्षर

दिनांक ..... मास ..... 19 .....

..... {नगरपालिका} के आदेश से।

अनुसूची **V**

वारण्ट का
आकार–पत्र
{धारा 169 की उपधारा (1)}

(यहां पर उस अधिकारी का नाम लिखिए, जिसे वारण्ट के निष्पादन का भार सौंपा गया हो)

चूंकि ..... के निवासी क, ख ने पार्श्व में उल्लिखित दायित्व के निमित्त देय ..... की धनराशि का, जो ..... के अधीन उद्ग्रहणीय है, दिनांक .... 19 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए, भुगतान नहीं किया है और न भुगतान किए जाने का सन्तोषजनक कारण ही बताया है;

और चूंकि उस पर तत्सम्बन्धी मांग का नोटिस तामील किए जाने के दिनांक से पन्द्रह दिन व्यतीत हो चुके हैं;

अतएव, इसके द्वारा आपको समादेश किया जाता है कि आप संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 171 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, उक्त क, ख का ..... की धनराशि के, जो उसके द्वारा देय धनराशि है, मूल्य का माल और जंगम वस्तु का अभिग्रहण कर लें, जो उससे निम्नांकित रूप में प्राप्य है –

रुपया पैसा उक्त दायित्व के मद्दे .....

नोटिस तामील करने के लिए .....

और इस वारण्ट के साथ ऐसे समस्त माल के विवरण की सूचना तत्काल मेरे पास भेजे, जो आपने इसके अन्तर्गत अभिगृहीत किया हो।

आज दिनांक ..... मास 19

(हस्ताक्षर किया)
चैयरमैन या अन्य
अधिकारी

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2.उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[3] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {अनुसूची 6–7}

{धारा 162 (2) देखिए}

टिप्पणी –– यदि माल के हटाए जाने के पूर्व व्यतिक्रमी आपको सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान कर देता है तो वारण्ट को निष्पादित करना आवश्यक न होगा।

अनुसूची **VI**

करस्थम किए गए सामान की तालिका और विक्रय के नोटिस का प्रभाव
{धारा 171 की उपधारा (4)}

सेवा में,

क, ख ..... निवासी ..... को सूचित हो कि मैने आज नीचे दी हुई तालिका में विनिर्दिष्ट समान और जंगम वस्तु को दिनांक .... 19 से प्रारम्भ होने वाली और दिनांक ..... 19 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए पार्श्व में उल्लिखित दायित्व के लिए रुपये के लिए अभिगृहीत कर लिया है और यदि आप इस नोटिस की तामील के दिनांक से पांच दिन के भीतर {नगरपालिका}[1] कार्यालय में उक्त धनराशि का और उसकी वसूली के व्यय का भुगतान कर देंगे तो उक्त माल और जंगम वस्तु बेच दिया जायेगा।

आज दिनांक .....

(वारण्ट का निष्पादन करने वाले अधिकारी का हस्ताक्षर)

तालिका

(यहां अभिगृहीत माल और जंगम वस्तु का विवरण दीजिए)

अनुसूची **VII**

राज्य सरकार की शक्तियां, जो प्रत्यायोजित नहीं की जा सकती हैं {धारा 327}

धारा	शक्ति या कर्तव्य
(1)	(2)
{3	(1) किसी क्षेत्र को सीमाओं के साथ, यथास्थिति, संक्रमणशील क्षेत्र या लघुत्तर नगरीय क्षेत्र विनिर्दिष्ट करना। (2) यथास्थिति, किसी संक्रमणशील क्षेत्र या किसी लघुत्तर नगरीय क्षेत्र में किसी क्षेत्र को सम्मिलित करना या उससे निकालना।}[4]
8(1)(ढ)	{किसी निमित्त किए गए व्यय को नगरपालिका निधि पर समुचित प्रभार घोषित करना}[2]
9–(क) किये	अधिसूचना द्वारा {नगरपालिका}[1] के सदस्यों की संख्या, जो निर्वाचित जा सकते हों, विहित करना।
{9–(घ)	सदस्यों को यथास्थिति नगर पंचायत या नगर परिषद् के नाम–निर्दिष्ट करना। }[5]
10	{***}[6]

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2.उपर्युक्त की धारा 162 (तीन) द्वारा प्रतिस्थापित।
3.उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 4.उपर्युक्त की धारा 53 (ग)(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
5.उपर्युक्त की धारा 53 (ग)(तीन) द्वारा बढ़ाया गया।
6.उपर्युक्त की धारा 53 (ग)(चार) द्वारा निरसित।

(1)	(2)
{13–क	किसी नगरपालिका के सामान्य निर्वाचन के लिए दिनांक नियत करना।}[13]
13–च	इस धारा के (क) और (ख) के अधीन किसी अनर्हता को हटाना।
13–झ	{***}[2]
30 {***}[3]	किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए किसी {नगरपालिका}[1] का विघटन करना।
31	{***}[4]
34(2) इस करना।	किसी नगर के सम्बन्ध में विहित प्राधिकारी या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा धारा के अधीन दिए गए किसी आदेश को विखण्डित या उपांतरित
35 (अंशतः) यदि करने के किया	{***}[5] किसी कर्तव्य के पालन के लिए अवधि निश्चित करना और इस प्रकार निश्चित अवधि के कर्तव्य का पालन न किया तो उसका लिए जिला मजिस्ट्रेट को नियुक्त करना और यह निदेश देना कि उक्त कर्तव्य के पालन में होने वाले व्यय का भुगतान {नगरपालिका}[1] द्वारा जायेगा।
40(1)	{किसी नगर के बोर्ड के किसी सदस्य को हटाना।}[6]
40(2)	{***}[7]
40(3)	कतिपय विनिर्दिष्ट परिस्थतियों में किसी सदस्य हो हटाना।
40(5)	{***}[7]

40(6)	किसी सदस्य को दण्ड के रूप में चेतावनी देना {***}[8]
40(4)	राज्य सरकार द्वारा हटाए गए, किसी सदस्य को पुनः निर्वाचन या नाम–निर्दिशन के लिए अपात न रह गया घोषित करना।
47–क	{***}[9]
48	किसी अध्यक्ष को हटाना {***}[10]
55 (3)	किसी उपाध्यक्ष को हटाना {***}[11]
57	अधिशासी अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारी की नियुक्ति का अनुमोदन।
57(2–क)	लेखा अधिकारी को नाम–निर्दिष्ट करना और उनकी सेवा की शर्तों और निबन्धनों को निर्धारित करना
58 या उस	किसी अधिशासी अधिकरी द्वारा अपने पदच्युत किए जाने, हटाए जाने अन्यथा दण्डित किए जाने के विरूद्ध की गई अपील ग्रहण करना और पर आदेश पारित करना, किसी स्वास्थ्य अधिकारी का स्थानान्तरण एक {नगरपालिका}[1] से दूसरे {नगरपालिका}[1] में करना।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(पांच) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(छः) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(सात) द्वारा बढ़ाया गया।
5. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(आठ) द्वारा निरसित।
6. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(नौ) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(दस) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(ग्यारह) द्वारा बढ़ाया गया।
9. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(बारह) द्वारा निरसित।
10. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(तेरह) द्वारा प्रतिस्थापित।
11. उपर्युक्त की धारा 162 (ग)(चौदह) द्वारा प्रतिस्थापित।
12. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 13. उपर्युक्त की धारा 53 (ग)(पांच) द्वारा प्रतिस्थापित।

(1)	(2)
59(3) यदि	किसी स्थानापन्न अधिशासी अधिकारी नियुक्ति को अनुमोदित करना, नियुक्ति की अवधि दो मास से अधिक हो।
60–क प्रदत्त स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया जायेगा कि	यह निदेश देना कि किसी {नगरपालिका}[2] में अधिशासी अधिकारी को कतिपय शक्तियों का प्रयोग अधिशासी अधिकारी द्वारा।
60–ख और	यह निदेश देना कि किसी {नगरपालिका}[2] में विद्युत, सार्वजनिक निर्माण जलकल विभागों और नगरपालिका संग्रहालय के मुख्य अधिकारी अपने विभाग के सम्बन्ध में धारा 60 की उपधारा (1) के खण्ड (ङ) के अधीन शक्ति का प्रयोग करेंगे।
65 रहने रूप में और ऐसी नियुक्ति के सम्बन्ध में वेतन, अंशदान या पेन्शन और शर्तें निश्चित करना।	{नगरपालिका}[2] द्वारा अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति करने में असफल पर, किसी व्यक्ति को अधिशासी अधिकारी या अधिशासी अधिकारी के कार्य करने के लिए, नियुक्त करना भविष्य निधि के लिए
73 और 74	{***}[1]
79 (4) और कय (5)	{नगरपालिका}[2] द्वारा अनुकम्पा भत्ता या वार्षिकी दिए जाने या उसके
	किए जाने की स्वीकृति देना। 99(2) विनिर्दिष्ट अधिकारियों को बजट प्रस्तुत करने का निदेश देना।
102	यह निदेश देना कि विनिर्दिष्ट नगरपालिका का बजट स्वीकृत के अधीन होगा।
